ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ : ਮੈਂ shut up ਦਾ ਲਫਜ਼ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕੀਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਮੈਂ ਇਸ ਨੂੰ ਵਾਪਸ ਲੈਂਦਾ ਹਾਂ। ਤਕਲੀਫ ਉਸ ਵਕਤ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਜਦੋਂ ਨਸ਼ਤਰ ਲਗੇ। ਹੁਣ ਜਦੋਂ ਨਸ਼ਤਰ ਲਗੀ ਹੈ ਤਾਂ ਕਿਤਨੀ ਤਕਲੀਫ ਹੋਈ ਹੈ। ਤੁਸੀਂ ਵੀ ਤਸੱਲੀ ਰਖੋ ਮੈਂ ਤੁਹਾਡੇ ਕਾਰਨਾਮੇ ਵੀ ਦੱਸਾਂਗਾ ਜੋ ਕੁਛ ਤੁਸੀਂ ਕਰ ਰਹੇ ਹੋ। ਸ਼ੂਗਰ ਮਿਲਾਂ ਬਾਰੇ ਜੋ ਮੰਗ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਉਹ Miscellaneous ਦੇ ਹੇਠ ਮੰਗੀ ਹੈ। Miscellaneous ਤਾਂ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਜੇਕਰ 4 ਜਾਂ 5 ਲਖ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਹੋਇਆ ਹੋਵੇ ਪਰ ਇਹ 24 ਲਖ ਰੁਪਿਆ ਸ਼ੂਗਰ ਮਿਲਾਂ ਨੂੰ ਦੇਣ ਲਈ Miscellaneous ਦਾ ਨਾਮ ਲੈਕੇ ਮੰਗ ਰਹੇ ਹਨ ਇਹ। ਇਹ 24 ਲਖ ਰੁਪਿਆ ਉਨ੍ਹਾਂ ਆਦਮੀਆਂ ਨੂੰ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਲੈਕਸ਼ਨਾਂ ਵਿੱਚ ਬੜੇ ਬੜੇ ਲੰਬੇ ਚੈਕ ਮਿਲਦੇ ਹਨ ਤੇ ਮਿਲੇ ਸਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਆਦਮੀਆਂ ਕੋਲ ਅਨੀਆਂ ਲੰਬੀਆਂ ਲੰਬੀਆਂ ਕਾਰਾਂ ਹਨ ਕਿ ਸ਼ਾਇਦ ਹੀ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਵਿੱਚ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਕੋਲ ਹੋਣ, ਪਰ ਸਰਕਾਰ ਕਹਿੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਬਹੁਤ ਖਰਾਬ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮਦਦ ਲਈ 24 ਲਖ ਰੁਪਏ ਦਿੱਤੇ ਹਨ...........

Mr. Speaker: Please wind up now.

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ : ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਰਮਾਏਦਾਰਾਂ ਨੂੰ 24 ਲਖ ਰੁਪਿਆ ਦੇ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਕਾਫੀ ਦੌਲਤ ਹੈ। ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਇਸ ਲਈ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਆੜੇ ਵਕਤ ਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮਦਦ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੇ war effort ਲਈ ਹਿੱਸਾ ਪਾਇਆ ਹੈ ਅਤੇ floods ਵਿੱਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਫਸਲਾਂ ਤਬਾਹ ਹੋ ਗਈਆਂ ਤੇ ਖੂਹ ਜ਼ਾਇਆ ਹੋ ਗਏ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਬੜੀ ਹਾਤਮ ਤਾਈ ਦੀ ਕਬਰ ਤੇ ਲੱਤ ਮਾਰੀ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਬੜਾ ਦੁਖ ਵੰਡਾਇਆ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ 75 ਰੁਪਏ ਫੀ ਖੂਹ ਦਿੱਤੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮਸ਼ਕੂਰ ਹਾਂ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦਰਦ ਤਾਂ ਉਠਿਆ ਹੈ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਦਰਦੇ ਦਿਲ ਨਾਲ ਕੋਈ ਗਲ ਤਾਂ ਕੀਤੀ ਹੈ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਦਰਖਾਸਤ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਉਹ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਹਨ ਤੇ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਲਈ ਦਰਦ ਰਖਦੇ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜੋ ਇਕ ਖੂਹ ਵਾਸਤੇ 75 ਰੁਪਏ ਰਖੇ ਹਨ ਇਹ ਬਹੁਤ ਥੋੜੇ ਹਨ। ਸ਼ੂਗਰ ਫੈਕਟਰੀਆਂ ਨਾਲ ਤਾਂ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਮਝ ਲੈਣਗੇ ਖੂਹਾਂ ਦਾ ਸਟੈਂਡਰਡ ਵਧਾਇਆ ਜਾਵੇ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਹੋਰ ਪੈਸੇ ਦੇ ਦੇਣ ਤਾਕਿ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਵਸ ਜਾਣ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਲਫਜ਼ਾਂ ਨਾਲ ਮੈਂ ਆਪ ਦਾ ਸ਼ੁਕਰੀਆ ਅਦਾ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਇਹ Appropriation Bill ਨਹੀਂ, Misappropriation Bill ਹੈ। ਇਸ ਨੂੰ ਪਾਸ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ।

श्रीमती ओम प्रभा जैन (कैथल) : माननीय स्पीकर साहिब, आज Appropriation Bill के जरिये तकरीबन पौने पन्द्रह करोड़ रुपये की मांग हमारे सामने रखी गई है। यहां पर काफी गर्मागर्मी से बहस होती रही है। यहां तक कि इस Appropriation Bill को Misappropriation Bill भी कहा गया। कल कुछ मैम्बर साहिबान ने यह भी कहा कि यह तो unbalanced Budgetting है, bad Budgetting है। लेकिन अगर वे मैम्बर साहिबान ज़रा गहराई से इन सब demands को देखते और इन को गौर से पढ़ने की तकलीफ गवारा करते तो जाहिर हो जाता कि यह साल के आखिर में बजट के बनाने में यह बजट formalities को पूरा करने में जो थोड़ी बहुत कमी रह जाती है उस को adjust करने के लिये यह बिल यहां पर लाया जाता है। स्पीकर साहिब, अगर इस बिल को split up किया जाए तो मालूम होगा कि कई मांगें काफी बढ़ी हैं। एक डिमांड है 9 करोड़ 83 लाख रूपए की जो कि Public Debts की है। स्पीकर साहिब, कौन नहीं जानता कि जब बजट बनाया जाता है या जब सरकार को खर्च करना पड़ता है तो Public Debts बजट का एक बड़ा important ingredient होता है और साल के शुरू होने में या बीच में जब खज़ाने में कमी होती है तो सरकार को कुछ पैसा उधार भी लेना पड़ता है। सरकार को अपनी securities की basis पर Reserve Bank से या Government of India से रुपया उधार लेना पड़ता है जिस की बाद में payment करनी होती है। अगर इस से Public Exchequer पर कुछ बोझ पड़ता होता तो मैं मान सकती थी कि 9 करोड़ की डिमांड unjustified है लेकिन जैसा कि Supplementary Estimates में बतलाया गया है अक्तूबर के और दिसम्बर के महीनों में सरकार को 9,83 लाख रुपया Reserve Bank से अपनी securities की basis पर लेना पड़ा और जिस की payment उसी वक्त हुई। इन हालात में इस मांग को किसी तरह भी unreasonable नहीं कहा जा सकता। स्पीकर साहिब, मैं एक बात और भी कहना चाहती हूं कि पिछले साल, खास तौर पर जो दिसम्बर और फरवरी के महीने गुज़रे हैं, वह महीने बहुत strain के रहे हैं। मैं जानती हूं कि different Departments को State finances को कितना काटना पड़ा। यहां पर unprecedent floods आए। कौन नहीं जानता कि इन floods से पंजाब की economy बिलकुल shatter हो गई। करोड़ों रुपयों का नुकसान हमारे किसान भाइयों को उठाना पड़ा। उस के बाद Emergency के हालात चले। हमारे देश पर चीन का हमला हुआ और एक बार लोगों के मन में यह विचार घूम गया कि न मालूम देश किस ओर आए। ऐसे हालात को देखते हुए पंजाब

[श्रीमती ओम प्रभा जैन]
की सरकार को अपने बजट को संभालना पड़ा। कुछ Departments में कुछ कटौतियां भी हुई। जब Planning Commission का संदेश आया तो Departments को कटौतियां लगानी पड़ीं। मैं जानती हूं कि कितना strain Departments को उठाना पड़ा किस तरह से अपने बजट को उन्होंने adjust किया। मैं फिर भी पंजाब गवर्नमैंट को दाद देती हूं कि इतने strain के बावजूद भी उन्होंने बड़ी भारी Master Plan बनाई और फैसला किया कि 18, 20 करोड़ रुपया खर्च करके तीन साल के अंदर अंदर पंजाब में से flood menace को खत्म कर देना है। इस मतलब के लिये war level पर committees बुलाई गईं, Cabinet बैठाई गई। Minister of Irrigation and Power ने जगह जगह पर दौरे किये, Chief Engineers को बुलाया गया और इस तरीके से नकशे बनाए गए कि पंजाब में से इस menace को समाप्त किया जाए। इस महकमे की efficiency की मैं दाद देती हूं मुझे खुशी है कि इस से Irrigation Department की बड़ी भारी efficiency जाहिर होती है। उन्होंने इस थोड़े अर्से में दो करोड़ बाईस लाख रुपये की प्लान बना कर हमारे सामने रखी जिस के लिये आज हम से पैसे मांगे जा रहे हैं। (*At this stage Pandit Chiranji Lal Sharma, a Member of Panel of Chairmen, occupied the Chair*)

चेयरमैन साहिब, जिन दिनों floods आए उन दिनों पंजाब में पानी का अथाह समुद्र वह रहा था, पानी निकलने का कोई रास्ता दिखाई नहीं देता था। मालूम पड़ता था कि drains ने काम करना बन्द कर दिया है। जमुना में एक दिन में पानी ऐसे दर्जे तक पहुंच गया कि जिस से दुनिया में तबाही मच जाए। साथ ही चीन के हमले से लोगों की जो हालत थी मैं समझती हूं कि पंजाब के लोग इस बात के मुस्तहक हैं कि उन को इस बात की दाद मिले, पंजाब सरकार को इस बात की दाद मिले और पंजाब के अफसरों की तारीफ की जाए कि उन्होंने ऐसे मौके को बड़ी खुशअसलूबी से संभाला। आज पंजाब के Supplementary Estimates हमारे सामने पेश हैं। उन से साफ जाहिर है कि उन्होंने कितने बड़े नुक्सान का मुकाबला किया और हमारे सामने स्कीम बना कर रखी जिस से कि floods की समस्या हमेशा के लिये खत्म हो जाएगी। चेयरमैन साहिब, मैं एक बात और कहना चाहती हूं। Irrigation के खर्च में आठ लाख का खर्च दिखाया गया है। वह महज़ एक formality थी, भाकड़े के सम्बन्ध में Betterment Levy के पैसे को adjust करना था। हमारे Irrigation Minister साहिब खुद उन लोगों के पास गए। उन को अपने दफतर में बुलाया और अपने टेबल पर बैठ कर उन के साथ फैसला किया। ऐसे backward इलाके जिन पर आज तक किसी की निगाह नहीं गई थी जिन इलाकों में पानी की बूंद भी नहीं पहुंचती थी। वजीर साहिब उन इलाकों के लोगों से मिले और हमदर्दी से फैसला किया कि उन को पानी दिया जाएगा। मैं चूंकि उन इलाकों से सम्बन्ध रखती हूं मैं उन की तरफ से खुशी का इज़हार आप के सामने करना चाहती हूं। रेगस्तानी इलाके जिन्होंने आज तक पानी की बूंद नहीं देखी अब इस democratic Government के कारण वहां पर पानी दिया जाए गा और उस सम्बन्ध

में इन Supplementary Estimates में demand रखी गई है। ऐसा नहीं किया गया कि बात को टाल दिया जाए और अगले साल के बजट में इस को रख दिया जाता। सब से बड़ी मांग जो 1 करोड़ 24 लाख की रखी गई है वह पुलिस के सिलसिले में है। अगर इस expenditure को ध्यान से देखा जाए तो मालूम होगा कि दस बारह लाख रुपया जो कि P.A.P. Force को बढ़ाने पर खर्च किया जाना है वह entirely Government of India ने करना है। उस का बोझा पंजाब पर नहीं पड़ेगा। सब जानते हैं कि पंजाब सरहदी सूबा है और इस के अमृतसर, फिरोजपुर और गुरदासपुर के इज़ला पाकिस्तान से लगते हैं और ऐसे हालात में जब कि पाकिस्तान की निगाहें हमारी तरफ कोई अच्छी नहीं मालूम होतीं, यह जरूरी था कि पंजाब तैयारी करता। इस के अतिरिक्त 41 लाख रुपया उन्होंने Civil Defence और Home Guard के लिये रखा है। कल मेम्बर साहिबान ने इस बात को बड़ा criticise किया कि अमृतसर में परसों जो रक्षादल की rally हुई उस में महज show था, दिखावा था। चेयरमैन साहिब, मैं खुद परसों अमृतसर में मौजूद थी। जब एक लाख volunteers का हजूम जनता के सामने पहुंचा और लोगों ने उस हजूम को देखा तो आप अंदाजा लगाएं कि कितना जोश और हिम्मत लोगों की बढ़ी होगी। महेंद्रगढ़ और कांगड़े के लोग अपनी हिम्मत से हिन्दुस्तान के प्रधान मन्त्री को देखने के लिये वहां पहुंचे। लोगों में यह विश्वास पैदा हो गया कि हम चीन और पाकिस्तान का मुकाबला अपनी हिम्मत से करेंगे। आप सोच सकते हैं कि इस से कितनी moral support लोगों को मिली होगी। सब से बड़ी तारीफ की बात यह है कि वे लोग महेन्द्र गढ़ जैसे रेगस्तानी और कांगड़ा जैसे पहाड़ी इलाकों से voluntarily अमृतसर में पहुंचे, अपने खर्च पर पहुंचे। सरकार ने उन को कुछ pay नहीं किया। वे अपने खर्च पर वहां आए। वहां पर spontaneously लोगों ने अपने उत्साह का, देश प्रेम का प्रदर्शन किया था। एक लाख सिपाही वहां पर आए जिन्होंने देश पर मर मिटने के अपने संकल्प को प्रधान मन्त्री के सामने प्रकट किया इस को बाज़ भाई अगर यह कह कर खत्म कर दें कि यह महज़ show था, दिखावा था, मैं समझती हूं कि कोई प्रशंसनीय बात नहीं है। ऐसा कर के तो लोगों के जोश को हमेशा के लिये खत्म करने वाली बात है।

10.00 a.m.

एक Demand 24,35,270 रुपये की Pension के बारे में रखी गई है। मुझे खुशी होती है गवर्नमेंट की efficiency पर। जिन pension cases का फैसला नहीं हो पाया था गवर्नमेंट ने बड़ी efficiently उन cases को clear किया और 24,35,270 रुपये की रकम pension अदा करने के लिये provide की। इसी तरह से अगर आप Supplementary Estimates को देखें तो पता लगेगा कि किस तरह प्रदेश की तरक्की और development के लिये एक के बाद एक scheme चलाई जा रही है। इसी तरह Irrigation के सिलसिले में Productive irrigation और power projects के लिये, Central Government से जो loan हासिल किया उसकी payment के सम्बन्ध में भी ज़िक्र किया गया है। जो Government of India से loan लिए गए उन पर interest भी दिया गया है। मैं समझती हूँ कि पंजाब

[श्रीमती ओम प्रभा जैन]
गवर्नमैंट की यह एक बहुत बड़ी achievement है कि इसने बड़े बड़े projects के लिये गवर्नमैंट आफ इंडिया को loans के लिये तैयार किया और पैसा लिया। इसके लिये Interest on Debt and other obligations की demand के अन्तर्गत 91,38,950 रुपए की मांग की गई है। इसी मद में 65,44,660 रुपए की मांग इसलिये रखी गई कि सन् 1961-62 में जो Government of India से plan और non-plan schemes के लिये 22,18,06,510 रुपए का कर्जा लिया था उसके interest की payment करनी थी। यह loan क्योंकि पूरा नहीं मिल पाया था और इसका बहुत बड़ा हिस्सा different rates of interest and different terms and condition पर मार्च, 1962 में मिला। इसलिये इस मद को पहले नहीं लाया जा सका था। लाज़मी तौर पर इस item को Supplementary Estimates में शामिल करना पड़ा।

इस तरह से अगर सारे supplementary बजट को minutely study किया गाए तो आप देखेंगे कि flood control के लिये 2,22,88,020 रुपए की demand पुलिस के लिये 1,24,95,520 रुपए की demand, Irrigation के कामों के एक demand 7,84,000 रुपए की और दूसरी 8,85,980 रुपए की, interest on Debt and other obligations के लिए 91,38,950 रुपए की मद, pensions के लिए 24,35,270 रुपए और इसी तरह दूसरी public benefit और सूबे की developmental schemes के लिये provisions किए गए हैं। यह सब कुछ immediate problems को हल करने की दृष्टि से किया गया है और इन सभी सराहनीय कार्यों के लिए निस्सन्देह सरकार धन्यवाद की पात्र है। इन शब्दों के साथ मैं आप का शुक्रिया अदा करती हूँ कि आपने मुझे अपने विचार House के सामने रखने का अवसर दिया।

चौधरी इन्द्र सिंह मलकि (सफीदों) : चेयरमैन साहिब, आज जो Appropriation Bill हमारे सामने पास करने के लिए पेश किया गया है इसे अगर मैं Mis-appropriation Bill कहूँ तो बेजा न होगा। जैसा कि बहुत से माननीय सदस्यों ने कहा, मैं भी यही बात कहूँगा कि बहुत सी मदें गवर्नमैंट की तरफ से इस हाउस के अन्दर हर साल ऐसी पेश की जाती हैं जिन से साफ तौर पर गवर्नमैंट की कोताही नज़र आती है। इसी तरह इस बिल के अन्दर बहुत सा रुपया decretal amounts के तहत मांगा गया है जो कि मैं समझता हूँ कि administrative डिपार्टमैंट और Legal Remembrancer की ना अहलियत की वजह से फजूल में सरकारी खज़ाने में से देना पड़ा। मिसाल के तौर पर कांस्टेबल पूरन चंद को एस. पी. अमृतसर ने डिसमिस किया। उसने अपील दायर की, वह रिजैक्ट हुई। Mercy अपील दायर की वह भी reject कर दी गई। उसके बाद उसकी तरफ से नोटिस दिया गया, अदालत में मुकदमा चला और आखिर में उस सिलसिले में गवर्नमैंट के खिलाफ खर्चे समेत डिग्री हुई। इसी तरह से कांस्टेबल जागीर सिंह का केस था। वह केस सन् 1958 से लेकर सन 1961 तक चलता रहा। उसको सन् 1954 में dismiss किया

गया था। अपील हुई, अपील निगरानी हुई वह खारिज कर दी गई। उसकी तरफ से नोटिस दिया गया। मुकदमा चला और इस तरह से 3,370 रुपए की डिग्री मय खर्च के गवर्नमैंट के खिलाफ हुई जो कि गवर्नमैंट को देना पड़ा। मैं हैरान हूँ कि क्यों नहीं पंजाब गवर्नमैंट का Law डिपार्टमैंट पहले से ही ऐसे केसिज़ को अच्छी तरह से जांचपड़ताल करता, क्यों नहीं मुतअल्लिका अफसरान उन केसों को गौर से देखते? नतीजा यह होता है कि बेचारे गरीब लोगों को अदालत में जाना पड़ता है। जब उन को गवर्नमैंट के महकमों से इन्साफ नहीं मिलता तो उन्हें मजबूर होकर अदालत के दरवाज़े खटखटाने पड़ते हैं। वहां जब मुकदमों का फैसला उन के हक में होता है तो गवर्नमैंट बदनाम होती है और स्टेट का पैसा इस तरह से ज़ाया जाता है। इसी तरह से, चेयरमैन साहिब, साधु सिंह हैड़ कांस्टेबल को 190 रुपए की decretal amount देनी पड़ी। उसने भी अपील की, निगरानी की लेकिन उन सब को reject किया गया। इस अर्सा में वह ससपैंड़ रहा। उसने नोटिस दिया और सरकार के खिलाफ डिग्री हुई। इसी तरह से श्री बाल कृष्ण डी. एस. पी., सब इन्स्पैक्टर भगवान सिंह और कांस्टेबल गुरनाम सिंह ने सरकार के खिलाफ डिग्रियां हासिल कीं।

चेयरमैन साहिब, पुलिस में ही नहीं दूसरे महकमों की लापरवाही और नाअहलियत की वजह से भी गवर्नमैंट को लाखों रुपए का नुक्सान हुआ। मैसर्ज़ कहान चन्द ऐण्ड संज़ ने जींद बलाक को दवाईयां सपलाई कीं। दवाइयों के पैसे सरकार की तरफ से नहीं दिए गए। नतीजा यह हुआ कि उन्होंने 1,480 रुपए की डिग्री हासिल कर ली। इसी तरह से रोहतक के अन्दर एक लड़कियों का स्कूल था। उसकी हालत बहुत खस्ता थी बिल्डिंग बड़ी dilapidated condition में थी। कहा गया कि उसकी मुरम्मत नहीं करवाई गई थी। और किराया न देने की वजह से मालिक ने डिग्री हासिल की और सरकार को किराया और केस की cost अदा करनी पड़ी। मैं हैरान हूँ कि अगर वह बिल्डिंग इतनी खराब हालत में थी तो उसकी मुरम्मत करवाई जा सकती थी और पैसे किराए में से काट किए जाते। हो सकता था कि अगर मकान गिर जाता तो बच्चे वहीं पर दब जाते और मर जाते। बहर हाल इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि गवर्नमैंट ने बहुत सी decretal amounts लोगों को दीं जो कि इस की नाअहलियत का सबूत है। मैं समझता हूँ कि इस तरह सिर्फ गवर्नमैंट की बदनामी ही नहीं होती बल्कि स्टेट का पैसा ज़ाया होता है और इस में हाउस की भी बदनामी है।

चेयरमैन साहिब, Supplementary Estimates के अन्दर एक और रकम Embankments, drainage works वगैरा के लिए मांगी गई है। यह 7.84,000 रुपए की रकम है। बेशक drains के लिए यह रकम मांगी गई है लेकिन हालत यह है कि किसी भी ड्रेन को पूरी तरह से मुकम्मल नहीं किया जाता और न ही उन की completion reports आती हैं। मैं गुज़ारिश करूँगा कि सफीदों के इलाके में नाई नाला drain है। उस के किनारों पर कोई मिट्टी नहीं डाली गई नतीजा यह होता है कि हर साल पानी किनारों के ऊपर से बह निकलता है जिस से सफीदों के बीसियों गांव बरबाद हो जाते हैं। हर साल इस की बाबत सरकार के नोटिस में लाया जाता है, पैसा भी मांग लिया जाता है लेकिन बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि पता नहीं कहां पर वह रुपया misuse हो जाता है और ड्रेन्ज़

(चौधरी इन्द्र सिंह मलिक)

की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता और एक बहुत बड़ा इलाका पानी की ज़द में आकर तबाह और बरबाद हो जाता है।

इसी तरह से एक बहुत बड़ी 2,22,88,020 रुपए की रकम Capital Outlay on Irrigation etc. etc. के लिए मांगी गई है। मगर यहां भी हालत यह है कि औंटा साईफन को बन्द करके सफीदों और जींद के बहुत बड़े इलाके को तबाह कर दिया गया। इस की सारी ज़िम्मेदारी इरीगेशन के महकमा पर है। नाई नाला व पकाना डरेंज का पानी हांसी ब्रांच को काट कर नहर में स्फीदों के इलाका में छोड़ दिया गया जिस से भी वह इलाका बरबाद हुआ। मैं ज़्यादा न कहता हुआ यही निवेदन करूंगा कि यह जो रुपया लिया जा रहा है इस से पुरानी syphons को साफ किया जाए, किनारों को ऊँचा किया जाए, और जो साईफन बने हुए हैं उन को widen किया जाए ताकि पानी का निकास बाकायदा तौर पर जारी रहे और आस पास के इलाके बरबाद न हों।

इस के अलावा चेयरमैन साहिब, 24,78,000 रुपए की Ex-Gratia payment Mill owners को करने के लिये मांग की गई है। कहा गया कि चूंकि उन शूगर मिल्ज़ ने 15 नवम्बर, 1960, या इस से पहले गन्ने की crushing शुरु कर दी इसलिये उन को यह ग्रांट दी जा रही है। और माफी के तौर पर यह ग्रांट दी गई। मैं गुज़ारिश करूँगा कि यह रुपया capitalists को और ज्यादा capitalist बनाने के लिये दिया जा रहा है क्योंकि उन्होंने elections के वक्त इनकी मदद के लिये बड़े बड़े cheques दिए थे और जिस वक्त भी उन से demand की जाती है वह अपना सरमाया इनके आगे पेश कर देते हैं। अभी P.P.C.C. के President की election के सिलसिले में भी उन लोगों की कई मोटरें हर शहर में घूमती फिर रही हैं। यही रुपया उन को इसलिये दिया जा रहा है ताकि वह स्टेट के पैसे का नाजायज़ फायदा उठा सकें। हालांकि इस रुपए को approach roads के बनाने पर खर्च किया जा सकता था या इस से किसानों की भलाई के और काम किए जा सकते थे या growers को improved agricultural implements देने पर यह रुपया खर्च किया जा सकता था लेकिन हमारी समझ में नहीं आता कि मास्टर गुरबन्ता सिंह जी ने समझदार होते हुए भी यह रुपया capitalists को क्यों दिया और किसानों की बेहतरी का क्यों ख्याल नहीं किया। इस से गवर्नमैंट की ना अहलियत साबत होती है और यह बात ज़ाहर होती है कि गवर्नमैंट की policy सरमायादारों को और सरमायादार बनाने की है। Public Accounts Committee की report में यह कहा गया है—

> "The Committee strongly disapprove the tendency on the part of Government in giving financial assistance as allowances or as *ex-gratia* payments"........

इस report को भी इन्हों ने नज़र अन्दाज़ कर दिया है। चेयरमैन साहिब, इसी पर बस नहीं। Commissioner's report को नज़र अन्दाज़ कर दिया जाता है, Betterment Levy की committee की रिपोर्ट को ignore कर दिया गया है। इसी तरह Estimates Committee और Public Accounts Committee की reports की परवाह नहीं की जाती। यहां तक कि इन reports को यह पढ़ते तक नहीं और अपनी मन मर्ज़ी करते हैं। जो इन के मन में आता है वही करते हैं जिस से हमारे

सूबे की बदनामी होती है और इस हाउस की बदनामी होती है और जो कमियां इन reports में point out की जाती हैं उन को दूर करने की कोई कोशिश नहीं करता।

चेयरमैन साहिब, मैं गुज़ारिश कर रहा था कि जिस तरह से decretal amounts से इन्हों ने public funds की wastage की है इसी तरह से जो ज़मीनें इन्हों ने acquire की हैं उन की compensation के जो यह awards देते हैं वह भी इतने गलत देते हैं और कम लगाते हैं कि land owners को Courts में जाना पड़ता है और नतीजा यह होता है कि उस में गवर्नमैंट के खिलाफ decree हो जाती है। इसी तरह से मालकान अराज़ी factory area फगवाड़ा का हाल हुआ। उस ज़मीन का 2,88,281 रुपया award दिया गया लेकिन जब land owners ने appeal की तो सरकार के खिलाफ decree हुई और उसे 88,080 रुपए और देने पड़े। इस के अलावा उसे 6 per cent के हिसाब से सूद भी देना पड़ा।

इसी तरह से New Medical Enclave के लिये अमृतसर में ज़मीन acquire की गई थी और ज़िला अमृतसर के collector ने उस ज़मीन को कीमत कम assess की जिस के नतीजे के तौर पर land owners ने appeal की और Sub-Judge Amritsar ने 2,53,664 रुपए की decree और सरकार के खिलाफ दे दी। इसी तरह से यमुना नगर में इन्हों ने displaced persons को rehabilitate करने के लिये ज़मीन aquire की थी land और owners को compensation कम दी गई जिस पर land owners ने दावा दायर कर दिया और 2,18,000 रुपए की decree सरकार के खिलाफ हो गई। चेयरमैन साहिब, इस तरह से इस appropriation Bill में 76 लाख रुपया decretal amounts के तौर पर मांगा गया है। एक मिसाल इस सिलसिले में और पेश करना चाहता हूँ जिस का ज़िक्र Public Accounts Committee की report में किया गया है जो कल ही सदन के सामने रखी गई है। इस में Rehabilitation Department की मिसाल पेश है।

> "Land measuring 29·59 acres was acquired by Government in March, 1953, for setting up a mud hut colony at Gurgaon for the rehabilitation of displaced persons. The rate of compensation payable in respect of this land as assessed by the Land Acquisition Officer, viz., annas 4 per square yard....".

लेकिन इस के बाद land owners ने दरखास्त दी। Arbitrator मुकर्रर हुआ। उस ने जहां पहले उस ज़मीन की कीमत चार आने गज़ के हिसाब से assess की थी वहां arbitrator ने चार रुपए फी गज़ के हिसाब से कर दी। फिर गवर्नमैंट ने appeal की और appeal में वह कीमत तीन रुपए के हिसाब से assess हुई। गवर्नमैंट ने उस appeal के फैसले के खिलाफ फिर appeal की लेकिन उस की वह appeal reject हुई। इस में लिखा है—

> "The Letters Patent Appeal filed by Government in March, 1958, against this decision in the High Court was rejected as being time-barred. A special pettion for leave to appeal by Government tothe Supreme Court was also rejected in May, 1959, on the ground that the points raised were not fit enough for special leave."

तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि उस ज़मीन की compensation जहां पहले चार आने के हिसाब से assess हुई थी तो 40,203 रुपए बनती थी वहां वह appeal में तीन रुपए के

[चौधरी इन्द्र सिंह मलिक]

हिसाब से 4,32,000 रुपए हो गई और फिर 4,32,000 रुपए पर interest भी गवर्नमैंट को देना पड़ा।

"Besides, an expenditure of more than 1·75 lakhs by way of interest on the enhanced compesnation and litigation charges was also incurred by Government".

1.75 लाख रुपए तो गवर्नमैंट को interest के तौर पर देने पड़े हैं। आप सोचें कि 4 लाख 32 हज़ार तो compensation का देना पड़ेगा और एक लाख और 75 हज़ार रुपए सूद के देने पड़े हैं। इस के अलावा तीन और cases भी हैं जिन के बारे में लिखा हुआ है।

"In three other similar cases of acquisition of 52·6 acres of land for mud-hut colonies/ Work Centres at Gurgaon, the compensation was enhanced by the Arbitrator from Rs 82,888 to Rs 6·99 lakhs".

Mr. Chairman : Please wind up.

चौधरी इन्द्र सिंह मलिक : चेयरमैन साहिब, मैं सिर्फ दो मिनट और लूंगा क्योंकि मुझे पहले इस Session में अभी तक time नहीं मिला।

तो मैं गुज़ारिश कर रहा था कि उस case की enquiry हुई जिस के तहत पांच अफसरों के खिलाफ action लिए जाने को कहा गया था लेकिन कोई action नहीं लिया गया।

"According to the report submitted by the Enquiry Officer in May, 1960 the difference was found to be due to the improper conducting of the case on behalf of the State and due to insufficient evidence having been prduced on behalf of Government before the lower court. Five officials were held responsible by the Enquiry Officer for this lapse".

उस के बारे में मैं अर्ज़ कर रहा था कि वह पांचों अफसर छोड़ दिए गए और उन के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई हालांकि पहले इन तमाम cases में 8 लाख रुपए का गवर्नमैंट का नुकसान हुआ फिर सात लाख का और नुकसान हुआ। इस तरह से 15 लाख रुपए का नुकसान हो जाता है और ज़िम्मेवार अफसरों के खिलाफ कोई action नहीं लिया गिया। अफसरों के खिलाफ action लेने की बजाए उन्हें shield किया जाता है।

इसी सिलसिले में मैं एक मिसाल और पेश करना चाहता हूँ। एक तो emergency की हालत में लोगों से defence के लिए रुपए लिए जा रहे हैं और दूसरी तरफ taxi driver को मिलो मीटरज़ लगाने के लिये 50 हज़ार रुपए की रकम दी जा रही है। मैं पूछता हूँ कि जब यहां emergency की हालत चल रही है तो ऐसी हालत में taxi drivers को 50 हज़ार रुपए देने की क्या ज़रूरत पड़ी थी। फिर Home Minister साहब ने कहा है कि 282 थानों में लोगों को rifle training दी जा रही है। लाखों रुपए इस training पर खर्च किए जा रहे हैं लेकिन मैं बताता हूँ कि यह training कैसी दी जा रही है। यह ठीक है कि शुरू 2 में जोश था लेकिन अब इस में लोगों को दिलचस्पी नहीं रही। मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि कोई training नहीं दी जा रही। न तो थानों में training देने के लिए rifles ही हैं और न ही instructors हैं। यह ठीक है कुछ आदमी पहले जो Farmers Forum में काम करते थे जो I.N.A. के आदमी थे और जनरल मोहन सिंह के आदमी थे उन्हीं में से दो हज़ार आदमियों को 90, 90 रुपए माहवार पर Instructors लगा लिया गया है। उन के पास rifle कोई नहीं और न ही कोई training

देने वाला है। यह तो सिर्फ अपने आदमियों को absorb किया जा रहा है और public का रुपया इस तरह से बरबाद किया जा रहा है।

Mr. Chairman : Is the hon. Member speaking on the Appropriation Bill or on the Supplementary Estimates ?

चौधरी इंद्र सिंह मलिक : फिर चेयरमैन साहब अपने आदमियों को फायदा पहुचाने के लिए कितनी नई post create की जा रही है। Estimate Committee की report जो अभी House के साहमने आई है उस में दिया हुआ है--

During the course of oral examination the departmental representative stated that there were at present nine-Assistant Directors in the Medical and Public Health Department namely :—

Assistant Directors—
(1) One Assistant Director, Headquarters.
(2) Two Assistant Directors for Maternity and Child Welfare.
(3) One Assistant Director for Health Education.
(4) One Assistant Director for Family Planning.
(5) One Assistant Director for Tuberculosis Control.
(6) One Assistant Director for Nursing.
(7) One Assistant Director for Employees State Insurance Work.
(8) One Assistant Director for Small-pox."

यह नौ डायरैक्टर्ज़ एक ही महकमे में हैं। इन के अलावा डिप्टी डायरैक्टर्ज़, जायंट डायरैक्टर्ज़, असिस्टैंट डायरैक्टर्ज़ और ऐडीशनल डायरैक्टर्ज़ भी हैं। और फिर कहते हैं कि ऐमरजैंसी है। जहां जरूरत होती है अपने आदमियों के लिये, पोस्ट निकाल ली जाती है। फिर चेयरमैन साहिब, सब-रजिस्ट्रार लगाए गए हैं हर तहसील में। पहले उन का काम तहसीलदार कर लिया करते थे मगर हारे हुए लोगों को जगह देनी थीं तो उन के लिए यह जगहें बना लीं, ऐडवाइज़र बना लिए और दूसरे ओहदे निकाल लिये। क्या यही है इन की क्लीन ऐडमिनिस्ट्रेशन का नमूना ? क्या इन्हों ने इन तरीकों से ही पंजाब की तरक्की करनी है। यह तो पंजाब का सत्यानाश कर रहे हैं। पंजाब का नामो निशान मिटाने की कोशिश हो रही है। चेयरमैन साहिब आप ने मुझे बोलने का वक्त दिया इस के लिए आप का शुक्रिया और इन (सरकार) से भी दरखास्त है कि अगर यह पंजाब का भला चाहते हैं तो यह गद्दियां छोड़ दें।

कामरेड राम प्यारा (करनाल) : चेयरमैन साहिब Supplementary Estimates के सफा 40 पर एक डिमांड है।

" Starting of Government shop at fort, Bahadurgarh".

जनाब, इस के लिए मैं इन को बधाई देता हूँ। इस चीज़ की जरूरत थी और इन्हों ने इस तरफ ध्यान दिया है। इस के अलावा जो काम इन्हों ने पुलिस के लिये किया है उस को भी मैं ने appreciate किया है। उन लोगों ने ला ऐंड आर्डर को कायम रखना है और उधर से जो interruptions होती हैं उन का भी ख्याल रखना है। मगर यह दुख की बात है कि सरकार की यह tendency होती जा रही है कि अमीर आदमी को फायदा पहुँचाना है। इस में हम ने देखा है कि मिलों के लिये 24 लाख रुपये ex-gratia grants के तौर पर रखा गया है। इस के अलावा आप को पता है कि यहां पर इस बात का ज़िक्र किया गया है

[कामरेड राम प्यारा]

कि यू0 पी0 में 19 पैसे सैस है जब कि पंजाब में 9 पैसे है हालांकि अगर वह ज्यादा दें तो उन को कोई फर्क नहीं पड़ता। मगर कुछ बातें हैं जिन की वजह से यह नहीं किया जा रहा। जनाब मेरा एक सवाल था। वह मैं पढ़ता हूँ :

"Will the Minister for Finance be pleased to state :—

(a) with reference to reply to unstarred question No. 363, printed in the list of questions for 6th November, 1962, whether the decision in regard to the proposal to provide short buttoned up coats and trousers with pagris or caps to all the class IV employees has been finalised ; if so, when ; if not, the reasons there for ;

The reply given to it is as follows :—

" The matter has since been considered by Government but in view of the National Emergency it has been decided that the status-quo should be maintained".

इस तरह से जहां पर ग़रीबों का ताल्लुक होता है सरकार सोचती है कि 'स्टेटस को' कायम रखना चाहिए मगर अमीरों को पैसा दिया जाता है। हम इस पालीसी को पसन्द नहीं करते। चेयरमैन साहिब, आप को याद होगा कि सरस्वती शूगर मिल के पास सैस का रुपया जमा था जो कि वह दे नहीं रहे थे। शोर मचाने पर उन से 21 लाख रुपया वसूल किया गया। मगर मेरा ख्याल है कि उन से सूद नहीं लिया गया होगा। अगर उन दो तीन सालों का जो उन लोगों ने यह रुपया अपने काम में लाया उस का सूद लिया गया है तो वजीर साहिब बतायें कि कितना लिया गया है। इसी तरह एक जगजीत मिल है। वह मालिक बड़े अमीर हैं। मेरी इत्तलाह के मुताबिक उन लोगों का काम पंजाब के बाहर भी है। पहले तो इन लोगों से सैस कम लिया जाता है और अब ग्रांट दी जा रही है। इस का ऐक्ट में कोई provision नहीं है और चोर दरवाज़े से यह काम किया जा रहा है। यह सूबे का वह रुपया है जो कि छावड़ी वालों और रेड़ीवालों से इकट्ठा किया गया है। और बड़े बड़े सरमायदारों को दिया जा रहा है। फिर कहते हैं कि हम तो सोशलिस्ट पैटर्न अपनाने वाले हैं। मुझे यह कहते हुए रत्ती भर भी झिझक नहीं है कि यह तो capitalists के एजेंट के तौर पर काम कर रहे हैं। (आपोज़ीशन की तरफ से तालियां) इसी टैंडैंसी का एक सबूत और अर्ज़ करना चाहता हूँ। जनाब फरीदाबाद में एक इन्डस्ट्रीयल ऐस्टेट है। वहां पर कुछ ज़मीन ऐक्वायर की गई है। वहां पहले बोर्ड था सुरेंद्रा ओवरसीज़ प्राईवेट लिमिटिड। उस के बाद वहां पर बोर्ड हो गया ओरियैंटल ऐंड स्पिनिंग ऐंड वीविंग कम्पनी प्राइवेट लिमिटिड, अमीं चन्द प्यारा लाल ऐंटरप्राइज़। उस ज़मीन की assessment थी 98 लाख। मगर चंडीगढ़ से कारें और टैलीफून जाने लगे। इस का अगर सबूत देने की ज़रूरत हुई तो वह मैं दूंगा। (आपोज़ीशन की तरफ से तालियां) नतीजा यह हुआ कि वह रकम 98 लाख से कम हो कर 18 लाख रह गई। यह भी वह जमा नहीं करा रहे। वह अब भी वज़ीर साहिब की कोठी पर बैठे हैं। हम यहां पर इस लिये तो काम नहीं करते कि अमीरों को पैसा दिलाया जाए। फिर आप जानते हैं कि जब सरकार किसी कम्पनी में हिस्से खरीद लेती है तो उस की कदर बढ़ जाती है। इस लिये सरकार ने बड़ी मेहरबानी करके उस फर्म के एक हज़ार रुपए के हिस्से खरीद लिये हैं। और इन अगले बैंचिज़ पर बैठने वालों में से किसी के ज़रूर उस में हिस्से हैं। (आपोज़ीशन की तरफ से तालियां) अगर ज़रूरत पढ़ी यह तो भी साबत करूँगा। फिर पंचशील कोआपरेटिव सोसाइटी है। उस का ज़िक्र सफा

28 पर है। उस के लिए 2.25 लाख रुपया मांगा गया है डिबैंचर खरीदने के लिये। उस पार्टी ने दो दफा वेरीफाइड क्लेम पेश किया और वह रिजैक्ट हुए कि बोगस हैं। Inquiry हुई और पता चला कि रा मैटीरियल ब्लैक मार्किट में बिकता रहा है। बिजली का बिल नहीं आया मगर माल बना। वह कैसे हो गया। मजदूरों की लिस्ट भी उन से नहीं मिली। अब बहुत ज़्यादा शोर मचाने के बाद वह फर्म सरकार ने ले ली है। मगर क्या पता कि यह फिर उन को दे दें ताकि जो घाटा रहे वह तो सरकार को रहे और जो नफा हो वह उन लोगों को रहे। एक और Meteorological Private Limited नाम की फर्म थी उस के लिये गवर्नमैंट ने भी ज़मीन ऐक्वायर की है। यह उस प्राइवेट फर्म को दी जाने वाली है। सौदे हो रहे हैं। और उन को इजाज़त देने वाले हैं कि वह अपने तौर पर उसे बेच लें। फिर और नफा कमा लें। अगर ऐसा किया गया तो हम मुखालिफत करेंगे। फिर जनाब New India Spinning and Weaving Mill, Ballabgarh में बन रही है। वहां ज़मीन चीफ मिनिस्टर साहिब के लड़के के लिये ऐक्वायर की गई है और यह ज़ोर लगाया जा रहा है कि ज़मीन की कीमत कम मुकर्रर की जाए। वहां पर जो ऐस0 डी0 ओ ऐक्वीज़ीशन अफसर का काम कर रहा है उस की जान मुसीबत में आई हुई है। तो मैं चाहता हूँ कि इस टैंडैंसी को हमें खत्म करना चाहिये। और यह तभी खत्म हो सकती है कि हम लालच करना छोड़ें। हमने जो एक्स ग्रैशिया ग्रांट दी है, उसे डिसऐप्रूव करना चाहिये। वह इसलिये कि इस हाउस ने ऐक ऐस्टीमेट्स कमेटी बनाई है और जो चेयरमैन है, वह इस ट्रैज़री बैंचिज़ का एक मैम्बर है, वह इसको unanimously डिसएप्रूव करते हैं। और किसी खास बेसिज़ पर ही इसे डिसएप्रूव करते हैं तो फिर हमें भी चाहिये कि हम भी करें। मैं एक बात और सरकार से पूछना चाहता हूँ कि अगर यही बात थी और यह ग्रांट देनी थी तो कपास के खेतों में, गंदम के खेतों में और दूसरे और खेतों में जब चार बार पानी की जरूरत होती है मगर उनको पानी दो बार नहीं दिया जाता है, ऐसी सूरत में उन खेतों की पैदावार कम हो जाती है, तो उन किसानों को क्यों इगनोर किया गया। यही नहीं, अगर वर्षा का पानी उनके खेतों को मिल जाता है, और वह नहर का पानी इस्तेमाल नहीं करते तो इनको चाहिये था कि उनकी बैटरमैंट लैवी कम करते लेकिन होता यह है कि उनसे बैटरमैंट लैवी बदस्तूर चार्ज की जाती है। और रुपया दिया जाता है उन लोगों को जिनकी लाखों करोड़ों की आमदन होती है। पानीपत की कोआपरेटिव शूगर मिल जिसमें बहुत सारे लोगों का रुपया लगा है, उसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया। मैं यहां बताना चाहता हूँ कि--

> "During 1961-62 crushing season the sugar mills in the State recorded exceptionally low sugar recovery which caused heavy losses to them. The sugar Industry represented to the State Government for affording them relief on this account. Accordingly, the State Government considred the matter at length. The huge losses running into lacs of rupees, will criple the mills and thwart their economic development......"

आप एक आदमी को मालामाल करने के लिए कई आदमियों की डिवल्पमैंट thwart करेंगे। मुझे समझ नहीं आती कि जिन employees की रोटी नहीं चलती और जिनके पास कोट-पाजामा तक नहीं है, उनको कोट-पाजामा provide करने के लिये इनके पास पैसा नहीं है लेकिन बड़े बड़े आदमियों की जेबें भरने के लिये यह सब किया जा रहा है।

[कामरेड राम प्यारा]

अब इसमें जो 2 करोड़, 22 लाख, 88 हज़ार के करीब रुपया flood के लिये रखा गया है उसके लिये मैं मुबारिकबाद देता हूं लेकिन उसका एक झगड़ा है—

"Provision for these works could not be made in the Original Budget as the works could not be anticipated earlier".

मैं 6 साल से शोर मचा रहा हूँ और हज़ारों मिसालें दी हैं लेकिन उनकी तरफ कोई ग़ौर नहीं किया जा रहा है। गवर्नमैंट ने भाखड़ा डैम बनाया और जिससे 250 लाख एकड़ की सिंचाई हुई लेकिन 30 लाख से ज्यादा एकड़ ज़मीन water-logged हो गयी। मैं ने कई बार इस तरफ ध्यान दिलाया, सैंट्रल गवर्नमैंट से चिट्ठियां आईं, प्राइम मिनिस्टर ने चिट्ठी भेजी, लेकिन यह कहते हैं कि हम अभी अंदाज़ा नहीं लगा सकते। इससे ज्यादा इगनोरेंस के लफ़ज़ और क्या हो सकते हैं। मैं यह कहना चाहता हूँ कि यह ऐसे लफ़ज़ों से गुरेज़ किया करें जिससे बाहर वाले यह न समझें कि यहां पर जो आदमी बैठे हैं इनको कुछ पता नहीं।

श्री मंगलसेन : क्या एक मैम्बर ट्रेज़री बैंचिज़ पर बैठे हुए आदमियों को जाहिल कह सकता है?

कामरेड राम प्यारा : पहले, तो जनाब मैंने ऐसा कुछ कहा नहीं है अगर कुछ कहा गया है तो मैं अपने लफ़ज़ वापस लेता हूँ क्योंकि मेरा यह मतलब नहीं जो श्री मंगलसेन ने लगाया है। मैं गवर्नमैंट को यह कहना चाहता हूँ कि flood control के लिये जो रुपया रखा गया है वह बहुत अच्छा किया गया है, लेकिन इसको expedite करना चाहिये। एक वार्निंग भी मैं गवर्नमैंट को देना चाहता हूँ कि जी0 टी0 रोड के साथ साथ जो जमुना नदी गुज़रती है, 1955 में कुंजपुरा के साथ उस पर बना हुआ पुल वर्षा के कारण टूट गया था और सड़क डैमेज हो गई थी, ट्रैफिक इंटरस्ट हो गया था। आज इस बात का डर है जब कि emergency लगी हुई और हमने देश को तैयार करना है, अगर बारिश में पुल टूट गया और जी0 टी0 रोड खराब हो गई तो देश का बड़ा अहित होगा और हम emergency में जो काम करान चाहते हैं वह पूरा नहीं हो सका। इसलिये सरकार इस तरफ़ खास तौर पर ध्यान दे। तो जो यह स्कीम है बांध की उसे पक्का करवा के मज़बूत बनाया जाए और छोटे-छोटे प्राजैक्ट्स या स्कीमों को भले ही फिलहाल छोड़ दिया जाए लेकिन जो चीज़ें priority दी जाने वाली हैं उन्हें पहले take up किया जाए। और इस बात का ध्यान रखा जाए कि सिर्फ political pressure की बिना पर कोई ग़ैर ज़रूरी स्कीम में हाथ न डाला जाए बल्कि जो वर्कस हैं उनकी ज़रूरत को मद्देनज़र रख कर ही पूरा किया जाये और उनको priority दी जाए। मैं इतना ही कह अपनी जगह लेता हूँ कि जो बातें मैंने कही हैं अगर ठीक हैं तो उन्हें सरकार को मानना चाहिये।

ਕਾਮਰੇਡ ਭਾਨ ਸਿੰਘ ਭੌਰਾ (ਪੂਰੀ, S. C.) : ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਕਲ supplementary demands ਤੇ ਬਹਿਸ ਹੋਈ ਹੈ ਤੇ ਅੱਜ ਉਨ੍ਹਾਂ ਬਾਰੇ Appropriation ਬਿਲ ਹਾਊਸ ਵਿੱਚ ਪੇਸ਼ ਹੈ। ਇਸ ਬਿਲ ਵਿੱਚ ਕੁਝ ਮਦਾਂ ਐਸੀਆਂ ਹਨ ਜੋ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਆਪਣੀ ਮਰਜ਼ੀ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਮੁਫਾਦ ਲਈ ਲਿਆਂਦੀਆਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਫਾਇਦੇ ਉਠਾਏ ਹੋਏ ਹਨ। ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿ 24 ਲਖ ਰੁਪਿਆ ਸ਼ੂਗਰ ਮਿਲਾਂ ਦੇ ਮਾਲਕਾਂ ਨੂੰ ਦਿੱਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿੱਚ ਕਿਸੇ ਨੇ 50 ਜਾਂ 100 ਰੁਪਏ

ਤਕਾਵੀ ਦੇ ਦੇਣੇ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਸਪਾਹੀ ਹਥਕੜੀਆਂ ਲੈ ਕੇ ਫਿਰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਰੁਪਏ ਦਿਉ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਲੋੜ ਹੈ। ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਗ਼ਰੀਬਾਂ ਤੋਂ ਇਕੱਠਾ ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਰੁਪਿਆ ਸਰਮਾਏਦਾਰਾਂ ਦੇ ਹਵਾਲੇ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। Defence fund ਲਈ ਜਿਤਨਾ ਰੁਪਿਆ ਇਕੱਠਾ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਹ ਗ਼ਰੀਬਾਂ ਨੇ ਦਿੱਤਾ ਹੈ। Prime Minister ਤੇ ਇਹ ਵਜ਼ੀਰ ਵੀ ਖੁਦ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਗ਼ਰੀਬਾਂ ਨੇ ਹੀ ਵਧ ਹਿੱਸਾ ਪਾਇਆ ਹੈ। ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਸੰਗਰੂਰ ਵਿੱਚ ਲੋਕਾਂ ਦੋ ਰੁਪਏ ਫੀ ਜੀ fund ਵਿੱਚ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਉਹ ਸਾਰਾ ਗ਼ਰੀਬਾਂ ਨੇ ਹੀ ਦਿੱਤਾ ਹੈ। S.D..M. ਨੇ ਖੁਦ ਮਲੇਰਕੋਟਲੇ ਵਿੱਚ ਜਲਸੇ ਵਿੱਚ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਅਮੀਰ ਲੋਕ ਲੁਟਣ ਲਈ ਤਾਂ ਅਗੇ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਪਰ fund ਦੇਣ ਲਈ ਸਭ ਤੋਂ ਪਿਛੇ ਹੋ ਗਏ ਹਨ। ਹੁਣ defence bonds ਲਈ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਤੇ ਫੀ ਪਿੰਡ 5 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਏ ਦੇ ਬਾਂਡ ਖਰੀਦਣ ਲਈ ਕਿਹਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਸ ਨਾਲ ਲੋਕਾਂ ਵਿੱਚ ਬੇਚੈਨੀ ਫੈਲ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਅਮੀਰਾਂ ਤੋਂ ਤਾਂ ਮੰਗ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਗ਼ਰੀਬਾਂ ਤੇ ਹੀ ਦਬਾਉ ਪਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਹ ਜੋ ਮੰਤਰੀ ਹਨ ਤੇ ਅਫਸਰ ਹਨ ਇਥੇ ਕੋਠੀਆਂ ਵਿੱਚ ਬੈਠੇ ਹੋਏ ਹਨ ਇਸ ਲਈ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਠੀਆਂ ਵਾਲੇ ਹੀ ਨਜ਼ਰ ਆਉਂਦੇ ਹਨ ਗ਼ਰੀਬ ਨਜ਼ਰ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੇ ਹਨ। ਜਿਹੜੇ ਨੇਫਾ ਤੇ ਲਦਾਖ ਵਿੱਚ ਮਰੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜੀਅ ਮਗਰ 500 ਰੁਪਿਆ ਦਿੱਤਾ ਹੈ। ਜੋ ਲੁਟਣ ਵਾਲੇ ਹਨ, ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਡੀਫੈਂਸ ਦੇ ਹਕ ਵਿੱਚ ਬਹੁਤ ਘਟ ਹਿੱਸਾ ਪਾਇਆ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ 24 ਲਖ ਤੋਂ ਵਧ ਰਕਮ ਦਿੱਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਇਹ ਆਪਣੇ ਬੰਦਿਆਂ ਨੂੰ ਪਾਲਣ ਦੀ ਇਕ ਚਾਲ ਹੈ। ਇਥੇ ਹੀ ਬਸ ਨਹੀਂ। 50,000 ਰੁਪਿਆ ਸਿਰਫ ਇਸ ਕਰਕੇ ਦਿੱਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਦੀਆਂ ਟੈਕਸੀਆਂ ਲਈ ਮਿਲੋਮੀਟਰ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ। ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬਾਹਰੋਂ ਲਿਆ ਕੇ ਦੇਣੇ ਹਨ। ਜੇ ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਗ਼ਰੀਬ ਰਿਕਸ਼ੇ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਏ ਤਾਂ ਸਮਝ ਆ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਟੈਕਸੀਆਂ ਵਿੱਚ ਆਮ ਆਦਮੀਆਂ ਨੇ ਨਹੀਂ ਚੜ੍ਹਨਾ। ਜਦੋਂ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਬਣਾਇਆ ਤਾਂ ਪਤਾ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ ਕਿ ਫਲਾਣਾ ਸੈਕਟਰ ਅੱਡੇ ਤੋਂ ਐਨੀ ਦੂਰ ਹੈ। ਇਕ ਟਾਈਮ ਟੇਬਲ ਲਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ, ਲਿਸਟ ਲਾਈ ਜਾ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਜੇ ਕੋਈ ਵਧ ਕਰਾਇਆ ਚਾਰਜ ਕਰੇ ਤਾਂ ਉਸ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਐਕਸ਼ਨ ਲਿਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ 50,000 ਰੁਪਿਆ ਦੇਣ ਦੀ ਲੋੜ ਨਹੀਂ ਕਿ milometer ਲਾਏ ਜਾਣ। ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਦੀ ਅਜ ਦੇਸ਼ ਨੂੰ ਲੋੜ ਹੈ।

ਹੜ੍ਹਾਂ ਸਬੰਧੀ ਦੋ ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਧੰਨਵਾਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਹ ਮੰਗ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਪਰ ਹੁੰਦਾ ਕੀ ਹੈ ? ਇਹ ਖਿਆਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਕਿ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਹੜ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਕਿਵੇਂ ਬਚਾਉਣਾ ਹੈ। ਨਾਲੀਆਂ ਕਢਣ ਵੇਲੇ power politics ਨੂੰ ਅਗੇ ਰਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਮਿਸਾਲ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ। ਸਾਡੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿੱਚ ਮਾਹੋ ਰਾਣਾ ਡਰੇਨ ਹੈ। ਉਥੇ ਸਾਡੇ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਗਏ। ਜਿਹੜੀ alignment ਪਹਿਲਾਂ ਹੋਈ ਹੈ ਉਸ ਦੀ ਬਜਾਏ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਏਥੋਂ ਦੀ ਕਢ ਲਓ। ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਇੰਜਨੀਅਰ ਗ਼ਲਤ ਸੀ ਜਾਂ ਇਹ ਗ਼ਲਤ ਹਨ। ਜੇ ਪਹਿਲੀ alignment ਗਲਤ ਸੀ ਜਿਸ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਐਨਾ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਗਿਆ, ਨਾਲਾ ਪੁਟਿਆ ਗਿਆ ਤਾਂ ਉਸ ਇੰਜਨੀਅਰ ਨੂੰ ਫੜੋ ਜਿਸ ਨੇ ਗ਼ਲਤ ਖਰਚ ਕਰਵਾਇਆ। ਜਦੋਂ ਮਨਿਸਟਰ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਦੁਬਾਰਾ ਨਾਲੀ ਪੁਟਣ ਵਾਸਤੇ ਹੁਕਮ ਦੇ ਆਉਂਦੇ ਹਨ। ਓਵਰਸੀਅਰ ਵਗੈਰਾ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿਧਰ ਲਾਈਨ ਕਢ ਦਿੰਦੇ ਹਨ ਇਕ ਡੰਡਾ ਜਿਹਾ ਖੜ੍ਹਾ ਕਰਕੇ। ਉਹ ਲੋਕਾਂ ਤੋਂ ਬਹੁਤ ਪੈਸੇ ਖਾਂਦੇ ਹਨ ਤੇ ਲਾਈਨ ਦੁਬਾਰਾ ਕਢ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਮਲੇਰਕੋਟਲੇ ਦੇ ਕੋਲ ਇਕ ਕੈਰੋਂ ਡਰੇਨ ਹੈ। ਉਸ ਤੇ ਨੇੜੇ ਨੇੜੇ ਹੀ ਇਕ ਸੜਕ ਤੇ ਦੋ ਪੁਲ ਹਨ। ਕਲ ਪਰਸੋਂ ਦੀ ਇਹ ਗਲ ਚਲ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ ਇਕ ਪੁਲ ਹੋਰ ਉਸ ਤੋਂ ਇਕ ਮੀਲ ਉਰਲੇ ਪਾਸੇ ਬਣਾਇਆ ਜਾਵੇ। ਦੋ ਪੁਲ ਪਹਿਲਾਂ ਹਨ ਤੇ ਇਕ ਪੁਲ ਦਾ ਹੋਰ ਠੇਕਾ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਲੋਕ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ

[ਕਾਮਰੇਡ ਭਾਨ ਸਿੰਘ ਭੌਰਾ]

ਡਰੇਨ ਪੁਟੀ ਹੋਈ ਹੈ। ਪਰ ਉਹ ਦੁਬਾਰਾ ਪੁਟੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ, ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਖੇਤਾਂ ਵਿਚੋਂ ਦੀ। (ਸਰਦਾਰ ਬਲਵੰਤ ਸਿੰਘ ਵਲੋਂ ਵਿਘਨ) ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਗ਼ਲਤ alignment ਦਿੱਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। X.E.N. ਤੇ S.D.O. ਉਥੇ ਗਏ। XEN ਨੇ S.D.O. ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਕਿ ਜਿਸ ਥਾਂ ਵਿਚੋਂ ਦੀ ਡਰੇਨ ਜਾਣੀ ਹੈ ਇਸ ਜਗ੍ਹਾ ਵਿੱਚ ਦੀ ਨਾ ਜਾਵੇ। S.D.O. ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਥੋਂ ਨਹੀਂ ਜਾ ਸਕਦੀ। XEN ਤੇ S.D.O. ਵਿੱਚ ਝਗੜਾ ਹੈ। S.D.O. ਵਾਸਤੇ ਮਨਿਸਟਰ ਕੋਲੋਂ ਗਲ ਗਈ ਹੋਣੀ ਹੈ। ਪਹਿਲਾ ਪੁਲ ਟੁਟ ਗਿਆ। ਦੁਬਾਰਾ ਪੁਲ ਦਾ ਠੇਕਾ ਦਿੱਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਕੋਲੋਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਪੁਲ ਹੈ ਤਾਂ ਹੁਣ ਠੇਕੇ ਦੇਣ ਦੀ ਕੀ ਲੋੜ ਹੈ। ਗਲੋਟੀ ਦਾ ਪੁਲ ਬਣਿਆ। ਉਹ ਪੁਲ ਟੁਟ ਗਿਆ। ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਉਸ ਠੇਕੇਦਾਰ ਨੂੰ ਫੜਦੇ ? ਕਿਉਂਕਿ ਉਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਰਿਸ਼ਤੇਦਾਰ ਹੋਣਗੇ। ਜਿਸ ਨੂੰ ਪਹਿਲਾਂ ਠੇਕਾ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਫੜ ਕੇ ਸਜ਼ਾ ਦਿਓ। ਉਸ ਨੇ ਕਿਉਂ ਇਹੋ ਜਿਹਾ ਪੁਲ ਬਣਾਇਆ। ਥੋੜਾ ਸੀਮਿੰਟ ਪਾਇਆ ਗਿਆ ਤੇ ਬਾਕੀ ਦਾ ਸੀਮਿੰਟ ਬਿਕ ਗਿਆ। ਇਕ XEN ਤੇ ਕੇਸ ਚਲ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਅਗੇ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਕੰਮਾਂ ਵਾਸਤੇ ਰੁਪਿਆ ਮੰਨਜ਼ੂਰ ਕੀਤਾ ਹੈ।

ਪੰਜਾਬ Roadways ਵਾਸਤੇ ਰੁਪਏ ਦੀ ਮੰਗ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਜੇ ਬਸਾਂ ਨੇ ਬਹੁਤਾ ਸਫਰ ਕਰ ਲਿਆ ਹੈ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਟਾਇਰਾਂ ਵਾਸਤੇ ਰੁਪਿਆ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ, T:A. ਦੇਣਾ ਹੈ। ਜੇ ਇਕ ਆਦਮੀ ਇਕ night ਵਾਸਤੇ ਡਿਊਟੀ ਤੇ ਰਹੇ ਤਾਂ ਪੈਪਸੂ Roadways ਵਾਲੇ ਦੋ ਰੁਪਏ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਪਰ ਪੰਜਾਬ Roadways ਵਾਲੇ ਡੇਢ ਰੁਪਿਆ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਪੈਪਸੂ Roadways ਵਾਲੇ ਇਕ ਮਿੰਟ ਦਾ ਵੀ overtime ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਪੰਜਾਬ Roadways ਵਾਲੇ overtime ਨਹੀਂ ਦਿੰਦੇ। ਮੈਂ ਕੰਡਕਟਰਾਂ ਦੀਆਂ ਲਿਸਟਾਂ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਗਰਮ ਵਰਦੀਆਂ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਗਈਆਂ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਸਿਆਲ ਠੰਢੀਆਂ ਵਰਦੀਆਂ ਨਾਲ ਕਟਿਆ ਹੈ। ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਹੋਰ ਪਾਸੇ ਖਰਚ ਕਰਨਾ ਹੈ। ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਕੋਲ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਵਾਧੂ ਖਰਚਾਂ ਨੂੰ ਘਟਾ ਕੇ ਉਧਰ ਖਰਚ ਕਰੋ ਜਿਧਰ ਲੋੜ ਹੈ। ਸਾਨੂੰ ਇਹ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਅੱਜ ਇਹ ਬਿਲ ਪਾਸ ਹੋ ਜਾਣਾ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਕਾਂਗਰਸੀ ਗਲਾਂ ਤਾਂ ਕਹਿ ਦਿੰਦੇ ਹਨ ਪਰ ਵੋਟ ਓਧਰ ਪਾ ਆਉਂਦੇ ਹਨ।

ਇਹ ਗਲਾਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹੋਇਆ ਮੈਂ ਫੇਰ ਇਹ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਜਿੰਨਾ ਚਿਰ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਫਜ਼ੂਲ ਖਰਚ ਇਸ ਬਿਲ ਵਿੱਚ ਹਨ ਉਨੀ ਦੇਰ ਇਹ Appropriation Bill ਨਹੀਂ। ਇਸ ਨੂੰ Mis-appropriation Bill ਦਾ ਨਾਉਂ ਕਹਿ ਕੇ ਪਾਸ ਕਰ ਲਓ ਤਾਂ ਠੀਕ ਹੈ।

ਸਰਦਾਰ ਬਲਵੰਤ ਸਿੰਘ (ਸੁਲਤਾਨਪੁਰ): ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਹਾਊਸ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ Appropriation Bill ਪੇਸ਼ ਹੈ। ਇਸ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿੱਚ ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਨੇ ਅਤੇ ਕੁਛ ਇਸ ਸਾਈਡ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਨੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਹ ਬਿਲ ਨਹੀਂ ਲਿਆਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ। ਇਹ ਜਿੰਨਾ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਲਈ ਰਖਿਆ ਹੈ ਇਹ ਚੀਜ਼ਾਂ ਬਜਟ ਵਿੱਚ ਲੈ ਆਉਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਸਨ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਦੇ ਵਿੱਚ ਕੁਛ ਇਹੋ ਜਿਹੀਆਂ ਰਕਮਾਂ ਹਨ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨੈਸ਼ਨਲ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਦੇ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿੱਚ, ਹੋਮ ਗਾਰਡ ਨੂੰ ਤਕੜਾ ਕਰਨ ਲਈ ਜਾਂ flood Control ਦੇ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿੱਚ ਰਕਮ ਰਖੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਹ ਪਹਿਲਾਂ anticipate ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ। Floods ਰੋਕਣ ਲਈ 2,22,00,000 ਰੁਪਿਆ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਬੜਾ ਜ਼ਰੂਰੀ ਸੀ। ਇਹ ਸਾਰੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ floods ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਵਾਸਤੇ ਬਣਾਈਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ ਹਨ, war basis ਤੇ floods ਖਤਮ ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ ਪੰਜਾਬ ਸਟੇਟ ਵਿੱਚ ਬਣਾਈਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ ਹਨ। ਜੋ ਰੁਪਿਆ ਅਸੀਂ ਅੱਜ ਪਾਸ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ ਮੈਨੂੰ ਸ਼ਕ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਇਸ financial year ਵਿੱਚ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾ

ਸਕੇ। ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਕਪੂਰਥਲਾ ਵਿੱਚ 8 ਸਕੀਮਾਂ flood control ਤੇ embankments ਲਈ ਬਣੀਆਂ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ ਇਕ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ, ਉਹ ਵੀ ਅਧੂਰੇ ਢੰਗ ਨਾਲ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਕੀਮਾਂ ਨੂੰ ਤੇਜ਼ੀ ਨਾਲ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਕੁਛ ਇਹੋ ਜਿਹੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਹਨ ਕਿ ਅਸੀਂ ਬਗ਼ੈਰ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕਰਨ ਦੇ waterlogging ਖਤਮ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਾਂ, floods ਦੇ ਖਤਰੇ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਾਂ। ਮਹਾਰਾਜਾ ਕਪੂਰਥਲਾ ਨੇ ਕਾਂਝਲੀ barrage ਬਣਾਇਆ ਜਿਸ ਲਈ ਬੇਈਂ ਵਿਚੋਂ 11 ਫੁਟ ਉਚਾ ਪਾਣੀ ਚੁਕਿਆ ਗਿਆ। ਇਸ ਦੇ ਕਾਰਨ ਚਾਰ ਪੰਜ ਹਜ਼ਾਰ ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਵਿੱਚ waterlogging ਹੋ ਗਿਆ। ਇਹ ਸਕੀਮ ਹੈ ਜਿਸ ਨਾਲ ਬਗ਼ੈਰ ਪੈਸੇ ਖਰਚ ਕੀਤੇ waterlogging ਖਤਮ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਬਗ਼ੈਰ ਪੈਸੇ ਖਰਚ ਕੀਤੇ ਫੱਟੇ ਚੁਕ ਦੇਣੇ ਹਨ ਤੇ ਪਾਣੀ 11 ਫੁਟ ਨੀਚੇ ਆ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਇਹ ਸਬੰਧੀ ਚੌਧਰੀ ਲਖੀ ਸਿੰਘ ਨੇ ਸਵਾਲ ਕੀਤਾ ਸੀ ਤੇ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਅਸੀਂ ਫਟੇ ਵਸ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਪਰ ਅਜੇ ਤਕ ਫਟੇ ਨਹੀਂ ਚੁਕੇ ਗਏ। ਜੇ ਸਰਕਾਰ waterlogging ਖਤਮ ਕਰਨ ਬਾਰੇ serious ਹੈ ਤਾਂ ਇਹੋ ਜਿਹੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਬਣਾਉਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ ਤੇ ਇਸ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਏ। Home Guards, Civil Defence ਅਤੇ allied purposes ਰਖਸ਼ਾ ਦਲ ਵਾਸਤੇ ਵੀ ਇਸ ਬਿਲ ਵਿੱਚ ਰੁਪਿਆ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰਾਨ ਨੇ ਰਖਸ਼ਾ ਦਲ ਦੇ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿੱਚ ਜੋ ਰਕਮ ਰਖੀ ਗਈ ਹੈ ਉਸ ਤੇ ਇਤਰਾਜ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਤੇ ਇਸ ਸਬੰਧੀ ਉਚੀਆਂ ਲੰਮੀਆਂ ਗਲਾਂ ਕਈਆਂ। ਰਖਸ਼ਾ ਦਲ ਸਕੀਮ ਨਹੀਂ, ਇਹ movement ਹੈ। ਇਹ ਮੂਵਮੈਂਟ ਪੁਰਾਣੇ ਸਮਿਆਂ ਤੋਂ ਚਲੀ ਆ ਰਹੀ ਹੈ ਇਹ ਕੋਈ ਨਵੀਂ ਨਹੀਂ ਇਸ ਨੂੰ ਨਵੇਂ ਸਿਰੇ ਤੋਂ ਚਾਲੂ ਜ਼ਰੂਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਪੁਰਾਣੇ ਜ਼ਮਾਨੇ ਵਿੱਚ ਵੀ ਸੰਤ ਸਪਾਹੀ ਤਿਆਰ ਕੀਤੇ ਜਾਂਦੇ ਸਨ ਅਤੇ ਇਹ ਮਿਸ਼ਨ ਬਣਾਇਆ ਗਿਆ ਸੀ ਕਿ ਸ਼ਸਤਰ ਚਲਾਣੇ ਸਿਖਾਏ ਜਾਣ ਹਰ ਇਕ ਨੂੰ ਸ਼ਸਤਰ ਧਾਰੀ ਬਣਾਇਆ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਜੋ ਸੰਕਟ ਸਮੇਂ ਉਹ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਰੱਖਿਆ ਵਿੱਚ ਕੰਮ ਕਰ ਸਕਣ। ਇਸ ਸਕੀਮ ਨੇ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਸਗੋਂ ਉਤਸ਼ਾਹ ਵਧਾ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿੱਚ ਇਕ ਨਵੀਂ ਜਾਗਰਿਤੀ ਪੈਦਾ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਤਾਂ ਜੋ ਜ਼ੁਲਮ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕੇ ਅਤੇ ਜੇਕਰ ਕੋਈ ਹਮਲਾ ਹੋ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਤਤਪਰ ਰਹਿ ਸਕਣ। (ਵਿਘਨ) (ਸਰਦਾਰ ਤਾਰਾ ਸਿੰਘ : ਤੁਸੀਂ ਤਾਂ ਬਰਛੇ ਵੀ ਨਹੀਂ ਰਖਣ ਦਿੰਦੇ) ਹੁਣ ਬਰਛਿਆਂ ਦੀ ਥਾਂ ਬੰਦੂਕਾਂ ਨੇ ਲੈ ਲਈ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸਾਂ ਕਿ ਇਕ ਲਖ ਦੀ ਰੈਲੀ ਜੋ ਹੁਣੇ ਹੀ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਵਿੱਚ ਹੋਈ ਹੈ ਇਸ ਨਾਲ ਲੋਕਾਂ ਵਿੱਚ ਇਕ ਨਵਾਂ ਉਤਸ਼ਾਹ ਪੈਦਾ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਤੁਸੀਂ ਵੇਖਿਆ ਹੋਣਾ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮਹਿੰਦਰ-ਗੜ੍ਹ ਤੋਂ ਅਤੇ ਰੋਹਤਕ ਤੋਂ ਅਤੇ ਦੂਰੋਂ ਦੂਰੋਂ ਲੋਕੀਂ ਇਸ ਵਿੱਚ ਆ ਕੇ ਸ਼ਾਮਿਲ ਹੋਏ। ਬਿਨਾਂ ਰੋਟੀ ਦੇ ਬਿਨਾ ਪਾਣੀ ਦੇ ਹਰ ਇਕ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਸੀ ਕਿ ਉਹ ਆਪਣੀ ਰੋਟੀ ਪਾਣੀ ਦਾ ਪ੍ਰਬੰਧ ਆਪ ਕਰਨ। ਅਹਿਮਦ ਸ਼ਾਹ ਅਬਦਾਲੀ ਵੇਲੇ ਜ਼ੁਲਮ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰਨ ਲਈ ਇਕ ਮੁਠ ਛੋਲਿਆਂ ਤੇ ਲੋਕੀਂ ਤਿਆਰ ਹੋ ਗਏ ਸਨ ਤੇ ਇਥੇ ਰਕਸ਼ਾ ਦਲ ਬਿਨਾ ਰੋਟੀ ਪਾਣੀ ਦੇ ਹੀ ਆਪਣੀ ਜਾਨ ਦੇਸ਼ ਲਈ ਕੁਰਬਾਨ ਕਰਨ ਲਈ ਤਿਆਰ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ (ਪ੍ਰਸੰਸਾ) ਇਥੇ ਜਰਨੈਲ ਮੋਹਨ ਸਿੰਘ ਅਤੇ ਕੈਪਟਨ ਰਤਨ ਸਿੰਘ ਬਾਰੇ ਕੁਝ ਇਤਰਾਜ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਅਤੇ ਗਲਾਂ ਕਹੀਆਂ ਗਈਆਂ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇੰਨੇ ਵਡੇ ਦੇਸ਼ ਭਗਤ ਤੇ ਦੇਸ਼ ਪਿਛੇ ਜਾਨ ਕੁਰਬਾਨ ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਲਈ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਰੀਮਾਰਕਸ ਨਹੀਂ ਸਨ ਕਰਨੇ ਚਾਹੀਦੇ। ਜਨਰਲ ਮੋਹਨ ਸਿੰਘ ਨੇ ਜਿਸ ਬਹਾਦਰੀ ਨਾਲ ਸਿੰਘਾਪੁਰ ਵਿੱਚ ਅੰਗਰੇਜ਼ਾਂ ਦੇ ਵਿਰੁਧ ਆਪਣੀ ਜਾਨ ਖਤਰੇ ਵਿੱਚ ਪਾਈ ਅਤੇ ਲੜਾਈ ਵਿੱਚ ਹਿੱਸਾ ਲਿਆ ਉਹ ਇਕ ਅਦੁਤੀ ਮਿਸਾਲ ਹੈ ਇਹ ਇਕ ਮਹਾਨ ਜਰਨੈਲ ਅਤੇ ਦੇਸ਼ ਭਗਤ ਹੈ ਜਿਸ ਨੇ ਇਨੇ ਥੋੜੇ ਸਮੇਂ ਵਿੱਚ ਰਖਸ਼ਾ ਦਲ ਤਿਆਰ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਇਸ ਦੀ ਜਿੰਨੀ ਪ੍ਰਸੰਸਾ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਥੋੜੀ ਹੈ। (ਪ੍ਰਸੰਸਾ)

ਕਈ ਭਰਾਵਾਂ ਨੇ ਇਹ ਇਤਰਾਜ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਰਖਸ਼ਾ ਦਲ ਇਕ ਪ੍ਰਾਈਵੇਟ ਆਰਮੀ ਹੈ ਅਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਨਸਵਾਰੀ ਪਗਾਂ ਬੰਨ੍ਹ ਲਈਆਂ ਹਨ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਕਿ ਇਹ ਪ੍ਰਾਈਵੇਟ ਆਰਮੀ ਨਹੀਂ (ਵਿਘਨ)

[ਸਰਦਾਰ ਬਲਵੰਤ ਸਿੰਘ]

ਤੁਸੀਂ ਵੀ ਨੀਲੀਆਂ ਪਗਾਂ ਬਨ੍ਹੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ (ਵਿਘਨ) ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਕਿ ਆਰ. ਐਸ. ਐਸ. ਤੇ ਚੀਫ ਖਾਲਸਾ ਦਿਵਾਨ ਦੇ ਵਰਕਰ ਕੀ ਪ੍ਰਾਈਵੇਟ ਆਰਮੀ ਤਿਆਰ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ ਉਹ ਵੀ ਤਾਂ ਲੈਫਟ ਰਾਈਟ ਕਰਾਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ **communal** ਪਰਚਾਰ ਕਰਦੇ ਹਨ ਤੇ ਫਿਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਿਖਿਆ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਝਗੜਾ ਪਏ ਤਾਂ ਤੁਸੀਂ ਲੁਟ ਮਾਰ ਕਰਨੀ ਤੇ **communal** ਪਰਚਾਰ ਕਰਨਾ। ਮੈਨੂੰ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਯਾਦ ਹੈ ਕਿ ਜਦ ਮੈਂ ੧੦ਵੀਂ ਜਮਾਤ ਵਿੱਚ ਪੜ੍ਹਦਾ ਸਾਂ ਕਿ ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਬਣਿਆ ਤਾਂ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿੱਚ ਆਰ. ਐਸ. ਐਸ. ਦੇ ਵਰਕਰ ਤਲਵਾਰਾਂ ਤੇ ਬੰਦੂਕਾਂ ਨਾਲ ਚਲੇ ਜਾਂਦੇ ਸਨ ਤੇ ਹਰ ਗਡੇ ਵਾਲੇ ਤੋਂ ਸੋਨਾ ਤੇ ਨਕਦੀ ਲੁਟ ਲੈਂਦੇ ਸਨ ਕੀ ਉਹ ਪ੍ਰਾਈਵੇਟ ਆਰਮੀ ਸੀ ਜਾਂ ਰਕਸ਼ਾ ਦਲ ਪ੍ਰਾਈਵੇਟ ਆਰਮੀ ਹੈ ਜਿਸ ਨੇ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਰੱਖਿਆ ਵਿੱਚ ਸਹਾਇਤਾ ਕਰਨ ਦਾ ਬੀੜਾ ਆਪਣੇ ਸਿਰ ਲਿਆ ਹੈ। ਇਹ ਤਾਂ ਇਕ ਨੈਸ਼ਨਲ ਮੂਵਮੈਂਟ ਹੈ ਜਿਸ ਨੂੰ ਤੁਸੀਂ **communal** ਕਹਿੰਦੇ ਹੋ। ਅਤੇ ਪਜਾਬ ਨੂੰ ਨਵੇਂ ਢੰਗ ਵਿੱਚ ਰਹਿਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਕਰ ਰਿਹਾ ਹੈ। (ਪ੍ਰਸੰਸਾ) ਇਸ ਰਕਸ਼ਾ ਦਲ ਦੀ ਜੋ ਆਦਮੀ ਮੁਖਾਲਫ ਕਰਦਾ ਹੈ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਇਕ ਦੇਸ਼ ਧਰੋਹੀ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਦੇਸ਼ ਨਾਲ ਜਾਂ ਦੇਸ਼ ਵਾਸੀਆਂ ਨਾਲ ਪਿਆਰ ਨਹੀਂ, ਹਮਦਰਦੀ ਨਹੀਂ।

ਫਿਰ ਸ਼ੂਗਰ ਮਿਲਾਂ ਦੇ ਸੈਸ ਬਾਰੇ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਅਤੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਇਕ ਕੈਪੀਟਲਿਸਟਿਕ **step** ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ **socialistic pattern** ਦੀ ਹਮਾਇਤ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ। ਮੈਂ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਕਿਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਸੋਚਦੇ ਹਨ ਬਗੈਰ ਸੋਚਣ ਸਮਝਣ ਦੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਗਲਾਂ ਕਹਿ ਦੇਣੀਆਂ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਕੈਪੀਟਲਿਸਟਾਂ ਦੀ ਮਦਦ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਇਹ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਅਤੇ ਸੋਭਦਾ ਨਹੀਂ ਸੀ। ਇਸ ਦਾ ਫਾਇਦਾ ਤਾਂ ਮਿਲ ਦੇ ਨਜ਼ਦੀਕ ਵਾਲੇ ਗੰਨਾ ਪੈਦਾ ਕਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਹੈ। ਸਕੀਮ ਇਹ ਬਣਾਈ ਗਈ ਸੀ ਕਿ ਕਈ ਸ਼ੂਗਰ ਮਿਲਾਂ ਦੀ **capacity** ਥੋੜ੍ਹੀ ਹੈ ਤੇ ਫਿਰ ਤੁਸੀਂ ਵੇਖਿਆ ਹੋਵੇਗਾ ਕਿ ਗਡੇ ਤੇ ਗਡਾ ਚੜ੍ਹਿਆ ਰਹਿੰਦਾ ਹੈ ਟਰੱਕ ਤੇ ਟਰੱਕ ਚੜ੍ਹਿਆ ਰਹਿੰਦਾ ਹੈ ਤੇ ਫਿਰ ਪਰਚੀਆਂ ਮਿਲਦੀਆਂ ਹਨ ਤੇ ਕਈ ਵੇਰ ਤਾਂ ਪਰਚੀਆਂ ਵਿੱਚ ਵੀ ਬਲੈਕ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਇਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ **incentive** ਸੀ ਤਾਂ ਜੋ ਮਿਲਾਂ ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਗੰਨਾ ਚੁਕਣ ਅਤੇ ਲਖਾਂ ਰੁਪਏ ਦਾ ਗੰਨਾ ਖੇਤਾਂ ਵਿੱਚ ਹੀ ਖੜਾ ਨਾ ਸੜ ਜਾਵੇ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਗੰਨਾ ਵਧ ਚੁਕੋ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਵੀ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ **crushing season** ਛੇਤੀ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ਇਸ ਤੇ ਮਿਲ ਵਾਲਿਆਂ ਦਾ ਜਾਇਜ਼ ਇਤਰਾਜ਼ ਸੀ ਕਿ ਪਹਿਲੀ ਸਟੇਜ ਵਿੱਚ ਗੰਨੇ ਵਿੱਚ **sugar contents** ਘਟ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਇਸ ਲਈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਨੁਕਸਾਨ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਜੇਕਰ ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਇਸ ਨੁਕਸਾਨ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕਰਨ ਨੂੰ ਤਿਆਰ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਆਪਣੇ **crushing season** ਨੂੰ ਛੇਤੀ ਹੀ **start** ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਇਹ ਤਾਂ ਗਰੀਬ ਕਿਸਾਨਾਂ ਦੇ ਮੁਫਾਦ ਵਿੱਚ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਗੰਨਾ ਖੇਤਾਂ ਵਿੱਚ ਹੀ ਨਾ ਸੜ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਇਸ ਗਲ ਦੀ ਮਨਜ਼ੂਰੀ ਦੇ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਕਿ ਉਹ **crushing** 15 ਨਵੰਬਰ ਤੋਂ ਹੀ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦੇਣਗੇ ਤੇ ਜਿਹੜੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਰਨਗੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਇਮਦਾਦ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਗਰਾਂਟ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ 25 ਲਖ ਰੁਪਏ ਦੇ ਕਰੀਬ ਦੇਕੇ ਕਈ ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਨੂੰ ਬਚਾ ਲਿਆ ਗਿਆ ਹੈ। (ਵਿਘਨ) ਕੀ ਇਸ ਨੂੰ ਤੁਸੀਂ **capitalist tendency** ਕਹਿੰਦੇ ਹੋ ਜਾਂ ਕਿ ਇਹ **socialistic step** ਹੈ ਕਿ ਗੰਨੇ ਨੂੰ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋਣ ਤੋਂ ਬਚਾ ਲਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਤੇ ਫਿਰ ਸੈਸ ਤਾਂ ਗੰਨੇ ਦੀ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਤੇ ਲਗਾਇਆ ਜਾਣਾ ਹੈ।

(ਇਕ ਮੈਂਬਰ : ਕੀ ਤੁਸੀਂ ਦੱਸੋਗੇ ਕਿ ਕਪੂਰਥਲੇ ਇਲੈਕਸ਼ਨ ਵੇਲੇ ਕਿੰਨਾ ਰੁਪਿਆ ਤੁਹਾਨੂੰ D. C. ਨੇ ਫਗਵਾੜੇ ਮਿਲ ਤੋਂ ਦਿਵਾਇਆ ਸੀ ?) (ਵਿਘਨ)

ਇਕ ਅਰਜ਼ ਮੈਂ ਹੋਰ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਐਗਰੀਕਲਚਰ ਦੇ ਸਿਲਸਲੇ ਵਿਚ ਡੇਢ ਦੋ ਮਹੀਨੇ ਹੋਏ ਸਾਡੇ ਜ਼ਰਾਇਤ ਮੰਤਰੀ ਵਲੋਂ ਇਕ ਸਟੇਟਮੈਂਟ ਦਿਤੀ ਗਈ ਕਿ ਇਸ ਸਾਲ ਪੰਜਾਬ ਦੀਆਂ ਮੰਡੀਆਂ ਵਿਚ bumper crop ਆ ਰਹੀ ਹੈ ਹਾਲਾਂਕਿ ਉਸ ਸਮੇਂ ਅਜੇ ਬਾਰਸ਼ ਵੀ ਨਹੀਂ ਸੀ ਹੋਈ। ਇਸ ਨਾਲ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕਿਸਾਨ ਦਾ ਬਹੁਤ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਗਲਤ ਸਟੇਟਮੈਂਟ ਸੀ। ਅਸੀਂ ਸਾਰੇ ਸੋਚਦੇ ਸਾਂ ਕਿ ਕਿਸਤਰਾਂ ਦੇ ਅੰਕੜੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਿਤੇ ਗਏ ਹਨ ਜਿਸ ਦੀ ਬਿਨਾ ਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਹ ਸਟੇਟਮੈਂਟ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਹਰ ਆਦਮੀ ਅੱਜ ਮਹਿਸੂਸ ਕਰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਦੀ ਉਪਜ below normal ਹੈ ਯਾਨੀ 25 ਫੀ ਸਦੀ ਘਟ ਹੈ। ਅਜੇ ਤਕ normal, ਹੋਣ ਦੀ ਵੀ ਹਾਲਤ ਨਜ਼ਰ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ। ਕਣਕ ਤੇ ਛੋਲੇ ਦੀਆਂ ਫਸਲਾਂ ਬਰਾਨੀ ਜ਼ਮੀਨਾ ਤੇ ਹਨ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬਾਰਸ਼ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਪਰ ਬਾਰਸ਼ ਨਹੀਂ ਹੋਈ ਤੇ ਜੋ ਮੀਂਹ ਪਿਆ ਹੈ ਇਹ ਕਾਫੀ ਨਹੀਂ ਤੁਸੀਂ ਆਪ ਹੀ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾ ਸਕਦੇ ਹੋ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਕ irresponsible ਸਟੇਟਮੈਂਟ ਦੇ ਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਟ੍ਰੇਡਰਜ਼ ਦੀ ਮਦਦ ਕੀਤੀ ਹੈ ਇਸ ਵਿਚ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਐਗਰੀਕਲਚਰ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਦਾ ਕਸੂਰ ਨਹੀਂ। ਇਹ ਸਟੇਟ-ਮੈਂਟ ਤਾਂ ਮਹਿਕਮੇ ਨੇ ਤਿਆਰ ਕੀਤੀ ਹੈ ਅਤੇ false ਅੰਕੜੇ ਇਕਠੇ ਕਰਕੇ ਡੈਸਕ ਤੇ ਬੈਠ ਕੇ ਹੀ ਇਹ ਸਟੇਟਮੈਂਟ ਤਿਆਰ ਕਰਵਾ ਦਿਤੀ ਕਿ crop bumper ਹੋਵੇਗੀ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਜ਼ਰਾਇਤ ਮੰਤਰੀ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਜਾਂ ਅਸਿਸਟੈਂਟ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਜਾਂ ਡਿਪਟੀ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਜੋ ਇਸ ਗਲਤ ਸਟੇਟਮੈਂਟ ਲਈ ਜ਼ਿਮੇਵਾਰ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਐਕਸ਼ਨ ਲਿਆ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਨੇ ਕਿਉਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ statement ਤਿਆਰ ਕਰ ਕੇ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰਾਂ ਨਾਲ ਧਕਾ ਕੀਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਟ੍ਰੇਡਰਜ਼ ਦੀ ਮਦਦ ਕੀਤੀ ਹੈ ਇਸ ਨਾਲ ਵਪਾਰੀਆਂ ਨੂੰ ਫਾਇਦਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਜਦੋਂ ਅਜੇ ਫਸਲ market ਵਿਚ ਆਉਣੀ ਸ਼ੁਰੂ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ ਤਾਂ ਉਸ ਨੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਸਟੇਟਮੈਂਟਸ ਦੁਆ ਕੇ ਭਾ ਥਲੇ ਲੈ ਆਉਂਦੇ ਹਨ ਤੇ ਜਦੋਂ ਜ਼ਮੀਦਾਰ ਦੀ ਫਸਲ ਵਿਕ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਭਾ ਫਿਰ ਤੇਜ਼ ਕਰ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਇਹ ਮੈਂ ਕਹਾਂ ਗਾ ਕਿ ਇਕ capitalist type of tendency ਹੈ ਜੋ ਨਹੀਂ ਸੀ ਚਾਹੀਦੀ। ਮੈਂ ਇਤਨਾਂ ਕਹਿ ਕੇ ਆਪ ਤੋਂ ਖਿਮਾ ਮੰਗਦਾ ਹਾਂ।

श्री फतेह चन्द विज (पानीपत) : चेयरमैन साहिब, यह जो करोड़ों रुपयों की demand Appropriation Bill के जरिये हमारे सामने मंजूरी के लिये रखी जा रही है इस के बारे में मैं तो अपने दोस्त भौरा साहिब की ताईद करता हूँ और इस बिल को Mis Appropriation Bill कहने पर मजबूर हूँ। मिसाल के तौर पर इस में यह जो 24 लाख रुपया शूगर मिल्लों के मालिकों को देने के लिये रखा गया है यह रुपया किसी तरह से भी जायज नहीं है। यह तो मालूम होता है कि गुज़श्ता चुनाव में इन मिलों के मालिकों ने कांग्रेस पार्टी को कुछ ऐसी इमदाद दी होगी कि जिस खाते को पूरा करने के लिये अब उन को इतनी बड़ी रकम दी जा रही है। (Cheers from the Opposition) इस चीज़ को देख कर मुझे तो एक पुरानी मिसाल याद आती है कि "चोरों के कपड़े और डांगों के गज़"। अगर यही रुपया उन इलाकों में खर्च किया जाता जहां पर नई नई मिलें बनी हैं और जहां सड़कें कच्ची हैं और जमींदार अपना गन्ना मिलों में 15-20 दिन तक भी नहीं पहुँचा सकते और तंग आ कर खेतों में जला देने पर ही मजबूर होते हैं और इस रुपए से उन सड़कों को पक्का किया जाता तो इस से किसानों को गन्ना मिलों में पहुँचाने में सहूलियत हो जाती और इस से चीनी का उत्पादन भी बढ़ जाता। यह तो केवल अपने आदमियों को पालने की खातिर ऐसा किया जा रहा है। मैं वज़ीर साहिब से दरखास्त करूँगा कि इस बिल को withdraw

[श्री फतेह चन्द विज]

करें और रुपये को बरबाद करने की स्कीमें बनाना बंद कर दें। इतना कह कर मैं आप का धन्यवाद करता हूँ कि आप ने मुझे बोलने का मौका दिया।

श्री रूप लाल मेहता (पलवल) : माननीय चेयरमैन साहिब, कल जो Supplementary Demands House के सामने पेश हुई थीं उनके बारे में Appropriation Bill आज ज़ेरे बहस है। इसमें कोई शक नहीं कि इसमें जो कोई करोड़ रुपए की मांग House की मंजूरी के लिए रखी गई है; इसमें बहुत सी ऐसी items हैं जो निहायत ज़रूरी थीं। खास तौर पर Home Guards की तन्ज़ीम, anti flood measures और इसी तरह की दूसरी items की मांग मौजूदा हालात में लाज़मी थी और सरकार ने जो अहम कदम उठाए हैं उनके लिये उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, थोड़ी है। लेकिन इसके साथ ही कुछ ऐसी demands हैं, जो कि मौजूदा emergency की हालत में, लाई जानी मुनासिब नहीं। मिसाल के तौर पर 24,78,800 रुपए की *Ex-gratia* grant की एक मद इस में रखी गई है। यह उन मिल मालिकों को दी जाएगी जिन के मुताल्लिक कहा गया है कि 9 मई, 1961 के बाद खांड की कम recovery की वजह से घाटा हुआ। इस बात को मैं मानता हूँ कि बेशक सरकार को सूबे की तरक्की के लिये कई लोगों को माली मदद देनी पड़ती है और देनी भी चाहिये लेकिन चेयरमैन साहिब, उन मिल मालिकों को इस तरह से *Ex-gratia* ग्रांट देना जिन्होंने huge profits कमाए हों, किसी ने 24 लाख, किसी ने 30 लाख, और एकाध बार अगर घाटा भी हो जाए तो उनकी मदद के लिये आगे आना मेरी समझ में नहीं आ सका। बजाय इन बड़े बड़े मिल मालिकों के अगर यही रुपया cane growers की बेहतरी के लिये दिया होता, काश्तकारों को सुविधाएं बहम पहुंचाने के लिए सड़कों पर खर्च किया होता, गन्ने की yield को बढ़ाने के लिए लगाया होता तो ज्यादा मुफीद साबित होता लेकिन पंजाब के ग़रीब लोगों की गाढ़े पसीने की कमाई में से 24,25 लाख रुपए की इतनी बड़ी रकम उठाकर बड़े बड़े कैपिटेलिस्टों को, फर्म, मिलों के मालिकों को दे देना सरकार का सराहना योग्य कदम नहीं है। चाहे आपोजीशन के भाई मेरी इन बातों का कुछ भी मतलब निकालें मैं यह कहे बग़ैर नहीं रह सकता कि आज के नाज़ुक हालात में, emergency के हालात में जब कि एक एक पैसा बचाने के लिये हम अपने मुलाज़मीन की retrenchment कर रहे हैं, खर्च को कम करने की हर कोशिश कर रहे हैं, इतनी बड़ी रकम huge profits कमाने वालों को देकर हमारी सरकार ने कोई अच्छी मिसाल कायम नहीं की। इसकी बजाय अगर यही रुपया पसमान्दा इलाकों की तरक्की के लिये, डिवैल्पमैंट के लिये सर्फ करने की मांग की गई होती तो वहां के लोगों को तसकीन होती कि सरकार हमारी माली हालत को सुधारने के लिये कोशां है।

2—00 noon

इस के अलावा drainage और flood control के लिये काफी रुपए की मांग की गई है। ठीक है कि जितना ज्यादा रुपया इस सिलसिले में खर्च किया जा सकता हो किया जाना चाहिये ताकि किसानों को सहूलियात बहम पहुँचाई जाएं और उन को flood वग़ैरा की मुसीबत से बचाया जा सके। लेकिन मुझे बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि ज़िला गुड़गांव के उन गावों के सम्बन्ध में जिन्हें खादर का इलाका कहा जाता है, कोई कदम सरकार की तरफ से नहीं उठाए गए। इसके अलावा, चेयरमैन साहिब, मैं आप की विसातत से वज़ीर

मुतअल्लिका के नोटिस में यह बात फिर लाना चाहता हूँ कि सोलहा गांव को उठाकर तहसील पलवल के कनीना गांव में बसाने का फैसला हुआ था। इस के लिये पांच लाख रुपए की *ad-hoc* मंजूरी भी सरकार की तरफ से दी जा चुकी थी। इसको बाद में कम करके दो लाख किया गया, फिर एक लाख किया गया लेकिन आज तक एक रुपया भी उस गांव वालों को नहीं मिला। बल्कि कहा यह जाता है कि जब रुपया मिलेगा तब दिया जाएगा। यह पांच लाख रुपया बीस साल में वापिस किया जाना था लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। मिस्टर धीर ने एक चिट्ठी लिख दी, जिसकी नकल मुझे भी भेजी गई। जिसमें सिर्फ यही लिखा था कि डिमांड नोट कर ली जाए, जब रुपया होगा दे दिया जाए। एक नहीं अनेकों मिसालें हैं जहां पर काम नहीं किया जाता लेकिन बावजूद वायदे करने के कहा यह जाता है कि जब पैसा दस्तयाब होगा, काम शुरु कर दिया जाएगा। इसी तरह मेरी पलवल कांस्टीचुएंसी में सड़कों की अशद जरूरत है। लेकिन जब डिमांड पेश की जाती है तो यही कहा जाता है कि emergency की वजह से अब इन सवालों को हाथ में नहीं लिया जा सकता। चेयरमैन साहिब, ठीक है कि हाऊस में जो बिल पास करने के लिए पेश हुआ है उसे हम पास करेंगे। उसके हक में वोट देंगे, पार्टी के डिसिपलन के तहत उसे जरूर पास करेंगे लेकिन मैं समझता हूं कि हमें हक है कि हम अपने इलाके के ख्यालात की तर्जमानी भी यहां पर कर सकें। एक तरफ तो हम गरीब लोगों की गाढ़े पसीने की कमाई से एक एक रुपया, दो दो रुपया टैक्स की सूरत में वसूल करके पंजाब में डिफैंस की कोशिशों को मजबूत करना चाहते हैं लेकिन दूसरी तरफ बड़े बड़े मिल मालिकों को लाखों रुपया की ग्रांट देना मैं समझता हूँ कि किसी तरह से भी हमारे सोशलिस्टिक समाज के नारे के मुताबिक नहीं है। सोशलिस्टिक समाज का मतलब यह है कि गरीबों को ऊपर उठाया जाए और अमीरों को कहा जाए कि तुम कुछ नीचे की तरफ आओ। लेकिन जिस समाज को बनाने के लिये हम रुपया तो ऐसे वर्ग के लोगों से लेते हैं जो गरीब हैं, जिन्होंने हिन्दुस्तान की जंगे आजादी के लिये अपना सर्वस्व लुटा दिया और देते हैं इन बड़े बड़े मिल वालों को तो ऐसी हालत में यह सरासर अन्याय करती है। जैसा कि मैंने पहिले कहा गो मैं उसी पार्टी से ताल्लुक रखता हूँ कि जिसने यह बिल पेश किया है, इसका समर्थन भी करना पड़ेगा लेकिन मैं बड़े अदब से कहना चाहता हूँ कि बजाय ऐसी मदों पर खर्च करने के आम लोगों की, किसानों के लिये, सड़कों की हालत बेहतर करने के लिये या growers की condition को बेहतर बनाने के लिये खर्च किया जाए तो ज्यादा अच्छा हो। छोटी छोटी स्कीमों को बन्द करने की बजाए यही रुपया उन पर लगाया जाए ताकि आम लोगों को फायदा हो। जैसे गुड़गांव में गुड़गांव कैनाल स्कीम चल रही थी। उसको बन्द कर दिया गया। बिजली स्कीम चल रही थी उसको बन्द करने का हुक्म कर दिया। अभी अभी ऐस. डी. ओ. श्री कपूर को बोर्ड के आर्डर चले गए कि 25 मार्च तक काम खत्म किया जाये ताकि यही मैटीरियल किसी दूसरी जगह पर भेजा जा सके। इसीलिये ज्यादा details मे न जाता हुआ मैं कहूँगा कि अगर इसी रकम को पसमान्दा इलाका की तरक्की के लिये खर्च किया जाता तो उन लोगों को तसकीन मिलती और वह लोग अपनी गवर्नमैंट के नेक इकदाम की सराहना करते।

इस के अलावा कुछ और demands हैं जिन के बगैर काम चल सकता था। जैसे प्राईवेट टैक्सी operators को milometers के लिये 50,000 रुपए की मदद दी गई है। यह किन लोगों को दी जाएगी? चंडीगढ़ के taxi drivers को और एक

[श्री रूप लाल महता]

एक को एक एक हज़ार रुपया देने का provision है। इस किस्म की मदों पर तो रुपया लगाया जा रहा है लेकिन गांव के अन्दर link roads provide करने के लिए कहा जाता है कि जब रुपया available होगा खर्च किया जाएगा। मैं महसूस करता हूँ कि इस किस्म के expenditure को भी किसानों और गांव की welfare के लिये divert किया जा सकता है। मैं फिर कहूँगा कि इस तरीक से रकूमात को खर्च करना, देश के मालियात को खुर्दबुर्द करना सरकार की शान के शायां नहीं। मैं आपकी विसातत से सरकार की खिदमत में अर्ज़ करना चाहता हूँ कि मौजूदा हालात में top priority पसमान्दा इज़ला की development को दी जानी चाहिये।

हरियाना के ज़िले पिछले सौ साल से अंग्रेज़ी राज के वक्त से दबे आ रहे हैं जिनकी आज तक भी तरक्की नहीं हो पाई। प्रांत के दूसरे ज़िलों को तरक्की याफ्ता देखकर हमें कोई दुख या नाराज़गी नहीं लेकिन मैं अर्ज करूँगा कि जिन लोगों ने अंग्रेज़ों के राज में, उस वक्त की हकूमत के खिलाफ जंगे आज़ादी के लिये बगावत का झँडा बुलन्द किया उन्हें आज़ादी मिलने के बाद भी पिछड़े और पसमान्दा रखना सरकार की शान के शायां नहीं। (*interruptions*)

जहां तक industries का ताल्लुक है ज़िला गुड़गांव इस में भी बुरी तरह से पिछड़ा हुआ है। इसी तरह से हमने इस बात पर भी काफी ज़ोर दिया कि जेहर नाला के लिये तीन चार लाख का provision किया जाए लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया। अगर मैं यह कहूँ कि इस इलाके के साथ सौतेली मां जैसा सलूक किया जाता है तो बेजा न होगा। अब हालत यह है कि पानी का बहाव उलटा होकर पंजाब का हिस्सा U.P. में चला गया है। इसलिए रुपए को ठीक तरीके से खर्च करने की जरूरत है।

आखिर में, चेयरमैन साहिब, आप की विसातत से गवर्नमैंट से पुरज़ोर दरखास्त करूँगा कि Sugar Mills को grant देने के लिए जो 24 लाख रुपए की मद वज़ीर खज़ाना ने House के सामने पेश की है उस पर हम vote तो कर देंगे, मुखालिफत नहीं कर सकते, लेकिन अगर कोई legal constitutional बात न हो तो यह रकम withhold कर ली जाए और यही रुपया पसमान्दा इलाकों की development के लिए किसी और मद पर लगाई जाए। इससे तो यही कहना पड़ेगा कि पूंजीपतियों को और ज़्यादा ताकतवर बनाया जा रहा है।

चेयरमैन साहिब, इन शब्दों के साथ मैं आप का धन्यवाद करता हूँ। बैठने से पहले एक बात मैं फिर बड़े ज़ोर से कहूँगा कि इस 24 लाख रुपए की रकम का misuse नहीं करना चाहिये। अगर इस का misuse इसी तरह से किया गया तो हमारी नुक्ताचीनी की जाएगी। यही रुपया उन मिल मालिकों को देने की बजाए development के कामों पर खर्च किया जाता तो अच्छा होता। या इसी रुपए से सड़कें बनाई जातीं तो बेहतर होता। इस तरह तीन या चार मिलों को 24 लाख रुपए देने से हम कोई अच्छी मिसाल कायम नहीं कर सकेंगे। बेहतर होता कि बजाए उन मिलों को यह रुपया दिया जाए इसी रुपए से प्रान्त में नई मिलें लगाई जातीं जिस से यहां के बेरोज़गार लोगों को काम पर लगाया जा सकता। इन शब्दों के साथ मैं आप का धन्यवाद करता हूँ जो आप ने कृपा कर के मुझे Appropriation बिल पर बोलने का वक्त दिया है।

श्री अमर सिंह (नारनौंद, S. C.) : चेयरमैन साहिब, दो दिनों से यहां Supplementary Estimates और इस Appropriation Bill पर बहस जारी है और हमारे बहुत से मैम्बर साहिबान इस पर काफी रोशनी डाल चुके हैं बल्कि यहां तक बहस में Treasury Benches की तरफ से कहा गया है कि यह Appropriation Bill नहीं है यह तो mis-appropriation बिल है लेकिन इस के बावजूद भी यहां इस पर बहस की जा रही है। इन्हें तो पता है कि चाहे कोई कुछ कर ले यह बिल पास हो जाना है क्योंकि हाउस में majority इन की है और majority के बल पर democratic सरकार है। Majority is authority in democracy.

अब मैं demand No.9 के बारे में कुछ अर्ज़ करना चाहता हूँ। हमारे मंत्री महोदय हरिजन welfare के भी वज़ीर हैं वह जानते हैं कि आज हमारे सूबा में हरिजनों की हालत कैसी दर्दनाक है लेकिन ऐसी हालत में भी दो millowners को 24,78,701 रुपए ex-gratia दिए जा रहे हैं। इस के साथ ही हमारे मंत्री महोदय को पता है बल्कि पिछले दिनों मुख्य मंत्री ने इसी हाउस में बताया था कि हमारे देश में हरिजनों की हालत बहुत गिरी हुई है और उन्हों ने उन की हालत को सुधारने के लिए Temporary Taxation Bill भी पास करवाया। लेकिन मैं उन्हें बता देना चाहता हूँ कि उस tax के अभी तक नौ लाख रुपया ही इकट्ठा हुआ है लेकिन यहां यह 24 लाख रुपए दो मिल मालिकों को दिए जा रहे हैं।

हमारी तहसील हांसी में 1960 में बड़े floods आए थे और सारी तहसील में लोगों का लाखों रुपए का नुकसान हुआ। उन floods से हुए नुकसान से जो लोगों की बुरी दशा हुई थी उस को सुधारने के लिये सरकार ने तकरीबन सात, आठ लाख रुपए की तकावियां हरिजनों और वहां के ज़मींदारों को दी थीं लेकिन आज emergency का नाम लेकर उन तकावियों का रुपया वसूल करने के लिए हज़ारों आदमियों को हवालात में ठोका जा रहा है। यह इस लिये किया जा रहा है क्योंकि उन्हों ने वह तकावियों का रुपया सरकार को वापस नहीं किया और उस की दूसरी तरफ हालत यह है कि सरकार इतनी बड़ी रकम Mill owners को ex-gratia grant दे रही है। एक तरफ तो उन लोगों को हवालात में दिया जा रहा है जिन्हें सरकार को उस का रुपया वापस देने के लिये नसीब नहीं होता दूसरी तरफ जो लोग पहले भी सरमायदार हैं उन्हें सरकार grants दे रही है। एक दिन मैं हांसी की तहसील के दफतर में गया तो वहां उन लोगों की बुरी हालत को देख कर दिल को दुख हुआ। वे लोग कह रहे थे कि हमारे पास कोई रोज़गार नहीं है, हम सरकार को उस का रुपया देने के लिए तैयार हैं लेकिन फसल के आने तक इन्ज़ार कर लें। मैं ने तहसीलदार से कहा कि फसल के आने तक इन्तज़ार कर लीजिए इस में क्या हर्ज है। तो वह कहने लगे कि मैं इस में मजबूर हूँ क्योंकि Revenue मिनिस्टर साहिब का हुक्म है कि तकावियों का रुपया जल्द वसूल किया जाए। बड़े अफसोस की बात है कि एक तरफ तो अमीर लोगों को grants देकर उन के साथ सरकार हमदर्दी कर रही है लेकिन दूसरी तरफ ग़रीब लोगों से सख्ती कर के यह तकावियां वसूल कर रही है।

फिर चेयरमैन साहिब water logging और drainage schemes के तहत 2 करोड़ 28 लाख रुपए की रकम की demand इस बिल में मांगी गई है और उसे बड़ी

[श्री अमर सिंह]

जल्दी से पास कराने की कोशिश की जा रही है। इसी सिलसिले में मैं एक मिसाल पेश करना चाहता हूँ तकरीबन 75 मील लम्बी एक drain राजथल से हांसी निकाली गई है और उस पर तकरीबन 14 लाख 87 हज़ार रुपए खर्च किए गए हैं। यह स्कीम तीन चार साल से चल रही है और यह Anti waterlogging का जो department बनाया गया था उस के under चल रही है और यह तमाम रुपया एक S.D.O. के ज़रिये खर्च किया गया है। इस drain के बन जाने के बाद हालत यह हो गई है कि पहले जहां 16 गांवों की ज़मीन को पानी से नुक्सान पहुँचता था वहां अब 24 गांवों को नुकसान पहुँचने लग गया है और इस से अब 24 गावों की ज़मीन की फसल तबाह होने लगी है। जब 1962 में वहां floods आए थे तो वहां लोगों की फसलें बहुत तबाह हुई थीं जिस की वजह से वहां के लोगों को सरकार ने तकावियों के तौर पर दो लाख रुपए की रकम देने का फैसला किया। एक तो उन लोगों की फसलें तबाह हो गई थीं दूसरी बात यह हुई कि उन के मवेशियों के लिए उन के पास चारा नहीं रहा था फिर वहां का हरेक इनसान National Emergency की हालत में देश के लिए हर तरह की कुरबानी करने को तैयार है और इसी वजह से उन लोगों ने Deputy Commissioners को लिख कर दे दिया है कि वह State of Emergency में तकावियां लेने को तैयार नहीं हैं। दूसरी तरफ आप देखिए, इन्हीं दिनों सिंचाई मंत्री जी वहां एक गांव में तशरीफ ले गए थे वहां कहने लगे कि यह तो ठीक है कि तहसील हांसी Defence Fund में अपना हिस्सा पने में नम्बर एक पर रही है लेकिन मैं यह बरदाश्त नहीं कर सकता कि आप ने कांग्रेस के उम्मीदवार को हराया है। National Defence के सिलसिले में उन्हें हिस्सा डालने के लिये तो उन्हें encourage किया गया लेकिन दूसरी तरफ उन्हें यह कह कर discourage किया गया कि तुम्हें पानी नहीं दिया जा सकता। इस पर सारे गांव के लोगों ने मंत्री महोदय से कहा कि आप यह बात तो बिल्कुल नाजायज़ कह रहे हैं। यह ठीक है कि हम ने अपने जायज़ candidate को परचियां दी और हम इस बात की परवाह नहीं करते कि जो आप के हाथों में पानी है वह आप दें या न दें।

मैं अर्ज़ करता हूं कि उस तहसील के लोगों ने अपनी हैसियत से भी बढ़ चढ़ कर Defence Fund में चन्दा दिया है। एक सिसाए गांव है वहां के एक छोटे ज़मीदार के पास सौ रुपए थे। वहां हम ने Defence Fund इक्ट्ठा करने के लिए lecture किया कि देश के लिए मरना है और देश के लिए जीना है। उस छोटे ज़मीदार के पास दो बैल थे। उस ने कहा के मैं defence fund के लिए देने को तैयार हूं वह आप auction कर दें। चुनांचि वह auction किए गए और वह 9 सौ रुपए में किसी और ज़मीदार ने ले लिए और उस ज़मीदार ने जिस के वह बैल थे उस ने 100 रुपये अपने पास से और डाल कर एक हज़ार National Defence के लिए दे दिए। लेकिन ऐसे आदमियों के लिए हमारे मंत्री महोदय कहते हैं कि आप पानी लेने की आशा न करें क्योंकि आप ने वहां के एक ex-Deputy Minister को हराया है। सरकार का यह तरीका जनता के साथ इस समय दुखदाई है। चेयरमैन साहिब मेरे कहने का मतलब यह है कि एक तरफ तो हरिजनों की हालत सुधारने की कागज़ों में बातें की जाती है और दूसरी तरफ practically

उन्हें discourage करने की कोशिश की जाती है। मैंने इस बारे में practice में लाई गई मिसाल, आप के सामने पेश की है कि उन लोगों से किस तरह तकावियों के कर्जे वसूल किए जा रहे हैं। इस से साफ ज़ाहिर है कि हमारी सरकार की आदत अमीरों को पालने की है और गरीबों को ऊपर उठाने की नहीं है। मैं तो इसी नतीजा पर पहुंचा हूं। मैंने पिछले सैशन में भी यही देखा था और अब भी यही देख रहा हूं कि कुछ demands इस बिल में ऐसी लाई गई हैं जो सिर्फ चन्द अमीर आदमियों की मदद करने के लिए दी जा रही हैं जिस से साफ ज़ाहर होता है कि सरकार की नीयत बिल्कुल साफ है कि सिर्फ चन्द अमीर आदमी ही फायदा उठाते रहें। सरकार का इस प्रकार का रवैया tolerable नहीं है। उन अमीर आदमियों के मुकाबले में हरिजनों की population इस State में 42 लाख के करीब है और सरकार उन के rights को कुचल रही है. . . .

Mr. Chairman : Wind up please.

श्री अमर सिंह : चेयरमैन साहिब, यह तो ठीक है कि मैं हाउस का ज्यादा time ले रहा हूं लेकिन मैं यह कहना ज़रूरी समझता हूं कि हरिजनों को नज़र अन्दाज़ किया जा रहा है लेकिन मैं तो यह कहूंगा कि पंजाब में हरिजन इतना important part play कर रहे हैं कि वह पंजाब की economy को कायम रख रहे हैं और पंजाब का आज राज्य जिन्दा है तो हरिजनों के सिर पर ज़िन्दा है। और हमारे शेरे पंजाब पिछले दिनों Temporary Taxation Bill पर बोलते हुए कह रहे थे कि हरिजन बड़े पिछड़े हुए लोग हैं इन को ऊपर उठाना है। ऐसी बातें तो बहुत की जाती हैं मगर practically कुछ नहीं किया जाता। किया यह जाता है कि मिल मालिकों के लिए 24 लाख रुपये रखा जाता है। और Temporary Taxation Bill के तहत साढे नौ लाख रुपया ही इक्ट्ठा हुआ है। हरिजनों का कागज़ी भला किया जा रहा है। अब मैं आप को हरिजनों के मुताल्लिक जो हरिजन वैलफेयर डिपार्टमैंट का रवैया बन चुका है बताना चाहता हूं। जो हरिजन वैलफेयर डिपार्टमैंट है उस के तहत हर ज़िले में एक एक भलाई अफसर छोड़ा हुआ है। उन से हरिजनों की भलाई तो दूर रही वह अपनी अपनी भलाई में ही लगे हुए हैं और बड़े ज़ोरों से लगे हुए हैं। इस की दो तीन मिसालें देता हूं। हिसार ज़िले का जो भलाई अफसर है उस के खिलाफ inquiry चल रही है मगर एक साबका डिप्टी मिनिस्टर उस को बचाने की कोशिश कर रहे हैं कि उस ने तो थोड़ा सा ही गबन किया है। करनाल में भी ऐसा ही हुआ है। वह भी अपना ही welfare करना चाहते हैं। वज़ीर साहिब चले गए हैं। मैं ने उन से कई दफा कहा है कि इस महकमे में बहुत बड़ा गबन चल रहा है। फायदा उन लोगों का हो रहा है जिन के हाथ में political pressure है। हरिजनों पर रहम करें। इस तरह हेराफेरी से यह काम नहीं हो सकता। High Power Commission बैठाने से यह काम होगा कि हरिजनों की 16 साल की progress का पता चलेगा। अगर सरकार वाकई इस काम को अच्छी तरह से करना चाहती है तो Legislators की एक Joint Committee बनाई जानी चाहिए जो सरकार के सारे काम को देख कर रिपोर्ट करे और वह रिपोर्ट हाउस में पेश हो ताकि पता लगे कि हरिजनों की हालत में पहले से और आज कोई खास फर्क

[श्री अमर सिंह]

नहीं पड़ा चन्द ही लोगों को फायदा हुआ है। (घंटी) मैं यह बात और कहना चाहता हूं कि विमुक्त जातियों में 33 Communities हैं। कागज़ में तो वह मुक्त हो गई हैं, उन को अब थाने में हाजरी नहीं देनी पड़ती मगर पुलिस उन के पीछे पड़ी रहती है। उन को बुरी तरह से रगड़ा लगाती है। (घंटी) मेरी सरकार से अपील है कि पिछड़े हुए हरिजनों को रोज़गार दिया जाए और छोटी छोटी दस्तकारियां गांव गांव में खोली जाएं जो हरिजन पहले से ही माली हालत में आगे हैं उन्हीं लोगों की मदद सरकार कर रही है।

(At this stage Deputy Speaker occupied the Chair.)

श्री मंगल सेन (रोहतक) : उपाध्यक्षा महोदया, जो Appropriation Bill आज हाउस के सामने है इस में सरकार बड़ी बेरहमी से जनता के गाढ़े पसीने की कमाई को बरबाद कर रही है। इन Supplementary Estimates के अन्दर दरजनों ऐसे वाक्यात हैं कि जिन में लीगल रीमैम्बरेंसर कुछ कहता है और सरकार कुछ कहती है। मगर यह शायद सोचते हैं कि पैसा जो लगता है वह कौन सा इन की जेब से जाता है। जब हम अफसरों की नालायकी की वहज से जनता का रुपया नष्ट होता देखते हैं तो बड़ा कष्ट होता है।

उपाध्यक्षा : नालायकी की जगह कोई और शब्द इस्तेमाल कर लें तो ज्यादा अच्छा लगे। (It would be better if the hon. member avoids the word 'nalaiki' and uses some other word in its place.)

श्री मंगल सेन : बहुत अच्छा जी। मैं और शब्द इस्तेमाल कर लेता हूं। मैं कहे देता हूं कि उन की अयोग्यता के कारण यह रुपया नष्ट हुआ। तो मैं कह रहा हूं कि यहां पर रक्षा दल का ज़िक्र आया। और जनरल मोहन सिंह को बड़े ट्रिब्यूट्स पेश किए गए कि बड़े देश भक्त हैं, बर्मा के जंगलों में मारे मारे फिरते रहे हैं। हमें इस से कोई शिकायत नहीं है कि उन्होंने जो काम किया वह देश भक्ति से मुतास्सर हो कर किया। मगर जो बात यहां पर उन की प्राइवेट आर्मी के बारे में कही गई उस में कुछ था तभी तो अब उस को होमगार्ड में शामिल किया जा रहा है। प्रधान मन्त्री जी जब अमृतसर आए तो उस में इस्तेमाल किए गए ट्रकों का जिक्र यहां आया। मैं उस वक्त किसी कारणवश यहां न था। परन्तु आज एक सदस्य ने उस का ज़िक्र किया। वह कहने लगे कि कांगड़े से और दूसरी जगहों से लोग अपना पैसा खर्च कर के आए। जनाब, मैं रोहतक के सिलसिले में इन्कशाफ करना चाहता हूं कि मुझे भी डिप्टी कमिश्नर रोहतक ने गालबन 26 तारीख को पंडित श्री राम शर्मा और चौधरी सिरी चन्द जी के साथ बुलाया था। रोहतक में पंडित नेहरू आ रहे थे। और यह बात डिसकस हुई। मैं ने पूछा कि यह रक्षा दल क्या है और यह जो खर्च होगा वह पैसा कौन देगा? तो साफ तौर पर कहा गया कि सरकार बर्दी देती है, सारा खर्च भी वही करेगी, उन को ट्रकों में भेजा जायगा। हिसाब बाद में adjust कर लिया जायगा। जब यह सारी बातें हों तो क्या यह प्राइवेट आर्मी नहीं है? हमें भी ऐसी बातें कहते हुए कष्ट होता है मगर जो हकीकत है वह सामने तो आती ही है। मुख्य मन्त्री जी ने राज्यपाल के अभिभाषण की बहस के जवाब में कहा कि private armies तो और भी हैं

जैसे कि वीर दल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इत्यादि। मगर इन को कुछ पता नहीं और वे इस बारे में नावाकिफ हैं। मसरूफ रहते हैं पार्टीबाजी में और इन को असलियत का कुछ पता नहीं रहता। वह तो एक कल्चरल आर्गेनाइज़ेशन है, लोगों में देश प्यार, देश भक्ति और चारित्र्य बल पैदा करने का काम करती है। और गुरू जी, परम पूजनीय श्री माधव राव सदाशिव राव, गोलवलकर के विषय में फरमाने लगे कि हम ने तो कहा था डा. बलदेव प्रकाश जी से कि वह एक सांझे जलसे में बोलें। मगर इन को मालूम नहीं कि वह तो सारे ही पंजाब के एक Organisational दौरे पर आए हुए थे। वह रोहतक, हिसार, करनाल वगैरह सारे पंजाब में वह 20 दिन रहे। वहां पर इन की सभा में बोलने के लिये नहीं गए थे। इन्होंने ऐसी बातें कहीं जो नहीं कहनी चाहिएं थीं। डिप्टी स्पीकर महोदया, मैं इस के विस्तार में नहीं जाना चाहता मगर इन्होंने तो अमरीकन टैकनीक सीख रखी है कि अपनी गलती छिपाने के लिये दूसरे पर ही इल्ज़ाम लगा दो। यह बहुत बुरी बात है। रक्षा दल को जल्दी से जल्दी होम गार्ड में मिला कर इस को regulate किया जाए।

उपाध्यक्षा : आप मंगल सेन जी, वाइंड अप किजिए। (Please wind up)

श्री मंगल सेन : मैं जनाब, वाइंड अप ही कर रहा हूं। यहां ट्रैज़री बैंचिज़ की तरफ से कहा जाता है कि हम सोशल निजाम ला रहे हैं, जो दरिद्र है, पीड़ित है, निर्धन हैं, जिनकी कमर टूटी हुई है उनको उठाना चाहते हैं लेकिन उठाया जा रहा है डी. डी. पुरी को जो किसी समय इस हाउस के एक मैम्बर थे। मेरी समझ में नहीं आता कि क्या बात है कि जहां पर सरकार का पैसा लगा हुआ है उन मिलों को तो पैसा नहीं दिया जा रहा और उन लोगों को जो सरमाएदार हैं उनको ही मालामाल किया जा रहा है। अगर यही इनका सोशलिज़्म है तो बड़ी अच्छी बात है हम भी इसकी इसी तरह से डैफीनिशन कर दिया करेंगे। यह कहते हैं हम ट्रांसपोर्ट को नैशनलाइज़ कर रहे हैं लेकिन ऐसा यह कर नहीं पाते क्योंकि चुनाव के वक्त इनकी जेबें गर्म कर दी जाती हैं उसकी वजह से यह चुप रह जाते हैं। इनकी बातें बड़ी अजीब होती हैं। सफा 14 पर यह कहा गया है कि चूंकि पंजाब दिल्ली के नज़दीक है इस लिए यहां पर पाल्ट्री फार्म खोलना चाहिए। ठीक है। लेकिन जनाब पाल्ट्री फार्म खोलने के लिए रुपया किन को दिया जाएगा? हरिजनों को। यह भी ठीक है। मगर उन लोगों को, उन हरिजननों को जो कांगड़ा वैली में रहते हैं, या पहाड़ों पर बसते हैं। अब बताइए कि पंजाब का दिल्ली के नज़दीक होने की दलील कहां तक ठीक है? यह एक हास्यास्पद सी चीज़ है कि मुर्गियां पाली जाएं पहाड़ों पर और सप्लाई हो दिल्ली में। इसके पीछे यही बात नहीं है बल्कि यह जनता का आहार बदलना चाहते हैं और आहार बदल कर इनका उद्देश्य है कि जनता पाशविक वृत्तियों को धारण करे और यहां लूट-पाट हो। यह कहते हैं कि हमने जनता को floods के havoc से बचाना है लेकिन कारनामे सुनिए। वह ऐसे हैं कि गुड़गांव में जो नहर बना रहे थे उसकी construction ही बंद कर दी है। एक बात कहूं। हर बात इनकी ऐसी है जो काबले गौर है। (घंटी) यह बी. डी. ओज. के पास से जीपें ले आए हैं। इस लिए कहते हैं कि यह लोग नाजायज़ काम करते हैं, ग्राम वासियों को बैठा कर घुमाते हैं (घंटी) चलो, मैं ग्राम सेविकाओं की बात छोड़ देता हूं लेकिन वह जीपें सैंकड़ों की तादाद में यहां खड़ी हैं। अब आप जानते

[श्री मंगल सेन]

ही हैं कि किसी भी मशीनरी को बन्द कर देने से या खड़ा कर देने से या इस्तेमाल न करने से उसमें जंग लग जाता है, वह खराब हो जाती है, (घंटी) अच्छी जी। मैं अंत में यही कहना चाहता हूं कि सरकार पंजाब को सही मायनों में मज़बूत बनाने की तरफ कदम उठाए।

गृह मन्त्री (श्री मोहन लाल) : जनाब, मैम्बर साहिबान की तरफ से कोई खास बात आज इस ऐप्रोप्रिएशन बिल पर नहीं कही गई। ज़्यादातर मैम्बर साहबिान ने अपनी तवज्जुह उन्हीं मामलात की तरफ दी है जिनका जिक्र कल हुआ था। चूंकि बहुत से मैम्बर साहिबान ने शूगर मिल्ज़ को ग्रांट-इन-एड देने के सम्बन्ध में आज भी बातें दुहराई हैं इससे पता चलता है कि मैम्बर साहिबान के सामने सारा केस सही तौर पर पेश नहीं हो सकता। कल मेरे colleague मास्टर गुरबंता सिंह जी ने तफसील के साथ सारी बात कहने की कोशिश की थी लेकिन ऐसा लगता है कि मैम्बर साहिबान के समझने में या उनके समझाने में कोई कमी रह गई है, यह मैं नहीं समझ सका। मैं सिर्फ इतना अर्ज़ किया चाहता हूं कि जो यहां पर मैम्बर साहिबान ने यह बात कही है कि किसी कैपिटलिस्ट को या किसी सरमाएदार को फायदा पहुंचाने के लिए कदम उठाया है, यह बिलकुल बेबुनियाद है। अगर मैम्बर साहिबान थोड़ा सा ध्यान इस तरफ देते तो इसके समझने में कुछ बात नहीं थी। शूगर मिल्ज़ का फायदा सब से ज़्यादा काश्तकार को होता है। उसका गन्ना मुनासिब भाव पर शूगर मिल्ज़ में सप्लाई होता है (इंटरप्शन)। तो मैं कह रहा हूं कि सबसे ज़्यादा शूगर मिल्ज़ का फायदा किसान को, cane-grower को होता है। दूसरा जो फायदा किसी को होता है वह है लेबरर को और मिल मालिक जिसका बार बार जिक्र आया है वह तीसरे दर्जे पर होता है। जहां तक गवर्नमेंट का सवाल है, उसके सामने सबसे ज़्यादा हित cane-grower का है, मज़दूर का है और फिर मिल ओनर का है इस लिए गवर्नमैंट बहुत ज्यादा कीन है कि मिलें चलती रहें, जैसा कि सप्लीमेंट्री ऐस्टीमेट्स के मेमोरंडम में खास तौर पर बताया गया है। गवर्नमैंट की यह खाहिश थी कि सबसे ज़्यादा केन मिलों में इस्तेमाल हो और अगर 15 नवम्बर से ज़्यादा तादाद में केन क्रश करेंगे तो उस पर हम ग्रांट-इन-एड या सबसिडी देंगे। यह एक इनसेंनटिव है। ऐसा इनसेंटिव हर इंडस्ट्री को दिया जाता है ताकि जो इंडस्ट्रियल यूनिट हैं वे कामयाबी से काम करते रहें। समय की कमी के सबब से मैं तमाम बातें नहीं बताना चाहता और न उनका नम्बर ही। कितनी ऐसी इंडस्ट्रीज़ हैं जहां हम एड देते हैं। जैसा कि कल बताया गया केन सैस जो लगाई जाती है वह केनग्रोअर के फायदे के लिए लगाई जाती है उसका उद्देश्य यही है कि ग्रोअर का हित हो और मिल चलती रहे। जैसा कि मास्टर जी ने बताया था उत्तर प्रदेश की सरकार ने 5 साल के लिए ऐसा किया है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं धूरी कोआप्रेटिव मिल के बारे में कहना चाहता हूं कि Pepsu Government ने उस Mill का cess मुआफ किया हुआ था ताकि sugar industry को incentive मिले और sugar की production बढ़े। यह फैसला बहुत मुनासिब और इंसाफ का फैसला था। बाकी जो Mills हैं उन को पहले ही benefit पहुंचा हुआ है। सरकार cane-cess को छोड़ नहीं सकती। कानून ऐसा है जिस से cane-cess की remission नहीं की जा सकती।

अगर cess की remission की जाती तो इस House में उस बारे में कई कई बातें होतीं और confusion पैदा होता कि सरकार ने cane-cess को remit किया। लेकिन सरकार ने cane-cess को remit नहीं किया। उन को *ex-gratia* grant दी गई है। इस का कारण मैं ने बताया है कि यह cess कानून और rules के मुताबिक remit नहीं की जा सकती। उस में यह अलहदा बात है कि कमी दूर हो या नहीं। चूंकि हमारी मजबूरी थी इस लिए यह ढंग निकाला गया है ताकि Mills को नुक्सान न पहुंचे। उनका काम चलता रहे उन के काम में रुकावट न पड़े; Mills बन्द न हों और ज्यादा से ज्यादा अर्से तक चलती रहें इस से cane-grower को फायदा होता है, मजदूरों का काम चलता रहें। इन सारी बातों का ध्यान रखते हुए Government ने फैसला किया उन को *Ex-gratia* grant दी जाए, मुझे समझ नहीं आता कि मैम्बर साहिब government को capitalists की मदद करने वाली government क्यों कहते हैं? मैम्बर साहिब कई बार सोचते नहीं और बेफायदा ही criticize करते हैं जिस से मैं कई दफा हैरान हो जाता हूं। मैं तो समझता हूं कि मैम्बर साहिबान असलीयत की तह तक नहीं जाते। मेरे पास *Ex-gratia* grant की break up आई है मैं उन को पढ़ कर सुना देता हूं:—

		रु.
(1)	Panipat Co-operative Sugar Mills ..	3,49,829
(2)	Janta Co-operative Sugar Mills ..	3,07,981
(3)	Hariana Co-operative Sugar Mills ..	3,72,422
(4)	Saraswati Sugar Mills ..	10 लाख से ज्यादा

अब इस में बात यह है cane-crushing के basis पर *ex-gratia* grants मिलती है, मैं तो समझता हूं कि सारी Sugar Mills को *ex-gratia* grants मिलनी चाहिए (*interruptions*)

बाबू बचन सिंह : Saraswati Sugar Mills Jamuna Nagar को सब से ज्यादा grant क्यों दी गई है?)

गृह मन्त्री : मैं समझता हूं कि उस ने सब से ज्यादा काम किया है। सब से ज्यादा काम करने वाले को *ex-gratia* grant भी ज्यादा मिलनी चाहिए। उन्होंने ज्यादा काम करने की हिम्मत की है इस के साथ आप अन्दाजा लगाएं कि किसानों को कितना नफा हुआ। मजदूरों को कितना नफा हुआ है। इस तरह मजदूरों को काम मिला। सरकार ने उस Mill को 10 लाख रुपए उन का काम चलाने के लिए *ex-gratia* grant दे दी तो इतना बड़ा तुफान खड़ा हो गया, मैं तो समझता हूं कि इस House में जितनी भी नुक्ताचीनी हुई है वह सब गलतफहमी के कारण हुई है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, दूसरी बात जिस के बारे में मेम्बर साहिबान ने ज्यादा ज़ोर दिया है वह decree का मामला है। मैं ने कुछ decrees के बारे में कल जिक्र किया था। आप के सामने वह decrees आती हैं जो Government के बरखिलाफ

[गृह मन्त्री]

होती हैं। जिस से Government को पैसा देना पड़ता है जिन cases में Government के हक में फैसला होता है वह आप के सामने नहीं आती है मैं decrees के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं कि 100 फी सदी cases न Government के हक में होते हैं न दूसरों के हक में होते हैं कुछ cases का तो इस लिए सरकार के बर्खिलाफ फैसला हो जाता है कि उन की अच्छी तरह से पैरवी नहीं होती, शहादतें नहीं मिलतीं। इस लिए Government के बरखिलाफ फैसले हो जाते हैं इस House में कई मेम्बर Law को अच्छी तरह जानते हैं कि किस तरह से बहस होती है उन को civil suit के constitutional points का भी पता है। इस बारे में बहुत सी difficulties आती हैं।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि एक Constable ने Government के विरुद्ध civil suit किया और उस में Government के बरखिलाफ फैसला हुआ, इस बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं कि मेम्बर साहिब को पता होगा कि उस के बरखिलाफ charges क्या थे? वह यह थे कि वह अपनी duty छोड़ कर absent रहा। जब देखा तो उस वक्त शराब की हालत में था। उसने अपनी dismissal के बरखिलाफ D. I. G. और I. G. of Police को अपील की लेकिन वह अपील मन्जूर नहीं हुई। तब उस ने सरकार के बरखिलाफ civil court में मुकदमा कर दिया। इस के बारे में Legal Remembrancer से advice ली गई। उस ने advise किया कि यह fit case है। फिर Government ने फैसला किया कि उस की अपील की जाए। लेकिन वहां पर Government के बरखिलाफ फैसला हुआ फिर हम ने High Court में अपील करने का इरादा किया। इस के बारे में भी Legal Remembrancer से advice मांगी। तो उस ने बताया कि High Court में अपील करने के लिए हमारा case इतना strong नहीं है क्योंकि वहां पर question of fact को ज्यादा लिया जाता है। इस लिए 150 या 200 रुपए देने में कौन सी बड़ी बात है उस कान्स्टेबल ने शराब पी हुई थी जब पकड़ा था और Government ने action लिया इस के बारे में यहां पर सवाल उठा कि उस के विरुद्ध क्यों action लिया गया। जब action नहीं लेते तो फिर कहा जाता है कि शराबियों के बरखिलाफ action क्यों नहीं लिया जाता। इस लिए मैं समझता हूं कि इस तरह की नुक्ताचीनी कोई अच्छी बात नहीं है। दूसरा case भी ऐसा ही है। जिस में उसने पहले D.I.G. of Police को अपील की, वह नामन्जूर हुई, फिर I. G. of Police को भी अपील की, वहां पर भी उस की अपील नामंजूर हुई। इस बारे में भी Legal Remembrancer से advice मांगी, तो उस ने कहा कि यह *prima facie* case बनता है और अदालत ने फैसला करना था, लेकिन वह Government के हक में नहीं हुआ। सरकार का पैसा बड़ी एहतियाती से खर्च करना पड़ता है। हम अच्छी तरह से case की जांच पड़ताल करते हैं। उस से Legal advice लेते हैं। (*interruptons*).

(एक माननीय सदस्य : आप के advisers भी ऐसे हैं ।)

इस लिए जैसा मैं ने कहा है कि इस बात का ख्याल किया जाता है कि public money को waste नहीं करते बल्कि पूरी एहतियात से खर्च करते हैं ताकि impartial justice ले सके ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं कल सारी बात explain नहीं कर सका था क्योंकि उस समय मेरे पास वक्त कम था । आज वही मामला फिर उठाया गया यह case rally के लिए इस्तेमाल किए गए ट्रकों के बारे में है । मैं ने इस के बारे में कल बताया था कि रूट परमिट, मोटर Vehicle Rules के मुताबिक दिए जाते हैं और Motor Vehicle Act के मुताबिक जो permit issue करने वाली authority है उस को यह हक है कि religious मेलों के मौकों पर या दूसरी ऐसी rallies में rules में relaxation दे सकती है । अमृतसर की रैली के बारे में मैं बतलाता हूं कि ट्रक वालों ने applications दीं (*interruptions*) मुझे पता नहीं कि कितनी हुई या कितनी नहीं हुई । जो अमृतसर में रैली हुई थी उस में ट्रक वालों को लीगल तौर पर परमिट दे कर authorise किया गया कि वे सवारियां ला सकते हैं । Competent authority को ऐसा करने का इख्तयार है । मैं पढ़ कर बताता हूं कि किस कि जगह पर ऐसा हो सकता है :

"(a) for the conveyance of passengers on special occasions such as to and from fairs and religious gatherings ; or
(b) for the purposes of a seasonal business, or
(c) to meet a particular temporary need."

और seasonal business purposes के लिये यानी मैं ने आप को बतलाया है कि कोई particular temporary need भी हो तो competent authority कर सकती है ।

आवाजें : कोई applications ली गई ?

गृह मन्त्री : मैं कहता हूं कि applications ली गई, ट्रक वालों ने applications दीं और उन को allow किया गया ।

Chaudhri Devi Lal : On a point of information, please.
Home Minister : I am not giving way. I am on my legs please.
Deputy Speaker : I am sorry, the hon. Home Minister is not giving way

गृह मन्त्री : मैं अर्ज़ कर रहा था कि Law में और रूल्ज़ में provision है कि सवारियां लें जाई जा सकती हैं । अब Elections का काम है, पुलिस वहां पर जाती है, Election का सामान वहां ले जाती है । वहां पर स्वारियां ट्रक वाले ले जा सकते हैं । पुलिस जाए, Fire Brigade जाए, Ambulance जाए तो law में provision है, कानून इस बात की इजाजत देता है । कल से जो मेम्बर साहिबान को इतनी तश्वीश हुई, मैं समझता हूं कि वह नावाकफियत की वहज से थी । मैं ने जब यह बात कही थी कि मुझे कानून की तफसील का पता नहीं है तो इन को बहुत हैरानी हुई थी । लेकिन जिन मेम्बर साहिब ने सब से ज्यादा एतराज़ किये थे वह immediately उस के बाद मेरे पास आए और उन्होंने कहा कि मुझे अफसोस है कि मुझे पता नहीं था कि

[गृह मन्त्री]

Motor Vehicle Rules के मातहत ऐसा होता है अगर रूल्ज़ हैं तो गवर्नमैंट temporarily relax कर सकती है और इजाज़त दे सकती है। (*interruptions*) (R*epeated Interruptions*)

एक मेम्बर साहिब ने शुरू शुरू में यह बात कही थी कि पुलिस में आज बहुत तबदीली नहीं आई। Constable, Head constable, Sub-Inspector और S.P.Inspector General में सब में उन को समानता चाहिये, ऐसा उन का क्यास है। मैं उन से यह प्रार्थना करूंगा कि पुलिस वह force है जिस में dicipline रखने की ज़रूरत है और जिस के discipline का असर लोगों पर पड़ना ज़रूरी है ऐसी समानता बाहर से सोची जा सकती है लेकिन एक constable, Head constable और Sub-Inspector को अपनी duty अच्छी तरह से करने के लिये भी किसी ज़ब्ते और discipline का पाबंद होने की आवश्यकता है। इस लिये अगर वे यह चाहें कि जहां तक services का सम्बन्ध है वहां पर उन में मुकम्मल समानता हो, सिपाहियों मे और S.P. में तो मुझे अफसोस से कहना पड़ता है कि ऐसी बात नहीं लाई जा सकती। मेम्बर साहिबान जज़बात में आ कर बहुत कुछ कह गए। मैं उन को ज्यादा नहीं कहना चाहता कि इनसाफ होता है या बे इन्साफी होती है। आज भी अखबारों में उन की किसी मीटिंग का और कल की अखबारों में भी काफी चर्चा था। मैं ज्यादा तफसील में नहीं जाता। सिर्फ मेम्बर साहिब का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि इन्साफ देना और दिलाना, इन्साफ मिलना और मिलाना और यह महसूस करना कि इन्साफ मिलता है या कि नहीं मिलता, यह काफी मुश्किल काम है। लेकिन इन्साफ होता है कि नहीं इस की judgement वे दे सकते हैं जो कि impartially इस बात को देखें कि इन्साफ मिलता है कि नहीं मिलता। उन के लिये impartial होना ज़रूरी है। जो लोग एक ही नज़रिये से हर बात को देखे, जैसे कि हमारे कुछ दोस्त देखते हैं, तो उन को पता नहीं चल सकता कि इन्साफ होता है कि नहीं होता।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, वक्त हो चुका है, मैं प्रार्थना करूंगा कि यह जो Appropriation Bill है इस को मुतफिक्का तौर पर पास किया जाए। ऐसी मैं हाउस से आशा रखता हूं।

Deputy Speaker: Now I will apply guillotine and put every question necessary to dispose of the Bill.

Deputy Speaker : Question is —

That the Punjab Appropriation Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Deputy Speaker : Now the House will take up the Bill Clause by Clause.

CLAUSE 2

Deputy Speaker : Question is —

That Clause 2 stand part of the Bill.

The m otion was carried.

CLAUSE 3.

Deputy Speaker : Question is—

That Clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

SCHEDULE

Deputy Speaker : Question is—

That the Schedule stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 1

Deputy Speaker : Question is—

That Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

TITLE

Deputy Speaker : Question is—

That the Title be the title of the Bill.

The motion was carried.

Deputy Speaker : Question is—

1.00 p.m.

That the Punjab Appropriation Bill be passed.

After ascertaining the votes of the Members present by voices, the Deputy Speaker gave an opinion. The opinion was challenged. The bells were sounded. The question was put again and carried by a voice vote.

The motion was declared carried.

HALF-AN-HOUR DISCUSSION ON STARRED QUESTION No. 2112

पंडित मोहन लाल दत्त (अम्ब) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मुज़ारियान के सम्बन्ध में एक सवाल था कि सूबा के अन्दर मुज़ारयान की कुल तादाद कितनी है जिन को बेदखल किया गया, उन को बसाया गया है या नहीं इस सम्बन्ध में जवाब देते हुए मन्त्री महोदय हाउस की तसल्ली नहीं कर सके थे। प्रश्न चूंकि बड़ा अहम था इस लिए इस के लिए स्पीकर साहिब ने आधे घंटे की बहस करने की इजाज़त दे दी थी।

मैं निवेदन करूं कि भूमि सुधार की समस्या एक निहायत ही महत्वपूर्ण समस्या है। जमीन की पैदावार को बढ़ाने और देश में सामाजिक न्याय स्थापित करने की दृष्टि से भूमि सुधार का मसला बहुत महत्वपूर्ण मसला है। खास तौर से emergency की अवस्था में तो इसकी और भी ज्यादा अहमियत हो जाती है क्योंकि अगर मेहनतकश लोगों के जायज़ हकूक को दबाया जाए, उन के साथ इन्साफ न हो जिस से वह निराशा में रहें और बिरला-टाटाओं का राज चलता रहे, जागीरदारों का राज चलता रहे उन के साथ इन्साफ न हो तो कैसे उन को देश की रक्षा के लिए प्रेरित किया जा सकता है। हम महसूस करते हैं कि इस landlord निवाज़ हकूमत ने, जागीरदार निवाज़ हकूमत ने इस मसला को इस कदर नज़र अन्दाज़ किया कि इसे पूरी तरह से हल करने की ज़रा भी कोशिश नहीं की।

बाबू बचन सिंह : हल तो किया ही नहीं।

Note.—The Starred Question No. 2112 alongwith its reply and Supplementaries appears in the P.V.S. debate Vol. 1 No. 3 Dated 21st February, 1963.

पंडित मोहन लाल दत्त : ऐसी मिसाल कहीं नहीं मिलती जहां पर कि मुज़ारियान पर इस कदर अत्याचार किया गया हो, किया जा रहा हो। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं कोई बात ज़बानी अर्ज़ नहीं करूंगा। उन आदादोशुमार और statistics को पेश करूंगा जो कि उन्होंने हमें दिए हैं। प्लैनिंग कमिशन ने भूमि सुधार के सम्बन्ध में जो राए प्रकट की उस का हवाला दूंगा।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यहां पर मेरे साथी सदस्यों की तरफ से सवाल पूछे गए कि इस स्टेट के अन्दर surplus area कितना है, कितने पर tenants को बसाया जा चूका है, कितने मुजारों को बसाया जा चुका है, बसाने के बाद बाकी कितने रह गए हैं और उन को किस प्रकार से बसाया जाना है। पिछले इजलास में मैंने भी एक प्रश्न किया जिसका उत्तर सरकार की तरफ से दिया गया। उसमें जो आदादोशुमार पेश किए गए उन से साफ तौर पर जाहिर होता है कि surplus area की बाबत जो यहां पर व्याख्यान दिए जाते हैं वह केवल मात्र सब्ज़बाग हैं, बहलावा है। यह इतना कम है कि इस पर ejected tenants और landless labourers को किसी प्रकार से भी नहीं बसाया जा सकता। अब तक की assessment के मुताबिक यह बताया जाता है कि पौने चार या चार लाख एकड़ के करीब surplus area स्टेट के अन्दर निकलता है। मगर इस के साथ ही अगर आप मुजारों की गिनती को देखें तो हैरानगी होगी है। सन् 1953 में जब कि यह ऐक्ट बना था उस वक्त मुजारियान की गिनती तीन लाख 90 हज़ार के करीब बताई जाती थी। जो बेदखल हुए उन को बसाने के बाद भी आज उन की तादाद, 3,58,205 निकलती है। इस तादाद में वह शामिल नहीं हैं जो कि धक्केशाही से निकाले गए। इस स्टेट के अन्दर धक्केशाही भी बड़े कमाल की होती है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, माननीय सदस्य कामरेड राम प्यारा ने धानी गांव ज़िला संगरूर की बाबत बताया था कि किस तरह से वहां के landlords ने मुजारों के साथ धक्केशाही की। उन जागीरदारों ने की जो कि महाराजा से सम्बन्धित हैं, रिश्तेदार हैं। उन्होंने तमाम मुजारियान को जबरन बेदखल कर दिया, किसी की शुनवाई नहीं हुई। ऐसे मुजारों की तादाद हर ज़िला में मिल सकती है जिन को इस धक्केशाही का शिकार बनाया गया। मैं सरकार को चैलेंज करता हूं कि अगर इस सम्बन्ध में कोई impartial enquiry की जाए गैर जानबदाराना तहकीकात की जाए तो पता लगेगा कि किस कदर उन गरीब लोगों को तंग कर के जमीन से बाहर निकाला गया।

इस को भी छोड़िए। एक और ज़्यादती, जब्रदस्त ज़्यादती उन लोगों के साथ हो रही है। जो काश्तकार मुजारा है, जो ज़मीन पर काश्त करता है रिकार्ड में उसका नाम तक नहीं, खसरा गिरदावरी मालिकान के नाम पर है। मैं चैलेंज करता हूं कि अगर इस सम्बन्ध में भी जांच-पड़ताल करवाई जाए तो पता लगेगा कि हजारों की तादाद में ऐसे मुजारे हैं जो जमीन पर काश्त तो करते हैं लेकिन अन्दराज खसरा गिरदावरी मालिकान के नाम पर हैं। अगर उस चार लाख की ejected tenants की तादाद में ऐसे मुजारों को भी मिलाया जाए और उन को भी मिला लिया जाए जोकि धक्केशाही का शिकार हुए तो यह तादाद पता नहीं कहां तक पहुंच जाए। आज ही मेरे एक सवाल के जवाब में बताया गया कि इनकी तादाद

कोई पांच छः लाख के करीब बनती है। फिर गवर्नर साहिब के भाषण में यह भी बताया गया था कि landless labourers को भी इसी जमीन पर बैठाएंगे। इस तरह से डिप्टी स्पीकर साहिबा, पन्द्रह बीस लाख के करीब ऐसे मुजारे बनते हैं जो कैपीटलिस्टों द्वारा दबाए गए, जो हकूक से महरूम हैं जो मज़लूम हैं। क्या इतनी भारी तादाद के साथ अन्याय नहीं कि उन के मसले को बजाय हल करने के दिन ब दिन पेचीदा बनाया जा रहा है? मैं दावे से कह सकता हूं कि अगर उन की समस्या को भली प्रकार से न देखा गया और ठीक ढंग से हल न किया गया तो सूबा के अन्दर इन्तशार पैदा हो जाएगा, लड़ाई का आगाज़ होगा खाना जंगी पैदा होगी जिस से देश का नुक्सान होगा। इस लिए मैं निवेदन करूंगा कि आज की emergent हालत में हमें किसी प्रकार भी पार्टी के नुक्तानिगाह से नहीं सोचना चाहिए। इस मसले को कौमी नुक्ता निगाह से, national point of view के ज़रिए से सोचना चाहिए और जामे तौर पर हल निकालना चाहिए।

अब मैं इस चीज को कुछ details में लेता हूं। मैं ऊना की मिसाल देता हूं। इन्हीं की आदादोशुमार के मुताबिक वहां पर मुजारियान की तादाद 34730 है और वहां पर जो जमीन है वह 467 स्टैंडर्ड एकड़ है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं बड़े वसूक के साथ कह सकता हूं कि वह 467 एकड़ जमीन भी बंजर, पहाड़ी, रेतीली और नदीनालों की है। बताया गया कि 467 एकड़ पर 633 मुजारे बैठा दिए गए हैं। मैं चैलेंज करता हूं कि यह बिल्कुल गलत बात है। एक भी मुजारा नहीं बैंठाया गया। जमीन है ही नहीं तो मुजारा कहां पर बैठाया जाएगा। इसी तरह रोपड़ तहसील की बाबत बताया कि 29632 मुजारे हैं और 561 एकड़ जमीन है। आप ही अन्दाज़ा लगाएं कि कैसे उन को बसाया जाएगा। खरड़ के मुज़ारों की तादाद है 29545 और वहां ज़मीन 4 540 एकड़ है। कांगड़ा ज़िला के मुज़ारों की गिनती 14389 है लेकिन वहां surplus ज़मीन सिर्फ 72 कड़ है। इसी तरह से आप दूसरी जगहों पर देखेंगे मगर मैं अर्ज़ करता हूं कि उन इज़ला में भी मुज़ारों की तादाद ज्यादा है और ज़मीन उन्हें बसाने के लिए पूरी नहीं। अगर कई इज़ला में surplus ज़मीन ज्यादा भी हो तो मैं पूछता हूं कि किस तरह से ज़िला कागड़ा का मुज़ारा ज़िला हिसार या ज़िला फिरोजपुर में जाएगा। इस लिए मैं अर्ज़ करूंगा कि surplus area की बात है यह बिल्कुल सब्ज़बाग दिखाने वाली बात है और सिर्फ ढोंग है और सिर्फ दिल परचावा है। इस से कुछ भी मुज़ारों को हासल नहीं होता। इस लिए मैं सरकार से कहता हूं कि वह इस मसले पर बड़ी संजीदगी से विचार करें और दोबारा गौर करें। लेकिन हमारे मंत्री साहिबान यह समझते हैं कि हम opposition for opposition sake करते हैं। मैं तो इन्हें कहूंगा कि वह इस मसले पर विचार करे करने के लिए कामरेड राम प्यारा, चौधरी सुन्दर सिंह आदि जो लोग मुज़ारों का हित अपने दिल में रखते हैं और यहां बतलाते हैं कि इस मसले का सही तौर पर हल किया जाए, इन की एक कमेटी बना दी जाए और यह कह कर कि surplus area ने ज़मीन मुज़ारों को दिया जाएगा, इस मसले की गम्भीरता को भूलने की कोशिश न करें बल्कि संजीदगी से इस मसले को हल करने की कोशिश की जाए। Planning Commission ने इस बारे में जो अपनी राए का इज़हार किया है उस सम्बन्ध में उस का थोड़ा सा हवाला देना चाहता हूं। उस में लिखा है फिर

[पंडित मोहन लाल दत्त]

"On the whole, it would be correct to say that, in recent years, tranfers of lands have tended to defeat the aims of the legislation for ceilings and to reduce its impact on the rural economy".

उन्होंने यह भी लिखा है और जो बेदखलियां हुई हैं उन के सम्बन्ध में सफा नं० 224 पर साफ लिखा है

"On the whole, both legislation and administrative action has fallen short of these recommendations.

x x x
x x x

......"ejectments have taken place on a considerable scale under the plea of ' 'voluntary surrenders'.

इस में यह लिखा है कि considerable scale पर बेदखलियां धक्केशाही से हुई हैं। वह अपनी Planning Commission वाले लिखते हैं कि खास तौर पर पंजाब में धक्के शाही से बहुत ज्यादा बेदखलियां हुई हैं। एक बात और है कि जो भी कानून इस सम्बन्ध में बना है उस का evasion और collusion हुआ है। इस पर आगे अमल करने की जो बात आती है तो इस में इस बारे में Planning Commission वाले लिखते हैं—आप सफा न0 224 पर मुलाहज़ा फर्माइए

".. collusion and evasion have gone unchecked ".

इतना collusion हुआ कि surplus area को सही तौर पर निकाला हीं नहीं गया। इस लिए मैं आप के द्वारा मंत्री मण्डल से अर्ज़ करूंगा कि वह बड़ी संजीदगी से विचार करें।

इस के अलावा इन से मैं एक अर्ज़ करता हूं कि आप ने tenants को बसाना है, इस में सिर्फ tenants के बसाने का ही सवाल नहीं, आप ने तो जो छोटे मालिक हैं उन्हें भी मार दिया है क्योंकि उन के मुज़ारों को दूसरी जगह पर surplus ज़मीन मिलती ही नहीं तो वह ज़मीन छोटे मालिक को कैसे मिल सकती है। आप उन के मुज़ारों को बेदखल नहीं करते तो वह कैसे अपनी ज़मीनों पर बस सकते हैं। आप ने तो चन्द बड़े 2 लहू चूसने वाले ज़मीनदारों की मदद की है और छोटे मालिक भी मार दिए हैं और मुज़ारे भी खत्म कर दिए हैं।

(At this Stage Deputy Speaker asked the Revenue Minister to speak).

श्री चांद राम : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं भी इस मसले पर बोलना चाहता हूं।

उपाध्यक्षा : आप whip से पूछ लें। अगर वह आप को बोलने के लिए कह दें तो मैं माल मंत्री की बजाए आप को बोलने दूंगी। क्यों सरदार गुलाब सिंह जी आप का क्या कहना है ? (The hon. Member should get permission from his whip. If he permits him, I will have no objection. I will permit him instead of permitting the Minister for Revenue. What has the Chief Parliamentary Secretary to say in this respect ?)

सरदार गुलाब सिंह : अब तो मिनिस्टर साहब ही जवाब देंगे।

ਮਾਲ ਮੰਤਰੀ (ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਸ ਵਿਚ ਸ਼ਕ ਨਹੀਂ ਕਿ ਇਹ ਮਸਲਾ ਜਿਸਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਪੰਡਤ ਮੋਹਣ ਲਾਲ ਜੀ ਨੇ ਕੀਤਾ ਹੈ ਬਹੁਤ ਅਹਮ ਤੇ ਔਖਾ ਹੈ ਅਤੇ ਸਾਡੇ

ਲਈ ਇਹ ਨਿਹਾਇਤ ਫਿਕਰ ਵਾਲਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਤੇ ਹੈ। ਇਸਦੀਆਂ ਵਜੂਹਾਤ ਇਹ ਹਨ ਕਿ ਸਾਡੇ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਜ਼ਮੀਨ ਕਾਸ਼ਤ ਲਈ ਬਹੁਤ ਮਹਦੂਦ ਹੈ ਅਤੇ ਜੋ ਜ਼ਮੀਨ ਤੇ ਕੰਮ ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਹਨ ਭਾਵੇਂ ਮਾਲਕ ਹਨ ਜਾਂ ਮੁਜ਼ਾਰੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਾਦਾਦ ਬਹੁਤ ਹੈ। ਇਸ ਵਿਚ ਇਕ ਕਿਸਮ ਦੇ contradictory interests ਆਏ ਹਨ। ਪੰਡਤ ਜੀ ਨੇ ਬਹਸ ਕਰਦੇ ਹੋਏ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਕੋਸਣ ਦਾ ਤਾਂ ਬਹੁਤ ਯਤਨ ਕੀਤਾ ਹੈ ਪਰ ਕੋਈ constructive ਚੀਜ਼ ਨਹੀਂ ਦਸੀ ਕਿ ਇਹ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹਲ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ।

ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ : ਹਲ ਕਰਨਾ ਤਾਂ ਤੁਹਾਡਾ ਕੰਮ ਹੈ।

ਮਾਲ ਮੰਤਰੀ : 1947 ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਇਹ ਮਸਲਾ ਸਾਡੇ ਸਾਹਮਣੇ ਆਇਆ ਅਤੇ ਸਾਡੀ ਤਵਜੁਹ ਇਸ ਪਾਸੇ ਗਈ ਕਿ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਲੋਕ ਮਾਲਕ ਨਹੀਂ ਪਰ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਨਾਲ ਤਆਲੁਕ ਰਖਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਕਾਸ਼ਤ ਕਰਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬੇਦਖਲ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਵਿਚ ਸ਼ਕ ਨਹੀਂ ਕਿ ਇਹ ਵੀ fact ਹੈ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਜ਼ਮੀਨਾ ਦੇ ਵਡੇ ਵਡੇ ਮਾਲਕ ਵੀ ਬਹੁਤ ਸਨ ਜੋ ਸਾਰੀ ਜ਼ਮੀਨ ਨਹੀ ਖੁਦ ਕਾਸ਼ਤ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਤੋਂ ਕਾਸਤ ਕਰਾਉਂਦੇ ਸਨ। ਇਸ ਲਈ ਖਿਆਲ ਆਇਆ ਕਿ ਜੋ ਕਾਸ਼ਤ ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਮੁਜ਼ਾਰੇ ਹਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ protection ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ ਤੇ ਸਭ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਮੁਜਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਤੁਹਫਜ਼ ਦੇਣ ਦੀ ਗਲ ਚਾਲੂ ਹੋਈ। ਉਸਤੋਂ ਬਾਅਦ ਇਹ ਵੀ ਕੀਤਾ ਕਿ ਜੇ ਕਿਸੇ ਆਦਮੀ ਪਾਸ ਖਾਸ ਮਿਕਦਾਰ ਤੋਂ ਵਧ ਕਾਸ਼ਤ ਲਈ ਜ਼ਮੀਨ ਨਾ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਸ ਤੇ ਵੀ ਜੋ ਮੁਜ਼ਾਰਾ ਬੈਠਾ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ protection ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਜੇਕਰ ਉਸਨੂੰ ਬੇਦਖਲ ਕੀਤਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸਨੂੰ ਖਾਲੀ ਜ਼ਮੀਨ ਤੇ ਜਾਂ reserved area ਤੇ ਬਿਠਾਇਆ ਜਾਵੇ ਪੈਪਸੂ ਵਿਚ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਐਕਟ 1955 ਵਿਚ ਪਾਸ ਹੋਇਆ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਤੁਹਫਜ਼ ਦੀ ਗੱਲ ਤਾਂ 1950 ਤੋਂ ਹੀ ਚਾਲੂ ਹੋ ਗਈ ਸੀ ਤੇ ਕਾਨੂੰਨ ਬਣਨੇ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋ ਗਏ ਸਨ, ਪਰ ਬੇਸਕ ਐਕਟ 1951 ਵਿਚ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਇਸ ਵਕਤ ਦੋ ਐਕਟ ਚਲਦੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ 30 standard ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਦੀ ਹਦ ਮੁਕਰਰ ਕੀਤੀ ਗਈ। ਇਸ ਵਿਚ ਕੁਝ exemption ਵੀ ਦਿਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿ garden colonies ਤੇ mechanised farms ਵਗੈਰਾ ਲੇਕਿਨ ਇਹ ਥੋੜੀ ਤਾਦਾਦ ਵਿਚ ਸਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ exemption ਦਿਤੀ ਗਈ। ਬਹਰਹਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੋਵਾਂ ਐਕਟਾਂ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ surplus area work out ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਕਿਤਨਾ area ਜੋ 30 standard ਏਕੜ ਤੋਂ ਵਧ ਹੈ ਜਿਸ ਦੇ ਉਪਰ ਕਿ ਉਹ ਮੁਜ਼ਾਰੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਡਿਗਰੀਆਂ ਦੇ ਤਹਤ ਜਾਂ small land owners ਵਲੋਂ ਜਿਹੜੇ ਖੁਦ ਕਾਸ਼ਤ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਬੇਦਖਲ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਹਿਲਾਂ provide ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਬਾਕੀ ਜੋ ਮੁਜ਼ਾਰੇ ਅਜੇ ਬੇਦਖਲ ਨਹੀਂ ਹੋਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਫਹਰਿਸਤ ਵੀ ਬਣਾਈ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾ ਨੂੰ ਸੈਕੰਡ ਸਟੇਜ ਤੇ provide ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ ਜੇਕਰ area ਬਚ ਗਿਆ ਇਸ ਵਿਚ ਸ਼ਕ ਨਹੀਂ ਕਿ ਜਿਤਨਾਂ ਸਾਡੇ ਪਾਸ surplus area ਹੈ ਉਸਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਵਿਚ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਦੀ ਤਾਦਾਦ ਬਹੁਤ ਵਧ ਹੈ। ਇਹ problem ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਤੇ ਕਾਂਗੜੇ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ। ਉਥੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਦੀ ਤਾਦਾਦ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਹਕ ਬਣਦਾ ਹੈ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ distiicts ਵਿਚ ਜ਼ਮੀਨ ਥੋੜੀ ਹੈ। ਬਾਹਰਹਾਲ ਇਸ problem ਨੂੰ ਹਲ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ। ਸਾਡੇ ਪਾਸ ਇਕੋ basis ਹੈ। ਅਸੀਂ ਉਸ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ work ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਕਿਸੇ ਮੁਜ਼ਾਰੇ ਨੂੰ ਬੇਦਖਲ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਗਿਰਦਾ-ਵਰੀਆਂ ਗਲਤ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ। Matter of procedure ਹੈ, ਗਲਤੀਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ। ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਲਿਆਓ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਠੀਕ ਕਰਨ ਦਾ ਯਤਨ ਕਰਦੇ ਹਾਂ। ਜੇ ਕਿਸੇ ਮੁਜ਼ਾਰੇ ਨਾਲ ਬੇਇਨਸਾਫੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਲਿਆਓ।

चौधरी नेत राम : On a point of order । मैं वजीर साहिब से पूछना चाहता हूं कि जो कनसौलीडेशन के बाद जो ज़मीन निकली है और जिस पर मुजारे बैठे हुए हैं उस की मुकर्रर कीमत को तीन दफा बढ़ा कर अभी सरकार संतुष्ट हुई कि नहीं ?

उपाध्यक्षा महोदय : यह Point of order तो है नहीं इसे आप प्वायंट आफ इनफरमेशन कह सकते हैं । आप सीधे इन से बात न करें । मेरे से पूछें । मैं इन से कहती हूं कि वह इस का आप को जवाब दें । (It is a point of information and not a point of order. The hon. Member should address to the Minister through the Chair and not direct. I will request the Minister to give a reply to your query.)

चौधरी नेत राम : मुझे अंग्रेज़ी नहीं आती । मैं आप के द्वारा इन से पूछना चाहता हूं कि हिसार जिले की भिवानी तहसील में जो रेगिस्तान ज़मीन है उस की पहले 42 रुपए फी एकड़ कीमत मुकर्रर हुई, उस के बाद 85 रुपए हुई और उस के भी बाद 116 रुपए हुई । मुजारों का यह हाल है कि वे रोटी से भी बेज़ार बैठे हैं । और सरकार नीलामी के बहाने से कांग्रेस के एजेंटों को दिला रही है ।

उपाध्यक्षा : आप का इस तरह से बाकायदा भाषण नहीं देना चाहिए । वह आप की बात का जवाब देंगे । (The hon. Member should not deliver a speech in this manner. He will give a reply.)

ਮਾਲ ਮੰਤਰੀ : ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਟਾਇਮ ਬੜਾ limited ਹੈ। ਮੈਂ ਹਾਊਸ ਅਗੇ ਇਨਫਰਮੇਸ਼ਨ place ਕਰਨਾਂ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਜਿਹੜੀ ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਨੇ ਕਹੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਸ ਦਾ ਜਵਾਬ ਦੇਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਹਾਂ। ਜਿਹੜਾ ਟਾਈਮ ਮੈਨੂੰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਉਸ ਵਿੱਚ ਇਸ ਇਨਫਰਮੇਸ਼ਨ ਦੇਣ ਦਾ ਟਾਈਮ ਨਾਂ ਗਿਣਿਆ ਜਾਏ। ਪੰਜਾਬ ਵਿੱਚ ਅਜਿਹੀ ਜ਼ਮੀਨ 359,739 ਏਕੜ ਹੈ ਤੇ ਪੈਪਸੂ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ 48,729 ਏਕੜ ਹੈ ਇਹ total 4,08,459 ਏਕੜ ਹੈ । ਇਸ ਵਿਚੋਂ ਜਿਹੜੀ utilise ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਜਿਸ ਤੇ ejected tenants ਵਸਾਏ ਗਏ ਹਨ ਉਹ 70,642 ਏਕੜ ਹੈ । 1957 ਤੋਂ ਲੈ ਕੇ ਕੁਝ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਐਸੀਆਂ ਹਨ ਜਿਹੜੀਆਂ landless ਯਾ ਛੋਟੇ ਆਦਮੀਆਂ ਨੇ ਖਰੀਦ ਲਈਆਂ ਸਨ । ਉਸ ਦੇ ਵਿੱਚ ਮੁਨਾਸਬ ਨਹੀਂ ਸਮਝਿਆ ਗਿਆ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬੇਦਖਲ ਕੀਤਾ ਜਾਏ । ਅਜਿਹੇ surplus ਏਰੀਏ ਸਬੰਧੀ ਕਾਨੂੰਨ ਦੀ ਇਕ ਮਦ ਬਣੀ ਸੀਂ । 10 ਸਟੈਂਡਰਡ ਏਕੜ ਤਕ ਜਿਹੜੀ ਜ਼ਮੀਨ ਉਸ ਨੇ ਖਰੀਦੀ ਹੈ, ਜਿਹੜੀ ਕਾਸ਼ਤ ਕਰ ਲਈ, ਉਸ ਹਦ ਤਕ ਉਸ ਨੂੰ ਬੇਦਖਲ ਨਾਂ ਕੀਤਾ ਜਾਏ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਜਿਹੜੇ landless tenants settle ਕੀਤੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਾਦਾਦ 54,197 ਹੈ। ਬਾਕੀ total area ਜਿਹੜਾ ਵਿਚ ਆਇਆ ਹੈ 2,165 ਏਕੜ ਹੈ। ਜਿੰਨਾਂ total area ਅਸੀਂ ਅੱਜ ਤਕ utilise ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਹ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ 126,934 ਸਟੈਂਡਰਡ ਏਕੜ ਹੈ । ਪੈਪਸੂ ਦਾ ਏਰੀਆ ਜਿਹੜਾ ਅਸੀਂ ਹੁਣ ਤਕ utilise ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਹ 13,942 ਸਟੈਂਡਰਡ ਏਕੜ ਹੈ । Total area ਜਿਹੜਾ ਅਜ ਤੱਕ utilise ਕੀਤਾ ਹੈ ਪੰਜਾਬ ਅਤੇ ਪੈਪਸੂ ਵਚ ਉਹ 1,40,876 ਸਟੈਂਡਰਡ ਏਕੜ ਹੈ । ਤੇ ਜਿਹੜੇ tenants ਇਸ ਜ਼ਮੀਨ ਤੇ settle ਕੀਤੇ ਹਨ ਉਹ 42,485 ਹਨ ਤੇ ballance ਜੋ ਐਸ ਵੇਲੇ ਸਾਡੇ ਪਾਸ surplus ਜ਼ਮੀਨ ਹੈ ਉਹ 2,67,583 ਏਕੜ ਹੈ । ਇਸ ਦੇ ਵਿਚੋਂ ਉਹ ਏਰੀਆ ਕਟਣਾ ਪਏਗਾ ਜਿਹੜਾ ਕਿ orchards ਵਿਚ ਹੈ ਯਾ small land owners ਨੇ purchase

ਕਰ ਲਆ। ਟੋਟਲ 128,415 ਏਕੜ ਹੈ ਤੇ balance available for settling landless tenants 139,168 ਏਕੜ ਹੈ। Number of tenants who are eligible for allotment of surplus area and who have not yet been re-settled 31-1-63 ਤਕ 119,463 ਹੈ। ਮਗਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਚੋਂ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮੈਂ ਪਹਿਲਾਂ ਕਿਹਾ ਸੀ ਇਕ vital ਹਿਸਾ ਹਨ ਕਾਂਗੜਾ ਤੇ ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਦੇ tenants ਦਾ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਾਦਾਦ 90,974 ਹੈ ; ਇਹ ਠੀਕ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਬਹੁਤ ਸਾਰਾ ਏਰੀਆ erosion ਨਾਲ ਖਰਾਬ ਹੋਇਆ। ਜਿਹੜਾ ਜਵਾਬ ਮੈਂ ਦੇਣਾ ਸੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਦੇ ਦਿੱਤਾ। ਇਹ ਮਸਲਾ ਕਿਸ ਤਰਾਂ ਹਲ ਕਰਾਂਗੇ। ਉਥੋਂ ਦੇ ਮੁਜ਼ਾਰੇ ਦੂਜੇ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚ ਜਾਣਾ ਨਹੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਥੇ ਕਿਵੇਂ ਭੇਜਾਂਗੇ। ਜਵਾਬ ਤਾਂ ਠੀਕ ਹੈ। ਸਾਡੇ ਪਾਸ ਜ਼ਮੀਨ ਹਿਸਾਰ ਤੇ ਫੀਰੋਜ਼ਪੁਰ ਵਿਚ ਹੈ ਤੇ ਕਾਂਗੜੇ ਵਿਚ ਮੁਜ਼ਾਰੇ ਹਨ। ਜੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜ਼ਮੀਨ ਤੇ settle ਹੋਣਾ ਹੈ ਫਿਰ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਥੇ ਜਾਣਾ ਹੀ ਪਵੇਗਾ। ਉਹ tenants ਆਪਣੀ ਥਾਂ ਤੋਂ ਜਾਣ। ਅਜੇ ਅਸੀਂ ਫੈਸਲਾ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ। ਪਹਿਲਾਂ ਅਸੀਂ 1953 ਤਕ ਦੇ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਵਸਾਉਣਾ ਹੈ। ਸੈਕਸ਼ਨ (9) ਦੀ proviso ਵਿਚ ਲਿਖਿਆ ਹੈ ਉਹ ਮੁਜ਼ਾਰੇ ਅਸੀਂ ਪਹਿਲਾਂ ਵਸਾਉਣੇ ਹਨ। ਉਸ ਦੇ ਬਾਅਦ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਹੋਰ ਜ਼ਮੀਨ ਹੈ ਨਹੀਂ। ਇਸ ਤੇ ਮੁਨਾਸਬ ਵਿਚਾਰ ਫਿਰ ਕੀਤਾ ਜਾਏਗਾ। ਬਹਰਹਾਲ ਅਸੀਂ ਸਭ ਕੁਛ work out ਕੀਤਾ ਹੈ।

ਪੰਡਤ ਮੋਹਨ ਲਾਲ ਦੱਤ : On a point of information. ਮੇਰੇ question ਦੇ ਜਵਾਬ ਵਿਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਦੱਸਿਆ ਹੈ ਕਿ ejectable tenants ਦੀ ਤਾਦਾਦ 3,58,000 ਹੈ। ਉਹ ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ 1 ਲੱਖ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ ਕਿਹੜੀ figure ਠੀਕ ਹੈ ?

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਤਹਾਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਸਿੱਧੀ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ। (The hon. Member should not address the hon. Minister directly.)

ਪੰਡਤ ਮੋਹਨ ਲਾਲ ਦੱਤ : ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਗਲਤੀ ਤਸਲੀਮ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਹੁਣ ਇਹ ਫਰਮਾ ਰਹੇ ਹਨ ਕਿ tenants ਦਾ balance figure ਇਕ ਲੱਖ ਹੈ। ਮੈਂ ਨਵੰਬਰ ਵਿਚ ਸਵਾਲ ਪੁੱਛਿਆ ਸੀ ਤੇ ਮੈਨੂੰ ਫਰਵਰੀ ਵਿਚ information ਦਿੱਤ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ejectable tenants ਦੀ ਤਾਦਾਦ 3,58,25 ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ ਕਿਹੜੀ information ਠੀਕ ਹੈ ?

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਪੰਡਤ ਜੀ ਅਤੇ ਨੇਤ ਰਾਮ ਜੀ ਦੇ ਸਵਾਲਾਂ ਦਾ ਜਵਾਬ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਿਓ। (Addressing the Revenue Minister) (The hon. Minister may please give proper replies to the questions asked by Pandit Mohan Lal Datta and Chaudhri Net Ram)

ਮਾਲ ਮੰਤਰੀ : Tenants ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਇਕ ਸਟੇਜ ਤੇ ਗਲਤੀ ਹੋਈ। ਸਾਰੇ tenants ਲਿਖੇ ਹਨ। ਮਗਰ ਅਸੀਂ ਇਕਲੇ 2 ਪਿੰਡ ਦੀ screening ਕਰਦੇ ਹਾਂ। ਅਜੇ ਵੀ ਸਾਡੇ ਪਾਸ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਪਿੰਡ ਅਜਿਹੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ screening ਕਰਨਾ ਬਾਕੀ ਹੈ। ਅਜੇ ਸਾਡੇ ਪਾਸ surplus ਦੇ case ਜੋ pending ਹਨ ਉਹ erstwhile ਪੰਜਾਬ ਦੇ 13,058 ਅਤੇ ਪੈਪਸੂ ਦੇ 5,9 ਹਨ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਐਸੇ ਕੇਸਿਜ਼ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਕਿ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਹਾਈ ਕੋਰਟ ਯਾ ਹੋਰ ਕੋਰਟਾਂ ਵਿਚੋਂ stay ਹਾਸਲ ਕਰ ਲਈ ਹੈ। ਜਿੰਨਾਂ ਚਿਰ stay ਖਾਲੀ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਚਿਰ ਅਸੀਂ ਅਗੇ ਅਗੇ ਨਹੀਂ ਚਲ ਸਕਦੇ। Area which is the subject matter of appeals in cases 122,415 acres ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ stay ਹੋਈਆਂ ਹਨ। ਇਹ ਉਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਹੈ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਸਾਡੇ ਪਾਸ available ਹਨ।

[ਮਾਲ ਮੰਤਰੀ]

ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅਸੀਂ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਹੈ ਕਿ ਜਿਨੇ tenants ਅਸਾਡੇ ਸਾਹਮਣੇ ਜਾਂ ejected tenants ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਜਾਂ ਪੈਪਸੂ ਵਿਚ ਕਿਤੇ ਨਾ ਕਿਤੇ ਜ਼ਮੀਨ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ ਅਤੇ provide ਕੀਤੀ ਹੈ। (Interruptions)

बाबू बचन सिंह ; जब तक तो गया है आप या तो हाउस को एडजर्न कर दें या वक्त बढ़ा दें ।

उपाध्यक्षा : यह तो प्वायंट आफ आर्डर नहीं है। (This is no point of order.)

बाबू बचन सिंह : मैं बिलकुल ठीक हूं कि जब वक्त हो चुका है तो टाइम ऐक्सटैंड किए बिना कार्यवाही चल नहीं सकती । उन को बोलने की इजाजत नहीं हो सकती ।

ਮਾਲ ਮੰਤਰੀ : ਇਥੇ consolidation ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਭਾਵੇਂ ਇਹ ਮਸਲਾ ਵਖਰਾ ਸੀ ਪਰ ਕਿਉਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਹੈ ਤਾਂ ਮੈਂ ਦੱਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਥੇ ਵੀ ਜ਼ਮੀਨ tenants ਪਾਸ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਮੁਰਬੇਬੰਦੀ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਜ਼ਮੀਨ ਪਹਿਲੇ ਕਾਬਜ਼ ਨੂੰ ਹੀ ਦਿਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਇਸ ਤੋਂ ਬਾਦ ਮਾਲੀਅਤ ਦਾ ਸਵਾਲ ਕੀਤਾ ਗਿਆ । ਮੈਂਨੂੰ ਸਮਝ ਨਹੀਂ ਆਇਆ ਕਿ ਇਹ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮਾਲੀਅਤਦੀ ਗਲਕਰਦੇ ਹਨ। ਜ਼ਮੀਨ ਦੀ ਮਾਲੀਅਤ ਜ਼ਮੀਨ ਦੀ ਕਿਸਮ ਤੇ ਨਿਰਭਰ ਹੈ। ਅਸੀਂ ਬਲਾਕ ਬਣਾ ਦਿੰਦੇ ਹਾਂ, ਨਹਿਰੀ, ਬਰਾਨੀ ਤੇ ਚਾਹੀ ਜ਼ਮੀਨ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਨਾਲ value ਲਗਾਈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। Tenants ਦੀ ਕੋਈ ਵਖਰੀ ਮਾਲੀਅਤ ਨਹੀਂ ਲਗਾਈ ਜਾਂਦੀ। ਇਸ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾ ਨੂੰ ਕੋਈ ਫਰਕ ਨਹੀਂ ਪੈਂਦਾ ਜਿਨੀ ਮਾਲੀਅਤ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਦਾ ਰਕਬਾ ਮੁਰਬੇਬੰਦੀ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸੀ ਉਨੀ ਹੀ ਮਾਲੀਅਤ ਦਾ ਰਕਬਾ ਦੇ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਕਾਂਗੜਾ ਤੇ ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਵਿਚ ਟੀਕੇ ਹਨ ਤੇ ਇਕ ਟੀਕੇ ਵਿਚ ਕਈ ਮੌਜ਼ੇ ਹਨ ਇਸ ਲਈ tenants ਦੇ rights ਨੂੰ protect ਕਰਨ ਲਈ ਟੀਕਾ ਪੱਧਰ ਤੇ ਬਲਾਕ ਬਣਾ ਦਿਤੇ ਹਨ ਤੇ ਜੇਕਰ ੨ ਜਾਂ ੩ ਮੀਲ ਦੂਰ ਹਿਸਾ ਪਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਟੀਕੇ ਵਿਚ ਜ਼ਮੀਨ ਮਿਲ ਜਾਵੇਗੀ ਅਤੇ ਇਹ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਹੈ ਕਿ ਜਿਥੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਝੁਗੀਆਂ ਹਨ ਉਨਾਂ ਨੇ ਪਾਸ ਹੀ ਉਸ ਟੀਕੇ ਵਿਚ ਜ਼ਮੀਨ ਦੇ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ ਤੇ ਉਹ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨੇੜੇ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਤੇ ਕਾਬਜ਼ ਹੋ ਸਕਣ। ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਛੋਟੇ tenants ਨੂੰ ਤਕਲੀਫ ਨਾ ਹੋਵੇ ਅਤੇ ਉਸ ਨੂੰ ਨੇੜੇ ਹੀ ਰਕਬਾ ਮਿਲ ਸਕੇ। ਜਿਥੇ ਜਿਥੇ ਵੀ tenants ਹਨ ਉਨ੍ਹਾ ਦੇ ਮਸਲੇ ਨੂੰ ਹਲ ਕਰਨ ਦਾ ਯਤਨ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਅਤੇ ਮੈਨੂੰ ਯਕੀਨ ਹੈ ਕਿ ਜੋ ਵੀ ਰਕਬਾ ਨਿਕਲੇਗਾ ਉਸ ਨੂੰ utilise ਕਰਾਂਗੇ। ਪੰਡਤ ਜੀ ਦੀਆਂ ਚਿਠੀਆਂ ਮੈਨੂੰ ਵੀ ਕਈ ਆਈਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੈਂ ਵਿਸਵਾਸ ਦਿਵਾਂਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਹਰ ਕੇਸ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਅਸੀਂ ਕਰਦੇ ਹਾਂ ਪਰ ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ ਇਹ ਮਗ ਕਰੋ ਕਿ ਅਸੀਂ ਐਕਟ ਦੇ ਉਲਟ ਕਰ ਦੇਈਏ ਤਾਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਅਸੀਂ ਕਰ ਨਹੀਂ ਸਕਦੇ ਇਹ ਐਕਟ ਤੁਹਾਡੀ ਮਰਜ਼ੀ ਨਾਲ ਇਸ ਹਾਊਸ ਨੇ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਇਸ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਹੀ ਅਸੀਂ ਜ਼ਮੀਨ ਦੇਣ ਦਾ ਯਤਨ ਕਰਦੇ ਹਾਂ।

1.34 p.m.

(The Sabha then adjourned till 9 A.M. on Wednesday the 6th March, 1963)

20871/P.V.S.—387-17-6-63—C.,P.&S., Pb., Chandigarh.

ANNEXURE

[Please *see* foot note on page (9) 28 of this Debate, dated the 5th March, 1963]

REPAIRS TO THE ROADS DAMAGED BY FLOODS IN THE YEAR 1962.

760. Comrade Ram Piara : Will the Minister for Planning and Development be pleased to state :—

ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ : ਚੰਗਾ ਜੀ, ਗ਼ਲਤਬਿਆਨੀ ਕਹਿ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ (ਘੰਟੀ)। ਆਖਿਰ ਵਿਚ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਸੂਬੇ ਦੀ ਆਬਾਦੀ ਵਧ ਰਹੀ ਹੈ, ਕੀਮਤਾਂ ਵਧ ਰਹੀਆਂ ਹਨ, ਮਹਿੰਗਾਈ ਵਧ ਰਹੀ ਹੈ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਮਾਲੀ ਹਾਲਤ ਦਿਨੋ ਦਿਨ ਬਦਤਰ ਹੁੰਦੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਇਸ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਟੈਕਸ 100 ਰੁਪਏ ਤੋਂ 208 ਰੁਪਏ ਤੇ ਬਜਟ 100 ਰੁਪਏ ਤੋਂ 240 ਰੁਪਏ 7 ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਹੈ। ਲੋਕ ਹੜ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਤਬਾਹ ਹੋ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ law and order ਦੀ ਹਾਲਤ ਖਰਾਬ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਦੇ ਨੀਰੋ ਬੰਸਰੀ ਵਜਾ ਰਹੇ ਹਨ। ਰੋਮ ਸੜ ਰਿਹਾ ਹੈ ਤੇ ਨੀਰੋ ਬੰਸਰੀ ਵਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਨਜ਼ਰ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦਾ ਕਿ ਲੋਕ ਅਗੇ ਹੀ ਰੋ ਰਹੇ ਹਨ, ਕਿਸਾਨਾਂ, ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਤੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਦਾ ਕਚੂਮਰ ਨਿਕਲ ਰਿਹਾ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਇਹ ਹੋਰ ਟੈਕਸ ਲਾ ਕੇ ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦੁਖ ਨੂੰ ਹੋਰ ਵਧਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਕ ਦਿਨ ਆਵੇਗਾ ਅਤੇ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗੇਗਾ ਕਿ ਜੋ ਲੋਕ ਅੱਜ ਪਿਸ ਰਹੇ ਹਨ ਉਹ ਦਲੇਰੀ ਨਾਲ ਉਠਣਗੇ ਤੇ ਤੁਹਾਡੀਆਂ ਰੰਗ ਰਲੀਆਂ ਲਈ ਟੈਕਸ ਦੇਣ ਤੋਂ ਇਨਕਾਰ ਕਰ ਦੇਣਗੇ।

ਸ੍ਰੀ ਹਰਬੰਸ ਲਾਲ (ਬਠਿੰਡਾ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਵਲੋਂ ਇਕ ਆਨਰੇਬਲ ਮੈਂਬਰ ਵਲੋਂ ਪਹਿਲੀ ਤਕਰੀਰ ਹੋਈ ਹੈ। ਮੈਂ ਉਮੀਦ ਕਰਦਾ ਸੀ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਹਾਲਾਤ ਵਿਚ ਇਹ ਬਜਟ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੇਖਦੇ ਹੋਏ, ਦੇਸ਼ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਆਏ ਕੌਮੀ ਸੰਕਟ ਤੇ ਹੜ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮਸਲੇ ਨੂੰ ਮੱਦੇ ਨਜ਼ਰ ਰਖਦੇ ਹੋਏ ਨੁਕਤਾ ਚੀਨੀ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇਗੀ। ਲੇਕਿਨ ਮਾਲੂਮ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ emergency ਤੋਂ ਬਹੁਤ ਦੂਰ ਬੇਖਬਰ ਖੜ੍ਹੇ ਹਨ। ਇਕ ਗੱਲ ਤੇ ਬਹੁਤ ਜ਼ੋਰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਟੈਕਸ ਬਹੁਤ ਵਧਾਏ ਗਏ ਅਤੇ ਅੰਕੜੇ ਦੇ ਕੇ ਦੱਸਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਟੈਕਸ ਵਧਾ ਵਧਾ ਕੇ 100 ਕਰੋੜ ਤੋਂ ਉਪਰ ਕਰ ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਹਨ ਲੇਕਿਨ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਆਮਦਨੀ ਨਹੀਂ ਵਧੀ ਹੈ। ਇਸ ਗੱਲ ਤੇ ਹੀ ਬਹੁਤ ਜ਼ੋਰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਬਜਟ ਦੇਸ਼ ਸਾਹਮਣੇ ਆਏ ਕੌਮੀ ਸੰਕਟ ਨੂੰ ਤੇ ਹੜ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸੰਕਟ ਨੂੰ, ਜਿਸ ਨਾਲ ਹਰ ਸਾਲ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਭਾਰੀ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ, ਮੁਖ ਕਰਕੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹੋ ਵਜਾਹ ਹੈ ਕਿ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਨਾਲੋਂ ਬਜਟ ਵਧਾ ਕੇ 105 ਕਰੋੜ ਦਾ ਲਿਆਂਦਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਮੈਂ ਸੋਚਦਾ ਸੀ ਕਿ ਇਹ ਸਜਨ ਜੋ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਕਰਦੇ ਸਨ ਉਹ ਦਸਦੇ ਕਿ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਤੇ ਖਰਚ ਘਟਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਖਰਚ ਫਜ਼ੂਲ ਹੈ, ਫਲਾਂ department ਵਿਚੋਂ ਰੁਪਿਆ ਕਢਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਹੀ ਹਾਊਸ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਕਰ ਸਕਦਾ ਕਿ ਇਹੋ ਬਜਟ balanced ਬਜਟ ਨਹੀਂ, ਇਹ realistic ਨਹੀਂ, ਇਹ wastage ਦਾ ਬਜਟ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਟੈਕਸਾਂ ਤੇ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਕਰਨ ਦੇ ਬਾਅਦ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਸਰਾਹਨਾ ਕੀਤੀ ਗਈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਪੁਲਿਸ ਤੇ ਜ਼ਿਆਦਾ ਖਰਚ ਵਧਾਇਆ ਹੈ। ਪੁਲਿਸ ਦੇ ਕਰਮਚਾਰੀਆਂ ਦੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਵਧਾਈਆਂ ਹਨ। ਕਨਸਟੇਬਲ ਤੇ ਸੀਲੈਕਸ਼ਨ ਗਰੇਡ ਕਨਸਟੇਬਲ ਦੀ ਤਨਖਾਹ ਪਹਿਲਾਂ ਵਧਾਈ ਹੈ। ਇਹ ਵੀ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਹੜ੍ਹਾਂ ਦੇ ਰੋਕਣ ਲਈ ਥੋੜ੍ਹਾ ਰੁਪਿਆ ਰੱਖਿਆ ਹੈ। ਇਹ ਇਤਰਾਜ਼ ਕੀਤਾ

ਗਿਆ ਕਿ ਕੁਝ ਪੋਸਟਾਂ ਵਧਾ ਦਿੱਤੀਆਂ ਹਨ। ਇਹ ਨਹੀਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਕਿਸ ਡੀਪਾਰਟਮੈਂਟ ਵਿਚ ਘਟ ਖਰਚ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਇਕ ਇਤਰਾਜ਼ ਇਹ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ social services--ਸਿਹਤ ਅਤੇ ਤਾਲੀਮ ਤੇ ਖਰਚ ਘਟ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਹੈ, ਇਹ ਵਧਾਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਇਥੇ ਇਹ ਸੁਝਾਂ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ ਕਿ 105 ਕਰੋੜ ਦਾ ਖਰਚ ਕਿਵੇਂ ਘਟ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਇਕ ਪਾਸੇ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਸਰਾਹਨਾ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਚੰਗੀ ਹੈ ਤੇ ਨਾਲ ਹੀ ਇਤਰਾਜ਼ ਕੀਤਾ ਕਿ ਤਾਲੀਮ ਤੇ ਸਿਹਤ ਤੇ ਹੋਰ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਤੁਸੀਂ ਬੜਾ ਚੰਗਾ ਬੋਲਣ ਵਾਲੇ ਹੋ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਗਲਾਂ ਦਾ ਜਵਾਬ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਵਾਸਤੇ ਰਹਿਣ ਦਿਓ। ਤੁਸੀਂ ਆਪਣੇ ਵਲੋਂ ਬੋਲੋ। (The hon. Member is a good speaker. Let the hon. Minister reply such points. The hon. Member may please say something of his own.)

ਸ੍ਰੀ ਹਰਬੰਸ ਲਾਲ : ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਚੀਜ਼ ਹੀ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਕ ਦੂਜਾ ਪੱਖ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ ਜੋ ਗ਼ਲਤ ਹੈ। ਮੈਂ ਉਸ ਪੱਖ ਦੀ background ਲੈ ਕੇ ਅਰਜ਼ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਇਹ ਬਜਟ ਐਸ ਵੇਲੇ ਸਾਡੇ ਸਾਹਮਣੇ ਹੈ। ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ Administration ਉਤੇ ਅਤੇ ਬਜਟ ਬਨਾਉਣ ਵਾਲਿਆਂ ਉਤੇ ਕਾਫੀ strain ਸੀ, ਦੋ ਸੰਕਟ ਸਨ। 105 ਕਰੋੜ ਦੇ ਖਰਚ ਦਾ ਬਜਟ ਹੈ ਅਤੇ ਦੱਸਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇਹ 105 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਏਗਾ। ਅੰਕੜੇ ਦਿਤੇ ਹਨ ਕਿ ਇਰੀਗੇਸ਼ਨ ਅਤੇ ਪਾਵਰ ਤੇ, ਜਿਸ ਦਾ ਸਬੰਧ ਉਸ ਪਾਣੀ ਨਾਲ ਹੈ ਜੋ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਜਾਣਾ ਹੈ ਯਾ ਉਸ ਬਿਜਲੀ ਨਾਲ ਹੈ ਜਿਸ ਦਾ ਫਾਇਦਾ ਵੀ ਪਿੰਡਾਂ ਨੂੰ ਪਹੁੰਚਣਾ ਹੈ, ਬਜਟ ਦਾ 49.1 ਖਰਚ ਹੋਵੇਗਾ। Social Services ਤੇ, ਜਿਸ ਦਾ ਸਬੰਧ ਸਿਹਤ ਅਤੇ ਤਾਲੀਮ ਨਾਲ ਹੈ, ਸਮਾਜ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਉਪਰ ਉਠਾਉਣ ਨਾਲ ਹੈ, 21.9 ਖਰਚ ਆਵੇਗਾ। ਖੇਤੀ ਬਾੜੀ ਅਤੇ Community Development ਤੇ, ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਸਬੰਧ ਨਿਰੋਲ ਪਿੰਡਾਂ ਦੀ ਆਬਾਦੀ ਨਾਲ ਹੈ, 17.8 ਫੀ ਸਦੀ ਖਰਚ ਆਵੇਗਾ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਹ ਤਿੰਨ departments ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ਼ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ। ਨਾ ਹੀ ਇਹ ਕਿਹਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਘਟ ਖਰਚ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਬਜਟ ਦੇ 105 ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਵਿਚੋਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੇ 88.8 ਫੀ ਸਦੀ ਖਰਚ ਹੋਣਾ ਹੈ। ਇਹ ਤਿੰਨ department ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਸਬੰਧ ਪਿੰਡਾਂ ਵਾਲਿਆਂ ਨਾਲ ਹੈ ਅਤੇ ਸਮਾਜ ਨੂੰ ਉਪਰ ਉਠਾਉਣ ਦੇ ਨਾਲ ਹੈ। ਇਸ ਤੇ ਵੀ ਖਰਚ ਹੋਣਾ ਹੈ। ਫਿਰ ਇਸ ਬਾਰੇ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਕਿ ਘੱਟ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ, ਜਦ ਕਿ ਐਨੇ ਜ਼ਿਆਦਾ per cent ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੋਵੇ, ਠੀਕ ਨਹੀਂ। ਬਾਵਜੂਦ ਦੋਹਾਂ ਸੰਕਟਾਂ ਦੇ ਅਤੇ strain ਹੋਣ ਦੇ, ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਜ਼ਿਆਦਾ ਟੈਕਸ ਲਾਏ ਹਨ। ਸਿਵਾਏ ਇਸ ਦੇ ਕਿ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਕਰਨ ਦਾ ਕੋਈ ਬਹਾਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਹੋਰ ਕੁਝ ਨਹੀਂ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਆਪਣੇ ਖਰਚ ਨੂੰ ਘਟਾਉਣ ਲਈ ਕਿੰਨਾ ਕੁਝ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਹ ਵੀ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ 1962-63 ਵਿਚ ਕਿਉਂਕਿ ਪਲੈਨ ਵਿਚੋਂ ਕਢ ਕੇ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਰੁਪਿਆ ਲਿਆਉਣਾ ਸੀ ਇਸ ਲਈ 4 ਕਰੋੜ 41 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਬਚਾਇਆ ਗਿਆ। ਜੋ ਪਲੈਨ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਖਰਚ ਸੀ ਉਸ ਵਿਚ 6 ਕਰੋੜ 26 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਦੀ ਬਚਤ ਕੀਤੀ ਗਈ। ਜੋ T.A. ਦਾ ਖਰਚ ਸੀ ਉਸ ਵਿਚ ਜਨਰਲ ਤੌਰ ਤੇ 10 ਫੀ ਸਦੀ ਕਟੌਤੀ ਲਿਆਂਦੀ ਗਈ। Contingency ਵਿਚ 15 ਫੀ ਸਦੀ ਦੀ ਕਟੌਤੀ ਲਾਈ ਗਈ। ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਨੇ ਜੋ ਇਹ ਬੱਚਤ ਕੀਤੀ ਹੈ ਇਹ ਸੰਕਟ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰਦੇ ਹੋਏ ਕੀਤੀ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਇਹ ਮਸਲਾ ਸਾਰੇ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਵਿਚ ਹੈ ਜਿਸ ਨੂੰ ਨਜ਼ਰਅੰਦਾਜ਼ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ 11 ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ

(ਸ੍ਰੀ ਹਰਬੰਸ ਲਾਲ)

ਇਕ ਸਾਲ ਵਿਚ ਆਪਣਾ ਖਰਚ ਘਟ ਕਰਕੇ ਬਚਤ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਪਾਸੇ ਵੀ ਅਵੇਸਲੀ ਨਹੀਂ ਹੋਈ ਕਿ ਸੰਕਟ ਵਿਚ ਕੀ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਸੂਬੇ ਲਈ ਸਭ ਤੋਂ ਵੱਡਾ ਸੰਕਟ ਹੜ੍ਹਾਂ ਦਾ ਹੈ। ਡਰੇਨੇਜ ਜਲਦੀ ਬਨਾਉਣ ਲਈ ਤਵੱਜੋਹ ਦਿੱਤੀ ਹੈ । ਬਾਵਜੂਦ ਇਸਦੇ ਕਿ ਖਰਚ ਕਰਨ ਲਈ ਦੂਜੀਆਂ ਜ਼ਰੂਰੀ ਮਦਾਂ ਵੀ ਸਨ, anti-water logging ਅਤੇ ਡਰੇਨੇਜ ਵਾਸਤੇ 4 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਹੋਰ allocate ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜਿਸ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਸਹੀ ਤੌਰ ਤੇ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਸਰਾਹਨਾ ਕੀਤੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਹਾਲਾਤ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਇਸ ਤੋਂ ਚੰਗਾ ਢੰਗ ਹੋਰ ਕੀ ਹੋ ਸਕਦਾ ਸੀ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੋ ਬਜਟ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਇਹ ਇਕ ਲਫ਼ਜ਼ ਦੇ ਵਿਚ ਹੀ ਕਿਹਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ 100 ਫੀ ਸਦੀ realistic budget ਹੈ। ਹਾਲਾਤ ਦਾ ਜਾਇਜ਼ਾ ਲੈ ਕੇ ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਨੇ ਜਿਸ ਕਿਸਮ ਦੀ ਬੱਚਤ ਹੋ ਸਕਦੀ ਸੀ ਉਹ ਬੱਚਤ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ । ਜਿਥੇ ਰੁਪਿਆ ਲਾਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ ਉਥੇ ਲਾਇਆ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਤੋਂ ਵਧ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੋ ਨਹੀਂ ਸੀ ਸਕਦਾ । ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਪਾਸੇ ਬਹੁਤ ਨੁਮਾਇਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ।

1961-62 ਵਿਚ anti-water logging, flood control ਅਤੇ drainage—ਹੜ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰਨ ਲਈ ਸਿਰਫ ਢਾਈ ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਰੱਖਿਆ ਗਿਆ ਸੀ । ਲੇਕਿਨ ਬਾਰਸ਼ਾਂ ਤੇਜ਼ੀ ਨਾਲ ਆਉਂਦੀਆਂ ਰਹੀਆਂ, ਹੜ੍ਹ ਵੀ ਵਧਦੇ ਗਏ, ਨੁਕਸਾਨ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੋਇਆ, ਇਸ ਲਈ 1963-64 ਵਿਚ ਢਾਈ ਕਰੋੜ ਨਹੀਂ ਬਲਕਿ ਇਸ ਤੋਂ ਤਿਗਣੇ ਤੋਂ ਵਧ ਯਾਨੀ 7 ਕਰੋੜ 58 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਇਸ ਬਜਟ ਵਿਚ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ । (*Thumping*)

Hon. Member ਵਲੋਂ ਬਹੁਤ ਜ਼ੋਰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਸੀ ਕਿ ਪਿੰਡਾਂ ਵਲ ਕੋਈ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ । ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਐਨੀ ਆਮਦਨ ਹੋਈ, ਐਨੀ production ਹੋਈ ਕਿ ਜੋ targets ਤੀਸਰੀ ਪੰਜ-ਸਾਲਾ Plan ਵਿਚ ਅਨਾਜ ਜ਼ਿਆਦਾ ਪੈਦਾ ਕਰਨ ਲਈ ਰਖੇ ਸਨ ਉਹ ਪੂਰੇ ਹੋ ਗਏ ਹਨ ।

ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ : ਪੈਦਾਵਾਰ ਨਹੀਂ ਵਧੀ।

ਸ੍ਰੀ ਹਰਬੰਸ ਲਾਲ : ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿੰਨੀ ਤੇਜ਼ ਰਫਤਾਰ ਨਾਲ ਇਹ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋਣ ਨਾ ਹੋ ਸਕੀ ਹੋਵੇ । ਇਸ ਦਾ ਵੱਡਾ ਕਾਰਨ ਹੜ੍ਹ ਅਤੇ ਬਾਰਸ਼ਾਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਕਾਬੂ ਨਹੀਂ ਪਾ ਸਕਦਾ । ਬਾਰਸ਼ਾਂ ਤੇ ਕਾਬੂ ਨਹੀਂ ਪਾ ਸਕਦੇ । ਹੜ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰਨ ਲਈ flood control measures, ਸੇਮ ਦੀਆਂ ਨਾਲੀਆਂ ਪੁੱਟਣ ਵਾਸਤੇ ਜੋ ਕੰਮ priority ਦੇ ਕੇ ਹੋ ਸਕਦਾ ਸੀ, ਬਾਵਜੂਦ ਮੌਜੂਦਾ limitation ਦੇ, ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ allocation ਕਰਕੇ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਹੈ ਤਾਕਿ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧ ਹੋ ਸਕੇ। "ਜਿਸ ਡੀਪਾਰਟਮੈਂਟ ਤੇ ਘਟ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਉਸ ਤੇ ਘਟ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਹੈ । 1962-63 ਵਿਚ ਸੜਕਾਂ ਲਈ 1 ਕਰੋੜ 49 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਰੱਖਿਆ ਸੀ । ਲੇਕਿਨ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਖਿਆਲ ਕਰਕੇ ਕਿ ਕੌਮ ਅਤੇ ਸੂਬੇ ਉਤੇ ਸੰਕਟ ਹੈ ਇਸ ਸਾਲ 1 ਕਰੋੜ 49 ਲੱਖ ਦੀ ਬਜਾਏ 59 ਲੱਖ 73 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਿਆ ਰੱਖਿਆ ਹੈ । ਇਤਰਾਜ਼ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਘੱਟ ਕਿਉਂ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਲੇਕਿਨ ਜਦੋਂ ਦੇਸ਼ ਅਤੇ ਸੂਬੇ ਤੇ ਸੰਕਟ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਹ ਰਫਤਾਰ ਘੱਟ ਕਰਨੀ ਪੈਂਦੀ ਹੈ। ਨਵੀਆਂ ਸੜਕਾਂ ਫੇਰ ਬਣ ਸਕਦੀਆਂ ਹਨ, ਥੋੜੀ ਦੇਰ ਵਾਸਤੇ ਅਗਾਂਹ ਪਾਈਆਂ ਜਾ ਸਕਦੀਆਂ ਹਨ। ਹੜ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਯਾ defence measures ਵਾਸਤੇ ਜ਼ਿਆਦਾ allocation ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ।

चौधरी अमर सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह facts and figures तो इन पोथों में भी लिखे हुए हैं फिर वे हम को क्या पढ़ कर सुना रहे हैं ?

ਸ੍ਰੀ ਹਰਬੰਸ ਲਾਲ : ਜੇ ਪੋਥੀਆਂ ਵਿਚ ਲਿਖਿਆ ਹੋਇਆ ਆਨਰੇਬਲ ਮੈਂਬਰ ਪੜ੍ਹ ਲੈਂਦੇ ਤਾਂ ਮੈਂ ਇਹ ਜ਼ਿਕਰ ਨਾ ਕਰਦਾ ।

ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ civil aviation ਵਕਤ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਸੀ , ਜਿਸ ਦਾ ਸਬੰਧ ਰਖਸ਼ਾ ਨਾਲ ਵੀ ਹੈ । ਉਸ ਵਾਸਤੇ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ 15 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ provide ਕੀਤਾ ਗਿਆ । ਇਸ ਸਾਲ 27 ਲੱਖ 42 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਿਆ provide ਕੀਤਾ ਹੈ ਤਾਕਿ ਨੌਜਵਾਨਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਪਾਸੇ ਲਾਇਆ ਜਾ ਸਕੇ । ਇਥੇ ਸੋਸ਼ਲ ਸਰਵਿਸਾਂ ਬਾਰੇ ਵੀ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਪਰਸੈਂਟੇਜ ਘਟ ਹੈ। ਪਹਿਲਾਂ 34 ਫੀ ਸਦੀ ਸੀ ਹੁਣ 20 ਫੀ ਸਦੀ ਰਹਿ ਗਈ ਹੈ । ਮੈਂ ਇਸ ਬਾਰੇ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਕਿ social services ਵਿਚ ਕਟੌਤੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਗਈ । ਇਹ ਪਹਿਲਾਂ 8.57 ਲੱਖ ਸੀ ਤੇ ਹੁਣ 8.61 ਲੱਖ ਅਸੀਂ ਸੋਸ਼ਿਲ ਸਰਵਿਸ ਵਿਚ ਪ੍ਰੋਵਾਈਡ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਨਾ ਹੀ ਇਸ ਦੀ ਰਫਤਾਰ ਘਟੀ ਹੈ ਨਾ speed ਘਟੀ ਹੈ । ਹਰ ਚੀਜ਼ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰਨਾ ਸੀ । ਇਹ ਕਹਿ ਦੇਣਾ ਕਿ ਸੋਸ਼ਲ ਸਰਵਿਸਿਜ਼ ਨੂੰ ਨਜ਼ਰਅੰਦਾਜ਼ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਮੁਨਾਸਿਬ ਨਹੀਂ । ਇਹ ਕਹਿ ਦੇਣਾ ਕਿ ਇਸ ਤੇ ਸਮਾਂ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ, ਤਵੱਜੋ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਗਈ, ਠੀਕ ਨਹੀਂ ।

ਇਸ ਬਜਟ ਬਾਰੇ ਇਸ ਲਈ ਹੀ ਤਾਂ ਅਸੀਂ ਅਰਜ਼ ਕੀਤੀ ਸੀ ਕਿ ਟੈਕਸ ਵਧਾਏ ਗਏ ਹਨ। ਜੇਕਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਟੈਕਸਾਂ ਨੂੰ ਨਾ ਵਧਾਂਦੇ ਤਾਂ ਇਸ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ ਅਸਾਡੇ ਪਾਸ ਕੋਈ ਚਾਰਾ ਨਹੀਂ ਸੀ। ਇਸ ਲਈ ਨਵੇਂ ਟੈਕਸਾਂ ਤੋਂ ਝਿਜਕ ਮਾਸੂਸ ਨਹੀਂ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ । ਜੇਕਰ ਸੂਬਾ ਅਗੇ ਵਧਣਾ ਹੈ, ਸੋਸ਼ਲ ਸਰਵਿਸਿਜ਼ ਨੂੰ ਪ੍ਰੋਟੈਕਟ ਕਰਨਾ ਹੈ ਜਾਂ ਐਕਟੇਵਾਈਜ਼ ਕਰਨਾ ਹੈ ਅਤੇ ਹਾਲਾਤ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰਨਾ ਹੈ ਤਾਂ ਇਸ ਲਈ ਰੁਪਿਆ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ (ਵਿਘਨ)।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਜਿਥੇ ਖਰਚ ਘਟਾਏ ਗਏ ਹਨ ਉਹ ਵੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਸ ਦਿਉ ਤਾਂ ਇਹ ਘਟ ਬੋਲਣਗੇ । (The hon. Member may mention the items in which the expenditure has been reduced. Then they may interrupt him less.)

ਸ੍ਰੀ ਹਰਬੰਸ ਲਾਲ : ਮੈਂ ਤਾਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸਾਂ ਕਿ 11 ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਦੀ ਬਚਤ ਦਾ ਪ੍ਰੋਗ੍ਰਾਮ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਬਣਾਇਆ ਸੀ । ਇਸ ਵਿਚ ਕਈ ਦਿੱਕਤਾਂ ਵੀ ਪੇਸ਼ ਆਉਂਦੀਆਂ ਹਨ । ਕਈ ਵੇਰ ਕਈ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਲੂਪਹੋਲਜ਼ ਰਹਿ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਤੇ ਫਿਰ ਹਾਈ ਕੋਰਟ ਦੇ ਫੈਸਲੇ ਵੀ ਸਾਹਮਣੇ ਆਉਂਦੇ ਹਨ । ਟੈਕਸ ਲਗਾ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਪਰ ਇਸ ਦੀ ਵਸੂਲੀ ਵਿਚ ਦਿੱਕਤ ਆਉਂਦੀ ਹੈ । ਜਿੰਨਾ ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ ਵਸੂਲ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਸੀ ਉਹ ਇਕਠਾ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਿਆ । ਕਈ ਵੇਰ ਜੋ Law ਦਾ ਮਨਸ਼ਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਉਹ ਪੂਰਾ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ । ਇਸ ਲਈ ਹਾਈ ਕੋਰਟ ਦੇ ਫੈਸਲੇ ਨੂੰ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਵਿਚ ਜਲਦੀ ਤੋਂ ਜਲਦੀ amendment ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਫਿਰ ਆਮ ਇਹ ਦੇਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਸਾਲ ਦੇ ਅਖੀਰ ਤੇ ਰੀਕਵਰੀ ਰਹਿ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਇਸ ਤੇ ਜ਼ੋਰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਸਾਲ ਦੇ ਅੰਦਰ ਹੀ ਪੂਰੀ ਰੀਕਵਰੀ ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕੇ । (ਘੰਟੀ) Loopholes ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਮੈਂ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਅਜੇ ਤਾਂ ਸ਼ੁਰੂ ਹੀ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਛੇਤੀ ਹੀ ਖਤਮ ਕਰਾਂਗਾ । ਮੈਂ ਆਪ ਦੀ ਮਾਰਫਤ ਕੁਝ ਤਾਮੀਰੀ ਸੁਝਾਓ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ।

ਅਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਅਨਾਜ ਦੀ ਸਮੱਸਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਗੱਲ ਤੇ ਜ਼ੋਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਅਨਾਜ ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਨੂੰ ਹਰ ਕੀਮਤ ਤੇ ਵਧਾਇਆ ਜਾਵੇ । ਇਸ ਲਈ ਟਯੂਬ ਵੈਲ

[ਸ੍ਰੀ ਹਰਬੰਸ ਲਾਲ]
ਜਾਂ ਪੰਪਿੰਗ ਸੈਟ ਦੇਣ ਦਾ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ 480 ਨਵੇਂ ਟਯੂਬ ਵੈਲ ਲਗਾਣ ਦਾ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਇਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਇੰਨਾ ਹੀ ਸੁਝਾਵ ਦੇਣਾ ਹੈ ਕਿ ਬਹੁਤ ਚੰਗਾ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਹੈ ਪਰ ਇਸ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਕਿ ਮਨਜ਼ੂਰੀ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਫੈਸਲਾ ਇਲੈਕਟ੍ਰਿਸਿਟੀ ਬੋਰਡ ਪਾਸੋਂ ਕਰਵਾ ਲੈਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਕੀ ਉਸ ਪਿੰਡ ਨੂੰ ਬਿਜਲੀ ਮਿਲੇਗੀ ਜਿਸ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਕਿ ਟਯੂਬ ਵੈਲ ਦਿੱਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ ਕਿਉਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਟਯੂਬ ਵੈਲ ਦੇ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ਤੇ ਬੋਰਡ ਵਾਲੇ ਬਿਜਲੀ ਨਾ ਦੇਣ ਤਾਂ ਜਿੰਨਾ ਰੁਪਿਆ ਰੱਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਇਸ ਨਾਲ ਕਿਸਾਨ ਨੂੰ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਪਹੁੰਚਣ ਲਗਾ । ਇਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਅਨਾਜ ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧਾਈ ਜਾਵੇਗੀ ਪਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਸਾਰੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਨੂੰ ਧਿਆਨ ਵਿਚ ਰੱਖ ਕੇ ਬਜਟ ਵਿਚ adequate ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਕੀਤਾ ਹੈ ।

ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਜੰਗਲੀ ਗਊਆਂ ਦੀ ਭਾਰੀ ਸਮੱਸਿਆ ਹੈ । ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਅਤੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਜੋ ਜੰਗਲੀ ਗਊਆਂ ਕਿਸਾਨ ਦਾ ਅਨਾਜ ਖਰਾਬ ਕਰਦੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਜੰਗਲੀ ਗਊਆਂ ਦੀ ਗਿਣਤੀ 30 ਹਜ਼ਾਰ ਦੇ ਕਰੀਬ ਹੈ (ਵਿਘਨ) ਇਹ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਵੀ ਲਗਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ 4-5 ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਦਾ ਅਨਾਜ ਇਹ ਖਰਾਬ ਕਰ ਦਿੰਦੀਆਂ ਹਨ ।

ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ : ਤੁਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸੰਭਾਲ ਲਉ ।

ਸ੍ਰੀ ਹਰਬੰਸ ਲਾਲ : ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਲਈ ਕੈਚਿੰਗ ਪਾਰਟੀਜ਼ ਦੀ ਸਕੀਮ ਬਣਾਈ ਗਈ ਹੈ । (ਵਿਘਨ) ਮੇਰਾ ਇਹ ਸੁਝਾਉ ਹੈ ਕਿ ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਭਾਰੀ ਜ਼ਹਿਮਤ ਹਨ ਇਸ ਲਈ ਕੈਚਿੰਗ ਪਾਰਟੀਜ਼ ਨੂੰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਇਫੈਕਟਿਵ ਸਟੈਪ ਲਏ ਜਾਣ ਇਸ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਦੇ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ : ਕੋਈ ਹੱਲ ਵੀ ਦਸੋ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ।

ਸ੍ਰੀ ਹਰਬੰਸ ਲਾਲ : ਮੈਂ ਤਾਂ ਇੰਨੀ ਹੀ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਨਾਂ ਨੂੰ ਦੋ ਚਾਰ ਜੰਗਲੀ ਗਊਆਂ ਸੰਭਾਲ ਦਿਉ ਤਾਂ ਇਹ ਸਮੱਸਿਆ ਹਲ ਹੋ ਜਾਵੇਗੀ, (ਹਾਸਾ)

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਤਾਂ 100 ਸੰਭਾਲੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ । (ਹਾਸਾ)

Deputy Speaker : No aspersions please.

Sardar Gurnam Singh : I am sorry, Madam.

ਸ੍ਰੀ ਹਰਬੰਸ ਲਾਲ : ਇਸ ਤੋਂ ਅਗਾਂਹ ਚੰਗੇ ਬੀਜਾਂ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਇਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਇਹ ਸੁਝਾਵ ਦਿਆਂਗਾ ਕਿ ਸਰਟਿਫਿਕੇਟਿਡ ਸੀਡ ਬੰਦ ਬੋਰੀਆਂ ਵਿਚ ਦਿੱਤਾ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਚੰਗਾ ਬੀਜ ਮਿਲ ਸਕੇ ਅਤੇ ਪ੍ਰਾਈਵੇਟ ਆਰਗੇਨਾਇਜ਼ੇਸ਼ਨਜ਼ ਜੋ ਹਨ ਅਤੇ ਜੋ ਬੀਜ ਵਿਚ ਐਡਲਟ੍ਰੇਸ਼ਨ ਕਰਦੀਆਂ ਹਨ ਉਸ ਤੋਂ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਬਚਾਇਆ ਜਾ ਸਕੇ । ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਇਕ ਸੀਡ ਕੰਟ੍ਰੋਲ ਐਕਟ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਫਾਇਦਾ ਪਹੁੰਚ ਸਕੇ ।

ਸੂਬੇ ਦੇ ਅੰਦਰ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀ ਜ਼ਮੀਨ ਅਣਵਾਹੀ ਪਈ ਹੋਈ ਹੈ, ਵੇਸਟ ਲੈਂਡ ਪਈ ਹੋਈ ਹੈ। ਇਸ ਦਾ ਮੁਕੰਮਲ ਤੌਰ ਤੇ ਸਰਵੇ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ । ਇਸ ਦਾ ਸਰਵੇ ਸਾਰੀ ਸਟੇਟ ਦੇ ਬੇਸਿਜ਼ ਤੇ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਤਾਂ ਜੋ ਜਿੰਨੀ ਵੀ ਵੇਸਟ ਲੈਂਡ ਪਈ ਹੈ ਉਹ ਕਾਬਲੇ ਕਾਸ਼ਤ ਬਣਾਈ ਜਾ ਸਕੇ ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ : ਇਹ ਗੱਲ ਜਟਾਂ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਖੋਹਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਕਰਨੀ ਸੀ। (ਵਿਘਨ)

ਸ੍ਰੀ ਹਰਬੰਸ ਲਾਲ : ਜੋ ਨੇਸ਼ਨਲ ਵਾਟਰ ਸਪਲਾਈ ਸਕੀਮ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਬਣਾਈ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਇਸ ਨੂੰ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਤੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਵਾਟਰ ਵਰਕਸ ਬਨਾਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ ਅਤੇ

ਟਯੂਬ ਵੈਲ ਬਨਾਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ । ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਚਲ ਰਹੀ ਸੀ ਤਾਂ ਕਈ ਮਯੂਨਿਸਪਲ ਕਮੇਟੀਆਂ ਪਾਸ ਤੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਾਲਿਆਂ ਪਾਸ ਫੰਡਜ਼ ਸਨ ਅਤੇ ਉਹ ਦੇ ਸਕਦੇ ਸਨ । ਇਸ ਲਈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵਾਟਰ ਸਪਲਾਈ ਲਈ ਵਾਟਰ ਵਰਕਸ ਲਈ ਨੂੰ ਗਰਾਂਟ ਦਿੱਤੀ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਕਈ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਪਿੰਡ ਅਜਿਹੇ ਹਨ ਜਿਥੇ ਦਾ ਪਾਣੀ ਬਹੁਤ ਨਾਕਸ ਹੈ ਪਾਣੀ, ਪੀ ਕੇ ਲਤਾਂ ਪਤਲੀਆਂ ਹੋ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ, ਤੀਰ ਕਮਾਨ ਵਾਂਗ ਟੇਹੜੀਆਂ ਹੋ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਕਈ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਬੀਮਾਰੀਆਂ ਹੋ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ । ਇਸ ਲਈ ਵਾਟਰ ਵਰਕਸ ਲਈ ਗਰਾਂਟਾਂ ਉਥੇ ਦੇਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ ਜਿਥੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਦਿੱਕਤ ਹੈ । ਪਰੈਫਰੈਂਸ ਇਨ੍ਹਾਂ ਥਾਵਾਂ ਦੀ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਕਿ ਜਿਥੇ diseased ਪਾਣੀ ਹੈ, ਅਨਹੈਲਦੀ ਪਾਣੀ ਹੈ ਉਥੇ ਪਾਣੀ ਦੀ ਸਮਸਿਆ ਦਾ ਹੱਲ ਹੋ ਸਕੇ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਸਿਹਤ ਨੂੰ ਬਚਾਇਆ ਜਾ ਸਕੇ।

ਮਕਾਨ ਬਨਾਣ ਬਾਰੇ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਕਰਜ਼ੇ ਦਿਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ । ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਿਚ ਵੀ ਤੇ ਬਾਕੀ ਦੇ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਵੀ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਗਰੀਬ ਤਬਕੇ ਨੂੰ ਸਿਰ ਲੁਕਾਣ ਲਈ ਥਾਂ ਬਨਾਣ ਵਿਚ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਮਦਦ ਦਿੱਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਪਰ ਇਸ ਗੱਲ ਦੀ ਕੋਈ ਪਰਵਾਹ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਕਿ ਇਹ ਮਕਾਨ ਬਣਾ ਕੇ ਆਪ ਰਹਿਣ । ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਰੂਲ ਤੇ ਸਖਤੀ ਨਾਲ ਅਮਲ ਕਰਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜੋ ਲੋਕ ਮਕਾਨ ਤਿਆਰ ਕਰਨ ਉਹ ਆਪਣੀ ਰਿਹਾਇਸ਼ ਉਸ ਵਿਚ ਰਖਣ ।

ਸਰਕਾਰ ਤੇ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਡੀਫੈਂਸ ਲਈ ਤਿਆਰੀ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਜਾਂ ਰਕਸ਼ਾ ਦੇ ਸਿਲਸਲੇ ਵਿਚ ਪ੍ਰਬੰਧ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਕੀਤੇ ਗਏ, ਮੈਨੂੰ ਇਹ ਗੱਲ ਸੁਣ ਕੇ ਬਹੁਤ ਹੈਰਾਨੀ ਹੋਈ । ਪੰਜਾਬ ਦਾ ਨਾਉਂ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਵਿੱਚ ਹੀ ਨਹੀਂ ਸਾਰੀ ਦੁਨੀਆਂ ਵਿਚ ਉਚਾ ਹੈ ਪਰ ਇਥੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਰਕਸ਼ਾ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਆਈਰਾਨੀਕਲ ਤੌਰ ਤੇ ਮਜ਼ਾਕ ਕਰਨਾ ਜਾਂ ਉਛਾਲਿਆ ਜਾਣਾ ਠੀਕ ਨਹੀਂ । ਫਿਰ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਰਾਇਫਲਾਂ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਅਤੇ dummy ਰਾਇਫਲਾਂ ਨਾਲ ਤੇ ਬੰਦੂਕਾਂ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ ਹੀ ਸਿਖਲਾਈ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ, ਕਿਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਵੀ ਠੀਕ ਨਹੀਂ। ਇਹ ਜੋ ਅਜ ਇਸ ਗਲ ਤੇ ਇਤਰਾਜ਼ ਕਰਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਕੀ ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਆਪ ਦੀ ਮਾਰਫਤ ਪੁਛ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਜਿਹੜੀ ਟ੍ਰੇਨਿੰਗ ਡੰਡਿਆਂ ਨਾਲ ਦਿੰਦੇ ਰਹੇ ਹਨ ਉਹ ਠੀਕ ਸੀ ? ਜਿਸ ਬਾਰੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਸੀ ਕਿ ਇਹ ਰਾਸ਼ਟਰ ਨਿਰਮਾਣ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ, ਡਰਿਲ ਕਰਨ ਦਾ ਕੰਮ ਤਾਂ ਹੁਣ ਵੀ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਰਾਈਫਲਾਂ ਦੀ ਕਮੀ ਹੈ ਅਤੇ situation ਦਾ ਸਾਨੂੰ ਅਹਿਸਾਸ ਹੈ ਪਰ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਫਾਇਦਾ ਦੁਸ਼ਮਨ ਨੂੰ ਪਹੁੰਚਦਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਤੋਂ ਵਧ ਐਂਟੀ ਪੈਟਰੀਆਟਿਕ ਸਪੀਚ ਹੋਰ ਕੀ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ । ਫਿਰ ਇਹ ਕਿਹਾ ਕਿ ਰਖਸ਼ਾ ਦਲ ਇਕ ਪੋਲੀਟੀਕਲ ਪਾਰਟੀ ਦੀ ਫੌਜ ਹੈ । (ਵਿਘਨ) ਰਖਸ਼ਾ ਦਲ ਦੀ ਟ੍ਰੇਨਿੰਗ ਦੇਣ ਲਈ ਜੋ ਇਨਸਟ੍ਰਕਟਰ ਰਖੇ ਗਏ ਹੋਣ ਉਹ ਆਈ. ਐਨ. ਏ. ਦੇ ਬਹਾਦਰ ਜਵਾਨ ਹੋਣ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਰਖਿਆ ਵਾਸਤੇ, ਦੇਸ਼ ਦੀ ਅਜ਼ਾਦੀ ਵਾਸਤੇ ਹੁਬਲੁਵਤਨੀ ਦਾ ਸਬੂਤ ਦਿਤਾ ਹੋਵੇ, ਉਸ ਤੇ ਇਤਰਾਜ਼ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ; ਸਰਕਾਰੀ ਰੁਪਿਆ ਲਗਾ ਕੇ ਸਰਕਾਰੀ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਲਈ ਰਖਸ਼ਾ ਦਲ ਤਿਆਰ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਪ੍ਰਾਈਵੇਟ ਆਰਮੀ ਕਹਿ ਦੇਣਾ ਮੁਨਾਸਿਬ ਨਹੀਂ । ਪ੍ਰਾਈਵੇਟ ਆਰਮੀ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਜਮਾਤਾਂ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਵਿਚ ਆਰ, ਐਸ. ਐਸ. ਜਾਂ ਖਾਲਸਾ ਦਲ ਦੀ ਟ੍ਰੇਨਿੰਗ ਦਿਤੀ ਰਹੀ ਸੀ ਅਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਹੀ ਤਾਂ ਧਕਾ ਪਹੁੰਚਾਇਆ ਹੈ ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ : ਕੋਈ ਧੱਕਾ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ।

ਸਰਦਾਰ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਢਿਲੋਂ: ਖਾਲਸਾ ਦਲ ਤਾਂ ਕੈਰੋਂ ਸਾਹਿਬ ਦੀ ਹੀ ਬਣਾਈ ਹੋਈ ਸੀ (ਵਿਘਨ) ।

ਸ੍ਰੀ ਹਰਬੰਸ ਲਾਲ : ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਵਾਰ ਵਾਰ ਇਸ ਗਲ ਤੇ ਜ਼ੋਰ ਦੇ ਕੇ ਧੱਕਾ ਪਹੁੰਚਾਇਆ ਹੈ। ਫੇਰ ਇਹ ਵੀ ਇਤਰਾਜ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਮੀਟਿੰਗਾਂ ਤੇ ਜੋ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਜਨਤਾ ਦਾ ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਇਨ੍ਹਾਂ meetings ਤੇ ਲਾਉਣ ਦੀ ਲੋੜ ਨਹੀਂ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਆਪਣੇ ਮੁਲਕ ਵਿੱਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਹਾਲਾਤ ਨੂੰ ਠੀਕ ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ ਜੋ ਚੀਨ ਦੇ ਹਮਲੇ ਨਾਲ ਜਾਂ ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਦੇ ਰਵੱਈਏ ਕਾਰਨ ਪੈਦਾ ਹੋ ਗਏ ਹਨ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਮੀਟਿੰਗਾਂ ਦਾ ਕਰਨਾ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ। ਅਸੀਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਗੱਲ ਲਈ ਤਿਆਰ ਕਰਨਾ ਹੈ ਕਿ ਚੀਨ ਕੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਕੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਅਸੀਂ ਉਸ ਦਾ ਕਿਵੇਂ ਮੂੰਹ ਤੋੜ ਜਵਾਬ ਦੇਣਾ ਹੈ। ਇਹ ਸਾਡੇ defence ਦਾ ਇਕ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹਿੱਸਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਗੱਲ ਤੇ ਇਤਰਾਜ਼ ਕਰਨਾ ਜਿਸ ਦਾ ਕਿ ਸਬੰਧ ਰਖਸ਼ਾ ਨਾਲ ਹੋਵੇ ਕੋਈ ਸਿਆਣਪ ਦੀ ਗੱਲ ਨਹੀਂ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਉਹ charges ਇਸ ਲਈ ਲਾਉਂਦੇ ਹਨ ਕਿਉਂਕਿ ਮੁਲਕ ਵਿੱਚ ਜੋ ਕੰਮ ਕੀਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ defence ਲਈ ਜੋ ਉਦਮ ਕੀਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ ਉਹ ਉਹ ਦੇਖ ਨਹੀਂ ਸਕਦੇ। ਅੰਤ ਵਿੱਚ, ਮੈਂ ਆਪਦਾ ਸ਼ੁਕਰੀਆ ਅਦਾ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਜੋ ਆਪ ਨੇ ਮੈਨੂੰ ਬੋਲਣ ਦਾ ਮੌਕਾ ਦਿਤਾ ਹੈ।

उपाध्यक्षा : पेशतर इस के कि मैं किसी hon. Member को बोलने के लिए call करूं मैं फिर अपनी दरखास्त repeat कर देना चाहती हूं कि आप को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जो मैम्बरज़ के गवर्नर Address पर बोल चुके हैं वे कृपा कर के खड़े न हों क्योंकि मुनासिब यही है कि जिन को पहले गवर्नर के Address पर बोलने का मौका नहीं मिला बजट discussion पर उन्हीं को मौका दिया जाए। यह बात इन्साफ पर भी मबनी है। इसलिए मैं यह दरखास्त कर रही हूं कि वह मैम्बर खड़े होने की तकलीफ गवारा न करें जो पहले गवर्नर के Address पर बोल चुके हैं क्योंकि यह अच्छा नहीं लगेगा कि वह खड़े हों और मैं बोलने न दूं। उन्हें House की dignity का ख्याल रखना चाहिए। फिर जो मैम्बर बोल रहे हों वह घंटी का ख्याल रखें। जब मैं पहली घंटी बजाऊं तो वह wind up कर लें और दूसरी घंटी पर वे बैठ जाएं।

(Before I call upon any other hon. Member to speak I want to repeat my request again that the hon. Members should kindly keep this thing in view that the members who have spoken on the Governor's Address should not please rise, because it would be proper that the hon. Members who did not get an opportunity to speak on the Governor's Address should be given time to express their views during the discussion on the Budget. Justice also demands it. I would, therefore, request the hon. Members who have already spoken on the Governor's Address not to take the trouble of rising as it would not look proper for me to check them when they rise to speak. They should maintain the dignity of the House. Moreover, the hon. Members who are speaking should pay heed to the bell. At the first ringing of the bell they should wind up their speeches and on the second they should resume their seats).

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक (सोनीपत) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमारे Finance Minister साहिब ने हाउस के सामने जो बजट पेश किया है और उन की जो speech हमारे सामने आई है उस को देखने से यही पता चलता है कि सूबे के finances

की हालत दिन बदिन गिरती जा रही है। इन का बजट के पेश करने का तरीका भी निराला है और अजीबोग़रीब है। सीधे तरीके से यह कान को नहीं पकड़ते और बड़े तिरछे तरीके से पकड़ना चाहते हैं। जो true picture बजट की है वह सामने नहीं रखते और सही picture को सही हालात को छिपाने की कोशिश करते हैं और इसी वजह से अब की दफा Finance Minister साहिब ने finances को uncovered दिखाने की कोशिश की है लेकिन Opposition ने देख लिया है कि जो बजट है वह deficit बजट है और इस में तकरीबन 6 करोड़ रुपए का deficit है और इस को किसी न किसी तरीके से पूरा किया जाएगा और पिछले साल की तरह at the fag end of the Session यह हमारे सामने ऐसी taxes की proposals लाकर रख देंगे जिस से यह deficit पूरा हो और उस पर हम जब कुछ कहेंगे तो जूता बाज़ार होता रहेगा। डिप्टी स्पीकर साहिबा, हम ने कल स्पीकर साहब के ज़रिये गवर्नमेंट को इस चीज़ के लिये मजबूर किया कि हमें बता दिया जाए कि आया हमारे Finance Minister साहब ने जो एक फिकरा इस की बाबत लिख कर यह कह दिया कि इस में इतना deficit है और इस को cover करने के लिये जो measures होंगे वह in due course हाउस के सामने ले आयेंगे यही काफी है। यह फिकरा इन्होंने अपनी speech के सफा 8 पर लिख दिया है। लेकिन members ने कल स्पीकर साहब की मार्फत गवर्नमेंट को मजबूर किया कि बजट पर बहस होने से पहले हमें यह taxation proposals बतलाए जाएं और आज हमारे सामने इन नये taxes की एक लम्बी चौड़ी list रख दी गई है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, अफसोस होता है कि पंजाब की जिस जनता ने हकूमत की हर मरहले पर मदद करने की कोशिश की और उस ने बड़ी फराखदिली से इस को मदद दी है हालांकि हम इस बात को पहले से ही जानते थे और पंजाब के अवाम भी इस को भली भांति जानते थे कि हमारी हकूमत ने इस दफा बजट के वक्त पंजाब के अवाम पर एक बड़ी भारी मुसीबत नाज़ल करनी है यानी इस नें उन पर बड़े taxes लगाने हैं। हमारी हकूमत पंजाब की जनता में जो आखरी खून का कतरा है उस को भी यह उस के जिसम से निकालने के लिये तैयार हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, पहले ही पंजाब की जनता पर इतने taxes लगे हुए हैं कि जिन की गिनती करना हर फर्देबशर की ताकत से बाहर है जैसे कि अभी बाबू बचन सिंह जी ने बताया है कि taxes कैसे सौ से ले कर $2\frac{1}{2}$ सौ तक पहुंच गए हैं लेकिन हकूमत की यह जो tax लगाऊ policy है इस से पंजाब के अवाम के सबर का प्याला लबरेज़ हो चुका है। अवाम चीख रहे हैं यहां हाउस में नहीं बाहर अगर आप देहात की झोंपड़ियों में जा कर देखें और शहरों की गलियों में जाकर देखें तो आप को पता चलेगा कि किस तरह से हाहाकार मचा हुआ है। वह आदमी जिस के घर में दाने नहीं, जिसे दो वक्त पेट भर कर रोटी नसीब नहीं होती जिस के लिये जरूरियाते ज़िन्दगी पूरा करना मुश्किल हो रहा है उस की तरफ भी हमारी गवर्नमेंट की कुफ़र भरी नज़रें लगी हुई हैं। मगर डिप्टी स्पीकर साहिबा, हैरानी होती है सरकारी बैंचों पर बैठे भाइयों को इस तरह से बोलते देख कर। अभी एक साहब यहां बोल रहे थे और कह रहे थे कि यह सरकार गरीबों की हामी है और किसानों की हामी है लेकिन इन नए taxes की list से पता चलता

[चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक]

है कि पंजाब के जो किसान हैं जो यहां की असल आबादी है और country की असल मानों में back bone हैं, उन्हें यह सरकार annihilate करना चाहती है और बरबाद करना चाहती है । यही इस Ministry की और हमारे चीफ मिनिस्टर साहब की policy है और इन्होंने तहय्या कर रखा है कि पंजाब के जमीदारों को खत्म कर दिया जाए और यह चीज़ इन टैक्सों से ज़ाहर होती है और यही कुछ इन्होंने पीछे किया है (*Interruptions*) ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमारे वज़ीर साहिबान तो जवाब में यही कह देते हैं कि Opposition वाले तो सिर्फ criticism करना जानते हैं और कोई constructive suggestions इन के सामने ला कर रखते नहीं । लेकिन हम constructive suggestions इन के सामने रखते हैं जिन्हें यह बैहरे कानों सुनते हैं और उन का जवाब तक नहीं दिया जाता है । चार दिनों तक यहां गवर्नरज़ Address पर बहस होती रही है । हम ने कुछ charges भी लगाए और कुछ suggestions भी इन के सामने रखे लेकिन चीफ मिनिस्टर साहब ने जो उन का जवाब दिया उस पर अफसोस आता है कि उन्होंने किसी की criticism को या किसी के suggestions को touch तक नहीं किया । उन पर अमल करना या इसलाहात करना तो दरकिनार उन का जवाब तक नहीं मिलता ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, पिछले सैशन में यहां इस हाउस को स्पीकर साहब ने appeal की थी कि खर्च में economy effect करो और उन्होंने कहा था कि उन्हें इस में Opposition की co-operation चाहिए। और उन्हें चारों तरफ से co-operation मिली है। पंजाब के अवाम ने अपने खून पसीने की कमाई दिल खोल कर दी । इस का नतीजा यह हुआ है कि हमारी जनता के खून पसीने की कमाई की वजह से जो उस ने दी, यह सूबा पंजाब, भारतवर्ष के अन्दर अव्वल नम्बर पर आया है। जहां तक कि defence fund का ताल्लुक था। मगर हकूमत की जो कुफर की नजर पंजाब के लोगों की तरफ है वह इस taxes की list से ज़ाहर है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, पंजाब की जनता ने खून पसीना एक करके रुपया इन के खजाने में जमा कराया है। और जिस बेरहमी से हमारी सरकार इस को ज़ाया कर रही है उस की दो चार मिसालें आप के सामने पेश करना चाहता हूं। हमारी तरफ चोथी कहते हैं उपले को और बिटोड़ा कहते हैं उपलों के ढेर को। तो एक वहां कहावत है। पता नहीं यह समझेंगे या नहीं। कहावत है कि मां तो चोथी करती मर गई मगर बेटा बिटोड़े उड़ाता रहा। (आपोजीशन की तरफ से तालियां) पैसा जो हमने खून पसीने से कमाया है वह इन के खजाने में जमा कराते रहते हैं और यह लुटाने से बाज नहीं आते। यू० के० में वहां के एक प्राइम मिनिस्टर मिस्टर ग्लैडस्टोन ने यह बड़ी अच्छी कनवैंनशन बनाई कि पबलिक एकाउंट्स कमेटी का जो चेयरमैन हो वह आपोजीशन का लीडर हो। अगर उसी पार्टी का ही चेयरमैन हो और उस कमेटी का जिस ने कि सरकार के हिसाब किताब को देखना है जिस की कि सरकार है तो वह किस तरह से ठीक तरह काम कर सकता है। खैर यहां वह बात तो है नहीं। इन की अपनी ही पार्टी का रूकन उस कमेटी का चेयरमैन है।

उस कमेटी ने जो रिपोर्ट पेश की है मैं उस में से दो चार बातें आप को पढ़ कर सुनाना चाहता हूं । अखबारों के अन्दर भी यह बात निकल चुकी है कि इन्होंने किस तरह से एक लाख रुपया एक रियासत की महारानी को दिया और कैसे 38,430 रु० उसके लड़के को दिया है । इस रिपोर्ट में लिखा है :

"........sanctioned an ex-gratia monthly grant of Rs 150 for the education of grandson of a lady who had been admitted to the palace of an ex-ruler of a princely State................"

यह है इन की सोशलिस्टिक पैटर्न आफ सोसाइटी । फिर इस बात का इस में जिक्र है कि सरकार किस तरह से जहां जी करता है posts निकाल लेती है और फिर किस तरह से नाजायज तरीके से उन को कभी 800 रु० और कभी 1000 रु० और फिर 1800 रु० तनख्वाह देती है । इन के अपने ही रुकन ने लिखा है :

"......The Committee feel that this gives the impression of favouritism and it is not a desirable precedent. "

फिर दिल्ली के अन्दर एक प्रैस लायजां अफसर जून 1957 में मुकर्रर किया जाता है और यह इतना बड़ा स्कैंडल है कि जिस की मिसाल नहीं मिलती । उस को एक फ्री लांस रिपोर्टर बताया गया है । हालांकि उस की आमदनी 300 रु० भी नहीं थी मगर उस ने लिख दी 700 रु० माहवार और वह सरकार से 1500 रु० माहवार तक पहुंच गया । फिर आप जरा देखें उस के बारे में कमेटी ने क्या लिखा है :

"The Committee are surprised to note how favour after favour has literally been showered upon this officer, who, according to the information given by the departmental representative, is an Intermediate in Arts, was a free lance journalist for two years and one month and staff correspondent of daily newspaper for one year, three months and nineteen days'.

In the opinion of the Committee this is one of the worst cases in which all canons of justice and propriety have been thrown to the winds in as much as—

(i) the post was taken out of the purview of the Public Service Commission without adequate reasons ;"

आप सभी जानते हैं कि यह साहिब कौन हैं । स्पीकर साहिब ने कहा है कि नाम न लें । तो लिखा है :

"The Committee further recommend that action should be taken in regard to the mis-statement made by this officer about his income in the light of the intimation received from the income-tax authorities."

वैसे उस के मुताल्लिक कहा गया है कि उस को 700 रु० मिलते थे । मगर उस पर इस हिसाब से तो इनकम टैक्स लगना चाहिए था । इनकम टैक्स वालों से पूछा गया तो पता चला कि वह तो ग़लतबयानी ही करता रहा है । यह भी पता नहीं कि वह इन्टरमीडियेट भी है कि नहीं । इस के बाद केस है डिप्टी चीफ इलैक्टोरल आफिसर का । उस के बारे में मैं एक ही फिकरा पढ़ कर सुना देता हूं ।

"Government should ensure that such cases which smack of favouritism do not occur in future."

डिप्टी स्पीकर साहिबा, बहुत ही मायूसकुन हालात हैं । Rehabilitation के सिलसिले में जिला गुड़गांव में जमींदारों से जमीन ली जाती है । सरकार के कर्मचारी चार आने फी मुरब्बा गज़ के हिसाब से उस की कीमत assess करते हैं मगर जब बात arbitrator के पास पहुंचती है तो चार आने की बजाए वह चार रुपए मुकर्रर करता है । और फिर High Court के पास जा कर भी यह तीन रुपये

[चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक]

रह ही जाते हैं। यह हालात हैं कि उस आदमी को 17,300 रु० इन में सूद का भी मिला कीमत अलग थी। यह हैं इन के कारनामे। ऐसी धांधली है इन के कामों में। इन का जो Industry का महकमा है जो उस की हालत है उस के बारे एक ही फिकरा पढ़ कर सुना देता हूं।

"....but they regret to point out that in certain aspects the Industries Department has surpassed all other departments in as much as it has completely brushed aside all the precautions that are necessary to ensure that the hard earned money of the people is fairly and properly spent and not a single pie is wasted.........."

डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस में यह भी दर्ज है कि अमृतसर जिले में 795 लोगों को कर्ज़ दिये गए। इस बारे में लिखा है :

"Of these, loans were mis-utilised in 292 cases, in 49 cases the whereabouts of the loanees were not known to the Department."

अपने ही आदमियों को कर्ज देते हैं। उन का इन को हसबो नसब जानने की भी जरूरत नहीं पड़ती। (विघ्न)

जहां तक महकमा तालीम का ताल्लुक है उस में तो इन्होंने हद ही करदी है। आप की इजाज़त से दो चार बातें यहां हाउस में रखना चाहूंगा।

उपाध्यक्षा : अब वाइंड अप करें। (The hon. Member may please wind up now.)

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक : मैं तो आज पहली दफा ही बोला हूं। (विघ्न) मैं जल्दी ही खत्म कर दूंगा।

इस सारी रिपोर्ट को देखने से पता चलता है कि किस बेरहमी से सरकारी पैसे को खर्च किया जाता है। यह तो अपने दोस्तों, रिश्तेदारों के हक में फैमली प्लैनिंग की जा रही है। (आपोजीशन-तालियां) इन को क्या कहा जाए।

अब मैं थोड़ा सा Estimates Committee की report का भी हवाला देना चाहता हूं। उस से पता चलता है कि यह देहात के नाम पर बड़ी बड़ी बातें बनाने वाले, उन की भलाई का दम भरने वाले किस तरीके से उन की भलाई कर रहे हैं :—

"The Committee were informed that the total number of registered medical practitioners in the State as it stood on the 4th September, 1962 was 6,103 including private practitioners. This means that there is one doctor for about 3,325 persons. The Committee were also informed that there were 281 vacancies of doctors—250 for male doctors and 31 for lady doctors and that there were 121 rural and 12 urban dispensaries where there were no doctors. In one rural dispensary there had been no doctor since 1953..............."

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह है हमारे देहात की हालत जिस का नकशा हमारे महबूब डाक्टर साहिब ने इस रिपोर्ट में खींचा है। देहात की तो यह हालत है मगर चंडीगढ़ के अन्दर एक सौ bed का हस्पताल है मगर डाक्टर तीन सौ हैं। यानी अगर वह सारे के सारे bed भर भी जाएं तो भी एक मरीज़ के पीछे तीन डाक्टर होंगे। दिहात की यह हालत है कि वहां पर कोई इलाज का प्रबन्ध नहीं है। इन की फज़ूल खर्ची की मैं एक दो और मिसालें आप के सामने रखता हूं।

पहले मैं रक्षा दल को लेता हूं, मेरी समझ में नहीं आता कि हमारे चीफ मिनिस्टर साहब इस चीज़ को कैसे justify करते हैं जब खुद मानते हैं कि कोई provision of law इस जमात की इजाज़त नहीं देता तो फिर क्यों लाखों रुपया rallies पर खर्च किया जा रहा है। क्या Government Exchequer की cost के ऊपर यह कांग्रेस पार्टी को ज़िन्दा रखने के लिये volunteers कायम करना चाहते हैं? आखिर क्या बात है? डिप्टी स्पीकर साहिबा, एक बात आप से अर्ज करना चाहता हूं। जिस पंजाब के

किसान ने अभाव के ज़माने में अनाज पैदा करके हिन्दुस्तान को खिलाया, लड़ाई के ज़माने में हिन्दुस्तान की सीमा पर लड़ा और भारत की इज्ज़त को बरकरार रखने के लिये वहां जाकर अपना खून बहाया उस की बाबत चौधरी सुन्दर सिंह के आपने, डिप्टी स्पीकर महोदया, तासरात सुने होंगे, यह उस किसान की बाबत कहते हैं कि या तो यह खेत में काम कर सकता है या लड़ाई में लड़ सकता इस के लिये और कोई काम नहीं है। अगर और कुछ करेगा तो वह जेल के अन्दर जाएगा। यह हैं remarks चौधरी साहिब के पंजाब के उस बहादुर किसान के बारे में जिसने हिन्दुस्तान की इज्ज़त कायम की हुई है। मैं तो यह कहूंगा कि अगर चौधरी सुन्दर सिंह मिनस्टरों के बारे में यह कहते तो बहुत ठीक रहता कि जो मिनस्टर हैं, वह या तो मिनिस्ट्री में रह सकते हैं, या फिर पागलखाने में रह सकते हैं और इन के लिये कोई तीसरी जगह नहीं है।

अब मैं एक मतलब की बात कहना चाहता हूं। वज़ीर ज़राग्रत फरमाते हैं कि अब की दफा 2 लाख टन गेहूं पंजाब के अन्दर पैदा होगा। लेकिन जब बारिश हुई नहीं, इन्होंने नहरों का पानी बन्द कर दिया तो फिर कहां से अनाज ज्यादा पैदा होगा, इसका मैं जवाब चाहता हूं। मैं तो यही अनुमान लगाता हूं कि अब की बार 2 लाख टन कम गेहूं पैदा होगा पंजाब में। यही नहीं इन्होंने जानबूझ कर 400 cusecs पानी दिल्ली को दे दिया। बड़ी अजीब बात है। लड़ाई में हमारे जवान मरते हैं, खेतों में हम मेहनत करते हैं, टैक्स हमारे ऊपर लगता है, बैटरमैंट लैवी हम देते हैं लेकिन पानी देने के लिये दिल्ली की बड़ी बड़ी कोठियां हैं। कितनी हैरानी की बात है डिप्टी स्पीकर महोदया! (घंटी) मैं बस जनाब आखिरी बात इस एडमिनिस्ट्रेशन की बाबत कह के बैठना चाहता हूं जिस के लिये यह कहते हैं कि बड़ी क्लीन है, बड़ी पायस है, और बड़ी प्योर है। अगर आप अदालतों के अन्दर जाएं, P. W. D. के अन्दर जाएं, इम्पलायमैंट ऐक्सचेंज में जाएं, और देखें कि कैसी हालत है तो आप कह उठेंगे कि बस ऐसी ऐडमिनिस्ट्रेशन का तो खुदा ही हाफिज़ है। और महकमा माल तो सब महकमों को मात कर गया है। यही नहीं एमरजैंसी में जब पुलिस की मांग की जा रही थी और हमारे जवान जब भर्ती होने के लिये जाते थे तो किसी को मैडीकल टैस्ट में किसी को कमज़ोर दिल होने की वजह से, किसी को कम दिखाई देने की वजह से, और किसी का सीना कम चौड़ा होने की वजह से रिजैक्ट कर दिया जाता था, लेकिन जब वही जवान लक्ष्मी की शरण लेता था और 100 रुपया जब रिक्रूटमैंट के लिये pay कर देता था तो हर तरह से फिट करार दे दिया जाता था। (Shame, shame, आपोज़ीशन की तरफ से)। (घंटी) मैं, जनाब, आखिर में यही अर्ज़ करना चाहता हूं कि जब पंजाब के अन्दर ऐसे हालात हों, करप्शन हो, demoralisation हो, terror की हकूमत हो, और हमारे गवर्नर साहब, या चीफ मिनिस्टर साहब इसको clean administration कहें तो फिर मुझे ग़ालिब का यह शेर याद आ जाता है कि—

उठा लो पानदान अपना हम बाज़ आए ऐसी मुहब्बत से

डिप्टी स्पीकर महोदया, हमें इनकी करतूतें देख कर बड़ी हैरानी होती है। एक नहीं अनेक ऐसी बातें हैं जो ताज्जुब में डालने वाली हैं। यह अपने मतलब के लिये सब कुछ करने के लिये तैयार हो जाते हैं। रातों रात कल के दुश्मन को दोस्त बना आते हैं। जनाब डिप्टी स्पीकर साहबा, रेवाड़ी के अन्दर जो भरत मिलाप हुआ उसे एक लाख आदमी देखने गया (घंटी)। अच्छा जनाब, अब आप नहीं सुनना चाहतीं यह सारा ड्रामा जो वहां पर खेला गया तो मैं अपनी speech आपका शुक्रिया अदा करते हुए बन्द करता हूं।

उपाध्यक्षा : मुझे बड़े अफसोस से कहना पड़ता है कि मेरी घंटी बजने के बाद और मेरे कहने के बाद भी लायक और सयाने मैम्बर साहिबान अपनी बात में परसिस्ट करते जाते हैं। मैं यह कहना चाहती हूं कि आप अपनी dignity को खुद समझें। मैं आनरेबल मैम्बर को कहूंगी अब वे बैठ जाएं। (I am sorry to point out that the learned Members persist and continue expressing their views even after my repeated requests to them not to proceed further. I would ask them to maintain their dignity themselves. I now request Chaudhri Mukhtiar Singh to resume his seat.)

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक : मैं ने बन्द कर दी जी।

उपाध्यक्षा : पंडित भागीरथ लाल जी आप बोलिए। (I call upon Pandit Bhagirath Lal to speak.)

पंडित भागीरथ लाल (पठानकोट) : डिप्टी स्पीकर महोदया, यहां जो बजट पेश हुआ है उस पर ताईद और तरदीद दोनों तरह की बातें हो रही हैं। यह ठीक भी है क्योंकि democracy में यह बात जायज़ है कि कोई अपने views खुले तौर पर व्यक्त कर सके। यह व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। लेकिन जब हंगामी हालात हों जिस के पेशेनज़र यह बजट पेश किया गया है तो हमें चाहिए था कि इस बजट पर कम से कम नुक्ता चीनी करते। और जो हालात emergency से पहले floods के यहां थे उन को ध्यान में रख कर इस बजट की सराहना करनी चाहिए। इस बजट के अन्दर drainage और दूसरी चीज़ों के लिये जो रुपये रखे हैं जब उस को देखते हैं तो यह बजट सराहनीय है। इस के साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि भयानक floods के आने के एक महीने के बाद चीन ने भारत पर आक्रमण कर दिया जिस को मद्देनज़र रखते हुए हमें इस बजट पर संतोष प्रकट करना चाहिए। मैं तो समझता हूं कि हर एक को इस बजट की सराहना करनी चाहिए।

12.00 noon

डिप्टी स्पीकर साहिबा, पहली जो बात हमारे सामने आई है कि इस बजट में सरकारी खर्चों में इधर उधर से करोड़ों रुपये की कमी की है। हमें इस बचत की तरफ ध्यान देना चाहिए। लेकिन इस के बावजूद भी Opposition की तरफ से काफी नुक्ता चीनी की गई है।

उपाध्यक्षा आप अपनी Government के कामों की खूबियां बयान करें, आप उन की नुक्ताचीनियों का जवाब न दें, मिनिस्टर साहब उन का जवाब दे देंगे। (The hon. Member should enumerate the achievements of his Government instead of replying to the criticism made by the Opposition. The hon. Minister will reply to the points raised by them.)

पंडित भागीरथ लाल : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैंने आप की बात मान ली है लेकिन आप interrupt करने वालों को interrupt न करने दें। (*Interruptions*)

चौधरी नेत राम : On a point of Order, Madam. जहां पर hon. Member Sahib ने कहा है कि Opposition वाले नुक्ता चीनी करते हैं क्या सही नुक्ताचीनी नहीं करनी चाहिए ?

Deputy Speaker: This is no point of order. जब आपको बोलने का समय मिलेगा, उस वक्त जो कहना चाहते हैं, कह देना, पंडित भागीरथ लाल जी, मेहरबानी कर के आप interruptions को invite न करें। (This is no point of order. The hon. Member may have his say when he will get an opportunity to do so (Addressing Pandit Bhagirath Lal) He may kindly avoid inviting interruptions.)

चौधरी नेत राम : On a point of order, Madam. क्या इस House में सही नुक्ताचीनी करनी भी improper है ? दूसरी बात मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि डिप्टी स्पीकर को दूसरे प्रांतो में इतनी मान्यता दी गई है । यहां पर उन के देह की परवाह नहीं की जाती ।

Deputy Speaker : This is no point of order. पंडित भागीरथ लाल जी Chair को address करें। (This is no point of order. The hon. Member should address the Chair.)

पंडित भागीरथ लाल : जैसा कि मैं पहले अर्ज कर रहा था इन हालात के अन्दर जो बजट हमारे सामने पेश हुआ है उस के बारे में बाबू बचन सिंह जी ने इस चीज़ को माना है कि पुलिस की तरक्की और Police Constable के grades बढ़ाए गए हैं। यह सरकार द्वारा उन को उन्नत करने के लिए पग उठाया गया है और मैं इस काम के लिए सरकार की तारीफ किए वगैर नहीं रह सकता ।

दूसरा काम जो सरकार ने लोगों की भलाई के लिए किया है वह floods को control करने का है। सरकार drainage बनाने की स्कीमें तैयार कर रही है और इन स्कीमों के लिए सरकार ने इस बजट में रुपए को provision की है। इन चीजों को मद्देनजर रखते हुए सरकार की जरूर सराहना और प्रशंसा करनी चाहिए ।

इस बजट के अन्दर दो बड़ी अहम चीजें हैं जिन पर देश निर्भर है । सारा पंजाब इन दो चीज़ों की तरफ देख रहा है। पहली चीज जो मैं अर्ज करना चाहता हूं वह भयानक floods को रोकना है। पंजाब सरकार floods को रोकने की स्कीमें बनाने का प्रयत्न कर रही है । Drainage की स्कीमें भी तैयार कर रही है ताकि floods से लोगों को बचाया जा सके । दूसरी बात जिस की ओर मैं आप का ध्यान दिलाना चाहता हूं वह पाकिस्तान border के मुताल्लिक है । यहां पर Opposition की तरफ से नुकताचीनी की जाती है कि सरकार ने पुलिस की संख्या बढा दी है। मैं उन की नुक्ताचीनी को सुन कर बहुत हैरान हुआ । मैं उन की जानकारी के लिए कहना चाहता हूं कि यह बहुत जरूरी है कि border को मजबूत किया जाए। मैं समझता हूं कि पुलिस की वढ़ौतरी border को मज़बूत करने के लिए की गई है । यह Opposition का कहना कि पुलिस की संख्या इतनी बढ़ा दी गई है बिलकुल गलत है । आपने अखबारों में पढ़ा होगा और वैसे भी सुना होगा कि पाकिस्तान में बहुत जोशो खरोश दिखाई दे रहा है । मैं पाकिस्तान border पर रहता हूं और Gurdaspur जिले के border पर गोलियों की ठाह ठाह सुनाई पड़ती हैं (*interruptions*)

डिप्टी स्पीकर साहिब, आप को कभी उधर जाने का मौका मिला होगा और आप को वहां के हालात से पूरी जानकारी होगी । मैं समझता हूं कि इन हालात में police की force बढ़ाने की बहुत जरूरत है । जो रुपए पुलिस की demand पर रखे गए हैं वह ठीक है, (*Interruption*)

उपाध्यक्षा : आप तो मानते नहीं, आप facts and figures quote करें । (The hon. Member may please listen to me; he should quote facts and figures.)

पंडित भगीरथ लाल : डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस House में बहुत सी तकरीरें हो चुकी है लेकिन किसी ने भी कोई constructive स्कीम पेश नहीं की कि किस तरह से रुपये बचाए जा सकते हैं। मैं तो चाहता हूं कि constructive नुक्ताचीनी की जाए और constructive suggestion दी जाए।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अर्ज करना चाहता हूं कि आज जो नए taxes इस House के अन्दर पेश किये गए हैं उन में कुछ त्रुटियां हैं, हम नहीं चाहते कि जनता पर टैक्स लगाए जाएं। यह भी ठीक है कि लोग टैक्सों से घबराते हैं, लेकिन टैक्सों के बिना काम भी नहीं चलता, जब टैक्स नहीं होंगे तो Defence और दूसरी चीजों के लिये सरकार कहां से खर्च करेगी। इस लिये मैं समझता हूं कि सरकार को जनता पर tax लगाने चाहिएं। (*interruptions*)

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि सरकार 16 साल से हरिजनों के कल्याण के लिये आश्वासन देती रही है किन्तु बड़े अफसोस से कहना पड़ता है कि सरकार ने उन की भलाई के कोई प्रबन्ध नहीं किये। मैं चाहता हूं कि हरिजनों को बसाने के लिए छोटे २ घर बनाने की स्कीमें बनाएं ताकि वह खुशी से अपना जीवन व्यतीत कर सकें, मैं चाहता हूं कि बड़ी 2 फजूल खर्चियां बन्द कर दी जाएं ताकि वहां से बचाया गया रुपया गरीबों की भलाई के काम में लाया जा सके जिस से छोटे लोग राहत महसूस करें। सरकार को ऐसे काम करने चाहिएं जिस से गरीबों को लाभ हो उन की हालत ठीक हो सके लेकिन ऐसा होता नहीं है। यह कहा जाता है कि उन के रहन सहन का स्तर ऊंचा किया जाएगा लेकिन इस में पूरी कामयाबी नहीं हुई है। मैं Government का इस तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं। आप को कभी पहाड़ी तथा hilly area और पठानकोट जाने का मौका मिला होगा, आप ने वहां पर न देखा होगा कि एक एक मरला में 4, 4 घर बने हैं। (*interruptions*)

डिप्टी स्पीकर साहिबा, वहां पर एक एक मरले के अंदर चार चार घर बसते हैं और उन के परिवार के सदस्यों के बैठने के लिये भी जगह नहीं है। यदि कोई मौत हो जाती है तो लाश को निकालने के लिये कोई रास्ता नहीं है। इस लिये मैं अर्ज़ करता हूं कि गवर्नमैंट को दूसरे खर्चे कम कर के, हरिजनों की सहायता करनी चाहिये। उदाहरण के तौर पर एक एक ज़िले में जो दो दो डिप्टी कमिश्नर रखे गए हैं, उन को कम किया जाए और जो इतने ज्यादा कमिश्नर रखे गये हैं उन को कम किया जाए तो रुपया बच सकता है। और भी कई तरीकों से रुपया बचा कर इन हंगामी हालात में उन को relief दिया जा सकता है। इन शब्दों के साथ मैं आप का धन्यवाद करता हूं।

(इस समय पंडित बाबू दयाल शर्मा बोलने के लिये खड़े हुए)

सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप से अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस तरफ के Benches वालों ने यह फैसला किया है कि पंडित जी और बाबू दयाल जी जितना वक्त लेना चाहें ले लें। वह वक्त हमारे वक्त में से काट लें। हम ने यह भी फैसला किया है कि जितना वक्त वे बोलते रहेंगे हम उतना वक्त Benches को thump करते रहेंगे। (हंसी)

चौधरी राम सरूप (साम्पला) : सदर साहिबा, अच्छे बजट को परखने की कसौटी यही होती है कि जिन लोगों से जितना रुपया लिया जाए उन पर उतना रुपया खर्च करने का ख्याल रखा जाए। जिस में बजट में इस बात का ध्यान रखा जाए वही बजट अच्छा

बजट कहला सकता है। यहां पर figures तो दिखाए जाते हैं कि हम देहात वालों के लिये बहुत कुछ खर्च कर रहे हैं लेकिन असलियत में उन को कुछ relief नहीं पहुंचता। तो आप ही अंदाजा लगाएं कि ऐसा बजट किस तरह से अच्छा कहा जा सकता है जब कि उन से रुपया वसूल तो बहुत ज्यादा किया जाता है लेकिन खर्च उन पर बहुत कम किया जाता है। जो नये टैक्स लगाए गए हैं उन की लिस्ट देखिये। Treasury Benches की तरफ से एक मैम्बर साहिब बोले, मुझे ठीक पता तो नहीं है लेकिन मेरा अंदाजा है कि वह वकील होंगे क्योंकि एक गलत केस को सही तो एक वकील ही सबित कर सकता है। कोई दूसरा आदमी नहीं ऐसा कर सकता। देहात के लिये बड़े बड़े दावे किये जाते हैं। पंडित नेहरू, हमारे प्राईम मिनिस्टर ने भी कहा कि जब तक हम देहात वालों का सुधार नहीं करेंगे उस वक्त तक हमारा देश तरक्की नहीं कर सकता। इस सम्बन्ध में अगर मैं एक लफज़ इस्तेमाल करूं तो शायद वह parliamentary न हो लेकिन कहना पड़ता है कि यह एक किस्म का धोका है।। करते तो कुछ हैं लेकिन मामला उस के बरअक्स होता है। आप नये टैक्सों की फहरिस्त का मुलाहिज़ा फरमाएं, वह टैक्स किन लोगों पर लगाए गए हैं? सब से पहले सात लाख के टैक्स लगाए गए हैं। जो मालदार और अमीर आदमी हैं उन पर जो टैक्स लगाया गया है वह है सात लाख। इस के मुकाबले में ज़मींदारों पर जो टैक्स लगाया गया है, जिन के बारे में कहते हैं कि वे Grow More Food के सम्बन्ध में बहुत मदद कर रहे हैं वह है 90 लाख। जो कि शूगरकेन पर आबयाने वगैरा की शक्ल में लिया जाएगा। इसी तरह से Sales Tax को देखिये वह है 100 लाख। वह भी सारे का सारा देहात वालों को देना पड़ेगा। कहते हैं कि जो लोग टैक्स दे सकते हैं उन पर हम टैक्स लगाते हैं। देखिये, जो टैक्स मालदार लोगों ने देना है वह तो सात लाख है और जो गरीब ज़मींदारों ने देना है वह है 90 लाख। इसी तरह से एक और सौ लाख का टैक्स भी उन लोगों पर ही पड़ेगा। आप देखें कि जनता पर इतना टैक्स लगाया जाए और उन की बहबूदी के लिये कुछ न सोचा जाए तो क्या यह बजट अच्छा बजट कहा जा सकता है? कहते हैं कि देहात के लिये सब कुछ करने को तैयार हैं आप जानते हैं कि देहात में जो भी काम करता है वह खेती का काम करता है। साल भर में सिरफ दो फसलें होती हैं। उन के लिये एक एक महीना काम करना पड़ता है। इस तरह से देहात की आबादी दो महीने काम करती है और दस महीने बेकार रहती है। मैं इस गवर्नमैंट से पूछता हूं कि क्या उस ने उन लोगों के लिये कोई काम तजवीज किया है जो कि साल भर में दो महीने तो काम करते हैं और दस महीने बेकार रहते हैं। उन को कोई काम मुहैया करने की तजवीज़ निकालो। दस महीने लोग बेकार रहते हैं, आबादी ज्यादा से ज्यादा है फिर अगर गवर्नमैंट उन को काम नहीं मुहैया करती तो क्या होगा। आप जानते हैं idle brain is Devil's workshop. आप के सूबे में जुर्म क्यों बढ़े हैं? खाली आदमी ऐसी ही बातें सोचता है उन के काम के जराए तो कोई हैं नहीं। गवर्नमेंट ने शराब बन्दी की। वे लोग खाली थे अपनी रोज़ी का कोई न कोई जरिया निकालना था उन्होंने शराब निकालनी शुरू कर दी। मुझे बताइए कि इस के जिम्मेदार कौन हैं, सरकार या वे लोग। बेकार आदमी क्या करेगा। आप उन को काम पर नहीं लगाते तो वह खुद कुछ करेगा, चोरी करेगा या शराब निकालेगा। यही वजह है कि देहात में जरायम की तादाद बढ़ती जा रही है। उन को किसी प्रकार का रिलीफ देने के लिए आप

[चौधरी राम सरूप]
तैयार नहीं होते, उन की बात सुनने के लिये तैयार नहीं होते। इस से ज्यादा अफसोस की बात और क्या हो सकती है। यहां पर हर आदमी हरिजनों की हमदर्दी जाहिर करता है। कहते हैं कि हरिजनों की मदद करनी चाहिए। इस से कोई इनकार नहीं कर सकता। लेकिन हमारी गवर्नमैंट का मदद करने का तरीका क्या है। आप सुन लीजिए। मास्टर जी भी कमेटी के मैम्बर हैं। पहले जो देहात में शामलात जमीन होती थी वह चरागाह के तौर पर इस्तेमाल होती थी। वहां पर हरिजन लोग अपनी गाएं भैंस चरा कर अपना गुज़ारा करते थे। उन के बच्चों को दूध भी मिल जाता था। उन की सेहत अच्छी रहती थी। लेकिन हमारी गवर्नमैंट की पालिसी यह है कि जो आदमी भी मजबूत है उस कमज़ोर किया जाए। इसी नीति को निगाह में रखते हुए उस ने शामलात उन से छीन ली और उल्टा हरिजनों को बदनाम कर दिया कि हम इन को रिलीज दे रहे हैं। लेकिन हकीकत में कुछ नहीं किया जा रहा। मैं क्या बयान करूं। ज्यादा वक्त नहीं है। कहते हैं कि हम सब कुछ देहात की खातिर कर रहे हैं वहां की आबादी 80 प्रतिशत है उन में हरिजन भी आ जाते हैं। असल में ऐसे ज़राय निकालते हैं कि जिन से उन को बरबाद किया जाए, हरिजनों और ज़मींदारों को अलग अलग किया जाए। हरिजनों को ज़मीन देने के लिए जो ज़मीन surplus निकाली गई है वह लाखों एकड़ ज़मीन गांव के ज़मींदारों ने दी है। गांव की पंचायतों ने मुहैया की है। और उधर tax भी 25 प्रतिशत Land Revenue पर। पहले तो तजवीज़ थी कि 50 प्रतिशत लगाया जाए लेकिन यह समझिए कि मेहरबानी की या यूं समझा कि इस में बहुत ज्यादा जुल्म होगा थोड़ा सा जुल्म कम कर दो, लिहाज़ा 25 प्रतिशत किया गया। मैं सरकार को इस बात की चेतावनी देना चाहता हूं कि वह चाहे जो कुछ करे सूबे की wealth नहीं बढ़ सकती जब तक कि देहात की तरक्की न की जाए। ज़रूरी है कि उस तरफ ज्यादा से ज्यादा ध्यान दिया जाए।

अब गवर्नमैंट benches की तरफ से बड़े फ़ख्र के साथ कहा जाता है कि हमने आज़ादी ले दी, स्वराज्य ले दिया और अब किसी और चीज़ की जरूरत नहीं रही। आप के जरिए मैं अर्ज़ करता हूं कि बेशक हरेक आदमी इस बात को मानता है कि आज़ादी की जिन्दगी गुलामी की जिन्दगी से बदरजहा अच्छी है लेकिन इस के साथ साथ इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि अगर आजादी का गलत इस्तेमाल किया जाए तो वह गुलामी से बदरजहा ज्यादा मुसीबत साबत होती है। असलियत यह है कि Government की policy depend करती है Cabinet Ministers और खास तौर पर चीफ मिनिस्टर की policy पर। हालांकि पहले हमारा देश गुलाम था; अंग्रेज़ों का राज था, लेकिन, डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप को पता है कि उन दिनों जो Cabinet Ministers की selection होती थी वह best होती थी, काबलियत के लिहाज़ से, चोटी के आदमियों को लिया जाता था। Joint Punjab के वक्त, ख्याल कीजिए कि सिक्खों में से मिनिस्टर थे सरदार सुरजीत सिंह मजीठिया—best selection थी। Finance Minister थे सर मनोहर लाल, यह भी किस कदर best selection थी। ज़मींदारों के representative थे चौधरी छोटू राम। क्या कोई कह सकता है कि यह best selection नहीं थी? हालांकि

उन दिनों में अंग्रेजों की सरप्रस्ती में काम करना पड़ता था लेकिन जो जो काम उन्होंने किए बाहर जाकर हमारे चीफ मिनिस्टर तक उनकी तारीफ करते हैं । उन्हीं की अगर हम यहां House के अन्दर तारीफ़ करें तो ताने के तौर पर कहा जाता है कि ये तो उनके पुराने फरमांबरदार हैं। मैं कहता हूं कि अगर कोई अच्छे काम करने वाला आदमी हो और उसके साथ रहने वाला उसकी तारीफ करे तो क्या उसकी disqualification समझी जाए ? मुझे अफसोस से कहना पड़ता है कि जब हम यहां अपने बुजुर्ग साथियों की तारीफ करते हैं तो हमें ताने के तौर पर "उस पुराने वक्तों के फरमांबरदार" कह कर पुकारा जाता है ।

उपाध्यक्षा : क्या आप मिनिस्टरों के लिए कोई इम्तहान मुकर्रर करना चाहते हैं (Does the Hon. Member want some test to be prescribed for the Ministers ?)

चौधरी राम सरूप : अगर मेरे अख्तियार में हो तो बताऊँ लेकिन बहस के तौर पर चूंकि आपने इम्तहान की बाबत पूछा है तो आप ही ज़रा इस बात को सोचें कि क्या ये लोग मिनिस्टरी के मुस्तहक हैं ? क्या यह Ministers की सही selection है ? आखिर किसी किस्म का कोई तो मयार हो और अगर आपका ख्याल हो कि कुछ और नहीं तो उनके लिए इम्तहान ही रखना है तो वही रख लें । मैं उस पर भी खुश हूं । मैं ज्यादा कुछ नहीं चाहता लेकिन कोई point of view सामने रखें कोई मयार सामने रखें ; Ministers की selection तो सही हो ताकि लोगों के जितने अच्छे और काबिल नुमाइन्दे Cabinet में होंगे उतनी सूबे की, देश की बेहतरी और बहबूदी होगी । लेकिन माफ करें, सरदार प्रताप सिंह कैरों इस वक्त House में मौजूद नहीं, वह चीफ मिनिस्टर हैं । यह काम उनका है कि मौजूदा आदमियों में से किस तरह अपनी team की best selection हो सकती है । वह मेरे दोस्त भी हैं और मैंने कई बार कोशिश भी की कि इन सब बातों को private तौर पर उनके गोशगुज़ार करूँ लेकिन वह मिल ही नहीं पाते । मैं उनका सच्चा दोस्त हूँ और सच्चा दोस्त वही होता है जो अपने दोस्त की गलतियों को भी उस के मुंह पर बयान करे लेकिन मुझे बावजूद कोशिश करने के अब तक मौका ही नहीं मिला। आज बहस में हिस्सा लेते वक्त मुझे यह बातें कहनी पड़ी और मैं समझता हूं कि आज मैं अपनी सही duty अदा कर रहा हूँ जब मैं यह कहता हूँ कि पंजाब मिनिस्टरी की selection बिल्कुल गलत तरीके से हुई है। उनमें से एक आध की ठीक भी होगी लेकिन इस से कोई बात नहीं बनती ।

उपाध्यक्षा : जब आप यह कहते हैं कि चीफ़ मिनिस्टर आपके दोस्त हैं तो ये सारी बातें उन्हें मिलकर समझा दें (When the hon. Member claims that the Chief Minister happens to be his friend then it is better to bring these things home to him privately.)

चौधरी राम सरूप : मैंने अभी तक तो इस सिलसिले में कुछ कहा ही नहीं आगे चल कर काफी कुछ कहना पड़ेगा । इसलिए बजाए इसके कि मैं यहां पर कुछ कहूं आप की बड़ी मेहरबानी होगी अगर आप उनके साथ मेरी मुलाकात arrange करा दें । मैं तो यह महसूस करता हूँ कि अगर चीफ मिनिस्टर साहिब को कोई भी खुददार आदमी मिलने के लिए जाए तो मिल ही नहीं सकता ।

ਖੇਤੀ ਬਾੜੀ ਅਤੇ ਕਲਿਆਣ ਮੰਤਰੀ : ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ, ਇਧਰ ਆ ਜਾਉ ।

चौधरी राम सरूप : मास्टर साहिब, कुछ तो उधर आ गया हूँ जो आप लोगों की बात सुन लेता हूँ , आप के साथ co-operation करना चाहता हूँ लेकिन अभी इस कदर जलालत के दर्जा पर नहीं पहुंचा हूँ कि उधर जा बैठूं । आहिस्ता 2 आप लोगों का सत्संग होता जा रहा है लेकिन मैं कोशिश करूँगा कि आप के सत्संग का असर मेरे ऊपर न होने पावे ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमारे हरयाणा में एक कहावत है कि:—

"बनिया हाकिम ब्राह्मण शाह
जट मुहासल गजब खुदा"

यानी जहां पर बनिया हाकिम हो, ब्राह्मण खजाने का अफसर हो और Revenue Minister जिसको मुहासिल कहते हैं वह जाट हो तो खुदा का गज़ब हो जाता है । यही एक बात है समझदारी की, काबलियत की । जहां तक सियासत का ताल्लुक है मैं चीफ मिनिस्टर साहिब की लियाकत की दाद देता हूँ कि जो लोग उनके साथ रहते हैं उनके सभी काम करवाने के लिए बड़ी खुशी से हमेशा तैयार रहते हैं लेकिन जहां तक Ministers की selection का ताल्लुक है आप देखें कि हमारे मित्तल साहिब कितने शरीफ़ आदमी हैं हैं—लेकिन उनके स्पुर्द काम क्या कर दिया ? लोगों पर टैक्स लगाने का ।

उपाध्यक्षा : अब आप कितनी देर और बोलेंगे? (How much more time will the hon. Member take for his speech?)

चौधरी राम सरूप : जितनी देर तक आप इजाज़त देंगे । जब आप हुकम करेंगे, मैं बैठ जाऊँगा । मेरे पास घड़ी तो है नहीं, चाहे मेरी बात पूरी भी न हो जिस वक्त आप कहेंगे मैं उसी वक्त अपनी seat पर बैठ जाऊँगा । तो मैं कह रहा था कि मित्तल साहिब जैसे शरीफ आदमी को लोगों पर taxes लगाने के लिए बैठा दिया है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, यहां तो इतने होशियार लोग हैं जो उनकी शराफत का नाजायज़ फायदा उठाएंगे वह लोग तकड़े आदमी हैं । और तकड़े आदमी क्या करते हैं ? तकड़े आदमी ज़िन्दों को मारते हैं लेकिन जो शरीफ आदमी हैं वह मरे हुओं को ही मार सकता है । जिनकी कमर आगे ही टैक्सों के बोझ से दबी पड़ी है उन पर कोई ज्यादा शरीफ आदमी ही मज़ीद टैक्स लगा सकता है । अब जो खज़ाने के मन्त्री हैं उनकी भी सुन लीजिए । वह पंडित हैं, इस वासते उनको इस काम पर लगाया । जैसे मैंने पहले बताया, "शाह" उसको कहते हैं जिसके पास पूंजी हो और वह खर्च कराए । बेशक डाक्टर साहिब की बहुत ज्यादा कौमी खिदमत हैं, बहुत अच्छे आदमी हैं । लेकिन मैं समझता हूं कि अगर उनको किसी और महकमे का मिनिस्टर बना दिया जाए और मित्तल साहिब को खज़ाने का incharge कर दिया जाए तो ठीक ढंग से काम चल सकेगा ।

Deputy Speaker : You are not relevant.

चौधरी राम सरूप : मैं बिल्कुल relevant हूँ सदरे मोहतरिमा ! मैं वज़ीरों के बरखिलाफ़ कुछ नहीं कह रहा । मैं इनके हक में हूँ लेकिन मैं यह बता रहा हूं कि इनके पास महकमों की तकसीम गलत ढंग से की गई है । जब तक तकसीम को ठीक नहीं किया जाएगा वह सूबे की अच्छे ढंग से सेवा नहीं कर पाएंगे । मैं irrelevant तो कुछ नहीं कह रहा अगर आप irrelevant समझती हैं तो मैं बैठ जाऊंगा ।

उपाध्यक्षा : मेरा मतलब है कि आप अपने इलाके की तकलीफों को बयान करें । (What I mean to say is that the hon. Member should point out the difficulties of his constituency.)

(**आपोज़ीशन के कुछ माननीय सदस्य** : इसी तरीके से आप कोआप्रेशन मांगते हैं?) जो आपोज़ीशन की तरफ से हमें कोआप्रेशन मिली उसको मैंने देखा है और जो आपोज़ीशन की तरफ से स्पीचिज़ हुई हैं वह भी सुनी हैं। मैं इन बातों में नहीं जाना चाहता हूं और किसी की नुक्ता चीनी भी नहीं करना चाहता हूं। आजकल हमें नेशनल ऐमर्जैंसी का काम है। (At this stage Deputy Speaker occupied the Chair) आज कैप्टन रत्न सिंह जी ने अपनी तकरीर में कहा था कि चीन का झगड़ा अभी खत्म नहीं हुआ और हो सकता है कि हालात बिगड़ जाएं। लेकिन पता नहीं कि कब बिगड़ जाएं। मैं उन के विचारों से पूरी तरह सहमत हूं। हम हर एक से कौम की सेवा के लिए कोआप्रेशन चाहते हैं ऐसे मौकों पर हरेक को Govt. की मदद करनी चाहिए। इस वक्त मैं ज्यादा

[गृह मन्त्री]

तफसील में नहीं जाना चाहता क्योंकि समय नहीं है । लेकिन, डिप्टी स्पीकर साहिबा, पंजाब अमीर सूबा नहीं है । इस के बावजूद भी पंजाब ने नैशनल डिफैंस फण्ड को इकट्ठा करने में देश की आगवाई की है । इसमें पंजाब 5.60 करोड़ रुपये इकट्ठे कर चुका है । मैं पंजाब का किसी अन्य प्रांत से मुकाबला नहीं करना चाहता हूं, लेकिन आप जानते हैं कि धनाढय सूबों के लोग और लैजिसलेटर्ज़ हमारे चीफ मिनिस्टर की मिसाल देते हैं ।

कइयों ने अपने कानों से यह बात उन के मुंह से सुनी । आज नैशनल डिफैंस फण्ड इकट्ठा करने में पंजाब सब से आगे है । आप की कोआप्रेशन और लोगों की हिम्मत की हम दाद देते हैं कि सब ने मिल कर इस में काम किया और सारे पंजाब का नाम ऊंचा हुआ । आखिर में यह बात हम सब के समझने की है कि जिस के ऊपर ज़िम्मेदारी होती है उस के उत्साह देने से और उस की गाईडैंस से जब कोई काम होता है तो उसे धन्यवाद हासिल करने का हक होता है । मुझे मान से यह कहने की जुरअत है कि पंजाब ने ही सब से पहले सारे हिन्दोस्तान में अगवाई की थी कि जो हमारे फौजी नौजवान वहां पर हैं उन को फलां फलां सहूलियात हम देंगे । सब से पहले वह तमाम सहूलियात देने का फैसला किया था । वह सहूलियात कौन कौन सी हैं मैम्बर साहिबान जानते हैं । मैं उन को दोहराना नहीं चाहता । दूसरे सूबों ने भी और बल्कि खुद सेंटर ने भी पंजाब की तरफ देख कर बाद में इस बात का फैसला किया था । हर किस्म की भर्ती में पंजाब सब से आगे है । हवाई फौज में भी और दूसरी फौज में भी अफसरों की भर्ती में पंजाब सब से आगे है । बल्कि हमें गिला इस बात का है कि हमारे जितने नौजवान भर्ती हो कर जाना चाहते हैं उन को भर्ती होने का मौका नहीं मिलता । पंजाब ने इस तरह से भी सब की अगवाई की । इसी तरह से सिविल डिफैंस और होम गार्डज़ में भी आप देखिये कि दिल्ली की सरकार और दूसरे सूबों की सरकारों की अगवाई पंजाब ने की है यह बात सब सूबों वाले मानते हैं । मैं ने अभी अभी ज़िक्र किया कि जब एमर्जैंसी डीक्लेयर हुई तो यहां पर डिफैंस फण्ड के लिये पैसा बचाने का जज़बा और जोश सब से ज्यादा पंजाबियों में पैदा हुआ । यह एक शानदार काम है कि पंजाबियों में कुर्बानी देने का इतना जज्बा और जोश है । सारे हिन्दोस्तान में बढ़ कर काम पंजाबियों ने किया । हर पहलू से पंजाब आगे है । उस की अगवाई किस ने की ? सब से पहले पंजाब के चीफ मिनिस्टर ने यह स्टेटमैंट दी थी कि हम जल्दी ही दो करोड़ रुपया इकट्ठा करना चाहते हैं । टारगैट फिक्स किया, डेट मुकर्रर की । लोगों ने कितनी शान दिखाई ? दो करोड़ नहीं उस से भी बढ़ते बढ़ते आज पांच करोड़ रुपये से भी बढ़ गए । अभी अभी आपोज़ीशन के लीडर नैंशनल डिफैंस का ज़िक्र करते हुए जोश में आ कर कह गए........

चौधरी देवी लाल : On a point of explanation, Madam.........

गृह मन्त्री : मैं बैठता नहीं (विघ्न) उन्हों ने बड़े ज़ोर से बात कही कि यह रुपया पंचायतों के ज़रिये इकट्ठा किया गया । (विघ्न) पंचायतों का फंड लिया गया, ब्लाक समितियों के रुपये लिये गए, म्यूनिस्पल कमेटीज़ के ज़रिये फंड इकट्ठे किये गए । मैं कहता हूं कि पंचायतों के ज़रिये फंड इकट्ठा किया गया तो.......(विघ्न)

चौधरी देवी लाल : पंचायतों के ज़रिये नहीं, पंचायतों का रुपया लिया गया ।

गृह मन्त्री : यह सही तरीका है, पंचायतों के ज़रिये इकट्ठा किया गया ....(विघ्न)

Deputy Speaker : No interruptions please.

गृह मन्त्री : मैं मानता हूं डैमोक्रेसी में यह सही ढंग है । पंचायतों ने इकट्ठा किया, लोगों नें इकट्ठा किया । पंचायतों के ज़रिये इकट्ठा किया जाए तो आप को एतराज़ है, किसी सरकारी एजेंसी के ज़रिये इकट्ठा किया जाए तो भी आप को एतराज़ है और कांग्रेस का कोई वर्कर इकट्ठा करे तो आप को एतराज है........(विघ्न)

श्री बलरामजी दास टंडन : डिप्टी स्पीकर साहिबा, अगर होम मिनिस्टर गलत बयानी करे तो.....

गृह मन्त्री : आप को इजाज़त है ऐसी बातें करने की...... (विघ्न)

मैं चौधरी देवी लाल से अपने आप का मुकाबला नहीं करना चाहता। मैं छोटा आदमी हूं और वह बहुत बड़े आदमी हैं (विघ्न)

चौधरी देवी लाल : मैं करवाना ही नहीं चाहता (आवाजें)

गृह मन्त्री : यह बहुत बड़े आदमी हैं । किसी बड़े आदमी से अपना मुकाबला करें तो अच्छा है । (विघ्न) यहां पर मिनिस्टरी में रिडक्शन के बारे में चीफ मिनिस्टर को धन्यवाद देते हुए भी आपोज़ीशन के मैम्बर साहिबान को, बहुत दिकक्त होती है । जो हालात उन्होंने बयान किये मैं उन में नहीं जाना चाहता लेकिन उन को यह बता सकता हूं । किसी के साथ मुकाबला नहीं करता । मेरा किसी दूसरी स्टेट की तरफ नुक्ताचीनी करने का इशारा नहीं है । लेकिन क्या किसी स्टेट की तरफ से कोई कदम उठाया गया ? नहीं उठाया गया । क्या वहां पर ऐसी आवाजें नहीं उठाई गईं । आप सब कुछ जानते हैं । मैं किसी स्टेट से मुकाबला नहीं करता । मैं जानता हूं ऐसी आवाजें वहां पर भी उठाई गईं लेकिन मिनिस्टरी में किसी जगह पर भी कमी नहीं की गई । इस

[गृह मन्त्री]

लिये आप को झिझक नहीं महसूस करनी चाहिये । जब पंजाब के चीफ मिनिस्टर ने बोल्ड कदम उठाया था तो मेरे दोस्तों को अपनी झिझक दूर करते हुए इस रैज़ोल्यूशन में शामिल हो जाना चाहिये था । (विघ्न)

डिप्टी स्पीकर साहिबा, एक मैम्बर साहिब ने यह बात कही कि आरडिनैंस के ज़रिये कुछ स्टेट मिनिस्टर्ज़ और डिप्टी मिनिस्टर्ज़ को एकांमोडेट किया गया । मुझे अफसोस है उन की नावाकफ़ियत पर । तीन स्टेट मिनिस्टर्ज़ या डिप्टी मिनिस्टर्ज़ को गर्वनमैंट की तरफ से काम सोंपा गया है । कैप्टन रत्न सिंह जी पंजाब रक्षा दल के आर्गेनाइज़र आनरेरी कैपैसिटी में लगे हैं । श्री यश जी जो कि स्टेट मिनिस्टर थे उन को होम गार्ड के जालन्धर डिवीज़न में रिजनल कमांडेंट लगाया गया है । अब भी वे आनरेरी कैपैसिटी में काम कर रहे हैं । ज्ञानी ज़ैल सिंह को पटियाला डिविज़न में आनरेरी कैपैसिटी में काम करने के लिये मुकर्रर किया गया है । मैं नहीं समझता कि इस में कौनसी बात किसी भी मैम्बर साहिब ने एतराज़ वाली पाई । अगर किसी को ज़िम्मेदारी दी जाती है कि वह होम गार्ड को आरगेनाईज़ करे या रक्षा दल को आर्गेनाईज़ करे तो मैम्बर साहिब को क्या एतराज़ है जब कि वह आनरेरी कैपैसिटी में काम करता है ? लेकिन मतलब तो एतराज़ करने से ही है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप जानती हैं कि बहुत सी बहस चीफ मिनिस्टर साहिब ने जो एडवाईज़र्ज़ मुकर्रर किये उन पर होती रही । कहने लगे कि धन्यवाद बिल्कुल नहीं देंगे क्योंकि उन्हों ने एडवाईज़र्ज़ मुकर्रर कर लिये हैं । (विघ्न) चूंकि उन्हों ने 11 एडवाईज़र्ज़ मुकर्रर कर लिये हैं एडवाईस लेने के लिये । इस लिये उन का सारा किया हुआ काम भूल गए । पंजाब का सारा काम, पंजाब की तरक्की का सारा काम, डिफैंस ऐफर्टस मिनिस्टरी में जो रिडक्शन हुई वह सारा काम 11 आदमियों के एडवाईज़र्ज़ मुकर्रर करने से भूल गए । (विघ्न)

डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप खुद ही इन्हें ज़रा रोक लीजिए । मैं तो कुछ कहूंगा नहीं, लेकिन ऐसा न हो कि मुझे भी कुछ कहने की ज़रूरत महसूस हो जाए । (विघ्न)

Deputy Speaker : No interruptions please.

गृह मन्त्री : तो मैं यह कह रहा था कि अगर यही मयार है इनकी दलीलों और बहस का कि चन्द व्यक्तियों को एडवाइज़र मुकर्रर करने पर तूफान बरपा कर दिया और यह कहा गया कि यहां पर अन्धेर मच रहा है, पंजाब में किये गए तरक्की के सभी काम मिट गए तो मैं यही कहूंगा कि इन के आर्गूमेंट्स और इन की दलीलें इन्हीं को मुबारिक हों । वरना मैं समझता हूं और हर एक आदमी इस बात को जानता है कि अगर चीफ मिनिस्टर किसी भी राजनैतिक व्यक्ति की, समझदार आदमी की किसी वक्त भी एडवाईस लेना चाहें तो उन्हें इस बात का हक है ।

कुछ विरोधी दल के माननीय सदस्य : कैबिनेट राए नहीं दे सकती क्या ?

गृह मन्त्री : यानी एडवाईज़र्ज़ मुकर्रर करने से पहले जो कुछ काम किए, जो बचत की वह सारी की सारी खत्म हो गई ? क्या इसलिए कि उन्हों ने न कोई अलाऊंस लेना है और न उन पर कोई खर्चा होना है ? मैं आप के ज़रिए अपने इन दोस्तों से पूछता हूं कि क्या सिर्फ इसी बात से चीफ मिनिस्टर साहिब ने और जितने अच्छे अच्छे काम किए सब खत्म हो गए ? ऐसी दलीलें मुबारिक हों मेरे इन साथियों को वरना, डिप्टी स्पीकर साहिबा, खुद आपोज़ीशन के दोस्त भी अच्छी तरह से जानते हैं कि कितनी कमेटियां हैं एडवाईज़र्ज़ की । यह लोक–राज है, लोगों की अच्छी राए जहां कहीं से भी मिल सके उसे हासिल करना हमारा काम है, फर्ज़ है । उसको एक्सैप्ट करना या ना करना अलग बात है लेकिन जहां से अच्छी राए मिल सके लोक राज में उसे हर हालत में हासिल करना जनता की भलाई के लिए, सूबे की तरक्की के लिए ऐसे आदमियों से सलाह मशविरा करना कोई बुरी बात नहीं । चन्द व्यक्तियों के साथ अगर किसी का इत्तफाक न हो तो इसी बात को लेकर सारी चीज़ को इस तरह की दलीलें देकर खत्म कर देना, मैं समझता हूं कि इस से उन्हों ने इस रैज़ोल्यूशन के साथ कोई इन्साफ नहीं किया । (विघ्न)

जो एडवाइज़र्ज़ मुकर्रर किए उन में हर एक के मुताल्लिक मैं बता सकता हूं लेकिन यहां पर व्यक्तियों को डिस्कस करना मुनासिब मालूम नहीं देता । (विघ्न) मैं अपने दोस्तों की सतह पर नहीं जाना चाहता । मैं इन दोस्तों के बारे में बहुत कुछ जानता हूं जो इस वक्त भी बेचैन हो रहे हैं लेकिन मैं इनकी बातों को यहां पर लाकर बहस के मयार को किसी तरह से कम नहीं करना चाहता । मैं जानता हूं डाक्टर मंगल सेन के मुताल्लिक....

श्री मंगल सेन : कह दो न फिर । कहते क्यों नहीं ।

उपाध्यक्षा : मंगल सेन जी, आप चुप रहिए । (I would request Dr. Mangal Sain to keep quiet.)

गृह मन्त्री : डिप्टी स्पीकर साहिबा, कहना चाहूं तो क्या कुछ नहीं कह सकता लेकिन, जैसा कि मैंने पहिले अर्ज़ किया, मैं हाऊस की शान को ऊंचा रखने के लिए, इसकी डिगनिटी को बरकरार रखने की खातिर अपने इन दोस्तों की सतह पर नहीं उतरना चाहता । (विघ्न) इसी तरह लीडर आफ दी आपोज़ीशन के मुताल्लिक भी मैं जानता बहुत कुछ हूं, यह बहुत अच्छे आदमी हैं लेकिन इन की ज़ात के मुताल्लिक जानता हुआ भी कुछ कहना मुनासिब नहीं समझता ।

चौधरी देवी लाल : और अपने मुताल्लिक.......

उपाध्यक्षा : चौधरी साहिब, मेहरबानी करके इस तरह से इंट्रप्ट करने की कोशिश न करें । (I would request the Leader of the Opposition not to interrupt like this.)

गृह मन्त्री : इसी तरह से एडीशनल डिप्टी कमिशनर के मुताल्लिक एतराज़ किया गया और ऐसा करते हुए मेरे अपोज़ीशन के दोस्तों ने बहुत सख्त अल्फाज़ का इस्तेमाल भी किया । कहा गया कि आज जब कि गवर्नमेंट बचत करने का दावा कर रही है, हर जिले में एडीशनल डिप्टी कमिशनर मुकर्रर करके इतना फज़ूल खर्च किया है जिसका कोई अन्दाज़ा नहीं । डिप्टी स्पीकर साहिबा, ज़रा आप इन के आर्गूमेंट्स की तरफ ध्यान दीजिए कि क्या मौजूदा हालात में इस तरह की बातें करना और ज़रूरत को महसूस करते हुए भी खामखाह की नुक्ताचीनी करना कहां तक शोभा देने वाली बात है । एमर्जेंसी के वक्त में कौन नहीं जानता कि इस बात की अशद ज़रूरत थी कि लोगों के अन्दर कानशसनैस क्रीएट की जाए, कानफीडेंस क्रीएट किया जाए, फौज में भर्ती के लिए, नैशनल डिफैंस के लिए उन में उत्साह और जोश पैदा किया जाए । इन डिप्टी कमिशनरों को इसी लिए लगाया गया ताकि जो पहिले डिप्टी कमिशनर थे वह अपना पूरा ध्यान डिफैंस से सम्बन्ध रखने वाली बातों की तरफ दे सकें और जो जिलों का एडमनिस्ट्रेटिव काम है वह एडीशनल डिप्टी कमिश्नर चलाएं । मुझे समझ नहीं आती कि कौन सा तूफान उठ गया था अगर इन एडीशनल डिप्टी कमिश्नरों को एमर्जेंसी के हालात को मद्देनज़र रखते हुए लगा दिया गया । अगर इन की बहस का, इनकी दलीलों का और इन के आर्गूमेंट्स का यही मयार है तो यह इन्हीं को मुबारिक हो ।

उपाध्यक्षा : पंडित जी, इस रेजोल्यूशन को आज खत्म कर दें । (I would ask the hon. Home Minister to please dispose of this resolution today).

गृह मन्त्री : आप मुझे जिस वक्त हुकम देंगीं मैं बैठ जाऊंगा ।

श्री मंगल सेन : On a point of order, Madam .....

Deputy Speaker: No point of order please.

श्री मंगल सेन : Point of order raise करने का मेरा हक है ।

Deputy Speaker : What is your point of order ?

श्री मंगल सेन : मेरा प्वाइंट आफ आर्डर यह है कि स्पीकर साहिब ने यह फैसला कर दिया था कि गृह मन्त्री महोदय आध घंटा बोलेंगे । अब तक इन्होंने जो कहना था कह दिया (विघ्न) मैं कथा वाचन तो नहीं कहूंगा, मगर जो कुछ कहना था कह चुके हैं । मैं यह पूछना चाहता हूं कि जो फैसला स्पीकर साहिब कर गए हैं, क्या आप उस के बाहर जा सकती हैं ?

उपाध्यक्षा : आप मुझे लिखकर भेज दीजिए ताकि मुझे पता लग जाए कि स्पीकर साहिब ने क्या फैसला किया था । (I would request the hon.

Member to send me in writing for my information what was decided by the hon. Speaker.)

श्री मंगल सेन : आप का स्टाफ यहां बैठा हुआ है । सैक्रेटरी और डिप्टी सैक्रेटरी साहिब बैठे हुए हैं । आप इन से पता कर लीजिए मैं फिर कहूंगा कि आध घंटे का समय पूरा हो चुका है और स्पीकर साहिब के एक डीक्लेयरड फैसिले के बाहर आप नहीं जा सकतीं ।

उपाध्यक्षा : आप का शुक्रिया । (Thank you.)

गृह मन्त्री : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं तो जनरल सी ही बातें कर रहा था । अभी तक तो मैं ने इन मेम्बर साहिब की बाबत कुछ कहा भी नहीं था कि इतने में ही तिलमिला उठे, घबरा गए । कई बातें कह सकता हूं । (विघ्न)

उपाध्यक्षा : आप का टाईम खत्म हो रहा है । जल्दी जल्दी wind up करें । (The time allowed for the speech of hon. Minister is about to be up. He should wind up soon.)

चौधरी इन्द्र सिंह मलिक : On a point of order, Madam. होम मनिस्टर साहिब ने फरमाया है कि वह डाक्टर मंगल सेन और चौधरी देवी लाल जी के मुताल्लिक बहुत कुछ कह सकते हैं । क्या राओ बीरेन्द्र सिंह के बारे में भी कुछ कहना चाहेंगे ? (विघ्न)

गृह मन्त्री : डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन्हें ज़रा अक्ल दीजिए कि प्वाइंट आफ आर्डर क्या होता है । इन्हें गाईडैंस दीजिए, समझाइए ज़रा ।

उपाध्यक्षा : यह तो आप की अटैनशन डाईवर्ट करना चाहते हैं । सैंस हो या न हो प्वांइट आफ आर्डर पर उठ पड़ते हैं । आप मेहरबानी कर के वाइंड अप करें । (They want to divert the attention of the hon. Minister. Sense or no sense, they will stand on a point of order. Please wind up.)

गृह मन्त्री : डिप्टी स्पीकर साहिबा, कुछ मेम्बर साहिबान ने यह बात कही थी कि एमर्जैंसी के दौरान नई पोस्ट्स क्रीयेट कर दीं । हां, की गई हैं जैसे कि होम गार्डज़ के मुताल्लिक, और सिविल डिफैंस के साथ सम्बन्ध रखने वाली बातों के मुताल्लिक हमने चीफ एडवाइज़र मुकर्रर किया । इस वक्त सरदार गुरनाम सिंह जी नहीं बैठे । उन को उन्होंने हाईएस्ट टर्मज़ में ट्रीब्यूट पे की थी । हमें खुशी है कि हमने उन्हें एसे वक्त पर चीफ एडवाईज़र मुकर्रर किया है । इसी तरह और

[गृह मन्त्री]

भी posts create की हैं। होम गार्डज के लिए एक नई पोस्ट क्रीएट की D. I. G. के लैवल पर Deputy Commandant की। सिविल डिफैंस के लिए डी. आई. जी. के लैवल की पोस्ट क्रीयेट की। अगर उनको इस तरह की पोस्टस पर एतराज़ है तो मैं हैरान हूँ कि और किस बात पर एतराज़ नहीं हो सकता।

लीडर आफ दी आपोज़ीशन बातें करते करते बहुत जोश में आ गये थे कि जो लैजिस-लेटरज़ डिफैंस कनसलटेटिव कमेटी बनी हुई है जिसमें वह खुद और दूसरे आपोज़ीशन के दोस्त मैम्बर हैं, वहां उनकी बात करने की जुर्रत नहीं होती, बात नहीं कर पाते। पता नहीं वहां पर कौन सी........

चौधरी देवी लाल : हम इतने कमज़ोर नहीं, हम तो आपकी बाबत कह रहे थे।

गृह मन्त्री : मुझे समझ नहीं आई कि कौन सी बात का इन्होंने अपने लिये कम्पलीमेंट लिया है और ऐसा कह कर अपने दूसरे साथियों को क्या कम्पलीमेंट पे किया है। हम उनकी हर बात को सुनते हैं और सुनने को तैयार हैं लेकिन उन्होंने यहां पर इस बात को क्यों उठाया, मैं समझ नहीं पाया। इसके अलावा, डिप्टी स्पीकर साहिबा, लीडर आफ दी आपोज़ीशन ने भारी अन्याय किया जबकि उन्होंने यह बात कही कि हर बात का फैसला डंडे से होता है। उन्होंने जिक्र किया कितनी ही एजीटेशनों का जो यहां पर हुई—पटवारियों की एजीटेशन, कम्यूनिस्ट दोस्तों की एजीटेशन, पंजाबी सूबे के नाम पर होने वाली एजीटेशन—और कहा कि इस चीफ मनिस्टर को कैसे धन्यवाद दिया जाए, जिन्होंने इस प्रकार की एजीटेशनों को डंडे से दबाया। मुझे तो उनकी यह दलील समझ में नहीं आई।

चौधरी देवी लाल : समझ में आ ही नहीं सकती।

गृह मन्त्री : डिप्टी स्पीकर साहिबा, जैसा आन्दोलन चले, जैसे हालात हों, जैसी ऐजीटेशन हो उसको उसी ढंग से हल करना होता है जिस ढंग की वह मोहताज हो। इस में एतराज वाली कौन सी बात है? राजनीति, गवर्नमैंट किसी सिद्धान्त पर चलती है और मेरा ख्याल है कि लीडर आफ दी आपोजीशन इस बात को भली प्रकार से जानते हैं। ठीक है कि लोकराज में डैमोक्रेसी में प्यार से बातें होती हैं, प्यार से लोगों को समझाना होता है लेकिन इस के साथ साथ जहां ज़रुरत हो वहां डंडे का भी इस्तेमाल करना ही पड़ता है। इस लिए इन पुरानी बातों के याद आने का आज क्या मौका था, यह मैं समझ नहीं पाया।

इस रैज़ोल्यूशन पर मैं नहीं समझ सका कि वह क्यों पुरानी बातें लाई गई क्योंकि वे तो पुरानी बातें थीं और वे कई दफा हो चुकी थीं। वह आन्दोलन और वह एजीटेशनज़ जो यहां हुई उन्हें याद करने पर इन्होंने मजबूर किया। यह उन को कोई फायदा नहीं पहुंचा सकेंगी।

1.00 p. m.

मुझे बड़ा अफसोस है कि इन से यह बात भी बर्दाश्त नहीं हो सकी जो चीफ मिनिस्टर साहब गुड़गावां में अहीरों का धन्यवाद करने के लिए गए हालां कि लीडर्ज़ आफ दी आपोज़ीशन को यह बात बर्दाश्त करनी चाहिए थी। उस के कारण कई हैं लेकिन मैं एक बतलाऊंगा और दूसरे कारण मैं नहीं बतलाऊंगा क्योंकि मैं वह सारे कारण यहां बतला कर हाऊस का वक्त ज़ाया नहीं करना चाहता। वह एक कारण यह है कि लदाख और नेफा के फ्रंटस पर अहीरों ने मजमुई तौर पर बड़ी बहादुरी दिखाई और हमारे पंजाब का उन्हों ने नाम पैदा किया। इस के लिए चौधरी देवी लाल को तो खुश होना चाहिए था कि चीफ मिनिस्टर साहिब अहीरों का मज्मुई तौर पर शुक्रिया अदा करने गए थे और उन का धन्यवाद करने गए थे। (विघ्न) लीडर आफ दी आपोज़ीशन ने तो उल्टी धमकियां दीं कुछ वार्निग्ज़ दीं। मैं उन का कुछ जवाब नहीं देता और न ही उन धमकियों और वार्निग्ज़ का मैं नोटिस ही लेता हूं क्योंकि मैं जानता हूं कि वह कई दफा जब भी जोश में आ जाते हैं तो कुछ बातें कह जाते हैं और उन की कई बातें तो ऐसी होती हैं जिन का कुछ मतलब भी नहीं होता और उन की जो धमकियां होती हैं वह भी फोकी होती हैं और वार्निगज़ भी बेमायने होती हैं।

फिर इन्होंने जो परसनल हमले किए चीफ मिनिस्टर पर और मेरे पर उन का भी मैं नोटिस नहीं लेता क्योंकि मैं ज़ाती बातों में जाना नहीं चाहता क्योंकि मैं समझता हूं कि यह वक्त इन चीज़ों के करने का नहीं है। यह वक्त पंजाब की आन और शान का वक्त है। इन्हें तो कहना चाहिए था कि पंजाब का इस एमर्जेंसी की वजह से मान बढ़ा है। इस की बजाए इन्हों ने तो यह बातें कह कर इस मान पर खाक डाल कर इस को मिटाने की कोशिश की है जो कि पंजाब की बदनामी का कारण हो सकती हैं। वैसे मैं इन को क्या कहूं, इतनी बड़ी किसी शखसियत को सामने रख कर इतनी बातें उस के मुताल्लिक कहना, जो उस के जानने वाले और उस के परिवार के मुताल्लिक भी बातें कहना मैं नहीं समझता कि इस में उन की और हाऊस की शान थी। लेकिन एक बात मैं कह सकता हूं कि पंजाब के चीफ मिनिस्टर सरदार प्रताप सिंह कैरों की जहां शोभा है, उस का नाम है, उस की तारीफ होती है वहां लीडर आफ दी आपोज़ीशन को पता होना चाहिए कि उन की यह बातें कहने का नतीजा यही हैं जो चान्द पर थूकने का होता है, यानी वह थूक थूकने वाले के अपने मूंह पर ही पड़ती है। अगर यह ऐसा करना चाहते हैं तो मुझे इस पर कोई एतराज़ नहीं। लेकिन जिस का मान सारा पंजाब करता हों सारा हिन्दुस्तान करता हो उस के मुताल्लिक आप ऐसी बाते कहते चले जाएं, यह आप का काम है, इस का जो नतीजा निकलेगा वह मैं ने आप को बतला दिया है। इस लिए डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं और ज्यादा वक्त नहीं लेता और जो और कुछ मैम्बर साहिबान ने कहा था उस का जवाब नहीं देता। सिर्फ एक बात, इन्साफ के नाम पर हाऊस से अपील करता हूं कि अगर चीफ मिनिस्टर ने पंजाब का नाम ऊंचा किया है, मिनिस्टरी को कम कर के और इस के साथ ही साथ डिफेंस एफर्टस बाकी सब States से ज्यादा कर के पंजाब का नाम रौशन किया है तो आप को इस

[गृह मन्त्री]

रैज़ोल्यूशन को पास करना चाहिए और अगर आप समझते हैं कि इन्हों ने और आप ने पंजाब का नाम ऊंचा नहीं किया तो यह आप की मर्ज़ी, इस के पास करने में आप शामिल हों या ना हों लेकिन असलियत को सारा पंजाब जानता है और उन्हें सारे जानते हैं। इस लिए मैं इन से नम्रतापूर्वक अर्ज़ करता हूं कि यह हठ को छोड़ दें इस झिझक को छोड़ दें और इस अच्छे काम में शामल हो जाएं, इस से इन की शोभा होगी।

श्री चांदी राम वर्मा (अबोहर) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, जैसे मैं ने उस दिन इस रैज़ौल्यूशन को पेश करते हुए यह अर्ज़ की थी कि मेरा रैज़ोल्यूशन बड़ा सिम्पल और सादा है और यह इसी तरह सीधी और साफ बात है जैसे दो जमा दो चार कहने वाली बात है लेकिन यह हैरानी की बात है कि पूरे दो दिन हाऊस के इस काम पर लग गए हालांकि इन दिनों में और भी बहुत सारा काम हो सकता था। जैसा कि पण्डित मोहन लाल जी ने कहा है हमारे आपोज़ीशन के कई भाई इस रैज़ोल्यूशन पर बोलते हुए कुछ पर्सनैलिटीज़ को डिस्कस करने में लगे रहे हैं। मैं इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता क्योंकि पण्डित मोहन लाल जी ने इन चीज़ों का जवाब देकर मेरा काफी बोझ हलका कर दिया है।

मेरा रैज़ोल्यूशन तीन हिस्सों में बंटता है। पहले हिस्सा में मैं ने कहा है कि हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब को उन के इस दलेराना कदम पर जो उन्हों ने उठा कर मिनिस्टरी में कमी की है यह सदन उन्हें बधाई देता है। दूसरे हिस्से में यह कहा गया है कि यह सदन उन तमाम उन मिनिस्टरों को, उन स्टेट मिनिस्टरों को, उन डिप्टी मिनिस्टरों को और पार्लिमैंटरी सक्रेटरी को बधाई देता है जिन्हों ने बड़ा हौसला किया कि इस एमरजैंसी की हालत के कारण अपने ओहदे छोड़ कर इस कदर कुरबानी की है। इस के तीसरे हिस्से में मैं ने अपने रैज़ोल्यूशन में यह कहा है कि जब यहां एमर्जैंसी के हालात हैं, इन को देख कर पंजाब गवर्नमैंट ने जो इतनी खर्च में बचत की है, इस के लिए यह सदन इसे बधाई देता है। अगर आप तीसरे हिस्से को पहले लें, तो आप को जैसा कि अभी पण्डित जी ने बतलाया है पंजाब गवर्नमैंट ने प्लैनड और नोन-प्लैनड स्कीमज़ में 11 करोड़ रुपए की बचत की है। इसी तरह से चार करोड़ रुपए की और बचत करके कुल 15 करोड़ रुपए की इस गवर्नमैंट ने खर्च में बचत की है। फिर आपोज़ीशन वाले भाई कह रहे हैं कि सरकार एक तरफ तो बचत करती है और दूसरी तरफ यह एडीशनल डिप्टी कमिश्नरज़ और दूसरे बड़े बड़े अफसर रख रही है। मैं कहता हूं कि अगर एक तरफ हकूमत को एमर्जैंसी की हालत में बढ़े हुए काम को ज्यादा तेज़ करने के लिए और कुछ अफसर रखे जाने की ज़रूरत महसूस होती है और उन पर और कुछ खर्चा होता है, उस को meet करने के लिए यह सरकार अपनी मिनिस्टरी में कमी कर के उस खर्चे को पूरा कर लेती है तो फिर मेरे भाई क्यों नाराज़ होते हैं। एक तरफ तो यह मेरे भाई आवाज़ उठाते थे कि मिनिस्टरों की गिनती कम की जाय और चीफ मिनिस्टर ने

उन की गिनती कम कर दी और खर्च में बचत कर ली तो क्या इस के लिए हमारे चीफ मिनिस्टर शुक्रिया के मुस्तहिक नहीं हैं ? आखिर किसी बात पर तो यह आ जायें । अगर खर्चा कम करते हैं, मिनिस्टरों को घटा देते हैं और कम से कम करके खर्चे में बचत करते हैं फिर भी इन्हें चीफ मिनिस्टर को बधाई देने में झिझक है । अभी चौधरी सुन्दर सिंह ने भी आपको बतलाया था कि सब से पहले इस्तीफा देने वाले हमारे भाई कामरेड रामकिशन जी थे जिन्होंने पहले ही दिन कह दिया था कि मुझे जाने दो । आप क्यों उनके काम की दाद नहीं देते ? इसी तरह से दूसरे स्टेट मिनिस्टरों और डिप्टी मिनिस्टरों ने भी किया । तो क्या वह मुबारिकबाद के मुस्तहिक नहीं हैं ? मैं अर्ज़ कर चुका हूँ कि मेरा काम तो सिंपल हो गया है । सारी बातों का जवाब पंडित जी ने दे दिया है । चौधरी देवी लाल जी को तो उन्होंने समझा दिया है दूसरों को मैं समझा देता हूँ । (हंसी) कोई शख्स इस बात से इनकार नहीं कर सकता कि आज अगर सारे हिन्दोस्तान में एमरजैंसी किसी कोने में दिखाई देती है तो वह पंजाब ही है और इसका सेहरा हमारी पंजाब सरकार और चीफ मिनिस्टर साहिब ही के सर है । तो इसके लिये हम इन मामूली शब्दों में शुक्रिया अदा करें । इनको मुबारिकबाद दें । उपाध्यक्षा, महोदया मैं आशा करता हूँ कि सदन मेरे रैज़ोल्यूशन को पूरे तौर पर पास करेगा ।

Deputy Speaker : I will now put the amendments to the vote of the House.

Deputy Speaker : Question is—

In line 2, before "the Chief Minister" *add* "the people of Punjab, the opposition parties and the forty-seven Congress M. L. A.s. who demanded reduction in the size of ministry and".

(After ascertaining the votes of the Members present by voices, the Deputy Speaker gave an opinion The opinion was challenged. The bells were sounded. The question was put again and lost by a voice vote.)

The motion was declared lost.

Deputy Speaker : Question is—

In lines 6—9, *delete* the words 'and also........needs'.

The motion was lost.

Deputy Speaker : Question is—

In line 2, before "the Chief Minister" *add* 'the people of Punjab, the opposition parties and the forty-seven Congress M. L. A.s who demanded reduction in the size of Ministry and'.

The motion was lost.

Deputy Speaker : Question is—

In line 2, between "Chief Minister" and "for" *insert* 'provided he abolishes the Personal Advisory Committee'.

The motion was lost.

Deputy Speaker : Question is—

This Assembly congratulates the Chief Minister for his bold steps in reducing the size of the Ministry and the outgoing Ministers, State Ministers and the Deputy Ministers for the spirit of self-sacrifice displayed by them and also the Government in general for taking various measures of economy to meet the national needs.

The motion was carried.

(II) RESOLUTION REGARDING OUSTING CHINESE AGGRESSORS FROM THE SACRED SOIL OF INDIA

Shri Balramji Dass Tandon : (Amritsar City, West) : Sir, I beg to move—

This Assembly recommends to the Government to approach the Union Government to take firm steps to oust Chinese aggressors from every inch of the sacred soil of our country and further recommends not to sit around the table with the aggressor until the objective is fully achieved.

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह जो प्रस्ताव है यह सैल्फ एक्सपलेनेटरी है। आप सब अच्छी तरह से जानते हैं कि पिछले दिनों अक्तूबर में हमारे देश पर चीनियों ने आक्रमण किया। यह ठीक है कि जहां तक सीधे और खुले हमले का सम्बन्ध है यह 20 अक्तूबर को ही हुआ मगर जहां तक हमारे देश के बहुत से हिस्से पर चीनियों द्वारा कब्ज़ा किये जाने का सम्बन्ध है वह तो उस से काफी देर पहले ही कर लिया गया था। मगर अफसोस की तो यह बात है कि जिस वक्त चीनी यह कार्यवाही कर रहे थे उसी वक्त इस देश की सरकार, यहां के प्रधान मन्त्री और दूसरे बड़े बड़े नेता इस देश की जनता को हिन्दी चीनी भाई भाई के नारे बुलन्द करने के लिए उत्साहित कर रहे थे, उन्हीं दिनों जब चीन के प्रधान मन्त्री तथा दूसरे अफसर यहां आए तो उन के बड़े बड़े जलूस निकाल कर, बड़े बड़े जलसों का प्रबन्ध कर के उन के प्रति सद्भावना पैदा करने का प्रयत्न किया गया। अफसोस इस बात का है कि जिन के लिए यह सब कुछ किया गया उन के दिल की इस बात को न समझा गया कि यह तो सारी दुनिया पर छा जाना चाहते हैं। जिन को भाई भाई कहा गया उन की इस बात को ना समझा गया कि यह सारी दुनिया में और खास कर एशिया में अपने आप को सब से बड़ी मिलिटरी पावर और इन सारे देशों का नेता होने का गुमान लिये आए हैं। वह यह समझते थे कि जहां तक एशिया और अफ्रीका का ताल्लुक है और वह समझते हैं कि वह मिलिटरी आर्मामैंट्स में सब से आगे हैं। इधर हम उन के मान में नारे लगाते रहे और वह उधर अपनी चौकियां हमारे देश के उस इलाके तक आगे ला कर कायम करते गए जहां से वह किसी वक्त भी क्रास करके इस देश पर हमला कर दें और वही बात हमारे सामने आई भी।

अफसोस इस बात का है कि हमने उनके दिल की बातों को समझने की कोशिश नहीं की। आज हमारे देश के नेता, प्राइम मिनिस्टर, होम मिनिस्टर, सभी यह

बातें करते हैं कि चीन ने हमेशा इर्द–गिर्द के लोगों पर हमला किया है और आस–पास के छोटे–छोटे देशों को दबाने की कोशिश की है । आज अफसोस इस बात का है कि पहले हमारी सरकार क्यों सोई हुई थी, क्या उस वक्त उनके पास हिस्ट्री नहीं थी ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਤੁਸੀਂ ਅਮਲੀ ਗੱਲ ਦਸੋ, ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹੁਣ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕੱਢ ਸਕਦੇ ਹੋ । (The hon. Member should suggest the next step as to how they can be ousted.)

श्री बलरामजी दास टंडन : मैं यह कहना चाहता हूं कि अब वह गलतियां दुहराने की कोशिश न करें जो इस सरकार ने पहले की हैं । जब चीन ने पहिले तिब्बत पर हमला किया था उस वक्त हमारी सरकार खामोश रही और आज चीन का हमला इस देश पर हुआ जिसके कारण हमारा जगह–जगह पर अपमान हुआ । हमारी फौजें जो सारी दुनियां में बहादुर समझी जाती थीं और उस वक्त जब यह देश अंग्रेज़ों के कब्ज़े में था, हमारी फ़ौजों ने दुनिया भर में नाम प्राप्त किया, आज आज़ाद भारत में उन पर जो धब्बा लगा उसके कुछ कारण थे ।

श्री हरबंस लाल : On a point of order, Madam. क्या पार्लिमैंट ने जो फैसिला ले लिया, उस पर कोई क्रिटीसिज़म हो सकती है ?

उपाध्यक्षा : टंडन साहिब, आप पब्लिक प्लेट–फार्म पर जिस तरह से बातें करते हैं, वैसे ही यहां हाउस को समझ रखा है । मुझे खुद अच्छा नहीं लग रहा कि आप हाउस को प्लेटफार्म समझें । जो कुछ नेताओं की गफलत से हुआ, वह मैं भी समझती हूं मगर आप उन बातों को न दुहराएं । (The hon. Member (Shri Balramji Das Tandon) has taken this House for a public platform for talking such things. I myself do not like that he should think this House a public platform. I, too, understand the consequence of the leaders' negligence but the hon. Member should not mention them here.)

श्री बलरामजी दास टंडन : मुझे यह सब बातें इसलिए कहनी पड़ती हैं कि चीन ने सन् 1957 में हमारे इलाके पर कब्ज़ा करना शुरू कर दिया और यह बात उसी समय खुल कर हमारे सामने आ गई और यह सवाल भी पार्लिमेंट में हुआ कि चीन उस सड़क को मज़बूत कर रहा है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया, हां इतना अवश्य कहा गया कि हिन्दुस्तान की पवित्र भूमि से चीन का कब्ज़ा हटा दिया जाएगा । इस बात से हिन्दुस्तान के लोगों के अन्दर एक आशा पैदा हुई कि अब सरकार कोई प्रबन्ध करेगी लेकिन 5 साल के बाद चीन ने सड़क मुकम्मल कर ली और कितने ही इलाके पर कब्ज़ा कर लिया ।

उपाध्यक्षा : टंडन जी, अब आप बैठ जाइए । पंडित जी आप बोलिए, आप क्या कहना चाहते हैं (The hon. Member should now resume his seat. Let Pandit ji (Home Minister) say what he has to say.)

(**श्री मोहन लाल**) : मैं फिर अर्ज़ किया चाहता हूँ कि इस हाउस के स्कोप में यह डिसकशन नहीं आता । जहां तक डिफैंस की बातों का सम्बन्ध है, यह सैन्ट्रल पार्लिमेंट में डिसकस हो सकती हैं । यहां पर तो हमारे सामने रिकमैन्डेशन करने भर का स्कोप है कि जो कब्ज़ा उन्होंने किया हुआ है उसको वापिस लेने की तदबीर की जाए यहां पर डिसकस नहीं हो सकती ।

उपाध्यक्षा : मैं ने यही इनको अर्ज़ कर दिया, अगर फिर भी यह वही बात करते चले जाते हैं, तो फिर इनको इनके रहम पर छोड़िये । (This is what I have told him. If he still persists on talking such things then he should be left to himself.)

The House stands adjourned till to-morrow at 9-00. a.m.

(The Sabha then adjourned till 9 a.m. on Friday, the 8th March, 1963.)

779--27-5-63--387 copies--C.P. and S., Pb., Patiala.

Published under the Authority of the Punjab Vidhan Sabha and Printed by the Controller, Printing & Stationery, Punjab, at the Govt. Press Patiala.

PUNJAB VIDHAN SABHA

DEBATES

8th March, 1963.

Vol. I—No. 12

OFFICIAL REPORT

CONTENTS

Friday, the 8th March, 1963

Punjab Vidhan Sabha Secretariat, Chandigarh

Price : Rs [illegible]

ERRATA

Punjab Vidhan Sabha Debates, Vol. I, No. 12, dated the 8th March, 1963

Read	*For*	*On Page*	*Line*
ਮਿਲਟ੍ਰੀ	ਮਿਲਟੀ	(12) 2	28
Add "and" between the words 'Finance' and 'Home Ministries'		(12) 25	12
accused	accussed	(12) 27	17
the	tbe	(12) 31	7th from below
ऐसा	एसा	(12) 36	24
ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ	ਅੰਮ੍ਰਿਸਰ	(12) 37	8
107/151	107/51	(12) 48	10th from below
Add "ਕੀ" between the words 'ਕਿ' and 'ਇਹ'		(12) 49	14
Delete the word "ਕੀ" between the words 'ਕਿ' and 'ਜਿਸ'		(12) 49	Last line
ਅਸ. ਸੀ	एस. सी	(12) 65	7
ਸਟੇਜ	ਸਟੇਨ	(12) 67	24

PUNJAB VIDHAN SABHA

Friday, the 8th March, 1963

The Vidhan Sabha met in the Assembly Chamber, Sector 1, Chandigarh, at 9.00 a.m. of the Clock. Mr. Speaker (Shri Prabodh Chandra) in the Chair.

STARRED QUESTIONS AND ANSWERS

APPOINTMENT OF RETIRED MILITARY GENERALS ON THE STATE DEFENCE COUNCILS

***1990. Shri Rup Singh Phul :** Will the Chief Minister be pleased to state the names of the retired Military Generals who have been appointed by the State Government as Advisers to the State Defence Councils during the present emergency together with the total monthly emoluments paid to each one of them?

Sardar Partap Singh Kairon : There are no State Defence Councils but the State Government have set up a State Defence Committee and the following retired Military Officers of the rank of Lieutenant-General/Major General are its members:—

(i) Lieutenant-General Kalwant Singh
(ii) Lieutenant-General Sant Singh
(iii) Major General Gurbakhsh Singh
(iv) Major General J. C. Katoch

They are not paid any emoluments in their capacity as members of the said Committee. Lieutenant-General Kalwant Singh has, however, been appointed as Adviser, National Defence while Major General Gurbakhsh Singh has been incharge of Civil Defence Organisation/Home Guards since before the present emergency. They draw from the State the actual pay last drawn by them while in service with the army less their gross pensions, the net amounts being Rs 3,066.67 per mensem and Rs 1,375 per mensem respectively.

श्री बलरामजी दास टंडन : क्या वज़ीर साहब बतलाएंगे कि जिन मैम्बरों के नाम उन्होंने अभी लिए हैं उन के अलावा क्या स्टेट डिफेंस कमेटी के कोई और भी मैम्बर हैं ?

मुख्य मन्त्री : आप इस के लिए नोटिस दे दें। पूछ कर सब कुछ बतला दूंगा ।

PROVIDING JOBS TO EX-MINISTERS

*2004. **Comrade Ram Chandra**: Will the Chief Minister be pleased to state—

(a) whether any of the ex-Ministers, ex-State Ministers and ex-Deputy Ministers whose resignations were recently accepted have been provided with any duties by Government to meet the emergency; if so, their names;

(b) the kind of duties allowed to each of them; the emoluments, if any, or other privileges provided to them?

Sardar Partap Singh Kairon: (a) Yes Sir, the following State Ministers and Deputy Ministers have been appointed to the jobs noted against their names:—

(1) Giani Zail Singh .. Regional Commandant, Punjab Home Guards, Patiala

(2) Shri Yash .. Regional Commandant, Punjab Home Guards, Jullundur

(3) Captain Rattan Singh .. Chief Organiser, Punjab Raksha Dal

(b) No emoluments are to be given to any of them. All of them are to work in an honorary capacity. Giani Zail Singh and Shri Yash are to help organize Punjab Home Guards within Patiala and Jullundur Divisions respectively. Captain Rattan Singh is to organise Raksha Dal in the State. He has been provided with free residence and free transport.

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ: ਕੀ ਚੀਫ਼ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਕੈਪਟਨ ਰਤਨ ਸਿੰਘ ਹੋਰਾਂ ਨੂੰ ਛੱਡ ਕੇ ਬਾਕੀ ਜਿਹੜੇ ਪਿਛਲੇ ਵਜ਼ੀਰ ਲਏ ਗਏ ਹਨ, ਉਨਾਂ ਵਿਚੋਂ ਕਿਸ ਕਿਸ ਨੂੰ ਮਿਲਟੀ ਟ੍ਰੇਨਿੰਗ ਹਾਸਲ ਹੈ?

ਮੁੱਖ ਮੰਤ੍ਰੀ: ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਲਈ ਮਿਲਟ੍ਰੀ ਟਰੇਨਿੰਗ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ। ਇਸ ਲਈ ਸ਼ਹਿਰੀ ਕਾਨਸ਼ਸਨੈਸ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

श्री बलरामजी दास टंडन: क्या मुख्य मंत्री साहब बताएंगे कि सिवल डिफेंस में जितने आदमियों को यह पोस्टें दी गई हैं क्या सारे के सारे कांग्रेसी हैं या किसी दूसरी पार्टी के आदमी को भी लिया गया है?

मुख्य मन्त्री: इस सिलसिले में पार्टी शार्टी का ख्याल नहीं रखा जाता और न किसी को इस लिहाज़ से रखा गया है। सिर्फ उन लोगों को रखा गया है जो काम करने वाले हैं और करना जानते हैं।

चौधरी इन्द्र सिंह मलिक : अम्बाला डिवीज़न के लिए किस को रखा गया है ?

मुख्य मंत्री : मुझे इस वक्त ज़बानी याद नहीं । नोटिस दे दो पूछ कर बतला दूंगा ।

श्री बलरामजी दास टंडन : क्या मुख्य मन्त्री साहिब बताएंगे कि कहीं आपोज़ीशन पार्टियों के आदमियों को भी किसी जगह पर लगाया गया है ?

Chief Minister: I do not recognise any opposition parties in this defence and home guard work. Any name suggested for this work will be passed on to the General.

ਸਰਦਾਰ ਜੋਇੰਦਰ ਸਿੰਘ: ਕੀ ਮੁੱਖ ਮੰਤ੍ਰੀ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਡਾਕਟਰ ਬਲਦੇਵ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਹੋਰੀਂ ਸਿਵਲ ਡੀਫੈਂਸ ਕਮੇਟੀ ਦੇ ਚੇਅਰਮੈਨ ਹਨ ਜਾਂ ਨਹੀਂ ?

ਮੁੱਖ ਮੰਤ੍ਰੀ: ਮੈਨੂੰ ਇਹ ਵੀ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ।

श्री बलरामजी दास टंडन : मुख्य मंत्री साहिब ने बताया है कि इस काम में हम किसी को आपोज़ीशन या कांग्रेस पार्टी का समझ कर नहीं लगाते । क्या मैं पूछ सकता हूं कि रक्षा दल की जो कमेटियां बनी हैं उन के अंदर गैर–कांग्रेसी क्यों नहीं लिए गए ?

मुख्य मन्त्री : मैं अर्ज़ कर चुका हूं कि मेरे लिए कांग्रेसी या गैर–कांग्रेसी की कोई कंसिड्रेशन नहीं । हम तो जो काम करने के लिए आएगा उस को आगे लाएंगे ।

ਬਾਬੂ ਅਜੀਤ ਕੁਮਾਰ : ਮੁੱਖ ਮੰਤ੍ਰੀ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਦੱਸਿਆ ਸੀ ਕਿ ਦੋ ਸਟੇਟ ਮਨਿਸਟਰ ਔਰ ਇਕ ਡਿਪਟੀ ਮਨਿਸਟਰ ਨੂੰ ਡੀਫੈਂਸ ਦੇ ਕੰਮ ਤੇ ਲਾਇਆ ਹੈ । ਮੈਂ ਪੁੱਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਬਾਕੀ ਸਾਬਕਾ ਮਨਿਸਟਰ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਇਤਨੀ ਕਾਬਲੀਅਤ ਨਹੀਂ ਸੀ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਲਗਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ?

ਮੁੱਖ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਤੁਹਾਡੇ ਨਾਲ ਮਿਲਾ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ।

ਬਾਬੂ ਅਜੀਤ ਕੁਮਾਰ : ਕੀ ਮੁੱਖ ਮੰਤ੍ਰੀ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਪੋਸਟਾਂ ਤੇ ਲਗਾਉਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਦਰਖਾਸਤਾਂ ਵੀ ਮੰਗੀਆਂ ਗਈਆਂ ਸਨ ?

ਮੁੱਖ ਮੰਤਰੀ: ਜਿਹੜੇ ਯਕੀਨ ਰਖਦੇ ਸੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਲਗਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ ।

ਲੈਫਟੀਨੈਂਟ ਭਾਗ ਸਿੰਘ : ਕੀ ਮੁੱਖ ਮੰਤ੍ਰੀ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਤਕਰਰੀਆਂ ਦੇ ਨਾਲ ਪਬਲਿਕ ਵਿਚ ਕੋਈ ਉਤਸ਼ਾਹ ਪੈਦਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ?

Chief Minister: Yes, definitely.

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਜੇਕਰ ਕਿਸੇ ਨੇ ਅਗੇ ਨੂੰ ਕੰਮ ਕਰਨਾ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਕੀ ਦਰਖਾਸਤ ਦੇਣੀ ਪਵੇਗੀ ?

ਮੁੱਖ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਜਨਰਲ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਲਿਖੋ ਤੇ ਭਜ ਦੌੜ ਕਰੋ ।

CIVIL DEFENCE MEASURES

*2018. **Pandit Mohan Lal Dutta** : Will the Chief Minister be pleased to state—

(a) the expenditure incurred by Government on Civil Defence measures since the commencement of Emergency upto date both in cities and villages;

(b) the number of Civil Defence Committees set up at State-level and the expenditure incurred on each upto date;

(c) the number of persons in the State who have been given rifle training so far;

(d) the number of persons who are undergoing rifle training at present?

Home Minister (Shri Mohan Lal) : (a) Rs 7,59,902, which includes expenditure incurred on Home Guards, Civil Defence Organisation, Rifle Training Organisation and Raksha Dal.

(b) One. Expenditure nil.

(c) Twenty-four thousand five hundred and one persons trained but they have not done their range firing practice,

(d) Sixteen thousand six hundred and twenty three.

बाबू अजीत कुमार : * वज़ीर साहिब ने जो गिनती बताई है वह हज़ारों में है मगर अमृतसर की रैली के बारे में बताया गया था कि वहां पर एक लाख वालंटियरों ने सलामी दी । तो क्या वह अनट्रेंड थे ?

गृह मन्त्री : इसमें जो गिनती दी गई है वह उनकी है जिनको सरकार ने पुलिस स्टेशनों में राइफल ट्रेनिंग दी है और दूसरी गिनती वह है जिनको थानों में ट्रेनिंग दी जा रही है । रक्षा दल की फिगर्ज़ अलहदा हैं ।

बाबू अजीत कुमार : इसके 'ए' पार्ट में पूछा गया है : The expenditure incurred by Government on Civil Defence measures since

the commencement of Emergency up-to-date both in cities and villages. इसमें तो सारी चीज़ आ जाती है । वह जुदा तो नहीं है ?

श्री अध्यक्ष : नहीं, वह और चीज़ है। उन्होंने पुलिस थानों में जिन को सरकार ने ट्रेनिंग दी है उनकी फिगर बताई है, उन्होंने रक्षा दल की बात नहीं की। वह जुदा है।

(No, Raksha Dal training is different. The minister has given figures of persons trained in Police Stations. He has not referred to Raksha Dal. That is a separate organisation.)

EXPENDITURE ON CULTURAL PROGRAMMES, ETC.

*2019. **Pandit Mohan Lal Dutta** : Will the Chief Minister be pleased to state—

(a) the expenditure incurred by Government on Cultural Programme including Variety Shows, Song and Drama and Dance during the year 1962-63;

(b) the number of persons engaged by Government for such performances and the total amount of expenditure incurred on their salaries and T.A. during the said period;

(c) the number of ladies employed by the Government for cultural activities;

(d) the total expenditure annually incurred on the Cultural Department;

(e) whether Government have recently made any emergency cut in the expenditure on this Department?

Chief Parliamentary Secretary (Sardar Gulab Singh)

(a) During the period from 1st April, 1962 to 31st January, 1963 the Cultural Affairs Department incurred an expenditure of Rs 3,482.11 on cultural programme.

(b) No staff for organising cultural programmes was engaged by the Department. The work relating to these programmes was carried out through the existing staff of the Public Relations Department.

(c) Government have not so far sanctioned any staff for the Cultural Affairs Department. In view of this, the question of employing ladies for the purpose does not arise;

[Chief Parliamentary Secretary]

(d) For the promotion of Art and Culture the Cultural Affairs Department, on an average, spends Rs 0.90 lacs annually. This amount is spent mainly towards disbursement of grant-in-aid to various private cultural organisations in the State engaged in the furtherance of Art and Culture.

(e) In view of the already inadequate financial allocation for carrying out the work of the Cultural Affairs Department and the added importance of cultural media for mobilising the people during the National Emergency, no cut has been imposed.

पंडित मोहन लाल दत्त : क्या मन्त्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार के कल्चरल प्रोग्राम, राग रंग और नाच तक ही महदूद हैं या इस में कोई और सरगर्मी भी आती है ?

चीफ पार्लियामेंट्री सैक्रेटरी : यह महकमा कल्चर और आर्ट को तरक्की देने के लिये बनाया गया है। जो सोसाइटियों पहले से इसमें लगी हैं उनको ग्रांटस-इन-एड देना इसका मेन परपज़ है। जो खर्च दिया गया है यह जो ड्रामे करवाए गए थे उनके करने वाली पार्टियों को यह दिया गया है।

पंडित मोहन लाल दत्त : मैं पूछना चाहता हूँ कि सरकार इस कल्चर का क्या अर्थ करती है ? यह काम सिर्फ राग रंग और नाच गाने तक ही महदूद है या कोई और सरगर्मी भी होती है ?

चीफ पार्लियामेंट्री सैक्रेटरी : पंजाब का जो कल्चर है उसका आपको पता है वही अर्थ हम लगाते हैं।

पंडित मोहन लाल दत्त : क्या इस कल्चर के अर्थ में अखलाकी उन्नति भी शामिल है और अगर है तो सरकार इस सम्बन्ध में क्या कर रही है ?

चीफ पार्लियामेंट्री सैक्रेटरी : कल्चर का मतलब अख्लाक ऊंचा करना ही होता है।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਢਿਲੋਂ: ਇਹ ਜੋ ਕਲਚਰਲ ਪਰੋਗਰਾਮ ਲਈ ਆਰਟਿਸਟ ਚੁਣ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਔਰਤਾਂ ਮਰਦਾਂ ਦੇ ਚੁਣਾਉ ਦਾ ਕੀ ਕ੍ਰਾਈਟੀਰਿਅਨ ਹੈ ?

ਚੀਫ ਪਾਰਲੀਮੈਂਟਰੀ ਸੈਕਰੇਟਰੀ : ਇਹ ਮਹਿਕਮਾ ਆਪਣੇ ਆਰਟਿਸਟ ਭਰਤੀ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ ਹੈ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਪੱਕੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਰਖੇ ਜਾਂਦੇ ਹੋਣ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਅਜੇ ਕੋਈ ਭਰਤੀ ਕਰਨ ਦਾ ਪਰੋਗਰਾਮ ਹੈ ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਢਿਲੋਂ: ਮੈਨੂੰ ਸੁਣਿਆ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਕਿ ਕੀ ਦੱਸਿਆ ਗਿਆ ਹੈ । ਬਹਰਹਾਲ, ਮੈਂ ਪੁੱਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਜੋ ਕਲਚਰਲ ਪਰੋਗਰਾਮ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਕਿਸ ਕਿਸਮ ਦੇ ਕਲਚਰ ਦਾ ਮੁਜ਼ਾਹਰਾ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ?

ਚੀਫ਼ ਪਾਰਲੀਮੈਂਟਰੀ ਸੈਕਰੇਟਰੀ : ਪੰਜਾਬ ਦਾ ਜੋ ਪੁਰਾਣਾ ਕਲਚਰ ਹੈ ਉਹ ਵਖਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਢਿਲੋਂ : ਕੀ ਇਹ ਤੁਹਾਡੇ ਇਲਮ ਵਿਚ ਹੈ ਕਿ ਪਬਲਿਕ ਰਿਲੇਸ਼ਨਜ਼ ਡੀਪਾਰਟਮੈਂਟ ਜੋ ਪਰੋਗਰਾਮ ਪੇਸ਼ ਕਰਦਾ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਬਾਰੇ ਦੋ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਤੇ ਇਤਰਾਜ਼ਾਤ ਅਖ਼ਬਾਰਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਆਏ ਹਨ । ਇਕ ਤਾਂ ਇਹ ਕਿ ਕਲਚਰਲ ਸੈਂਸ ਹੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਬਦਲ ਦਿਤੀ ਹੈ। ਦੂਜੇ ਇਹ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਕੰਮਾਂ ਲਈ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ?

ਚੀਫ਼ ਪਾਰਲੀਮੈਂਟਰੀ ਸੈਕਰੇਟਰੀ: ਇਹ ਗੱਲ ਬਿਲਕੁਲ ਗ਼ਲਤ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਪੁਲੀਟੀਕਲ ਕੰਮਾਂ ਲਈ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ।

कामरेड राम प्यारा : क्या यह जो डांस और वैरायटी शो दिखाए जाते हैं वह फ्री दिखाये जाते हैं या टिकट भी लगाया जाता है ?

चीफ पार्लियामेंट्री सेक्रेटरी : फ्री भी दिखाए जाते हैं लेकिन अगर कोई पार्टी बाहर से आती है जैसा कि देहली वगैरह से आती हैं तो कुछ खर्च तो वह टिकट लगा कर पूरा करती हैं और कुछ खर्च के लिए हम उनको ग्रांट–इन–एड देते हैं ।

श्री मंगल सेन : क्या उनके नोटिस में यह बात आई है कि लोक सम्पर्क विभाग के जो तथाकथित आर्टिस्ट हैं वह वज़ीरों के जलसे कामयाब बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं ?

चीफ़ पार्लियामेंट्री सेक्रेटरी : यह जो सवाल है यह कलचरल डीपार्टमेंट के बारे में है लोक सम्पर्क विभाग के बारे में नहीं है ।

ਸਰਦਾਰ ਤਾਰਾ ਸਿੰਘ: ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕਲਚਰਲ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਦੇ ਨਾਲ ਜਨਤਾ ਦਾ ਕੈਰੇਕਟਰ ਖਰਾਬ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ?

ਗ੍ਰਹਿ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਇਹ ਤੁਹਾਡੀ ਕਲਚਰ ਹੋਵੇਗੀ ।

(ਹਾਸਾ)

श्री जगन्नाथ : क्या चीफ पार्लियामेंट्री सैक्रेटरी साहब बताएंगे कि पंजाब में जब दो प्रकार का कल्चर है, एक तो पंजाबी ज़ोन का, दूसरा हरियाणे का, तो किस प्रकार के कल्चर को वह प्रोत्साहित करते हैं ?

चीफ पार्लियामेंट्री सेक्रेटरी : दोनों को ।

CONTRIBUTION TOWARDS THE NATIONAL DEFNCE FUND IN THE STATE

***2064. Comrade Ram Piara** : Will the Chief Minister be pleased to state—

(a) the total amount in cash, the quantity of gold, the total area of land and the approximate total value of the other articles collected so far in the National Defence

[Comrade Ram Piara]

Fund from the districts of Karnal and Amritsar, separately, together with the quota, if any, fixed for each of the said districts by the Government for the purpose;

(b) the quota, if any, fixed for each district in the State for contribution towards the National Defence Fund;

(c) the names of firms, individuals, institutions, district-wise, who have paid or contributed Rupees ten thousands or more, either in cash or in gold;

(d) the total quantity of gold contributed so far towards the N. D. F. in the State, district-wise?

Sardar Partap Singh Kairon : (a), and (b) The information is laid on the Table.

(c) Information is being collected and will be furnished to the member as soon as received.

(d) Donations of gold are received by the State Bank on behalf of the Government of India. The information as available with the State Government is laid on the Table.

Statement of contributions towards the National Defence Fund in the State

PART A

District	Cash	Gold	Land	Other articles (Approximate value)	*Adhoc* target assigned for cash
Karnal ..	42,49,365	3,328 Grams	79 acres 2 kanals and 15 marlas	Rs 38,740	Rs 25 lakhs
Amritsar ..	31,69,534	65,167 Grams	1,600 kanals	Rs 2.5 laks	Rs, 50 lakhs

PART B

Name of District		*Adhoc* Target assigned for cash collections
		Rs
1. Amritsar	..	50 lakhs
2. Ambala	..	30 Do
3. Ferozepur	..	40 Do
4. Ludhiana	..	50 Do
5. Bhatinda	..	20 Do
6. Jullundur	..	25 Do
7. Rohtak	..	20 Do
8. Gurgaon	..	15 Do
9. Karnal	..	25 Do
10. Hissar	..	40 Do
11. Patiala	..	25 Do
12. Sangrur	..	20 Do
13. Kapurthala	..	10 Do
14. Mohindergarh	..	10 Do
15. Gurdaspur	..	25 Do
16. Hoshiarpur	..	15 Do
17. Kangra	..	10 Do
18. Simla	..	10 Do

PART D

	Name of District		Gold donated upto 18th February 1963, in grams
1.	Amritsar	..	65,167
2.	Ambala	..	2,139
3.	Ferozepur	..	6,767
4.	Ludhiana	..	3,873
5.	Bhatinda	..	1,226
6.	Jullundur	..	2,585
7.	Rohtak	..	2,379
8.	Gurgaon	..	671
9.	Karnal	..	3,328
10.	Hissar	..	4,600
11.	Patiala	..	698
12.	Sangrur	..	5,903
13.	Kapurthala	..	961
14.	Mohindergarh	..	1,218
15.	Gurdaspur	..	3,077
16.	Hoshiarpur	..	1,922
17.	Kangra	..	33
18.	Simla	..	1,324
19.	Through Secretary to Chief Minister	..	64,450
	Total	..	172,921

कामरेड राम प्यारा : क्या यह हकीकत है कि अमृतसर से ज्यादा रुपया इकट्ठा हुआ लेकिन वह पूरा-पूरा डिफैंसं फंड में जमां नहीं हो सका और उसमें से बहुत कुछ इधर-उधर हो गया ?

Mr. Speaker: No insinuations please.

Comrade Ram Piara: Mr. Speaker, let the hon. Chief Minister deny it.

Mr. Speaker : It is a question of commonsense. How does the hon. Member expect the Chief Minister to say that there has been a defalcation.

Comrade Ram Piara: Sir, he is the head of the State. Amritsar is his native district. That is why he has not pressed for collections.

Mr. Speaker : It is a question of commonsense. Does the hon. Member expect that the Chief Minister will say that there has been a defalcation. He has said that whatever was collected was forwarded.

कामरेड राम प्यारा : जब गवर्नमैंट ने यह ऐलान किया था कि जो लोग अपनी संस्थाओं के ज़रिए या अपने खुद के नाम के ज़रिये रसीदें दे दे कर रुपया इकट्ठा कर रहे हैं वह ऐसा न करें बल्कि गवर्नमैंट से रसीदें लेकर इकट्ठा करें तो क्या वजह है कि इस ऐलान के बावजूद भी लोग रुपया इकट्ठा करते रहे ?

सरदार गुरदियाल सिंह ढिल्लों : अमृतसर में जो कोलेक्शन होती है या हुई है वह डिप्टी कमिश्नर की अथारिटी और दस्तखतों से हुई है। अगर कहीं ऐसा हुआ हो जैसा राम प्यारा जी बतलाते हैं तो वह करनाल में हो सकता है।

कामरेड राम प्यारा : क्या अमृतसर का सारा रुपया और सोना मिलाकर सिर्फ 38 लाख ही कंट्रिब्यूशन बनती है जब कि 50 लाख रुपये का टारगेट रखा था जोकि पूरा नहीं हुआ ?

मुख्य मन्त्री : मुझे क्या पता कि क्यों पूरा नहीं हुआ और लोगों ने क्यों नहीं दिया। मैं तो यहां बैठा हूँ।

[*Shri Mangal Sein rose to ask supplementary.*]

श्री अध्यक्ष : आप चाहते हैं कि एक एक सवाल पर 20–20 सप्लीमेंट्री हों। I may have no objection to that. लेकिन जिस रफ्तार से हम चल रहे हैं ज्यादा सवाल खत्म नहीं हो सकेंगे। After all there is a limit to the supplementaries. लोक सभा में एक सवाल पर तीन सप्लीमेंट्री करने की इजाज़त है। अगर कोई पब्लिक इम्पोरटेंस का सवाल हो तो उस पर 5 या 7 सप्लीमेंट्री हो जाते हैं। आपके सवाल का जवाब तो और हो ही नहीं सकता। (The hon. members want to ask unlimited number of supplementaries on each and every question. I may have no objection to that but, I am afraid, if we continue at this very pace we shall not be able to dispose of the much of Questions. After all, there is a limit to supplementaries. In the Lok Sabha, only three supplementaries are allowed on a question. But if there is a question of public importance then six or seven supplementaries are allowed on that. So far as the supplementary put by the hon. member is concerned, there can be no other answer than the one already given.)

श्री मंगल सेन : क्या मुख्य मन्त्री जी यह बतायेंगे कि ज़िला अमृतसर में जो नैश्नल डिफेंस फंड इकट्ठा हुआ उसके बारे में कोई शिकायत हुई कि इसमें गड़बड़ हुई है ?

श्री अध्यक्ष : कोई नहीं हुई है। (No such complaint has been received.)

[*The Chief Minister nodded.*]

कामरेड राम प्यारा : क्या मुख्य मन्त्री साहब बतायेंगे कि ज़िला करनाल की.......

श्री अध्यक्ष: मुझे आपकी आवाज़ सुनाई नहीं दे रही । (*The voice of the hon. Member is not audible*)

कामरेड राम प्यारा : यहां मेरे नजदीक शोर मचाने वाले इकट्ठे हुए हुए हैं ।

Comrade Ram Piara: Mr. Speaker, I would request you to advise Pandit Amar Nath Sharma not to interrupt me.

Mr. Speaker : I cannot take notice of what I have not heard.

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਢਿਲੋਂ : ਮੈਨੂੰ ਵੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਕਰਕੇ ਬੜੀ ਡਿਸਟਰਬੈਂਸ ਰਹਿੰਦੀ ਹੈ ।

कामरेड रामप्यारा : क्या मुख्य मन्त्री साहब बतायेंगे कि क्या यह दुरुस्त है कि ज़िला करनाल में से डिफेंस फंड के लिये 25 लाख रुपये इकट्ठा करने का टारगेट रखा गया था जबकि वहां से तकरीबन 40 लाख रुपया इकट्ठा किया गया ? क्या वहां के लोगों पर कोई प्रैशर डाला गया, जिसकी वजह से वहां नैश्नल डिफेंस फंड के लिये ज्यादा रुपया इकट्ठा हुआ ?

Chief Minister : Mr. Speaker, how do you expect me to answer such questions.

Mr. Speaker : I do not expect but the hon. Member is insisting on putting such questions.

ਕਾਮਰੇਡ ਰਾਮ ਪਿਆਰਾ: ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਕਰਨਾਲ ਨੇ ਜ਼ਿਆਦਾ ਰੁਪਿਆ ਇਕੱਠਾ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਇਹ ਕ੍ਰੈਡਿਟ ਜ਼ਿਲਾ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਨੂੰ ਕਿਉਂ ਹੈ ? ਇਹ ਕਰਨਾਲ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਕ੍ਰੈਡਿਟ ਦੇਣਾ ਨਹੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਯਾ ਜਾਣ ਬੁਝ ਕੇ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦੇ ?

Mr. Speaker : I am sorry to say that the hon. Member has abused the liberty that I gave him. He is flinging insinuations without any basis.

डाक्टर बलदेव प्रकाश : मेरी यह प्रार्थना है कि इस तरह का सवाल हाउस में लाना कि एक ज़िले ने ज्यादा रुपया इकट्ठा किया और दूसरे ने कम किया यह एस्पर्शन्ज़ हैं। अमृतसर शहर में वालंटरी कंट्रिब्युशन्ज़ हुई है । लोगों ने खुद अपने आप चन्दे दिए हैं। और जितनी कोलेक्शन्ज़ हुई हैं वे गवर्नमेंट की , मैजिस्ट्रेट की मुहर के तहत हुई हैं। अगर हाउस में कोई ऐसी बात आए तो उसके लिये हम खुद ज़िम्मेदार हैं।

कामरेड राम प्यारा : क्या मैं पूछ सकता हूँ कि जब target थोड़ा दिया गया था तो ज्यादा रुपया कैसे इकट्ठा हो गया ? सिर्फ एक ही सवाल पूछना चाहता हूँ ...

Mr. Speaker : I will not permit any more supplementary.

कामरेड राम प्यारा : जनाब, यह टारगेट है। इन्होंने अपने ज़िले को रियायत दे दी और हमारे ज़िले को रगड़ दिया ।

Chief Minister : Mr. Speaker, I strongly protest against the words that have been used by the hon. Member that I am discriminating between one and the other district of the State.

श्री अध्यक्ष : (*Addressing Comrade Ram Piara*) आप चौंक में बात नहीं कर रहे हैं ; हाउस में बात कर रहे हैं । If you cannot keep a certain standard it is better for you to go out and address a public meeting. I will not permit you to put such questions. (The hon. Member should bear in mind that he is not speaking in a public place but in this House. If he cannot keep a certain standard, it is better for him to go out and address a public meeting. I will not permit him to put such questions.)

सरदार जय इन्द्र सिंह : इन को लगाम दो ।

BAN ON SMOKING IN GOVERNMENT OFFICES

*2264. **Chaudhri Hardwari Lal :** Will the Chief Minister be pleased to state whether Government has issued any orders banning smoking in Government Offices in the State; if so, details thereof ?

Sardar Partap Singh Kairon : No. Government has not issued any such orders.

कामरेड राम प्यारा : आन ए प्वायेंट आफ आर्डर, सर । इन्होंने हाउस में कहा है इनको लगाम दो, He should be asked to withdraw it. एक मैम्बर ने ऐसा कहा है । क्या उनको यह कहने का लाइसंस मिला हुआ है कि इनको लगाम दो। Either he should withdraw or he should say that he has not said so.

श्री अध्यक्ष : दोनों में से किसी को भी ऐसा कहने का लाइसेंस नहीं मिला हुआ । I do not take notice what the hon. Member says. (Neither of the hon. Members has a licence to utter such words. I do not take notice of what the hon. Member says).

कामरेड राम प्यारा : इन्होंने क्या कहा है यह इन से पूछा जाए । लेकिन अगर आप मेरी बात नहीं सुनते तो मैं बाहर चला जाता हूँ ।

[*Comrade Ram Piara staged a walk out.*]

श्री मंगल सेन : क्या मुख्य मन्त्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकारी दफ्तरों में सिग्रेट पीने पर पाबन्दी लगाई है ?

मुख्य मंत्री: माननीय सदस्य का सवाल समझ नहीं आया है क्योंकि आवाज़ का सिस्टम ठीक नहीं है ।

श्री अध्यक्ष : इन्होंने पूछा है कि क्या सरकारी दफ्तरों में सिग्रेट पीने की कोई पाबन्दी लगाई गई है ? (The hon. Member has enquired whether Government has imposed any restriction on smoking in Government offices.)

मुख्य मंत्री : गवर्नमैंट कांडक्ट रूल्ज़ के मुताबिक कोई भी सरकारी मुलाज़म गवर्नमैंट आफिस में सिग्रेट नहीं पी सकता ।

श्री मंगलसेन : क्या मुख्य मन्त्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या यह पाबन्दी हिन्दी रिजन में ही लागू है या पंजाबी रिजन में भी लागू है ?

ਕਾਮਰੇਡ ਰਾਮ ਪਿਆਰਾ : ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਟ੍ਰੇਨਿੰਗ ਦਾ ਤਅੱਲੁਕ ਹੈ ਜਾਂ ਟੈਕਨੀਕਲ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਦਾ ਸਬੰਧ ਹੈ ਇਹ ਦਿਨੋਂ ਦਿਨ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਡਟੀਰੀਉਰੇਟ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ। ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਨੂੰ ਇਸ ਕਦਰ ਟਾਇਟ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਤਜਰਬਾ ਘਟ ਗਿਆ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅਕੈਡਮਿਕ ਕੁਆਲੀਫੀਕੇਸ਼ਨ ਵੱਲ ਅਸੀਂ ਵਧੇਰੇ ਧਿਆਨ ਦੇ ਰਹੇ ਹਾਂ ਜਿਸ ਦਾ ਨਮੂਨਾ ਤੁਸੀਂ ਏਥੇ ਚੰਡੀ ਗੜ੍ਹ ਵਿੱਚ ਹੀ ਵੇਖ ਸਕਦੇ ਹੋ ਕਿ ਥੋੜੀ ਜਿਨੀ ਹਨੇਰੀ ਆਈ ਤੇ ਕਈ ਮਕਾਨਾਂ ਦੀਆਂ ਛੱਤਾਂ ਗਿਰ ਗਈਆਂ ਜਿਥੇ ਕਿ ਆਰ. ਸੀ. ਸੀ. ਲਗਿਆ ਹੋਇਆ ਸੀ। ਇਸ ਨੂੰ ਬਨਾਣ ਵਾਲੇ ਸਾਡੇ ਆਪਣੇ ਇੰਜੀਨੀਅਰ ਸਨ।

Deputy Speaker : Please wind up.

ਕਾਮਰੇਡ ਰਾਮ ਪਿਆਰਾ : ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਸੀ ਕਿ ਟੈਕਨੀਕਲ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਦਾ ਇਕ ਹਿਸਾ ਇਹ ਵੀ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ practical ਸਿਖਲਾਈ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ। (ਘੰਟੀ) ਮੈਂ ਵਾਇੰਡ ਅਪ ਹੀ ਕਰਨ ਲਗਾ ਹਾਂ। ਇਹ ਸ਼ਰਤ ਰਖੀ ਜਾਵੇ ਕਿ ਜਿੰਨੇ ਵੀ ਇੰਜਨੀਅਰ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਰੈਕਟੀਕਲ ਟ੍ਰੇਨਿੰਗ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ ਜਾਂ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਤਜਰਬਾ ਹੈ ਅਤੇ ਰੀਟਾਇਰ ਹੋ ਗਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਤਜਰਬੇ ਤੋਂ ਫਾਇਦਾ ਉਠਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਅਜਿਹੇ ਇੰਜੀਨੀਅਰਾਂ ਨੂੰ ਉਤਸਾਹਿਤ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਪਾਸ ਪਰੈਕਟੀਕਲ ਤਜਰਬਾ ਹੋਵੇ। ਇਹ ਨਾ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਐਡਵਰਸ ਐਂਟਰੀਜ਼ ਹੋਣ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਤਾਂ ਤਰਕੀ ਦੇ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ ਤੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਪਾਸ ਪਰੈਕਟੀਕਲ ਤਜਰਬਾ ਹੋਵੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਿਛੇ ਸੁਟ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ। ਇਸ ਤਰਾਂ ਨਾਲ ਇਸ ਸਰਵਿਸ ਵਿੱਚ ਇੰਜੀਨੀਅਰਾਂ ਨੂੰ ਹੈਰਾਸਮੈਂਟ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਇਸ ਨੂੰ ਰੋਕਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਹਰ ਇਕ ਦੀ worth ਨੂੰ ਵੇਖ ਕੇ ਉਸ ਤੋਂ ਫਾਇਦਾ ਲੈਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ, ਉਸ ਦੀ ਕਾਬਲੀਲੀਅਤ ਦਾ ਅਤੇ ਉਸ ਦੇ ਤਜਰਬੇ ਦਾ। ਇਸ ਦੇ ਬਾਰੇ ਪੀ. ਏ. ਸੀ. ਨੇ ਵੀ ਆਪਣੀ ਰਪੋਟ ਵਿੱਚ ਲਿਖਿਆ ਹੈ।

Deputy Speaker : Please wind up.

ਕਾਮਰੇਡ ਰਾਮ ਪਿਆਰਾ : ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋ ਕਿ ਹੋਰ ਕੁਝ ਨਾ ਕਹਾਂ ਤਾਂ ਮੈਂ ਇੰਨਾ ਕਹਿ ਕੇ ਹੀ ਬੈਠ ਜਾਂਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇੰਜੀਨੀਅਰਾਂ ਨਾਲ ਜੋ ਵਿਤਕਰਾ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਇਹ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਅਤੇ ਹਰਿਆਨੇ ਨਾਲ ਟੈਕਨੀਕਲ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਦੇ ਸਿਲਸਲੇ ਵਿੱਚ ਜੋ ਬਦਸਲੂਕੀ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਇਹ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਇਸ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

पंडित रामधारी गौड़ (गोहाना) : मुहतरिमा डिप्टी स्पीकर साहबा, आज जो यह रैज़ौल्यूशन हाउस के सामने पेश है उसमें टैकनीकल ऐजुकेशन पर बोलते हुए कुछ भाइयों ने बातें कीं । मैं कहना चाहता हूं कि पंजाब एक ऐसा प्रदेश है जिसके रहने वालों का पेशा ज्यादातर ज़रायत का है.................

उपाध्यक्षा : यह क्या आप रैज़ौल्यूशन पर बोल रहे हैं ? (Is the hon. Member speaking on the Resolution ?)

पंडित रामधारी गौड़ : मगर ज़रायत पर निर्भर कर के मैं समझता हूं कि पंजाब आगे नहीं बढ़ सकता । इस का एक हल यह है कि जगह जगह पर टैकनिकल इन्स्टीट्यूशन्ज़ खोली जाएं । वहां पर मुफ्त तालीम दी जाए । पहले गांवों में आबादी बहुत कम होती थी और वह लोग शुरु से ही खेती बाड़ी के काम में लग जाते थे । इस तरह से बेकारी कम थी, किन्तु अब गांवों के हालात पहले से भिन्न हैं । आज कल गांवों में आबादी बहुत बढ़ चुकी है । जनता को काम नहीं मिलते हैं । वह बेकार हैं । मैं ने गांवों में जा कर देखा है कि पहले देहातों में जो छोटी दस्तकारी का काम करते थे अब मशीनों के आ जाने से बेकार हो चुके हैं । वह बहुत गरीब हैं । वह अपने काम चलाने में कोई कसर नहीं छोड़ते , फिर भी उनकी आमदनी बढ़ती नहीं है इस का नतीजा यह हुआ है कि वह बेकार हो चुके हैं । कहीं पर टैकनीकल ऐजूकेशन देने के लिए इस्टीट्यूट्स खोले गए हैं । मैं वहां की हालत ब्यान करना चाहता हूं कि उन इस्टीट्यूशन्ज़ में भी बड़े बड़े अमीरों के लड़के दाखिल होते हैं जो कि अच्छे नम्बर ले कर पास होते हैं और गरीबों के बच्चे दाखिल नहीं किए जाते । और न ही गरीब जनता उन की फीस दे सकती है क्यों कि उन के पास पैसे नहीं हैं । वह इन हालात में बच्चों को कैसे दाखिल करवा सकते हैं । मैं चाहता हूं कि उन को मुफ्त तालीम देने के प्रबन्ध किये जाएं । उन के पास खाने पीने के लिए प्रबंध नहीं है तो वह कैसे तालीम लेने की सोच सकते हैं । बड़े-बड़े शहरों में बड़े बड़े आदमियों के लिए चन्द इन्स्टीट्यिुशन्ज़ खोल दिए हैं ताकि वह लाभ उठा सकें । पंजाब की ज्यादा संख्या गांवों में बसती है । उन की भलाई के लिए कुछ भी नहीं सोचा जा रहा है । आजकल भी गांवों में बैकवर्डनैस मौजूद है । उस को दूर करना चाहिए और उन को इस्टीट्यूशन्ज़ में प्रैफरैंस देनी चाहिए । यह ठीक है कि ऐमरजैंसी में बड़ी एकानौमी करने की जरूरत महसूस की जा रही है । लेकिन मैं निवेदन करूंगा कि गरीबों को मुफ्त शिक्षा देनी चाहिए तो मैं चाहता हूं कि जो आदमी फीस दे सकते हैं वह बेशक फीस दें । गरीब आदमियों पर पहले ही इतने ज्यादा टैक्स लगाए गए हैं जो कि वे नहीं दे सकते । उन्होंने पहले ही अपने खर्च कम किए हैं और वह अपने बच्चों को टैकनीकल शिक्षा नहीं दे सकते । मैं चाहता हूं गरीब आदमियों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जाए ताकि उन लोगों का उत्साह बढ़े ।

मैं हरयाणा इलाके की बाबत कहना चाहता हूं । वह इलाका बहुत बैकवर्ड है । हरयाणा में कोई ऐसे बड़े टैकनीकल इन्स्टीट्यूशन्ज़ नहीं हैं जहां पर उच्च शिक्षा दी

[पंडित रामधारी गौड़]

जा सके । लुध्याना में इन्डस्ट्री काफी मात्रा में लगाई गई है । वहां पर लोगों को रोज़गार मिलता है । इस के साथ सोनीपत और रोहतक की हालत ऐसी है कि वहां पर लोकल आदमियों को भी रोज़गार नहीं मिलता है । गरीबों को वहां पर भी कोई नही पूछता है । इसी तरह वहां के स्कूलों की हालत है । वहां पर हरियाना के लोगों को दाखिल नहीं किया जाता ।

उपाध्यक्षा : आप कहते हैं कि हरयाणा के स्कूलों में भी इन को निगलैक्ट किया जाता है तो वहां पर कौन दाखिल होते हैं ? (The hon. Member says that the students of Hariana are neglected in the matter of admission in the schools of Hariana area. Then who are the children, who are admitted in these schools ?)

पंडित रामधारी गौड़ : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं इस के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं कि जो लोग दूसरे शहरों से आ कर वहां बसने के फर्ज़ी सरटिफीकेट ले लेते हैं उन के लड़कों को ले लिया जाता है । हरयाणा वालों को वहां पर इगनोर किया जाता है । मैं चाहता हूं कि जनता को इस किस्म की तालीम दी जाए जो कि उन के काम आ सके । अब क्या हालत है कई मुल्क ऐसे हैं जहां पर 10% आबादी कृषि पर निर्भर है किन्तु हमारे देश में 80% आबादी खेती बाड़ी पर डीपैंड करती है । इस बारे में भी हालत यह है कि अनाज महंगा मिलता है । अगर हो सके तो उन को खेती बाड़ी में ही टैक्निकल शिक्षा दी जाए ताकि अच्छे ढंग से काम कर सकें उन को खेती बाड़ी के अच्छे औज़ार दिए जाएं ताकि कृषि में तरक्की हो सके । इस रैज़ोल्यूशन को इस ढंग से कार्यान्वित किया जाए ताकि पंजाब में बढ़ती हुई बेरोज़गारी को दूर किया जा सके । मैं इन शब्दों के साथ इस रैज़ोल्यूशन की ताईद करता हूं । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं कि आप ने मुझे बोलने के लिए समय दिया है ।

ਸਰਦਾਰ ਤਾਰਾ ਸਿੰਘ ਲਾਇਲਪਰੀ (ਨਾਗੋਕੇ ਐਸ ਸੀ.): ਇਹ ਜੋ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਹਾਊਸ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਪੇਸ਼ ਹੈ, ਜਿਸ ਦਾ ਭਾਵ ਹੈ ਕਿ ਟੈਕਨੀਕਲ ਵਿਦਿਆ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿੱਚ ਮੁਫਤ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਇਹ ਇਕ ਬੜਾ ਹੀ ਅਹਿਮ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਹੈ। ਅਜ ਕੋਈ ਵੀ ਮੁਲਕ ਉਦੋਂ ਤਕ ਤਰੱਕੀ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦਾ ਜਦੋਂ ਤੱਕ ਕਿ ਉਸ ਮੁਲਕ ਵਿੱਚ ਉਚਕੋਟੀ ਦੀ ਵਿਦਿਆ ਸਸਤੀ ਨਾ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ । ਅੱਜ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਵਿੱਚ ਤਕਰੀਬਨ ਇੱਕ ਹਜ਼ਾਰ ਸਾਲ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਸਾਡੀ ਆਪਣੀ ਹਕੂਮਤ ਕਾਇਮ ਹੋਈ ਹੈ । ਸਾਡਾ ਦੇਸ਼ ਚਾਹੇ ਮੁਸਲਮਾਨ ਹਕੂਮਤ ਦੇ ਜ਼ੇਰ ਅਸਰ ਰਿਹਾ, ਚਾਹੇ ਅੰਗਰੇਜ਼ਾਂ ਦੇ ਰਾਜ ਹੇਠ ਰਿਹਾ ਪਰ ਇਹ ਖੰਡਰਾਤ ਦੀ ਹਸਤੀ ਤਿਆਰ ਕਰਦਾ ਰਿਹਾ। ਇਹ ਨੂੰ ਹਰ ਪਾਸੇ ਉਸਾਰਨ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਹੈ। ਸਭ ਤੋਂ ਜ਼ਰੂਰੀ ਮੁਲਕ ਵਿੱਚ ਤਾਲੀਮ ਦਾ ਵਾਧਾ ਕਰਨਾ ਹੈ। ਜਦੋਂ ਤੋਂ ਅਜ਼ਾਦੀ ਮਿਲੀ ਹੈ ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਨੂੰ ਉਸਾਰਨ ਲਈ ਅਸੀਂ ਬਹੁਤ ਯਤਨ ਕੀਤੇ ਹਨ । ਪਰ ਭਾਖੜਾ ਵਰਗੇ ਅਤੇ ਹੋਰ ਦੂਸਰੇ ਡੈਮ ਬਣਾਉਣ ਲਈ ਮੁਲਕਾਂ ਵਿੱਚ ਟੈਕਨੀਕਲ ਮਾਹਿਰ ਮੰਗਵਾਏ ਹਨ। ਇਸ ਦਾ ਕੀ ਕਾਰਨ ਹੈ? ਇਸ ਦਾ ਕਾਰਨ ਇਹੋ ਹੈ ਕਿ ਟੈਕਨੀਕਲ ਵਿਦਿਆ ਵਿੱਚ ਅਸੀਂ ਦੂਸਰੇ ਦੂਸਰੇ ਮੁਲਕਾਂ ਨਾਲੋਂ ਬਹੁਤ ਪਿਛੇ

ਹਾਂ ਅਤੇ ਬਜਾਏ ਇਸ ਦੇ ਕਿ ਸਾਡੇ ਆਪਣੇ ਆਦਮੀ ਇਹ ਕੰਮ ਕਰਨ ਸਾਨੂੰ ਬਾਹਰਲੇ ਮੁਲਕਾਂ ਤੋਂ ਅਕਸਪਰਟ ਮੰਗਾਉਣੇ ਪੈਂਦੇ ਹਨ। ਅੱਜ ਅਸੀਂ ਆਪਣੇ ਮੁਲਕ ਵਿੱਚ ਤਾਲੀਮ ਵਿੱਚ ਵਾਧਾ ਕਰਕੇ ਦੱਸਣਾ ਹੈ। ਅਸੀਂ ਇਸ ਕਿਸਮ ਦੇ ਟੈਕਨੀਸ਼ੀਅਨਜ਼ ਨੂੰ ਪੈਦਾ ਕਰੀਏ ਜਿਹੜੇ ਦੂਸਰੇ ਮੁਲਕਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਸਲਾਹ ਦੇਣ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੁਣ ਬਾਹਰਲੇ ਮੁਲਕਾਂ ਵਾਲੇ ਸਾਨੂੰ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਦਾ ਇਕੋ ਇਕ ਤਰੀਕਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਪਰਾਇਮਰੀ ਯਾ ਮਿਡਲ ਜਾਂ ਮੈਟਰਿਕ ਤੱਕ ਜਿਹੜੀ ਤਾਲੀਮ ਦੇਈਏ ਉਹ ਮੁਫਤ ਦੇਈਏ ਅਤੇ ਇਸ ਦੇ ਨਾਲੋਂ ਨਾਲ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਟੈਕਨੀਕਲ ਤਾਲੀਮ ਵੀ ਮੁਫਤ ਦੇਈਏ। ਮੈਂ ਨਹੀਂ ਸਮਝ ਸਕਦਾ ਕਿ ਕਸ਼ਮੀਰ ਵਰਗੇ ਸੂਬੇ ਵਿੱਚ ਜਿਥੇ ਕਿ ਹਾਲਾਤ ਇਸ ਕਿਸਮ ਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਹ ਸੂਬਾ ਚਰਚਾ ਦਾ ਬਾਇਸ ਬਣਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਉਥੇ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਅੱਜ ਵੀ ਤਾਲੀਮ ਮੁਫਤ ਦਿੱਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਰੇਜ਼ਲਿਊਸ਼ਨ ਦੀ ਪ੍ਰੋੜਤਾ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਸ ਗੱਲ ਲਈ ਜ਼ਰੂਰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਹ ਵਿਦਿਆ ਮੁਫਤ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ ਕਿਉਂਕਿ ਇਸ ਮੁਲਕ ਅੰਦਰ ਵਿਦਿਆ ਦਾ ਬੜਾ ਹੀ ਘਾਟਾ ਹੈ। (ਵਿਘਨ)

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਢਿੱਲੋਂ: ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਤੁਹਾਡੀ ਇਜਾਜ਼ਤ ਨਾਲ ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂ ਕਿ ਸਰਦਾਰ ਤਾਰਾ ਸਿੰਘ ਜੀ ਕਦੇ ਹਿੰਦੀ ਵਿੱਚ ਅਤੇ ਕਦੇ ਪੰਜਾਬੀ ਵਿੱਚ ਬੋਲਣ ਲਗਦੇ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਰੂਰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਵਕਤ ਦਿਉ ਤਾਕਿ ਹਿੰਦੀ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬੀ ਦੇ ਝਗੜੇ ਦਾ ਮਸਲਾ ਹੀ ਹਲ ਹੋ ਜਾਏਗਾ। (ਹਾਸਾ)

ਸਰਦਾਰ ਤਾਰਾ ਸਿੰਘ ਲਾਇਲਪੁਰੀ: ਇਸ ਰੇਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਦੇ ਪਾਸ ਹੋ ਜਾਣ ਨਾਲ ਟੈਕਨੀਕਲ ਤਾਲੀਮ ਵਿੱਚ ਵਾਧਾ ਹੋਵੇਗਾ ਅਤੇ ਗਰੀਬਾਂ ਨੂੰ ਰੋਜ਼ਗਾਰ ਮਿਲੇਗਾ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਲਫਜ਼ਾਂ ਨਾਲ ਮੈਂ ਇਸ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਦੀ ਪਰੋੜਤਾ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਆਪਦਾ ਧੰਨਵਾਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਮੈਨੂੰ ਬੋਲਣ ਦਾ ਟਾਇਮ ਦਿੱਤਾ।

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक (सोनीपत) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, जो रैज़ोल्यूशन बहन सरला देवी ने हाउस में पेश किया है और जिस की ताईद सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों ने की है मैं भी उस की ताईद करने के लिए खड़ा हुआ हूं। इस में कोई दो राए नहीं हो सकतीं कि हमें देश के अंदर टैकनीकल एजुकेशन की बहुत भारी ज़रूरत है। हमारे सूबे के अन्दर सरकार को जल्दी ही यह कदम उठाना चाहिए। सरदार साहिब ने सरकार से यह दरखास्त की है कि टैक्नीकल शिक्षा दी जाए और वह भी फ्री। मुझे इस में शक है। एक मिसाल याद आ गई। किसी औरत ने अपने मर्द से कहा कि मुझे नत्थ गढ़वा दो। उस ने कहा मैं तो तेरा नाक कटवाने को फिरता हूं। यह तो मुफत टैकनीकल शिक्षा की बात करते हैं लेकिन सरकार ने पहले दूसरी शिक्षा को मुफत करने का एलान किया, शुरू भी की लेकिन वह कनसैशन भी वापस ले लिया। मैं कहना चाहता हूं कि हमारे सूबे में टैकनीकल शिक्षा की बड़ी ज़रूरत है। मैं तजरुबे की बिना पर कहना चाहता हूं कि जब तक टैकनीकल शिक्षा सही मानों में नहीं दी जाएगी उस वक्त तक हमें घाटा ही घाटा है। मैं पर्सनल नहीं होना चाहता, एक वज़ीर के भाई की दाढ़ में दर्द था। वह किसी डाक्टर के पास गया और उसे बताया कि मेरी दाढ़ में दर्द है। उस ने कहा अच्छी बात है मैं अभी इलाज करता हूं। डाक्टर ने उनको बांध कर बिठा दिया और अपनी जमूरी उस के मुंह में डाल दी। दर्द तो किसी और दाढ़ में था लेकिन डाक्टर ने दूसरी दाढ़ निकाल दी। भाई साहिब ने कहा डाक्टर साहिब दर्द तो मुझे दूसरी दाढ़ में था

[चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक]

तो डाक्टर साहिब ने कहा कि असल में कीडा इसी दाढ़ पर बैठ कर दूसरी दाढ़ में लगता रहा है । (हंसी) इसी तरह से हमारे सूबे में टैकनीकल एज्यूकेशनल एकसपर्ट का हाल है । सही मानों में यहां पर टैकनीकल शिक्षा नहीं दी जाती । यहां पंडित राम धारी गौढ़ बोले । एक दफा तो इधर आपोज़ीशन से बोले थे और दूसरी दफा वे कांग्रेस से बोले हैं । पता नहीं कि उन के दिल में हरयाणे का दर्द कहां से जाग पड़ा है । (विघ्न)

डिप्टी स्पीकर साहिबा, अन्त में मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि मुफत टैकनीकल शिक्षा के लिए सरदार साहिब ने फरमाया है । इस में कोई दो राए नहीं हो सकतीं । इधर से भी सब मेम्बरान मुतफिक हैं और उधर से भी सब मुतफिक हैं । इसलिए इस रैज़ोल्यूशन को पास ही कर देना चाहिए ।

ਕਾਮਰੇਡ ਬਾਬੂ ਸਿੰਘ ਮਾਸਟਰ (ਫੂਲ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਰੈਜ਼ਲਿਊਸ਼ਨ ਪੇਸ਼ ਹੋਇਆ ਹੈ ਇਹ ਬੜਾ ਨੇਕ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਮੈਨੂੰ ਡਰ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਰੈਜ਼ੌਲਿਊਸ਼ਨ ਸ਼ਾਇਦ ਹਾਊਸ ਦੇ ਵਿੱਚ ਪਾਸ ਨਾ ਹੋਵੇ। ਹਾਊਸ ਵਿੱਚ ਘਟ ਹਾਜ਼ਰੀ ਤੋਂ ਇਹ ਮਾਲੂਮ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਇਸ ਨੂੰ ਕਿਤਨੀ ਕੁ ਅਹਿਮੀਅਤ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਬਹੁਤ ਚੰਗਾ ਹੁੰਦਾ ਜੇ ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਇਥੇ ਬੈਠਕੇ ਇਸ ਰੈਜ਼ੂਲਿਊਸ਼ਨ ਨੂੰ ਯੂਨਾਨੀਮਸਲੀ ਪਾਸ ਕਰਦੇ। ਬਾਕੀ ਜੋ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੇ ਫਰੀ ਐਜਕੇਸ਼ਨ ਦੇ ਫੈਸਲੇ ਨੂੰ ਵਾਪਿਸ ਲੈਣ ਦਾ ਇਰਾਦਾ ਕੀਤਾ ਹੈ ਇਹ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਪਰਾਇਮਰੀ ਅਤੇ ਹਾਈ ਸਕਲ ਦੀ ਐਜੂ-ਕੇਸ਼ਨ ਪਹਿਲੇ ਜੋ ਮੁਫਤ ਸੀ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੀ ਮੁਫਤ ਰਖਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਜਦੋਂ ਚੀਨ ਨੇ ਹਮਲਾ ਕੀਤਾ ਤਾਂ ਐਮਰਜੈਂਸੀ ਨੂੰ ਮੀਟ ਕਰਨ ਲਈ ਟੈਕਨੀਸ਼ੀਅਨਜ਼, ਇੰਜਨੀਅਰਜ਼ ਅਤੇ ਡਰਾਫਟਸ ਮੈਨ ਦੀ ਕਮੀ ਮਹਿਸੂਸ ਹੋਈ। ਉਹ ਕਮੀ ਤਦੇ ਹੀ ਪੂਰੀ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ਜੇ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਵਿੱਚ ਥਾਂ ਥਾਂ ਟੈਕਨੀਕਲ ਸੈਂਟਰ ਖੋਲ੍ਹ ਕੇ ਮੁਖਤਲਿਫ ਕਿਸਮ ਦੀ ਤਾਲੀਮ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ। ਅਜ ਸਾਇੰਸ ਦਾ ਯੁਗ ਹੈ ਦੂਸਰੇ ਮੁਲਕਾਂ ਦੇ ਲੋਕ ਚੰਨ ਤਕ ਪਹੁੰਚ ਗਏ ਹਨ। ਲੇਕਿਨ ਅਸੀਂ ਅਜੇ ਇੰਡਸਟਰੀ ਦੇ ਲਿਹਾਜ਼ ਨਾਲ ਦੂਸਰੇ ਮੁਲਕਾਂ ਨਾਲੋਂ ਬਹੁਤ ਪਿਛੇ ਹਾਂ। ਬਾਕੀ ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਦਾ ਤਅੱਲਕ ਹੈ ਅਸੀਂ ਦੂਸਰੇ ਸੂਬਿਆਂ ਨਾਲੋਂ ਇਨਡਸਟਰੀ ਦੇ ਲਿਹਾਜ਼ ਨਾਲ ਬਹੁਤ ਪਿਛੇ ਹਾਂ। ਇਸ ਕਰਕੇ ਇਹ ਇਕ ਨੇਕ ਕਦਮ ਹੈ ਜੇਕਰ ਟੈਕਨੀਕਲ ਵਿਦਿਆ ਮੁਫਤ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ। ਬਲਕਿ ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਤਾਂ ਇਸ ਰਾਏ ਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਇਲਾਕੇ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਦੇ ਵਿੱਚ ਜ਼ਿਆਦਾ ਪਿਛੜੇ ਹੋਏ ਹਨ ਉਥੇ ਟੈਕਨੀਕਲ ਸੈਂਟਰਜ਼ ਖੋਲਣ ਵੇਲੇ ਤਰਜੀਹ ਦਿਤੀ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਦਾ ਧਿਆਨ ਇਸ ਪਾਸੇ ਵਲ ਦਿਵਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਹਰੀਜਨ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਗੌਰਮਿੰਟ ਵਜ਼ੀਫੇ ਤਾਂ ਜ਼ਰੂਰ ਦਿੰਦੀ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਉਹ ਸਾਲ ਦੇ ਅਖੀਰ ਵਿੱਚ ਦਿੱਤੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। 9 10 ਮਹੀਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬੜੀ ਮੁਸ਼ਕਿਲ ਦੇ ਨਾਲ ਗੁਜ਼ਾਰਨੇ ਪੈਂਦੇ ਹਨ। ਕਈਆਂ ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਨੂੰ ਜਾਰੀ ਰਖਣਾ ਲਈ ਸ਼ਾਹੂਕਾਰਾਂ ਦੇ ਕੋਲੋਂ ਕਰਜ਼ੇ ਲੈਣੇ ਪੈਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਬੜੀਆਂ ਤਕਲੀਫਾਂ ਦਾ ਸਾਹਮਣਾ ਕਰਨਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਜਦੋਂ ਕਿਸੇ ਦੇ ਦਿਮਾਗ ਦੇ ਉਤੇ ਕਰਜ਼ਾ ਅਦਾ ਕਰਨ ਦਾ ਬੋਝ ਹੋਵੇ ਉਹ ਪੜ੍ਹਾਈ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦਾ। ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੂੰ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਵਜ਼ੀਫੇ ਬਾਕਾਇਦਾ ਅਦਾ ਕਰਨੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ ਤਾਂਕਿ ਉਹ ਆਸਾਨੀ ਨਾਲ ਤਾਲੀਮ ਹਾਸਲ ਕਰ ਸਕਣ। ਸਾਡੇ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਮੈਂ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਦਾ ਮਹਿਕਮਾ ਬੜਾ ਕਲੀਨ ਬਣਾ ਦੇਣਾ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਅਸੀਂ ਦੇਖਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕੁੱਝ ਬਿਲਕੁਲ ਇਨੋਸੈਂਟ ਟੀਚਰਜ਼ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਹੁਕਮ ਪਾਸ

ਕਰ ਦਿੱਤੇ ਹਨ ਕਿ "these teachers should not be transferred to their home villages" ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕੁੱਝ ਟੀਚਰਜ਼ ਨੂੰ ਚਾਰਜ ਸ਼ੀਟ ਦੇ ਕੇ ਵਿਕਟੀਮਾਈਜ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੇ ਨੁਮਾਇੰਦੇ ਦੀ ਮਦਦ ਕੀਤੀ ਸੀ ਔਰ ਸਰਕਾਰੀ ਨੁਮਾਇੰਦੇ ਦੀ ਮਦਦ ਨਹੀਂ ਸੀ ਕੀਤੀ। ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਬੜੀ ਭਾਰੀ ਬੇਇਨਸਾਫੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਡੈਮੋਕਰੇਸੀ ਦੇ ਵਿੱਚ ਹਰੇਕ ਨੂੰ ਹਕ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਆਪਣੇ ਵੋਟ ਦਾ ਜਿਸ ਤਰਾਂ ਚਾਹੇ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕਰੇ। ਮੈਂ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਸੋ ਕਾਲਡ ਸੋਸ਼ਲਿਸਟਕ ਪੈਟਰਨ ਆਫ ਸੋਸਾਈਟੀ ਦੇ ਵਿੱਚ ਸਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਈਕੁਅਲ ਅਪਰਚੂਨਿਟੀ ਮਿਲਣੀ, ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਜਿਹੜੇ ਪੇਂਡੂ ਮੁੰਡੇ ਹਨ ਉਹ ਬੜੀ ਮੁਸ਼ਕਿਲ ਦੇ ਨਾਲ ਪੜ੍ਹਦੇ ਹਨ। ਕਈ ਵਾਰੀ ਸਕੂਲ ਦੇ ਵਿੱਚ ਟੀਚਰਜ਼ ਹੀ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੇ ਜੇ ਕਿਤੇ ਟੀਚਰ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਬੈਠਣ ਨੂੰ ਥਾਂ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ ਲੇਕਿਨ ਦਸਰੇ ਪਾਸੇ ਜਿਹੜੇ ਅਮੀਰਾਂ ਦੇ ਬੱਚੇ ਹਨ ਉਹ ਮਾਡਲ ਸਕੂਲਜ਼ ਅਤੇ ਪਬਲਿਕ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿੱਚ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਲੈਂਦੇ ਹਨ। ਇਹ ਬਹੁਤ ਵਡਾ ਫਰਕ ਹੈ। ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਦੇ ਸਿਸਟਮ ਨੂੰ ਰੀਵੀਯੂ ਕਰਕੇ ਸਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਈਕੁਅਲ ਅਪਰਚੂਨਿਟੀ ਦੇਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਦਿਹਾਤਾਂ ਦੇ ਵਿੱਚ ਚੰਗੇ ਚੰਗੇ ਦਿਮਾਗਾਂ ਵਾਲੇ ਬੱਚੇ ਪੈਦਾ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਲੇਕਿਨ ਈਕੁਅਲ ਅਪਰਚੂਨਿਟੀ ਨਾ ਮਿਲਣ ਕਰਕੇ ਉਹ ਉਥੇ ਦੇ ਉਥੇ ਹੀ ਰਹਿ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਚੀਜ਼ ਦਾ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੇ ਦੇਸ਼ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਘਾਟਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਦੂਸਰੇ ਦੇਸ਼ਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਬੱਚਿਆਂ ਦੇ ਐਪਟੀਚੂਡ ਨੂੰ ਦੇਖ ਕੇ ਫੇਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਖਾਸ ਲਾਈਨ ਵਲ ਲਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਸਾਡੇ ਦੇਸ਼ ਵਿੱਚ ਵੀ ਉਸ ਪੈਟਰਨ ਤੇ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਦਿੱਤੀ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਜੋ ਬੱਚਾ ਜਿਸ ਲਾਈਨ ਵਿੱਚ ਰੁਚੀ ਰਖਦਾ ਹੈ ਉਹੋ ਲਾਈਨ ਉਹ ਅੱਗੇ ਜਾਕੇ ਅਖਤਿਆਰ ਕਰੇ। ਜੇਕਰ ਕੋਈ ਇੰਜੀਨੀਅਰ ਬਨਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹੈ ਤੇ ਉਸ ਵਿੱਚ ਰੁਚੀ ਰਖਦਾ ਹੈ ਉਸ ਲਈ ਵੈਸਾ ਹੀ ਮਾਹੌਲ ਪੈਦਾ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਤਾਕਿ ਉਹ ਉਸ ਲਾਈਨ ਨੂੰ ਅਖਤਿਆਰ ਕਰ ਸਕੇ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਬੜਾ ਚੰਗਾ ਮਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਾਮਰੇਡ ਜੀ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਇਸ ਦੇ ਦੋ ਹਿੱਸੇ ਹਨ। ਜੇਕਰ ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਮਤੇ ਦੇ ਦੋਹਾਂ ਹਿਸਿਆਂ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰ ਦੇਵੇ ਤਾਂ ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਅਪਣੀ ਪਾਰਟੀ ਵਲੋਂ ਵਧਾਈ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਭ ਲਈ ਬਰਾਬਰ ਦੇ ਹਾਲਾਤ ਮੁਹੱਈਆ ਕੀਤੇ ਜਾਣ ਅਤੇ ਅਮੀਰਾਂ ਤੇ ਗਰੀਬਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਮਾਮਲੇ ਵਿੱਚ ਇਕ ਪੱਧਰ ਤੇ ਲਿਆਂਦਾ ਜਾਵੇ। ਇਹ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਕਿ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿੱਚ ਅਮੀਰਾਂ ਦੇ ਬੱਚੇ ਤਾਂ ਪੈਸੇ ਦੇ ਜ਼ੋਰ ਨਾਲ ਅਗੇ ਲੰਘ ਜਾਣ ਪਰ ਗਰੀਬਾਂ ਦੇ, ਪੇਂਡੂਆਂ ਦੇ ਬੱਚੇ ਪੈਸਾ ਨਾ ਹੋਣ ਕਰਕੇ ਤਾਲੀਮ ਵਿੱਚ ਪਿਛੇ ਰਹਿ ਜਾਣ। ਹਰ ਇਕ ਨੂੰ ਬਰਾਬਰ ਦੇ ਸਾਧਨ ਦਿੱਤੇ ਜਾਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ। ਚੰਡੀ ਗੜ੍ਹ ਵਿੱਚ ਜੋ ਬੱਚਾ ਪੜ੍ਹਦਾ ਹੈ ਉਸਦਾ ਮਿਆਰ ਹੀ ਹੋਰ ਹੈ ਅਤੇ ਉਸਨੂੰ ਬਹੁਤ ਸਹੂਲਤਾਂ ਮਿਲ ਸਕਦੀਆਂ ਹਨ। ਉਸ ਨੂੰ 14 ਸੈਕਟਰ ਯੂਨੀਵਰਸਟੀ ਲਾਈਬਰੇਰੀ ਵਿੱਚ ਤੇ ਸਟੇਟ ਲਾਈਬਰੇਰੀ ਵਿੱਚ ਹਰ ਕਿਸਮ ਦੀਆਂ ਕਿਤਾਬਾਂ ਮਿਲ ਸਕਦੀਆਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮਦਦ ਨਾਲ ਉਹ ਕਾਫੀ ਤਿਆਰੀ ਕਰਕੇ ਚੰਗੇ ਨੰਬਰ ਹਾਸਲ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਬਾਹਰ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿੱਚ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਸਹੂਲਤ ਨਹੀਂ। ਉਥੇ ਤਾਂ ਬੱਚੇ 10—15 ਮੀਲ ਤੋਂ ਚਲਕੇ ਸਕੂਲ ਆਉਂਦੇ ਹਨ (ਘੰਟੀ) ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਨਾਲਜ ਬਹੁਤ ਲਿਮਟਡ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਉਹ ਦੂਜੀਆਂ ਨਾਲ ਮੁਕਾਬਲਾ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਲਫਜ਼ਾਂ ਨਾਲ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਮਤਾ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ।

चौधरी नेत राम (हिसार सदर) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज इस रैज़ोल्यूशन के द्वारा इस हाऊस में बहुत अच्छा भाव प्रकट किया गया है कि पंजाब के अन्दर इंजीनिरिंग की तालीम को मुफत दिया जाए। इस भावना को हमें बड़ी खुशी के साथ कबूल करना चाहिए और ऐसा प्रस्ताव लाने वाले मैम्बर साहिब को मुबारिकबाद देना चाहिए।

[चौधरी नेत राम]

डिप्टी स्पीकर साहिबा, पुराने युग की और वर्तमान युग की दस्तकारियों में बहुत फर्क है। पुराने ज़माने में लोग हाथ से काम करते थे। चाहे कोई कारखाना चला कर कपड़ा बुनता था, चाहे कोई बसौला चला कर लकड़ी का काम करता था, चाहे कोई लोहार या तरखान का काम करता था उसे हाथ से सारा काम करना पड़ता था। उसको बहुत मेहनत करनी पड़ती थी। लेकिन आज विज्ञान का, साइंस का युग है, मशीनरी का युग है। ऐसे ज़माने में देहात के लोगों को गरीबी और जहालत से निजात दिलाने के लिए अगर इस तरह की तालीम मुफत दी जाए तो इस से बढ़ कर और अच्छी बात क्या हो सकती है। इस सम्बंध में मैं चाहूंगा कि भिवानी, ज़िला हिसार, के इलाके का भी पूरा ध्यान रखा जाए जहां पर भूमि प्रति बीघा एक मन से ज्यादा उपज नहीं देती। वहां पर इस से लोगों का अपनी रोटी का भी गुज़ारा नहीं होता। ऐसे इलाके में, जैसे पुराने युग में गुरुकुल हुआ करते थे, स्कूल खोलकर वहां पर बच्चों के लिए पढ़ने का, रोटी का और रहने का प्रबन्ध हो जाए तो मैं समझता हूं कि इस रैज़ोल्यूशन को लाने का एक निहायत ही मुबारिक मनशा होगा।

इस के अलावा मैं आप के द्वारा गवर्नमैंट का ध्यान उन बच्चों की तालीम की तरफ दिलाना चाहता हूं जो बस के अड्डों पर यह कहते फिरते हैं कि "बाबा बिस्तर उठवा लो, बाबा बूट पालिश करा लो।' इसी तरह से हम होटलों पर देखते हैं कि नन्हे-नन्हे बच्चे बर्तन साफ करते फिरते हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आप को एक घटना का वर्णन करता हूं। मैं यहां पर एक होटल पर बैठा चाय पी रहा था। वहां पर चार पांच साल का एक बच्चा बर्तन उठाने आया। चाय का कप उस से गिर पड़ा और दुकानदार कहने लगा, " देखिए साहिब, नौकरी करने के लिए आ जाते हैं, काम वगैरा इन से होता नहीं, हम क्या करें" मैंने कहा कि भाई इन की गलती नहीं। यह तो समाज और देश की गलती है, समाज का दोष है, देश का दोष है जो इन नन्हे, फूल जैसे छोटे छोटे बच्चों को होटलों में जा कर जूठे बर्तन उठाने पड़ते हैं। पूरी तरह से बर्तनों को सम्भाल नहीं पाते। मैं समझता हूं कि देश के नेताओं पर लानत है कि ऐसे छोटे छोटे बच्चों को, मासूम बच्चों को जूठे बर्तन उठाने पर मजबूर होना पड़ता है। क्यों ? उन का पेट रोटी मांगता है। उन के मां बाप भूखे होते हैं, उन को रोटी नहीं खिला सकते वरना कौन ऐसा मां बाप होगा जो अपने बच्चों को तालीम न दिलाना चाहता हो, अच्छे कपड़े न पहनाना चाहता हो, कारों पर न घुमाना चाहता हो।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, अभी मैं एक दोस्त के यहां से आया। उसका छोटा सा बच्चा अपनी मम्मी को "बाय, बाय" कह कर बाहर निकल गया। बाहर दरवाज़े पर पहुंचा तो फर्स्ट क्लास की फियट कार उस के लिए खड़ी थी। वह उस पर बैठा और कार फुर करके निकल गई। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार ने ग़रीबों के बच्चों को भी ऊंचा उठाने का प्रबंध किया, क्या कभी यह भी सोचा कि उन बेचारों के जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाया जाए ?

डिप्टी स्पीकर साहिबा, बड़े दुःख के साथ कहना पड़ता है कि गरीब लोगों के बच्चों के लिए जहां तक तालीम का सम्बन्ध है सिर्फ एक रियायत सरकार ने दी हुई थी । उन को मुफत तालीम देने के लिए वाकई एक अच्छा कदम उठाया था । लेकिन आज ऐमरजैंसी का नाम लेकर उस मुफत तालीम को बन्द करके सरकार ने कोई सराहनीय कार्य नहीं किया । यहां इस रैज़ोल्यूशन के अन्दर यह मांग की गई है कि देहातों में बच्चों को इंजीनिरिंग की, दस्तकारियों की मुफत तालीम दी जाए वहां साथ ही साथ मैं यह प्रार्थना करता हूं कि देहात में रहने वाले बच्चे इस सुविधा का फायदा कैसे उठा सकेंगे जब कि उन को आम तालीम के साधन पूरी तौर पर मुफत न मिल सकते हों ? जरूरी है कि, जैसे मैं ने पहिले निवेदन किया, गुरुकुलों की तरह वहां उन बच्चों की पढ़ाई का सरकार की तरफ से प्रबन्ध होना चाहिए, तालीम मुफत मिले, रोटी वहां होस्टलों में मिले । तभी गांव की, गांव में रहने वाले बच्चों की हालत सुधर सकती है और वे जिन्दगी में ऊंचा उठकर अपने दूसरे साथियों के मुकाबले में आ सकते हैं ।

आज विज्ञान का युग है, मशीनरी का युग है । जहां एक आदमी कारखाने में बैठ कर मशीन के ज़रिए आठ घंटे काम करके 50 गज़ कपड़ा तैयार करता है वहां पर गांव के अन्दर दिन में सारा दिन काम करने के बाद एक आदमी मुश्किल से 10 गज़ कपड़ा बुन सकता है । कहने का तात्पर्य यह है कि मशीन के ज़रिए ज्यादा नहीं तो पांच-छः गुना ज्यादा काम होता है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, कौन नहीं चाहता कि देश तरक्की करे । सब चाहते हैं । लेकिन देश वास्तव में तभी तरक्की कर सकता है जब कि गांव में रहने वाले लोगों का, आम और गरीब आदमी का जीवन स्तर ऊंचा हो और उस के लिए आवश्यक है कि उन के लिए ज़रूरी साधन जुटाए जाएं । जो गरीब लोगों के बच्चे होटलों में बर्तन मांजते हैं, सड़कों पर बैठ कर बूट पालिश करते हैं, मजदूरी के लिए लोगों के बिस्तर सिर पर उठाते हैं उन को ऐसी तालीम दी जाए जिस से कि वह भी अमीर लोगों की तरह समाज के अन्दर अपनी जगह बना सकें, इन्सानों की तरह सोच सकें, अच्छा खाना प्राप्त कर सकें और अपने परिवार वालों की हालत को ऊंचा उठाने में कामयाब हो सकें ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह रैज़ोल्यूशन बहुत सुन्दर है । अच्छी चीज़ों को मानने में और उन की प्रशंसा करने में हमें कोई हिचकिचाहट नहीं होती लेकिन दुःख उस वक्त होता है जब ऐसी बातों में भी भेदभाव की नीति से काम किया जाता है । आज भी तालीम के विषय में क्या हो रहा है ? गांव के अन्दर जहां गरीब लोगों के बच्चे पढ़ते हैं उन स्कूलों में तो एक-एक स्कूल में 60 रुपए का मास्टर लगा रखा है जिसको कि अपने रोटी-कपड़े का भी दुःख रहता है और उन के लिए तरसता रहता है । इस के मुकाबिले में जहां बड़े-बड़े अफसरों के बच्चे-बच्चियां पढ़ते हैं वहां पर खूब पढ़ी लिखी टीचरों को और मास्टरों को लगाया जाता है । मैं ने पंजौर गार्डन में देखा कि वहां पर छोटे छोटे बच्चों को बहुत पढ़े-लिखे टीचर और टीचरैसिज़

[चौधरी नेत राम]
घुमा रही थीं। तो आप अंदाज़ा लगाएं कि वह बच्चे जिन्दगी में तरक्की क्यों न करेंगे। साफ ज़ाहिर है कि जिन गरीब बच्चों को मामूली से भी साधन नहीं मिल पाते वह ज़िन्दगी की दौड़ में उन लोगों से बहुत पीछे रहे हैं और रह जाएंगे। इन हालात में मैं आप के द्वारा पंजाब सरकार से निवेदन करूंगा कि इस भेदभाव की नीति को तिलांजलि देकर गरीब लोगों की मुश्किलात की तरफ ध्यान दिया जाए जिस से सही मायनों में देश की तरक्की हो सके। इस के लिए मैं निवेदन करूंगा कि देहातों में छोटी छोटी मशीनरी की फैक्टरियां कायम की जाएं जिस से वहां के बेरोज़गार लोगों को काम करने की सुविधाएं मिलें।

इन शब्दों के साथ मैं आप को धन्यवाद देता हूं कि आप ने मुझे बोलने के लिए समय दिया।

ਚੌਧਰੀ ਰਾਮ ਰਤਨ (ਜਹਾਨ ਖੇਲਾਂ, ਅਸ. ਸੀ.): ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਜੋ ਮਤਾ ਹਾਊਸ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਪੇਸ਼ ਹੈ ਮੈਂ ਇਸ ਤੇ ਬੋਲਣ ਲਈ ਖੜ੍ਹਾ ਹੋਇਆ ਹਾਂ। ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਚਾਹੁੰਦਾ ਕਿ ਆਪਣੀ ਔਲਾਦ ਨੂੰ ਅੱਛੀ ਤਾਲੀਮ ਨਾ ਦਿੱਤੀ ਜਾਏ। ਇਸ ਮੁਲਕ ਵਿੱਚ ਹਰ ਇਕ ਆਦਮੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਦਾ ਰਹਿਣ ਸਹਿਣ ਉਚਾ ਹੋਵੇ। ਅਸੀਂ ਅਤੇ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਸਾਰੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਬਰਾਬਰ ਲਿਆਉਣਾ ਹੈ। ਅਸੀਂ ਇਕ ਪਾਸੇ ਸਮਾਜਵਾਦ ਦਾ ਨਾਅਰਾ ਲਾਉਂਦੇ ਹਾਂ ਤੇ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਸਮਾਜਵਾਦ ਦੇ ਅਸੂਲਾਂ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਅਪਣਾਉਂਦੇ। ਮੁਢਲੀ ਚੀਜ਼ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਪੈਦਾਵਾਰ ਦੇ ਸਾਧਨ ਲਈ ਹਰ ਇਕ ਨੂੰ ਬਰਾਬਰ ਦਾ ਮੌਕਾ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਭਾਵੇਂ ਧਰਤੀ ਹੈ ਤੇ ਭਾਵੇਂ ਕਾਰਖਾਨੇ ਹਨ ਉਥੇ ਇਹ ਚੀਜ਼ਾਂ ਲਾਗੂ ਕਰਨੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ। ਅਸੀਂ ਸਮਝਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਹਰ ਇਕ ਤਾਲੀਮ ਹਾਸਲ ਕਰੇ। ਅਸੀਂ ਨਹੀਂ ਸਮਝਦੇ ਕਿ ਹਰ ਇਕ ਮੁਫਤ ਤਾਲੀਮ ਹਾਸਲ ਕਰ ਸਦਕਾ ਹੈ। ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ, ਸਾਡੀ ਹਕੂਮਤ ਸਮਾਜਵਾਦ ਦਾ ਨਾਅਰਾ ਲਾਉਂਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਅਜ ਟੈਕਨੀਕਲ ਤਾਲੀਮ ਦੀ ਬੜੀ ਲੋੜ ਹੈ। ਗਰੀਬ ਲੋਕ ਇਹ ਤਾਲੀਮ ਹਾਸਲ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ। ਅਜੇ ਸਾਡੇ ਦੇਸ਼ ਤੇ ਔਕੜ ਹੈ। ਆਪ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੀ ਕਿ ਦੇਸ਼ ਕਿਸ ਹਾਲਤ ਵਿਚੋਂ ਦੀ ਲੰਘ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਜਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਟੈਕਨੀਕਲ ਤਾਲੀਮ ਮੁਫਤ ਕੀਤੀ ਜਾਏ ਤਾਕਿ ਅਸੀਂ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧਾਈਏ, ਦੇਸ਼ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਵਿੱਚ ਹਿਸਾ ਪਾਈਏ। ਜੇ ਦੇਸ਼ ਨੇ ਦੂਜੇ ਮੁਲਕ ਦੇ ਨਾਲ ਟਾਕਰਾ ਕਰਨਾ ਹੈ ਤਾਂ ਇਹ ਜਰੂਰੀ ਹੈ ਹੈ ਕਿ ਆਪਣੇ ਮੁਲਕ ਦੇ ਹਰ ਇਕ ਨੌਜਵਾਨ ਨੂੰ ਇਹ ਵਿਦਿਆ ਦਿੱਤੀ ਜਾਏ ਤਾਕਿ ਜੋ ਸਾਡੇ ਦੇਸ਼ ਨੂੰ ਬਣਾਉਣ ਵਾਲੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦੂਜੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਬਰਾਬਰ ਕਰ ਸਕੀਏ। ਉਹ ਟੈਕਨੀਕਲ ਤਾਲੀਮ ਹਾਸਲ ਕਰਕੇ ਮੁਲਕ ਵਿੱਚ ਪੈਦਾ ਵਾਰ ਵਧਾਉਣ ਵਿੱਚ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹਿਸਾ ਪਾਉਣ। ਮੈਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਨਹੀਂ ਕਹਿੰਦਾ। ਅਸੂਲੀ ਤੌਰ ਤੇ ਅਸੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ, ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਸਾਰੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਬਰਾਬਰ ਦੇ ਸਾਧਨ ਤੇ ਮੌਕਾ ਪੈਦਾ ਕਰਕੇ ਦੇਣੇ ਹਨ। ਅਜ ਇਸ ਰਾਹ ਵਿੱਚ ਅੜਚਨ ਪੈਦਾ ਕੀਤੀ ਹੋਈ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਜ਼ਰੂਰ ਦੂਰ ਕਰੋ ਅਤੇ ਮੁਫਤ ਤਾਲੀਮ ਦੇ ਕੇ ਸਾਰੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਬਰਾਬਰ ਦਾ ਮੌਕਾ ਮਿਲਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਐਨਾ ਕਹਿਕੇ ਤੁਹਾਡੇ ਕੋਲੋਂ ਖਿਮਾ ਮੰਗਦਾ ਹਾਂ।

श्री मंगल सेन (रोहतक): डिप्टी स्पीकर महोदया, इस प्रस्ताव पर इस हाउस के कई आनरेबल मैम्बरों ने अपने विचार प्रगट कर दिए हैं। कुछ मोटी मोटी बातें कहने के लिए मैं ने आप से समय मांगा था जो अब मिल गया। इस के लिए आप का धन्यवाद करता हूं। प्रस्तावक महोदया ने बड़ी सरलता से यह बात कहनी चाही कि इस प्रदेश के, इस राज्य के अन्दर टैक्नीकल हैंडज़ की बढ़ौत्री के लिए सरकार को और प्रयत्न करने चाहिएं। (*At this stage Shrimati Dr. Parkash Kaur, a member of the Panel of chairmen, occupied the chair.*)

चेयरमैन साहिबा, इस प्रस्ताव में यह बात दर्ज की गई है कि इस प्रदेश में टैक्नीकल हैंडज़ की गिनती को बढ़ाना चाहिए और इस के साथ ही साथ यह बात भी कही गई है कि टैक्नीकल शिक्षा मुफत दी जानी चाहिए । इस प्रस्ताव में यह दोनों बातें कही गई हैं । इस सम्बन्ध में मैं निवेदन करना चाहता हूं कि जैसा कि एक माननीय सदस्य ने अभी इस हाउस में कहा था कि यह प्रदेश कृषि प्रदेश है, ऐग्रीकलचरल स्टेट है ; यहां के लोगों का गुज़र ज्यादातर खेती-बाड़ी पर होता है और इस प्रदेश की आबादी बढ़ गई है और बड़ी तेज़ी के साथ बढ़ रही है, इस तेज़ी के साथ बढ़ रही है कि उन के कारोबार का, उन के रोज़गार का भी प्रबन्ध नहीं हो पा रहा और बड़ी बेमेल सी बात हो रही है । बैलंस न होने के कारण आज हम देख रहे हैं कि मुल्क में ऐकनामिक कराइसिज़ सा हो गया है और गांवों में और शहरों में बेकारी बहुत ज्यादा हो गई है । इस का कारण यह है कि हमारे देश के लोग अभी तक एग्रीकलचर पर निर्भर करते हैं । आज कल के ज़माने में, आज के नए युग में जो साईंस का युग है, इस युग के अन्दर लोगों ने मशीनरी से बड़ी भारी तरक्की की है । इस लिए इस तरक्की को हासल करने के लिए हमारे महकमा तालीम ने काफी टैक्नीकल स्कूलज़ सारे सूबा के अन्दर खोल दिए हैं और जो पहले वोकेशनल सैंटर्ज़ थे उन्हें भी टैक्नीकल स्कूलों में मर्ज कर दिया है । इस लिए प्रस्तावक महोदया ने जो राए दी है कि टैक्नीकल तालीम लोगों को मिलनी चाहिए इस में कोई इख्तलाफ राए की बात नहीं । लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि कुछ इलाकों पर तो पंजाब सरकार ने बड़ी भारी मेहरबानी की है और कई को इस ने बिल्कुल नज़र अन्दाज़ किया है क्योंकि इस ने जितने इन्जीनियरिंग कालेज खोले हैं वे लुधियाना, पटियाला और चंडीगढ़ में खोले हैं जो सब एक खास इलाका में हैं । इस से ज़ाहर होता है कि जो पंजाब की सरकार को चलाने वाले हैं और सारी योजना को प्रैक्टिस में लाने वाले हैं उन की इस इलाके पर खास मेहरबानी है और उन्हें हिन्दी रिजन यानी हरियाने का इलाका जो है वह दिखाई नहीं देता, जिस का नतीजा यह है कि एक भी इन्जीनियरंग कालेज रोहतक, करनाल, गुड़गावां और हिसार में नहीं । हां, बड़ा शोर मचाने पर एक आध पाली-टैक्नीक इन्स्टीट्यूट ज़रूर वहां दे दिया गया है । चेयरमैन साहिबा, आप तो जानती हैं, क्योंकि आप भी एक ज़िम्मेदार ओहदे पर रह चुकी हैं, कि बारमबार इस बारे में मांग की जाती रही कि हमारे इलाके के लोगों को ऊपर उठाने के लिए इतना प्रबन्ध नहीं किया जा रहा जो प्रबन्ध दूसरे रिजन के टैक्नीकल और दूसरी ट्रेनिंग के देने के लिए मौजूद है । लेकिन इस के बावजूद आज तक सरकार ने एक भी इन्जीनियरिंग कालेज इस रिजन के लिए नहीं दिया । हां, एक पोलीटैक्नीक स्कूल झज्जर में खोला गया है और एक रोहतक में है । लेकिन जिस रफतार से यह पंजाबी रिजन में खुले हैं या जिस मात्रा में वहां खुले हैं उस मात्रा में हिन्दी रिजन में नहीं खोले गए । चेयरमैन साहिबा, मुझे यह बात कहते हुए दुख होता है कि राज्य शासन के कार्यकर्ता प्रान्त के एक तरफ यह चीज़ें देने में उदारता से काम लेते हैं और दूसरी तरफ संकोच से काम लेते हैं । इस तरह से एक्सप्लायटेशन की जा रही है । हम तो ऐसी बातें नहीं कहना

[श्री मंगल सैन]

चाहते लेकिन जब ऐसी बातें अवाम को देखने में मिलती हैं तो इस से दुःख महसूस करते हैं। क्योंकि हम उन के नुमायंदे हैं, उन के खिदमतगार हैं, इस लिए हमें उन के भावों की तर्जमानी करने के लिए यहां यह बातें कहनी पड़ती हैं। इस लिए, चेयरमैन साहिबा मैं आप के द्वारा मंत्रीमंडल से निवेदन करना चाहता हूं कि वह टैक्नीकल शिक्षा के विस्तार के लिए उस इलाके की तरफ ध्यान दें और रोहतक के अन्दर इन्हें एक इन्जीनियरिंग कालेज खोलना चाहिए। अब वहां एक मैडिकल कालेज खोला जा रहा है। कई वर्षों से उस की तामीर हो रही है और वहां जो तालीम दी जा रही है वह अधूरा काम है। क्योंकि यह बात इस प्रस्ताव से ताल्लुक नहीं रखती इस लिए मैं इस बारे में और नहीं कहता। सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि उस इलाके को टैक्नीकल शिक्षा देने के लिए प्रायरटी देनी चाहिए, प्रैफ़ैंस दी जानी चाहिए। इस समय उस इलाके के साथ बड़ा बिचित्र सा रवैया अख्तियार किया जा रहा है। यहां हम हाउस में प्रश्न समय में और आगे पीछे भी इस बारे में कह जाते हैं। यहां यह जमहूरी गवर्नमैंट है, पीपलज़ गवर्नमैंट है, यह बात तो ठीक है, इस बात को मानने से मैं इनकार नहीं कर सकता, और कहूंगा भी ज़रूर कि यह गवर्नमैंट बाई दी पीपल है लेकिन अब हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब ने बड़ी दलेरी के साथ, बड़े हौसले के साथ यह बात मानी है कि वह जो कोआर्डीनेशन कमेटियां हैं उन में सिवाए कांग्रसियों के और किसी को नहीं लेंगे, उन्हीं को लेंगे जो हमें मुआफिक आएंगे, जो हमारी तबीयत के अनुसार होंगे। इस बात पर हाउस में गर्मा गर्मी हो गई। मगर चूंकि वह तो क्वैस्चन आवर था हम कुछ ज्यादा न पूछ सके। यह विचार करने वाली बात है कि अपने आप को डैमोक्रैट कहने वाले और जो कि अमरीका में जाने क्या पालिश करते रहे हैं, काम करते रहे हैं वह फरमाते हैं कि हम तो अपनी ही पार्टी के आदमी लेंगे और किसी को नहीं लेंगे। वह इस से भी ज़्यादा एतराज़ वाली यह बात कह गए कि वह इस हाउस के मैम्बरों को भी नहीं लेंगे क्योंकि वह उस बात का नाजायज़ फायदा उठाएंगे। चेयरमैन साहिबा, इस से बढ़कर बदकिस्मती क्या हो सकती है। ठीक है, वज़ीर साहिब, आप इस पाप में शामिल नहीं हैं मगर गवर्नमैंट का रवैया तो गलत ही है।

फिर टैक्नीकल इन्स्टीट्यूशन्ज़ के दाखिले की बात है। उस के लिए एक बोर्ड बनाया जाता है जो इस बारे फैसला करता है कि किस को दाखिल करना है। मैं 1957 से इस हाउस का मैम्बर हूं। मैं हर बार देख रहा हूं कि इन बोर्डों में हर बार कांग्रेस के ही मैम्बर बैठे होते हैं जिन्होंने ऐलफाबैट भी नहीं पढ़ी होती। अगर यही होता कि रूलिंग पार्टी के ही आदमी इन में बैठते तो कोई बात नहीं थी मगर इन में तो उन लोगों को लोगों की छाती पर लाकर बिठा दिया जाता है जिन को उन्होंने रिजैक्ट किया हुआ होता है, कहीं पर पांच हज़ार वोटों से और कहीं पर दस हज़ार वोटों से।

मैं तो रोहतक की ही बात जानता हूं, बाकी जगहों की बात दूसरे मैम्बर साहिबान ही बता सकेंगे । वहां पर ऐसी बातें होती हैं । इस बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि यह मामला नौजवानों को टैक्नीकल शिक्षा देने से सम्बन्ध रखता है । इस में फराखदिली से काम लिया जाना चाहिए ; हर एक को मौका मिलना चाहिए । वहां पर कास्ट्ज़ चलती हैं । मैं इस की डीटेल में नहीं जाता मगर सरकार से कहूंगा कि अगर आप जमहूरियत को, प्रजातन्त्र को कामयाब बनाना चाहते हैं तो ऐसे हथियारों पर न उतरें जिन को ओछे कहते हैं, निकृष्ट कहते हैं । जो इलैक्ट हो गया है उस का फैसला जनता ने किया है । कोई 34 वोटों से बन जाए—मैं इस झगड़े में जाने से परहेज़ करता हूं कि वह कैसे बने—मगर वह यहां पर मुख्य मंत्री बने दनदना रहे हैं । (विघ्न) वह फैसला तो इलैक्शन ट्रिब्यूनल करेगा । मेरा यह नम्र निवेदन है कि इस तरफ सरकार ध्यान दे ।

चेयरमैन साहिबा, जहां सरकार ने कुछ टैक्नीकल इन्स्टीट्यूशन्ज़ खोले हैं वहां कुछ प्राइवेट लोगों ने भी खोले हैं क्योंकि सरकारी अदारों में भेदभाव रखा जाता है, न्याय नहीं होता, लोगों को मैट्रिक्स पर दाखला नहीं मिलता । पहले तो सरकार ने इन अदारों को रैकगनाइज़ किया मगर बाद में रैकगनीशन रद्द कर दी । मैं इस बारे में यह कहना चाहता हूं कि जहां मुकाबला होता है वहां पढ़ाई का मियार ऊंचा हो जाता है । इस लिए इन अदारों को भी रैकगनीशन दी जानी चाहिए ताकि देश को अधिक से अधिक फायदा हो ।

चेयरमैन साहिबा, देश में जमीन कम है । इस के कारण लोगों का रूझान खेती से हट कर दूसरे कामों की तरफ हो रहा है । ज़मीन कोई रबड़ तो नहीं जिस को खींच कर ज्यादा किया जा सके । इन का बस चलता तो शायद यह भी करते मगर ऐसा नहीं हो सकता । तो सरकार का यह प्रयत्न होना चाहिए कि जो बाज़ू बेकार बैठे हैं उन को इन्डस्ट्री में लगाए । कुछ उद्योग चालू भी किए गए हैं जैसे कि लुधियाना, जालन्धर या अमृतसर में । कुछ छोटे मोटे काम हिन्दी रिजन में भी हैं जैसे कि पानीपत में । सोनीपत में कुछ इन्डस्ट्री लगाई गई है । मन्त्री महोदय को इसका अनुभव है ; यह वहां पर आया जाया करते हैं । मगर लोग माल के कोटे लेते हैं और उस को ब्लैक में बेच लेते हैं, न वहां काम होता है और न ही मशीनरी वगैरा है । लोगों को टैक्नीकल ट्रेनिंग दें, कारखाने लगाएं ताकि बेकारी दूर हो । मगर आज यह हालत है कि इन्डस्ट्री को चलाना मुश्किल हो रहा है क्योंकि कोई खुददार आदमी तो चला ही नहीं सकता । जब चुनाव का मौसम आता है तो इन को नोटों के बंडल दिए बिना जमहूरियत कामयाब नहीं हो सकती । चुनाव के लिए 70 हज़ार रुपया खर्चा मुकर्रर है मगर सभी जानते हैं कि मंत्रियों और मुख्य मंत्री किस तरह काम चलाते हैं.......

चेयरमैन : आप रैलेवैंट रहिये । (The hon. Member should please be relevant.)

श्री मंगल सेन : मेरे कहने का मतलब यह है कि वह खर्च उनकी जेब मे ही होता है । यह इन्डस्ट्री को स्टेबिलाइज करने की बजाए अपनी गद्दियों को स्टेबिलाइज कर रहे हैं । मैं आप को आपत्ति उठाने का मौका नहीं देना चाहता मगर देश का उद्ययोगीकरण किए बिना बेकारी दूर नहीं हो सकती । पहले दो प्लान खत्म हो चुके हैं और तीसरा चल रहा है मगर यह देखा जाता है कि प्लैन तो चल रहे हैं मगर बेकारी बढ़ रही है ।

चेयरमैन : आंकड़े भी बताएं । (The hon. Member may cite facts and figures in this behalf.)

श्री मंगल सेन : वह भी प्रस्तुत कर दूंगा (विघ्न) आप इस बात की तसदीक करेंगे कि बेकारी बढ़ी है । मैं अर्ज करूंगा कि मुख्य मंत्री जी चुनाव के वक्त बाजू हिला हिला कर कहा करते थे कि सारी एजुकेशन फ्री होगी, टैक्नीकल एजुकेशन बढ़ाएंगे । अगर ऐसा किया जाता तो बड़ा अच्छा होता मगर हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब की करनी और कथनी में बड़ा फर्क होता है, जमीन आसमान का फर्क होता है । इन्होंने कहा था कि दसवीं जमात तक मैं फीस माफ कर दूंगा और होम मिनिस्टर साहिब ने फाइनैन्स मिनिस्टर साहिब की जगह टैक्सों और आमदनी के जराए के बारे में रोशनी डाली थी और यह बात करते हुए बड़ी मजबूरी मे यह बात कही कि जो छूट हम ने दी हुई थी वह हम विदड्रा कर लेंगे । 20 परसैन्ट पर पूरी माफ होगी और 35 परसैन्ट तक आधी माफ होगी और इसी तरह यह भी कहा था कि 40 परसैन्ट पर पूरी लगेगी । यह तो ठीक है कि उन्होंने जो कुछ करना था वह किया लेकिन अब जो इस के बाद कुरप्शन होगी वह नीचे से ऊपर तक पहुंचेगी क्योंकि अब मास्टर लोग लिखेंगे कि फलां आदमी के लड़के की फीस माफ कर दी जाएगी और लिखेंगे भी किस को ? मिनिस्टर साहिब को ..... (विघ्न) .... मैं निवेदन करना चाहता हूं, चेयरमैन साहिबा, कि इन्होंने टाल टाक्स की थीं और वोट कैचिंग नारे लगाए थे । और भोली भाली जनता को यह विश्वास दिलाया था कि अब उनके बच्चे पढ़ जाएंगे लेकिन अब क्या होगा ? अब उन भोले भाले लोगों पर अचानक बाम्ब शैल पड़ेगा । मुझे समझ नहीं आती कि क्यों गवर्नमैंट ऐमरजैंसी का डंडा ले कर भोली भाली जनता को हांकना चाहती है ? मैं जानता हूं कि जब यह प्रस्ताव पास होगा तो यह प्रस्तावक महोदय बड़े प्रसन्न होंगे कि हमारी सहमति से पास हुआ । मैं भी कहता हूं कि टैक्नीकल एजुकेशन फ्री होनी चाहिए लेकिन होगा कुछ नहीं । मैं तो यही कहता हूं कि इसे पोलीटिकल कैपीटल नहीं बनाना चाहिए और गरीब जनता को एक्सप्लाइट नहीं करना चाहिए । यह ठीक है कि हमें देश का निर्माण करना है । लेकिन इस के लिए क्या तरीका होना चाहिए ? यह भी तो देखना है । क्या यही कि बाहर की भाषा सीखें, बाहर का पहरावा धारन करें और हमारे मुख्य मंत्री ने तो इस दिशा में उतना भी कर लिया कि बाहर की हकूमत भी लागू कर दी । बहनों के ऊपर लाठियां पड़ती हैं तो कहते हैं कि बिजनेसलाइक लाठियां हैं ......

चेयरमैन : मंगल सैन जी, आप ज़िम्मेदार मैम्बर हैं। आप कांक्रीट सजैशन दें।
(Shri Mangal Sein is a responsible Member. He may please give concrete suggestions.)

श्री मंगल सेन : अच्छा जी, मैं यह बात नहीं कहता। मैं यह कहना चाहता हूं कि एजुकेशन में रैवोल्यूशनरी चेंज लानी चाहिए ताकि आगे आने वाली सन्तान को स्वावलम्बी बना सकें। मैं आखिर में यही निवेदन करना चाहता हूं कि यह जो प्रस्ताव हाउस में लाया गया है मैं इस की ताईद करना चाहता हूं। लेकिन हमारे जो फियर्ज़ हैं वह मंत्री महोदय ज़रूर दूर करेंगे और सिंसियरली, ईमानदारी और दयानतदारी के साथ इस प्रस्ताव को पास करके इम्पलीमैंट करेंगे। इन शब्दों के साथ मैं आप का धन्यवाद करके बैठ जाता हूं।

प्रिंसिपल रला राम (मुकेरियां) : सभापति महोदया, इस प्रस्ताव के बारे में कोई दो राए नहीं हो सकतीं। जहां तक फ्री टैकनीकल एजुकेशन का ताल्लुक है, उसे जितनी जल्दी इस प्रान्त में लागू किया जाए उतनी ही जल्दी इस का कल्याण होगा। एक दो बातें जो मैं अर्ज़ करना चाहता हूं वह इस के साथ सम्बन्ध रखती हैं। हमारा जो तालीमी ढांचा है, उसका सब से बड़ा नुक्स यह रहा है कि यह सिंगल ट्रैक एजुकेशन रहा है। पहिले मैट्रिक किया, फिर कालेज में चले गए और फिर नौकरियों में आ गए। यह बहुत देर से चलता आया है। लेकिन जब से हम स्वतंत्र हुए हैं तब से हम कुछ इलाज कर पाए हैं। आज सब से ज़्यादा ज़रूरत इस बात की है कि हम अपने नवयुवकों के अन्दर हाथ के काम की रुचि पैदा करें। उस के लिए बेसिक एजुकेशन का सिस्टम तजवीज़ किया था लेकिन बहुत हद तक यह कहना होगा कि यह कामयाब नहीं रहा। लेकिन इस के अन्दर एक बात बहुत ही उपयोगी है और वह यह कि हाथ से काम करवाया जाता है और बच्चा बाबूइज़म की बीमारी से बच जाता है। यह हाथ के काम वाली बात बनी रहनी चाहिए चाहे यह बेसिक सिस्टम और किस्म में तबदील भले ही कर दिया जाए। यानी प्राइमरी स्कूल से लेकर कोई न कोई हाथ का काम जो है वह हमारे बच्चों को ज़रूर सिखाना चाहिए ताकि उन को हाथ के काम से अरुचि न हो और उनका ख्याल यह न बनने पाए कि हाथ का काम करने से उन की मान हानि होती है। वह डिगनिटी आफ लेबर को समझने वाले बनें तभी हमारी टैक्नीकल एजुकेशन की कामयाबी होगी और अगर हमारे देश में टैक्नीकल तालीम मुफ्त दी जाए तो इस से ज़्यादा खुशकिस्मती और क्या हो सकती है ? मैं जो खास तौर से अपनी सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं वह इसलिए कि हमारी बेसिक एजुकेशन का अंग यह है कि बच्चों से शुरू से ही हाथ का काम करवाया जाए। उस से सही मायनों में इलाज हो सकता है। आजकल देश में बेरोज़गारी बहुत है जो सरकार को दूर करनी चाहिए। हमारे देश की जो 80 परसैन्ट आबादी है उस का गुज़ारा केवल कृषि पर है। जब तक हमारी सरकार दस्तकारी और उद्योग धंधों की ओर विशेष कर ध्यान नहीं देगी उस समय तक हमारे देश में खुशहाली नहीं आ सकती। चेयरमैन, महोदया, अमरीका के अन्दर 75 परसैन्ट लोग उद्योग धन्धों और दस्तकारी में लगे हुए हैं। सिर्फ 25 परसैन्ट या 30 परसैन्ट लोग हैं जोकि कृषि

[प्रिंसिपल रला राम]
के काम को चलाते हैं । हमारे देश में यह बात बिलकुल उल्ट है । हमें इस को सुधारना होगा, उसके लिए हमें अपनी टैक्नीकल शिक्षा को बढ़ाना चाहिए । जो हमारे टैक्नीकल ट्रेंड नौजवान हैं अगर वह भी बेकार रहें तो यह पोज़ीशन आगे से बदतर हो जाएगी । इस से असंतोष बढ़ेगा । इस के लिए यह बहुत आवश्यक है कि टैक्नीकल शिक्षा के साथ काटेज इन्डस्ट्री और उद्योग धंधे को भी डिवैल्प करें । जब तक इन्डस्ट्री को डिवैल्प नहीं करेंगे तब तक बेरोज़गारी दूर नहीं होगी । अगर हम मुफत टैक्नीकल शिक्षा दें, अगर बड़े बड़े टैक्नीशियन्ज़ तैयार करते जाएंगे वह भी बेकार रहेंगे । आज हमारे देश में राष्ट्रीय संकट मौजूद है । इस के पेशेनज़र टैक्नीशियनज़ की बहुत जरूरत है, लेकिन लांग रेंज मसले को नज़र अन्दाज़ नहीं करना चाहिए । हमारे पंजाब के टैक्नीशियनज़ ट्रेंड हो कर दूसरे सूबों के अन्दर जाते हैं । वहां पर उन के साथ प्राविन्शयलिज़म की स्पिरट ही शो की जाती है । उस को हम नज़रअन्दाज़ नहीं कर सकते । इस लिए हम जितने टैक्नीशियनज़ ट्रेंड करेंगे उन्हें भी देश के अन्दर दस्तकारी और उद्योग धंधों के अन्दर खपाना होगा । इस लिए जहां टैक्नीकल शिक्षा मुफ्त हो और बढ़े वहां इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि उद्योग धन्धों, दस्तकारी, काटेज इन्डस्ट्रीज़ और लार्ज-स्केल इन्डस्ट्री को हमारे सूबा में बढ़ाया जाए ताकि ट्रेंड टैक्नीशियनज़ को खप्त किया जाए । अगर दोनों चीज़ों को एक साथ नहीं चलाएंगे तो हमारा यह प्रोग्राम वैल प्लैंड प्रोग्राम नहीं रहेगा । इस लिए मैं आप के द्वारा यह कहना चाहता हूं कि टैक्नीकल शिक्षा बहुत आवश्यक है । राष्ट्रीय संकट के पेशेनज़र बेरोज़गारी को दूर करने के लिए टैक्नीकल शिक्षा मुफ्त होनी चाहिए । मैं समझता हूं कि सरकार यह स्कीम लागू करके जनता की सब से बड़ी सेवा करेगी । दोनों चीज़ों का उचित कोआरडीनेशन करके इस प्रोग्राम को आगे बढ़ाना चाहिए ताकि प्रांत में बेरोज़गारी को दूर किया जा सके । चेयरमैन साहिबा, मैं आप का धन्यवाद करता हूं कि आप ने मुझे बोलने के लिए समय दिया है ।

ਯੋਜਨਾ ਅਤੇ ਵਿਕਾਸ ਮੰਤਰੀ (ਸਰਦਾਰ ਦਰਬਾਰਾ ਸਿੰਘ) : ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਸ ਸਦਨ ਦੇ ਵਿਚ ਬੋਲਣ ਵਾਲੇ ਦੋਸਤਾਂ ਨੇ ਟੈਕਨੀਕਲ ਵਿਦਿਆ ਮੁਫਤ ਕਰਨ ਦੇ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਤੇ ਜੋ ਗੱਲਾਂ ਕਹਿਣੀਆਂ ਸਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਛੱਡ ਕੇ ਇਧਰ ਉਧਰ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਹ ਗੱਲਾਂ ਇਸ ਮੌਕੇ ਤੇ ਨਹੀਂ ਕਹਿਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਸਨ। ਜਦੋਂ ਕੋਈ ਉਸ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਮੌਕਾ ਆਉਂਦਾ ਤਾਂ ਉਦੋਂ ਬੇਸ਼ਕ ਕਹਿ ਦਿੰਦੇ। ਇਸ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਦੇ ਵਿੱਚ ਤਾਂ ਸਿਰਫ ਇਤਨੀ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਜਿਤਨੇ ਵੀ ਟੈਕਨੀਕਲ ਇਨਸਟੀਟਿਊਟਸ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਿੱਚ ਟੈਕਨੀਕਲ ਵਿਦਿਆ ਮੁਫਤ ਮਿਲਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਇਹ ਹੈ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ। ਮੈਂ ਦੇਖਿਆ ਹੈ ਕਿ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਬਜਾਏ ਇਸ ਪਾਸੇ ਧਿਆਨ ਦੇਣ ਦੇ ਉਠ ਕੇ ਬਾਹਰ ਚਲੇ ਗਏ ਹਨ। ਇਹ ਇੱਕ ਨਿਹਾਇਤ ਜ਼ਰੂਰੀ ਮਤਾ ਸੀ ਜਿਸ ਵਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕੋਈ ਖਾਸ ਤਵੱਜੋ ਦੇਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ। ਜਦੋਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਚੰਗੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਆਉਣ ਤਾਂ ਬਜਾਏ ਡੈਸਟ੍ਰੈਕਟਿਵ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਕਰਨ ਦੇ ਸਾਨੂੰ ਕੰਸਟ੍ਰਕਟਿਵ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਤਾਕਿ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਫਾਇਦਾ ਹੋਵੇ। ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬਾ, ਸਾਡਾ ਜਿਹੜਾ ਜ਼ਮੀਨ ਤੇ ਮੇਰਾ ਮਤਲਬ ਹੈ ਐਗਰੀਕਲਚਰਲ ਲੈਂਡ ਤੇ ਬੋਝ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਅਸੀਂ ਇੰਡਸਟਰੀ ਵਲ ਲੈ ਜਾਣਾ ਹੈ । ਇਹ ਮਤਾ ਇੰਡਸਟਰੀ ਨਾਲ

ਸੁਤੰਤਰ ਹੈ ਇਸ ਕਰਕੇ ਬਜਾਏ ਇਧਰਲੀਆਂ ਉਧਰਲੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕਰਨ ਦੇ ਇਸ ਪਾਸੇ ਵਲ ਧਿਆਨ ਦੇਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ। ਅਸੀਂ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਵਿੱਚ ਇੰਡਸਟਰੀ ਵਾਲੇ ਪਾਸੇ ਨੂੰ ਮਜ਼ਬੂਤ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਹਰ ਸਾਲ ਅਤੇ ਖਾਸ ਕਰਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਚੰਦ ਸਾਲਾਂ ਵਿੱਚ ਇੰਡਸਟਰੀ ਵੱਲ ਜ਼ਿਆਦਾ ਤਵੱਜੋ ਦਿੱਤੀ ਹੈ ਅਤੇ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਗਲ ਦੀ ਲੋੜ ਵੀ ਹੈ। ਜਦੋਂ ਤਕ ਅਸੀਂ ਇੰਡਸਟਰੀ ਵੱਲ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦੇਵਾਂਗੇ ਉਦੋਂ ਤਕ ਅਸੀਂ ਬੇਰੋਜ਼ਗਾਰੀ ਦੂਰ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ। ਇਸ ਕਰਕੇ ਸਾਨੂੰ ਲਾਜ਼ਮੀ ਤੌਰ ਤੇ ਐਗਰੀਕਲਚਰ ਦੀ ਸਾਈਡ ਤੋਂ ਲੋਡ ਘਟਾ ਕੇ ਇੰਡਸਟਰੀ ਵੱਲ ਲਿਆਉਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ। ਉਸ ਦਾ ਇਕੋ ਹੀ ਸਾਧਨ ਹੈ; ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਜਿਹੜੇ ਲੋਕ ਬੇਰੁਜ਼ਗਾਰ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਟਰੇਨਿੰਗ ਦੇਈਏ ਤਾਕਿ ਉਹ ਆਪਣੀ ਰੋਜ਼ੀ ਦਾ ਸਾਧਨ ਬਣਾ ਸਕਣ। ਇਸ ਵਿੱਚ ਕੋਈ ਸ਼ਕ ਨਹੀਂ ਕਿ ਬੇਰੋਜ਼ਗਾਰੀ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਉਸ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਨ ਲਈ ਕਨਸਟ੍ਰਕਟਿਵ ਤਜਵੀਜ਼ਾਂ ਦੇਣੀਆਂ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹਨ। ਜਿਹੜੀਆਂ ਇਥੇ ਸਪੀਚਾਂ ਕੀਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ¾ ਹਿੱਸਾ ਇਸ ਮਤੇ ਦੇ ਨਾਲ ਤੱਅਲੁਕ ਨਹੀਂ ਰਖਦਾ। ਜੇ ਸਿਰਫ ਨੁਕਤਾ ਚੀਨੀ ਦੇ ਖਿਆਲ ਨਾਲ ਹੀ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਕਰਨੀ ਸੀ ਤਾਂ ਉਹ ਬਜਟ ਦੇ ਹੋਰ ਹਿੱਸਿਆਂ ਤੇ ਬੋਲਦੇ ਹੋਏ ਵੀ ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ ਸੀ। ਲੇਕਿਨ ਏਸ ਮਤੇ ਤੇ ਬੋਲਣ ਲਈ ਲਾਜ਼ਮੀ ਤੌਰ ਤੇ ਤਿਆਰੀ ਨਾਲ ਆਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ ਕਿ ਇੰਡਸਟਰੀ ਨੂੰ ਵਧਾਉਣ ਲਈ ਕਿਹੜੀਆਂ ਕਿਹੜੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ। ਮੈਨੂੰ ਅਫਸੋਸ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਦੀ ਤਰਫੋਂ ਇਸ ਪਾਸੇ ਵੱਲ ਬਹੁਤ ਘੱਟ ਧਿਆਨ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਜਦੋਂ ਵੀ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਟੈਕਨੀਕਲ ਗੱਲ ਜਾਂ ਮਤਾ ਸਾਡੇ ਸਾਹਮਣੇ ਆਵੇ ਤਾਂ ਉਸ ਦੇ ਬਾਰੇ ਜਨਰਲ ਰੀਮਾਰਕਸ ਕਰਕੇ ਸਪੀਚਾਂ ਨਹੀਂ ਕਰਨੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ। ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬਾ, ਜਦੋਂ ਅਸੀਂ ਐਗਰੀਕਲਚਰ ਨੂੰ ਇੰਡਸਟਰੀ ਦੇ ਪਾਸੇ ਵੱਲ ਲਿਆਉਣਾ ਹੈ ਤਾਂ ਸਾਨੂੰ ਉਹ ਤਰੀਕੇ ਸੋਚਣ ਦੀ ਹਰ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਨੀ ਪਏਗੀ ਜਿਸ ਦੇ ਨਾਲ ਇੰਡਸਟਰੀ ਵਧੇ। ਇਸ ਢੰਗ ਦੇ ਨਾਲ ਅਸੀਂ ਸੋਚਾਂਗੇ ਤਾਂ ਲਾਜ਼ਮੀ ਤੌਰ ਤੇ ਐਗਰੀਕਲਚਰ ਤੋਂ ਬੋਝ ਘਟੇਗਾ ਅਤੇ ਅਸੀਂ ਖੁਸ਼ਹਾਲੀ ਦੀ ਤਰਫ ਜਾਵਾਂਗੇ।

The hon. Minister was still in possession of the House when it adjourned.

(The Sabha then adjourned till 9 a.m. on Friday, the 15th March, 1963.)

21291PVS—387—1-8-63 C.,P. & S., Pb., Chandigarh.

ANNEXURE

(Please see page 22 of this debate.)

SUB-REGISTRARS AND COMMISSION EARNED BY THEM

818. Comrade Ram Piara : Will the Minister for Revenue be pleased to state—

(a) the names of the Honorary Sub-Registrars in the State at present together with the names of the tehsils where they are posted ;

(b) the amount of commission or remuneration paid to each one of them during the period from 1st April, 1961 to date ?

Sardar Ajmer Singh : (a) & (b) A statement is given below.

Statement showing names of Honorary Sub-Registrars in the State at present (on 15th February, 1963) and the Commission earned by them

Serial No.	Name of the Honorary Sub-Registrar	Tehsil	Commission or remuneration paid to them from 1st April, 1961 to date
1	2	3	4
			Rs
1	Shri Jaswant Rai Jain	.. Hansi	2,280.12
2	Shri Harbans Singh	.. Sirsa	2,843.99
3	Shri Hari Singh	.. Fatehabad	459.33
4	Shri Sikandar Singh	.. Tohana	1,482.57
5	Shri Prem Parkash Bhargava	.. Bhiwani	836.31
6	Shri Lal Singh	.. Rewari	2,646.15
7	Shri Sanwant Singh	.. Ballabgarh	2,203.35
8	Shrimati Kamla Bhargava	.. Gurgaon	2,397.10
9	Shri Mansa Ram	.. Panipat	6,006.63
10	Shri Nishan Singh	.. Karnal	4,261.82
11	Shri Bal Krishan	.. Kaithal	4,642.22
12	Shri Mehar Singh	.. Thanesar	2,696.75
13	Shri Shamsher Singh	.. Ambala	8,883.46
14	Shri Surjan Singh	.. Kharar	997.82
15	Shri Amar Singh	.. Rupar	7,836.01
16	Shri Des Raj Gupta	.. Naraingarh	5,017.04

Serial No.	Name of the Honorary Sub-Registrar	Tehsil	Commission or remuneration paid to them from 1st April, 1961 to date
1	2	3	4
			Rs
17	Shri Joginder Singh ..	Jagadhri	2,051.54
18	Shri Rawel Singh ..	Chandigarh	8,657.33
19	Shri Kashmir Singh ..	Hamirpur	3,344.18
20	Shri Nand Singh ..	Hoshiarpur	5,917.31
21	Shri Amar Singh ..	Garhshankar	8,846.64
22	Shri Shiv Chand (recently appointed) ..	Una	..
23	Shri Hari Singh (recently appointed) ..	Dasuya	..
24	Shri Balbir Singh ..	Mukerian	6,340.14
25	Shri Ishar Dass ..	Phillaur	9,588.12
26	Shri Hazara Singh ..	Nakodar	9,604.13
27	Shri Hardev Singh (recently appointed) ..	Nawanshahr	...
28	Shri Charanji Singh ..	Ludhiana	9,861.00
29	Shri Kirpal Singh ..	Jagraon	3,797.00
30	Shri Pritam Singh ..	Samrala	5,080.00
31	Shri Bhardwaj Sehgal (appointed recently) ..	Zira	—
32	Shri Partap Singh ..	Moga	8,811.83
33	Shri Kundan Lal Bhandari (appointed recently)	Ferozepore	—
34	Shri Matu Ram ..	Muktsar	4,947.53
35	Shri Kulwant Rai ..	Abohar	3,579.30
36	Shri Surjan Singh ..	Fazilka	3,861.67
37	Shri Faqir Chand ..	Amritsar City	10,244.37
38	Shri Gurdip Singh ..	Amritsar Tahsil	8,811.13
39	Shri Sakattar Singh ..	Tarn Taran	1,763.19
40	Shri Datar Singh ...	Ajnala	328.01
41	Shri Surat Singh ..	Patti	3,399.25
42	Shri Surjan Singh ..	Kapurthala	1,208.10
43	Shri Darshan Singh ..	Rajpura	4,890.02
44	Shri Asa Singh ..	Nabha	1,881.80

Serial No.	Name of the Honorary Sub-Registrar	Tehsil	Commission or remuneration paid to them from 1st April, 1961 to date
1	2	3	4
			Rs
45	Shri Partap Singh Baghi ..	Sunam	3,129.30
46	Shri Dal Singh ..	Jind	1,875.69
47	Shri Neki Ram ..	Narwana	1,761.09
48	Shri Sukhdev Singh ..	Bhatinda	3,215.34
49	Shri Jaswant Singh ..	Faridkot	3,790.81
50	Shri Kirpal Singh Shant ..	Mansa	2,331.69
51	Shri Siri Ram ..	Sonepat	3,957.52
52	Shri Badri Parshad ..	Gohana	2,161.76
53	Shri Karan Singh ..	Jhajjar	3,462.85
54	Shri Mela Ram Tayyar (recently appointed) ..	Gurdaspur	..
55	Shri Joginder Singh (recently appointed) ..	Batala	..
56	Shri Chaman Lal ..	Pathankot	2,407.88
57	Shri Rattan Lal ..	Narnaul	905.85

Published under the authority of the Punjab Vidhan Sabha, and printed by the Controller, Printing & Stationery, Punjab, Chandigarh.